दैनिक **अर्थ प्रकाश**

खबरों की विश्वसनीयता, हमारी पहचान

चंडीगढ़, दिल्ली, हरियाणा एवं उत्तर प्रदेश से प्रकाशित पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार, राजस्थान, छत्तीसगढ़ में प्रसारित

वर्ष 40 | चंडीगढ़, शनिवार, 01 नवंबर, 2025 | कार्तिक शुक्ल पक्ष : दशमी/एकादशी, विक्रमी संवत-2082 | www.arthparkash.com | YouTube/Arth Parkash TV | अंक : 301 | मूल्य 2.00 रुपये | पृष्ठ : 12


▲ अधिकतम 29 डिग्री से.
डिग्री से. 16 न्यूनतम ▼
सूर्योदय 6.38 बजे
सूर्यास्त 5.35 बजे
सोना 24 कैरेट : 1,23,430.00
चांदी : 1,320.00
सेंसेक्स : 83,938.71
अमेरिका : 88.75
केनेडियन : 63.36
आस्ट्रेलिया : 58.11



**बातों बातों में मन की बात**

*उपाध्याय गुप्तिसागर मुनि*

बुरे वक्त में कंधे पर रखा गया हाथ, कामयाबी की तालियों से ज्यादा मूल्यवान होता है।




# उपचुनाव में आम आदमी पार्टी बड़ी लीड से जीतेगी : बरसट

आम आदमी पार्टी के राज्य महासचिव ने कहा–आप की सरकार ने अपने कार्यकाल के दौरान मिसाली कार्य किये

हरचंद सिंह बरसट की ओर से तरनतारन में आप उम्मीदवार हरमीत सिंह संधू के पक्ष में किया जा रहा प्रचार

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**तरनतारन , 31 अक्तूबर।** पंजाब के मुख्यमंत्री स. भगवंत सिंह मान की अगवाई वाली पंजाब सरकार की ओर से राज्य का सर्वपक्षीय विकास किया जा रहा है, जिससे राज्य वासी बहुत खुश हैं। इसके चलते विधानसभा क्षेत्र तरनतारन में होने वाले उपचुनाव में आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार हरमीत सिंह संधू बड़े अंतर से जीत हासिल करेंगे। यह विचार पंजाब मंडी बोर्ड के चेयरमैन और आम आदमी पार्टी, पंजाब के राज्य महासचिव स. हरचंद सिंह बरसट की ओर से तरनतारन में चुनाव प्रचार के दौरान व्यक्त किये गये।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी लोगों की अपनी पार्टी है, जिसकी ओर से लोगों की भलाई और राज्य की तरक्की के लिये लगातार कार्य किये जा रहे हैं। पंजाब की आम आदमी पार्टी की सरकार ने अपने साढ़े तीन साल के कार्यकाल के दौरान जो विकास किया है और लोगों का जीवन स्तर ऊंचा उठाने के लिये जो स्कीमें चलाई हैं, उससे हर वर्ग के लोग बहुत खुश हैं।

राज्य महासचिव ने कहा कि पंजाब के मुख्यमंत्री स. भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार की ओर से लोगों की भलाई और राज्य के विकास को प्राथमिकता दी जा रही है। आप सरकार की ओर से अपने साढ़े तीन साल के कार्यकाल के दौरान हर क्षेत्र में बहुत सुधार किये गये हैं। लोगों को 600 यूनिट मुफ्त बिजली दी जा रही है। खेतों को नहरों का पानी दिया जा रहा है। सरकार की ओर से नौजवानों को बिना किसी रिश्वत या रिफारिश के सरकारी नौकरियां दी जा रही हैं। महिलाओं को मुफ्त बस सफर की सुविधा दी जा रही है।

पंजाब को नशा मुक्त राज्य बनाने के लिये युद्ध नशे के विरुद्ध मुहिम चलाई जा रही है। नौजवानों को खेलों की ओर से उत्साहित करने के लिये जहां विभिन्न खेल मुकाबले करवाये जा रहे हैं, वहीं खेल मैदान भी बनाये जा रहे हैं। इसके साथ ही ग्रामीण लिंक सड़कों के नवीनिकरण और मुरम्मत के कार्य भी किये जा रहे हैं। उन्होंने सभी वालंटियर्स को अपील की कि वह आम आदमी पार्टी की नीतियों और लोगों की भलाई के लिये किये जा रहे कार्यों को लोगों तक पहुंचाएं। स. बरसट ने लोगों से अपील की कि वह आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार स. हरमीत सिंह संधू को भारी बहुमत से जितायें।

## तरनतारन का आर्थिक विकास पटरी पर लाना 'आप' का लक्ष्य : संधू



हरमीत संधू को गांव ऐमा कलां में भरपूर समर्थन

'आप' ही तरनतारन के विकास का समाधान, गांव ऐमा कलां में लोगों के स्नेह से मिला यकीन : हरमीत संधू

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**तरनतारन, 31 अक्टूबर।** तरनतारन विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव के लिए आम आदमी पार्टी (आप) के उम्मीदवार हरमीत सिंह संधू ने अपने चुनाव अभियान को तेज करते हुए गांव ऐमा कलां का दौरा किया। इस मौके पर उन्हें गांव वासियों की ओर से भरपूर प्यार और सहयोग मिला, जिससे यह स्पष्ट हो गया कि लोग 'आप' सरकार की नीतियों से खुश हैं। गांव ऐमा कलां में एक जनसभा को संबोधित करते हुए हरमीत सिंह संधू ने कहा कि आज उन्हें गांव वासियों से रूबरू होने और विचार साझा करने का मौका मिला है। उन्होंने लोगों को पेश आ रही स्थानीय समस्याओं को ध्यान से सुना और वादा किया कि 'आप' सरकार इन सभी मुश्किलों का प्राथमिकता के आधार पर हल करेगी। संधू ने लोगों से मिले भरपूर स्नेह के लिए धन्यवाद करते हुए कहा कि इस प्यार ने यह साबित कर दिया है कि तरनतारन के आर्थिक विकास को पटरी पर लाने के लिए आम आदमी पार्टी ही एकमात्र समाधान है। उन्होंने कहा कि लोगों के इसी उत्साह के दम पर 'आप' यह उपचुनाव बड़े अंतर से जीतेगी।

## तरनतारन में 'आप' को मिला समर्थन, गांव पंजवड़ की पंचायत और वरिष्ठ नेता आम आदमी पार्टी में शामिल

पंजवड़ खुर्द के सभी मतदाताओं ने 'आप' उम्मीदवार हरमीत सिंह संधू को समर्थन देने का किया ऐलान, सरपंच मनजीत सिंह ने ऐतिहासिक जीत का दिया भरोसा



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**तरनतारन, 31 अक्टूबर।** आम आदमी पार्टी (आप) को तरनतारन क्षेत्र में उस समय बड़ी राजनीतिक मजबूती मिली, जब गांव पंजवड़ खुर्द के सरपंच मनजीत सिंह, पंचायत सदस्यों और गांव पंजवड़ के प्रमुख नेताओं सहित पार्टी में शामिल हो गए। वे 'आप' पंजाब के कार्यकारी अध्यक्ष अमनशेर सिंह शैरी कलसी और कैबिनेट मंत्री लालजीत सिंह भुल्लर की उपस्थिति में पार्टी में शामिल हुए, जो तरनतारन उपचुनाव के लिए पार्टी के अभियान का नेतृत्व कर रहे हैं। उनके साथ कैबिनेट मंत्री हरदीप सिंह मुंडियां, विधायक दविंदर सिंह लाडी ढोंस और रुपिंदर सिंह हैप्पी, चेयरमैन हरचंद सिंह बरसट और 'आप' नेता गुरदेव सिंह लाखना भी मौजूद थे।

आम आदमी पार्टी में शामिल होने वालों में सरपंच मनजीत सिंह, पंचायत सदस्य दलजीत सिंह, दलबीर सिंह, कुलदीप सिंह, गुरप्रीत सिंह, गुरमीत सिंह, और गांव के अन्य सम्मानित नेता अमनदीप सिंह, निर्मल सिंह, परमजीत सिंह, रघुबीर सिंह, रणजोत सिंह, शरणजीत सिंह और लवप्रीत सिंह सहित बड़ी संख्या में स्थानीय निवासी शामिल थे। पार्षद दीपक शारदा और चेयरमैन सुभाष भगत ने इन नेताओं को पार्टी में शामिल कराने और क्षेत्र में आम आदमी पार्टी के लिए जमीनी स्तर पर समर्थन जुटाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मीडिया को संबोधित करते हुए कार्यकारी अध्यक्ष शैरी कलसी और मंत्री लालजीत सिंह भुल्लर ने 'आप' परिवार में नए सदस्यों का स्वागत किया और कहा कि पंजवड़ जैसे गांवों से समर्थन की बढ़ती लहर स्पष्ट रूप से दर्शाती है कि तरनतारन के लोग एक बार फिर 'आप' विधायक चुनने के लिए तैयार हैं।

उन्होंने कहा कि पंजाब के लोगों को मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व और आम आदमी पार्टी की ईमानदार राजनीति में पूरा विश्वास है। पार्टी में शामिल हुए गांव वासियों ने अपना विश्वास व्यक्त किया कि सिर्फ 'आप' ही जमीनी स्तर पर असली विकास, पारदर्शिता और भ्रष्टाचार मुक्त शासन सुनिश्चित कर सकती है।

नेताओं ने दोहराया कि 'आप' के दरवाजे हमेशा उन लोगों के लिए खुले हैं जो लोगों के लिए निस्वार्थ भाव से काम करना चाहते हैं। हर नया सदस्य एक बेहतर और खुशहाल पंजाब बनाने के लिए पार्टी के मिशन को मजबूत करता है। गांव पंजवड़ ने आने वाले उपचुनाव में सिर्फ 'आप' उम्मीदवार हरमीत सिंह संधू का समर्थन करने का फैसला किया और सरपंच मनजीत सिंह ने पार्टी नेतृत्व को पंजवड़ से 'आप' की रिकॉर्ड अंतर से जीत का भरोसा दिलाया।

## मुख्यमंत्री फ्लाइंग स्क्वाड की लिंक सड़कों के नवीनीकरण पर पैनी नजर : गुरमीत सिंह खुड्डियां

कृषि मंत्री द्वारा गुणवत्ता से किसी भी तरह के समझौते की स्थिति में सख्त कार्रवाई की चेतावनी

फ्लाइंग स्क्वाड टीमों द्वारा सात जिलों में नवीनीकरण कार्यों का निरीक्षण

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 31 अक्तूबर।** पंजाब के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री गुरमीत सिंह खुड्डियां ने आज बताया कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान द्वारा गठित सीएम फ्लाइंग स्क्वाड राज्यभर में पंजाब मंडी बोर्ड और पीडब्ल्यूडी द्वारा करवाए जा रहे ग्रामीण लिंक सड़कों के नवीनीकरण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए कड़ी निगरानी रख रहा है। यह निगरानी राज्य सरकार द्वारा 4,150 करोड़ रुपये की लागत से 19,491 किलोमीटर लिंक सड़कों के निर्माण और मरम्मत से संबंधित शुरू किए गए व्यापक परियोजना का हिस्सा है। कृषि मंत्री ने कहा कि सड़कों के नवीनीकरण में उच्च गुणवत्ता वाली सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है, लेकिन उन्होंने सख्त चेतावनी दी कि यदि कोई ठेकेदार सामग्री की गुणवत्ता से समझौता करता पाया गया, तो उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि सीएम फ्लाइंग स्क्वाड टीमें फील्ड में पूरी तरह सक्रिय हैं और अब तक सात जिलों में कार्यों का निरीक्षण कर चुकी हैं। इन जिलों में फरीदकोट, एस.बी.एस. नगर, तरन तारन, श्री मुक्तसर साहिब, जालंधर, पटियाला और गुरदासपुर शामिल हैं।

श्री खुड्डियां ने बताया कि पंजाब में कुल 30,237 लिंक सड़कें हैं, जिनकी कुल लंबाई 64,878 किलोमीटर है। इनमें से 33,492 किलोमीटर सड़कें पंजाब मंडी बोर्ड के अधीन हैं और 31,386 किलोमीटर सड़कें लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के अधीन आती हैं। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार अब 19,491.56 किलोमीटर लंबाई वाली कुल 7,373 लिंक सड़कों की मरम्मत और उन्नयन से संबंधित परियोजना शुरू कर रही है। उन्होंने कहा कि इस परियोजना पर 4,150.42 करोड़ रुपये की लागत आएगी, जिसमें पांच वर्षों के रखरखाव का खर्च भी शामिल है। इनमें से 3,424.67 करोड़ रुपये मरम्मत और उन्नयन पर खर्च किए जाएंगे, जबकि 725.75 करोड़ रुपये पांच वर्षों के रखरखाव पर खर्च होंगे। उन्होंने बताया कि इन सड़कों के लिए किए गए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) सर्वेक्षण के परिणामस्वरूप 383.53 करोड़ रुपये की बचत हुई है।

## वित्तमंत्री हरपाल सिंह चीमा ने 15 कर्मचारी संगठनों के साथ की मुलाकात

यूनियन नेताओं को भरोसा दिलाया कि ज्यादातर मांगों पर पहले से ही सहानुभूतिपूर्वक विचार किया जा रहा है

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 31 अक्तूबर।** पंजाब के वित्त मंत्री एडवोकेट हरपाल सिंह चीमा, जो कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान के लिए गठित कैबिनेट सब-कमेटी के चेयरमैन भी हैं, ने आज 15 अलग-अलग कर्मचारी संगठनों से बैठकें की। इन संगठनों में शिक्षा विभाग के 7 संगठन, जल सप्लाई और स्वास्थ्य विभाग से जुड़े संगठन, तथा ठेका मुलाज़म संघर्ष मोर्चा और पुरानी पेंशन बहाल संघर्ष कमेटी जैसे साझा हितों का प्रतिनिधित्व करने वाले संगठन शामिल थे।

लगभग पांच घंटे चली इन बैठकों के दौरान यूनियन नेताओं के साथ उनकी मांगों और मुद्दों पर गहराई से चर्चा की गई और उपयुक्त समाधान निकालने के प्रयास किए गए। शिक्षा विभाग से संबंधित यूनियनों के मुख्य मुद्दे वेतन और वरिष्ठता में अनियमितताएं, सेवाओं को रेगुलर करना और पंजाब स्टेट टीचर्स एलिजिबिलिटी टेस्ट (पी.एस.टी.इ.टी) को समय पर आयोजित करने से जुड़े थे।

वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने शिक्षा विभाग को वेतन और वरिष्ठता से जुड़ी अनियमितताओं के मुद्दे को एनोमली कमेटी को भेजने के निर्देश दिए। इसके अलावा, उन्होंने सेवाओं को रेगुलर करने और अन्य सेवा-संबंधी मामलों को जल्द से जल्द सुलझाने के लिए एडवोकेट जनरल कार्यालय, परसोनल विभाग और वित्त विभाग के बीच समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए। उन्होंने पी.एस.टी.इ.टी को भी शीघ्र आयोजित करने के स्पष्ट निर्देश जारी किए।

ठेका मुलाज़म संघर्ष मोर्चा, ग्राम पंचायत जल सप्लाई पंप ऑपरेटर एसोसिएशन, कॉन्ट्रैक्ट मल्टीपरपज़ हेल्थ वर्कर फीमेल यूनियन, यूनाइटेड नर्सेज़ एसोसिएशन ऑफ पंजाब और पुरानी पेंशन बहाल संघर्ष कमेटी जैसे संगठनों के साथ बैठकों के दौरान, वित्त मंत्री ने उठाए गए मुद्दों को विस्तार से सुना। उन्होंने संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देश दिया कि जो मुद्दे विभागीय स्तर पर हल किए जा सकते हैं, उन्हें तुरंत हल किया जाए। वित्तीय प्रभाव वाले मामलों पर, वित्त मंत्री ने यूनियन नेताओं को आश्वासन दिया कि सरकार पहले से ही अधिकांश मांगों पर सहानुभूति पूर्वक विचार कर रही है।

इन बैठकों के दौरान यूनियनों के प्रतिनिधियों, बलीहार सिंह, हाकम सिंह, जसप्रीत सिंह (ठेका मुलाज़म यूनियन); जसवीर सिंह, सुखजीत सिंह, विक्रमजीत सिंह (पुरानी पेंशन बहाल संघर्ष कमेटी); कुलदीप सिंह, प्रवीण कुमार, जगमोहन सिंह (सर्व समग्र शिक्षा अभियान (मिड डे मील) दफ्तरी कर्मचारी यूनियन); राहुल कंबोज, जसविंदर सिंह, हरजीत कौर ( पी.एस.टी.इ.टी यूनियन); जसपाल सिंह (10 वर्ष सेवा पूरी कर चुके कच्चे अध्यापक यूनियन); रणजीत सिंह, राजेश कुमार, ओंकार सिंह (ई.टी.टी. अध्यापक यूनियन); गुरप्रीत सिंह, सुरिंदर पाल सिंह, परमपाल सिंह (पंजाब शिक्षा विभाग मिनिस्टीरियल स्टाफ एसोसिएशन); समरजीत सिंह, सुखदीप सिंह, हरमल सिंह (टैट पास कच्चे अध्यापक यूनियन); तजिंदर कौर, राजविंदर कौर, किरणदीप कौर (ए.आइ.इ. कच्चे अध्यापक यूनियन); बेअंत सिंह, बोहर सिंह, मेहर सिंह (ग्राम पंचायत जल सप्लाई पंप ऑपरेटर एसोसिएशन); सरबजीत कौर, अमरीक सिंह (कॉन्ट्रैक्ट मल्टीपरपज़ हेल्थ वर्कर फीमेल यूनियन); आरती बाली, हरविंदर सिंह, बलजीत सिंह (यूनाइटेड नर्सेज़ एसोसिएशन ऑफ पंजाब) और उनके साथियों ने अपनी मांगें और मुद्दे पेश किए।

## बठिंडा के स्कूलों की दीवारों पर खालिस्तान समर्थक नारे लिखने वाले एसएफजे के तीन कार्यकर्ता गिरफ्तार

चार मोबाइल फोन और एक डोंगल डिवाइस बरामद

सबूतों मुताबिक आरोपियों को इन गैर कानूनी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए विदेशों से प्राप्त हो रही हो रही थी फंडिंग : डीजीपी गौरव यादव

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**बठिंडा, 31 अक्टूबर।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशों के तहत पंजाब को सुरक्षित राज्य बनाने की मुहिम के दौरान बड़ी सफलता हासिल करते हुए काउंटर इंटेलिजेंस बठिंडा ने बठिंडा पुलिस के साथ संयुक्त अभियान में पाबंदीशुदा संगठन 'सिख्स फॉर जस्टिस (एस एफ जे)' के तीन कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया है। ये आरोपी गांव भिसियाणा और मानांवाला के स्कूलों की दीवारों पर खालिस्तान समर्थक नारे लिखने में शामिल थे। यह जानकारी आज पंजाब के पुलिस महानिदेशक (डी जी पी) गौरव यादव ने दी। 'सिख्स फॉर जस्टिस (एस एफ जे)' न्यूयॉर्क स्थित संगठन है, जिसे इसके प्रमुख गुरपतवंत सिंह पन्नू के समर्थन प्राप्त हैं, और भारत सरकार ने इसे गैर-कानूनी संगठन घोषित किया हुआ है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान नवजोत सिंह उर्फ जोता (24) और गुरप्रीत सिंह (26) – दोनों निवासी कालीयावाला, फिरोजपुर – तथा हरजिंदर सिंह, निवासी मानांवाला, बठिंडा के रूप में हुई है। पुलिस ने उनके कब्जे से चार मोबाइल फोन और एक डोंगल डिवाइस बरामद की है। जांच के अनुसार, 19-20 अक्टूबर 2025 की रात गांव मानांवाला के एक स्कूल और 26-27 अक्टूबर 2025 की रात गांव भिसियाणा के पीएम केंद्रीय विद्यालय की दीवारों पर खालिस्तान समर्थक नारे लिखे गए थे। डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि प्रारंभिक जांच में यह सामने आया है कि आरोपियों ने समाज में अशांति फैलाने और देशविरोधी भावनाओं को भड़काने के उद्देश्य से ये नारे लिखे थे। उन्होंने कहा कि सबूतों से यह भी स्पष्ट हुआ है कि इन गतिविधियों के लिए उन्हें विदेशों से फंडिंग मिल रही थी। डीजीपी ने बताया कि पुलिस टीमों ने तुरंत कार्रवाई करते हुए यह सुनिश्चित किया कि किसी भी देशविरोधी गतिविधि को अंजाम न दिया जा सके। काउंटर इंटेलिजेंस बठिंडा और बठिंडा पुलिस ने मिलकर आरोपियों को न्याय के कटघरे में लाने के लिए पेशेवर और वैज्ञानिक ढंग से जांच की। इस अभियान के बारे में जानकारी देते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एस एस पी) बठिंडा अमनीत कौंडल ने बताया कि तकनीकी जानकारी के आधार पर की गई कार्रवाई के दौरान पुलिस टीमों ने गांव भिसियाणा स्थित पीएम केंद्रीय विद्यालय की दीवारों पर नारे लिखने वाले दोनों मुख्य आरोपियों – नवजोत उर्फ जोता और गुरप्रीत सिंह – को गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि आगे की जांच के बाद काउंटर इंटेलिजेंस बठिंडा की टीमों ने तीसरे आरोपी हरजिंदर सिंह, जिसने गांव मानांवाला के स्कूल की दीवारों पर नारे लिखे थे, को भी गिरफ्तार कर लिया।

एएसएसपी ने बताया कि पूछताछ के दौरान आरोपियों ने खुलासा किया कि उन्होंने विदेश में बसे व्यक्ति पवनप्रीत सिंह उर्फ दीप चाहल, जो गुरपतवंत सिंह पन्नू का करीबी सहयोगी है, के निर्देश पर पैसे के बदले दीवारों पर नारे लिखे थे। इस संबंध में ओर जानकारी देते हुए ए आई जी काउंटर इंटेलिजेंस बठिंडा अवनीत कौर सिद्धू ने बताया कि आरोपी हरजिंदर ने खुलासा किया है कि नवजोत ने ही उसकी पहचान पवनप्रीत सिंह उर्फ दीप चाहल से करवाई थी, जिसने उसे नारे लिखने के लिए कहा और बदले में 2000 रुपए दिए।

इस बाबत एफआईआर नंबर 197 (दिनांक 23.10.2025) थाना रामा, बठिंडा में भारतीय न्याय संहिता (बी एन एस) की धारा 197(1) और पंजाब प्रिवेंशन ऑफ डिफेसमेंट ऑफ प्रॉपर्टी ऑर्डिनेंस एक्ट की धारा 3 के तहत और एफआईआर नंबर 242 (दिनांक 27.10.2025) थाना नेहियांवाला, बठिंडा में बी एन एस की धारा 197(1), 3(5) और उक्त अधिनियम की धारा 3 के तहत दर्ज की गई है।

## मानसा में कीटनाशक दवाइयों की दुकान पर गोलीबारी मामले के दो आरोपी गिरफ्तार, दो पिस्तौल बरामद

डीजीपी गौरव यादव ने कहा : संगठित अपराध के नेटवर्क को तोड़ने के लिए पंजाब पुलिस दृढ़ता से कर रही है कार्य

एसएसपी भागीरथ मीना ने बताया- आरोपी ने पुलिस पार्टी पर की गोलीबारी, जवाबी कार्रवाई में हुआ घायल

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**मानसा, 31 अक्तूबर।** मुख्यमंत्री स भगवंत सिंह मान के निर्देशानुसार पंजाब को सुरक्षित और अपराध-मुक्त राज्य बनाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत मानसा पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने गोलीबारी की घटना में शामिल दो आरोपियों को संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया है। पंजाब के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) श्री गौरव यादव ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान गुरसाहिब सिंह निवासी गुरु नानक पुरा, रूपनगर और रमनप्रीत सिंह निवासी पुख़राली रामपुर, रूपनगर के रूप में हुई है।

गौरतलब है कि 28 अक्तूबर 2025 को मानसा में एक कीटनाशक दवाइयों की दुकान पर दो मोटरसाइकिल सवारों ने गोलीबारी की थी। डीजीपी गौरव यादव ने कहा कि पुलिस टीमों ने आरोपियों के कब्जे से .32 बोर और .30 बोर की दो पिस्तौलें, नौ जिंदा कारतूस और छह खाली खोल बरामद किए हैं। उन्होंने कहा कि पंजाब पुलिस संगठित अपराध के नेटवर्क को खत्म करने और राज्य में शांति एवं सद्भाव बनाए रखने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

इस बाबत जानकारी देते हुए मानसा के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) भागीरथ मीना ने बताया कि घटना के बाद तत्काल विशेष टीमें गठित की गईं। जांच के दौरान प्राप्त विश्वसनीय सूचना के आधार पर पुलिस टीमों ने चकेरिया अंडर ब्रिजङ्कबरनाला रोड क्षेत्र में तलाशी अभियान चलाया और दोनों आरोपियों को सफलतापूर्वक गिरफ्तार कर लिया। एसएसपी ने बताया कि गिरफ्तारी के बाद आरोपी गुरसाहिब सिंह ने खुलासा किया कि उसने भीखी ड्रेन के पास रेलवे ट्रैक के किनारे एक और पिस्तौल छिपाई हुई है। जब पुलिस टीमें बरामदगी के लिए मौके पर पहुंचीं, तो आरोपी ने लोड की हुई पिस्तौल उठाकर पुलिस पार्टी पर फायरिंग कर दी। आत्मरक्षा में पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की, जिसमें आरोपी के पैर में गोली लगी। उसे तुरंत सिविल अस्पताल, मानसा भेजा गया, जहां उसका इलाज जारी है।

## 'युद्ध नशों विरुद्ध' के 244वें दिन पंजाब पुलिस ने 3.3 किलो हेरोइन और 5 किलो अफीम सहित 77 नशा तस्करों को किया गिरफ्तार

नशामुक्ति प्रयासों के तहत पंजाब पुलिस ने 32 व्यक्तियों को नशा छोड़ने का उपचार लेने के लिए किया तैयार

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 31 अक्टूबर।** राज्य से नशों का पूर्ण उन्मूलन करने के लिए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशों पर चलाए जा रहे ÷युद्ध नशों विरुद्ध÷ अभियान के 244वें दिन पंजाब पुलिस ने आज राज्यभर में 300 स्थानों पर छापेमारी की। इस दौरान 59 एफआईआर दर्ज की गईं और 77 नशा तस्करों को गिरफ्तार किया गया। इसके साथ ही 244 दिनों में अब तक कुल 34,719 नशा तस्करों की गिरफ्तारी हो चुकी है।

इन छापेमारियों के दौरान पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 3.3 किलो हेरोइन, 5 किलो अफीम और 674 नशीली गोलियां/कैप्सूल बरामद किए।

यह उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने पुलिस कमिश्नरों, डिप्टी कमिश्नरों और एसएसपी को पंजाब को नशा-मुक्त राज्य बनाने के सख्त निर्देश दिए हैं। नशों के खिलाफ चल रहे इस अभियान की निगरानी के लिए पंजाब सरकार ने वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा की अध्यक्षता में 5 सदस्यीय कैबिनेट सब-कमेटी का गठन भी किया है।


इस अभियान के दौरान 66 गज़टेड अधिकारियों की निगरानी में 1000 से अधिक पुलिसकर्मियों वाली 120 से ज्यादा पुलिस टीमें राज्यभर में छापेमारी में शामिल रहीं। दिनभर चले इस ऑपरेशन में पुलिस टीमों ने 307 संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ भी की।

यह भी उल्लेखनीय है कि पंजाब सरकार ने राज्य से नशों के उन्मूलन के लिए तीन-स्तरीय रणनीति - एन्फोर्समेंट, डी-अडिक्शन और प्रिवेंशन -लागू की है। इस रणनीति के तहत आज पंजाब पुलिस ने 32 व्यक्तियों को नशा छोड़ने और पुनर्वास उपचार लेने के लिए तैयार किया है।

## एस.सी. कमीशन जनवरी 2026 से स्थापित करेगा वर्चुअल कोर्ट : जसवीर सिंह गढ़ी

कमीशन के प्रयासों से पुलिस विभाग ने नोडल अधिकारी नियुक्त किए

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 31 अक्तूबर।** पंजाब राज्य अनुसूचित जाति आयोग ने राज्य के लोगों को सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से जनवरी 2026 से आयोग की कार्यवाही वर्चुअल कोर्ट के माध्यम से चलाने का निर्णय लिया है। यह जानकारी आयोग के चेयरमैन श्री जसवीर सिंह गढ़ी ने आज यहां दी। वह पंजाब राज्य अनुसूचित जाति आयोग की 27वीं फुल कमीशन बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पंजाब राज्य के दूर-दराज के क्षेत्रों से विभिन्न मामलों की सुनवाई के लिए लोग लंबा सफर तय कर चंडीगढ़ आते हैं, जिससे उनका समय और धन दोनों का काफी नुकसान होता है। उन्होंने बताया कि इस समस्या के समाधान के लिए अधिकारी आपसी तालमेल से वर्चुअल कोर्ट रूम स्थापित करने के प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि एस.सी. कमीशन का नया कोर्ट रूम पंजाब सिविल सचिवालय की चौथी मंज़िल पर तैयार किया जा रहा है, जो नवंबर तक पूरा होकर कार्यशील हो जाएगा। उन्होंने बताया कि आयोग के प्रयासों से पंजाब राज्य के हर ज़िले में एस.सी./एस.टी. एक्ट के तहत दर्ज मामलों के निपटारे के लिए एस.पी. स्तर के नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। वहीं राज्य स्तर पर डी.आई.जी. स्तर के अधिकारी श्री नवीन सैनी, डी.जी.पी. क्राइम और आयोग के नोडल अधिकारी ए.आई.जी. सुरिंदरजीत कौर को नियुक्त किया गया है। जबकि विशेष डी.जी.पी. श्री नरेश अरोड़ा, चेयरमैन जसवीर सिंह गढ़ी के साथ मिलकर आयोग और पुलिस विभाग के तालमेल को और मज़बूत करेंगे। उन्होंने बताया कि आज की बैठक में पुलिस, स्थानीय निकाय, सामाजिक न्याय और अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों से एस.सी./एस.टी. अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 के तहत दर्ज मामलों की स्थिति संबंधी रिपोर्ट ली गई। इसके अलावा आयोग की 26वीं बैठक के दौरान पुलिस विभाग को दिए गए निर्देशों के अनुसार विशेष हेल्पलाइन नंबर स्थापित करने, भूरीवाले गुरगद्दी (गरीब दासी परंपरा) संप्रदाय के धाम श्री रकबा साहिब (लुधियाना) और श्री झांडियां धाम (रोपड़) में श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने, तथा श्री गुरु रविदास महाराज जी की चरणछोह प्राप्त भूमि श्री खुरालगढ़ साहिब के तप-स्थान और चरणछोह गंगा में सुरक्षा के लिए गार्ड नियुक्त करने संबंधी और आयोग के सदस्य को सुरक्षा मुहैया करवाने के लिये आयोग के हुक्त संबंधी की गयी कार्रवाई की रिपोर्ट भी ली गई।

आज की बैठक में आयोग के सदस्य रूपिंदर सिंह सीतल, गुरप्रीत सिंह इट्टांवाली, गुलज़ार सिंह बोबी, पंजाब पुलिस के स्पेशल डी.जी.पी. श्री नरेश अरोड़ा, सामाजिक न्याय, अधिकारिता एवं अल्पसंख्यक विभाग की निदेशक श्रीमती विंमी भुल्लर, स्थानीय निकाय विभाग के प्रतिनिधि, आयोग की सदस्य सचिव डॉ. लाइन जस्सल, डी.आई.जी. नवीन सैनी, ए.आई.जी. सुरिंदरजीत कौर और पुलिस विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

▲ अधिकतम 29 डिग्री से.
डिग्री से. 16 न्यूनतम ▼
सूर्योदय 6.38 बजे
सूर्यास्त 5.35 बजे
सोना 24 कैरेट : 1,23,430.00
चांदी : 1,320.00
सेंसेक्स : 83,938.71
अमेरिका : 88.75
केनेडियन : 63.36
आस्ट्रेलिन : 58.11

दैनिक **अर्थ प्रकाश** खबरों की विश्वसनीयता, हमारी पहचान

चंडीगढ़, दिल्ली, हरियाणा एवं उत्तर प्रदेश से प्रकाशित पंजाब, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार, राजस्थान, छत्तीसगढ़ में प्रसारित

वर्ष 40 | चंडीगढ़, शनिवार, 01 नवंबर, 2025 | कार्तिक शुक्ल पक्ष : दशमी/एकादशी, विक्रमी संवत-2082 | www.arthparkash.com | YouTube/Arth Parkash TV | अंक : 301 | मूल्य 2.00 रुपये | पृष्ठ : 12




**बातों बातों में मन की बात**

*उपाध्याय गुप्तिसागर मुनि*

अगर हमें सुखी रहना है तो हमें औरों के सुख बर्दास्त करना सीखना होगा।

## न्यूज़ ब्रीफ

### ईडी की बड़ी कार्रवाई, अल्केमिस्ट ग्रुप की 127.3 करोड़ की संपत्तियां कुर्क

**नई दिल्ली (अप्रस)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए अल्केमिस्ट ग्रुप से जुड़ी दो संपत्तियों को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के तहत अनंतिम रूप से कुर्क किया है। ईडी के दिल्ली जोनल ऑफिस ने कंवर दीप सिंह के स्वामित्व वाली पंचकूला स्थित अल्केमिस्ट हॉस्पिटल और ओजस हॉस्पिटल के 127.3 करोड़ रुपए मूल्य के शेयरों को कुर्क किया। यह कार्रवाई मेसर्स अल्केमिस्ट ग्रुप, उसके निदेशकों, प्रमोटरों और संबद्ध कंपनियों के खिलाफ चल रही जांच का हिस्सा है, जो बड़े पैमाने पर धोखाधड़ी और सार्वजनिक धन के दुरुपयोग से जुड़ा मामला है। ईडी ने यह जांच कोलकाता पुलिस द्वारा दर्ज की गई प्राथमिकी और बाद में सीबीआई, एसीबी लखनऊ द्वारा भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 120-बी और 420 के तहत दर्ज मामलों के आधार पर शुरू की थी। ये मामले मेसर्स अल्केमिस्ट टाउनशिप प्राइवेट लिमिटेड, मेसर्स अल्केमिस्ट इंफ्रा रियल्टी प्राइवेट लिमिटेड और समूह के प्रमोटर व निदेशक कंवर दीप सिंह तथा अन्य के खिलाफ दर्ज किए गए थे। ईडी की प्रारंभिक जांच से खुलासा हुआ कि कंपनी ने धोखाधड़ी कर सामूहिक निवेश योजनाओं (सीआईएस) के माध्यम से जनता से अवैध रूप से धन जुटाया था। इन योजनाओं में निवेशकों को असामान्य रूप से ऊंचे रिटर्न का लालच दिया गया और प्लॉट, फ्लैट या विला आवंटन के झूठे वादे किए गए। जांच में पाया गया कि मेसर्स अल्केमिस्ट होल्डिंग्स लिमिटेड और मेसर्स अल्केमिस्ट टाउनशिप इंडिया लिमिटेड ने करीब 1,848 करोड़ रुपए गैर-जिम्मेदार निवेशकों से अवैध रूप से एकत्र किए और फिर इन पैसों का अनधिकृत उद्देश्यों के लिए इस्तेमाल किया। ईडी ने बताया कि इन पैसों को समूह की विभिन्न कंपनियों के बीच जटिल वित्तीय लेनदेन के माध्यम से घुमाया गया, ताकि इसके अवैध स्रोत को छिपाया जा सके। बाद में इस दूषित आय (प्रोसीड्स ऑफ क्राइम) का उपयोग अल्केमिस्ट हॉस्पिटल और ओजस हॉस्पिटल के निर्माण में किया गया।

# ये लौहपुरुष सरदार पटेल का भारत है, सुरक्षा और सम्मान से कभी समझौता नहीं करेगा : मोदी

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**केवड़िया, 31 अक्टूबर ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के मौके पर गुजरात के एकता नगर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि ये लौहपुरुष सरदार पटेल का भारत है, जो सुरक्षा और सम्मान से कभी समझौता नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि यह गर्व और प्रेरणा का पल है। हमने संकल्प लिया है कि हम ऐसे कार्यों को बढ़ावा देंगे, जो देश की एकता को मजबूती दें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि सरदार पटेल की 150वीं जयंती के ऐतिहासिक अवसर पर एकता नगर में आयोजित भव्य कार्यक्रम के दौरान हम सभी एक महान क्षण के साक्षी बन रहे हैं। देशभर में हो रही 'रन फॉर यूनिटी' में कोटि-कोटि भारतीयों का उत्साह है। हम नए भारत की संकल्प शक्ति को महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज सरदार पटेल की जयंती का दिन स्वाभाविक रूप से राष्ट्रीय एकता का महापर्व बन गया है। जिस तरह हम 140 करोड़ देशवासी 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस और 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस मनाते हैं, वैसे ही एकता दिवस का महत्व हमारे लिए प्रेरणा और गर्व का पल है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि सरदार पटेल मानते थे कि इतिहास



लिखने में समय नहीं गंवाना चाहिए, हमें तो इतिहास बनाने के लिए मेहनत करनी चाहिए। उनकी ये भावना हमें उनकी जीवनगाथा में दिखाई देती है। सरदार साहब ने जो नीतियां बनाई, जो निर्णय लिए, उन्होंने नया इतिहास रचा। आजादी के बाद 562 रियासतों को साथ जोड़ने के असंभव कार्य को सरदार साहब ने संभव करके दिखाया। एक भारत-श्रेष्ठ भारत का विचार उनके लिए सर्वोपरि था।

### हम एसे कार्यों को बढ़ावा देंगे जो देश की एकता को मजबूती दें: पीएम

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुजरात के एकता नगर में कहा कि हमने संकल्प लिया है कि हम ऐसे कार्यों को बढ़ावा देंगे जो देश की एकता को मजबूती दें। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल मानते थे कि इतिहास लिखने में समय नहीं गंवाना चाहिए हमें तो इतिहास बनाने के लिए मेहनत करनी चाहिए उनकी यह भावना उनकी जीवन गाथा में दिखाई देती है। सरदार साहब ने जो नीतियां बनायीं जों निर्णय लिए उन्होंने नया इतिहास रचा, नया इतिहास बनाया। आजादी के बाद साढ़े पांच सौ से ज्यादा रियासतों को एकता में जोड़ने के असंभव कार्य को उन्होंने संभव करके दिखा दिया। एक भारत श्रेष्ठ भारत का विचार उनके लिए सर्वोपरी था। इसलिए आज सरदार पटेल की जयंति का दिन स्वभाविक रूप से राष्ट्रीय एकता का महापर्व बन गया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि जिस तरह हम 140 करोड़ देशवासी 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस मनाते हैं, 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस मनाते हैं। वैसे ही एकता दिवस का महत्व हमारे लिए प्रेरणा की पल है। गर्व की पल है। आज करोड़ो लोगों ने एकता की शपथ ली है। हमने संकल्प लिया है कि हम एसे कार्यों को बढ़ावा देंगे जो देश की एकता को मजबूती दें। यहां एकता नगर में भी एकता मॉल एकता गार्डन, एकता के सूत्र को सशक्त करते हुए दिखते हैं।

पीएम मोदी ने देशवासियों से आग्रह किया कि हर ऐसी बात जो देश की एकता को कमजोर करती है, हर देशवासी को उससे दूर रहना है। उन्होंने कहा कि ये राष्ट्रीय कर्तव्य है, ये सरदार साहब को सच्ची श्रद्धांजलि है। यही आज देश की जरूरत है। यही आज एकता दिवस का हर भारतीय के लिए संदेश भी है, संकल्प भी है।

कश्मीर का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि सरदार साहब ने देश की संप्रभुता को सबसे ऊपर रखा, लेकिन दुर्भाग्य से सरदार साहब के निधन के बाद के वर्षों में देश की संप्रभुता को लेकर तब की सरकारों में उतनी गंभीरता नहीं रही। एक ओर कश्मीर में हुई गलतियां, दूसरी ओर पूर्वोत्तर में पैदा हुई समस्याएं और देश में जगह-जगह पनपा नक्सलवाद-माओवादी आतंक, ये देश की संप्रभुता को सीधी चुनौतियां थीं, लेकिन उस समय की सरकारों ने सरदार साहब की नीतियों पर चलने की जगह रीढ़विहीन रवैये को चुना। इसका परिणाम देश ने हिंसा और रक्तपात के रूप में झेला। उन्होंने कहा कि सरदार साहब चाहते थे कि जैसे उन्होंने बाकी रियासतों का विलय किया, वैसे ही कश्मीर का विलय हो, लेकिन, नेहरू जी ने उनकी वह इच्छा पूरी नहीं होने दी। कश्मीर को अलग संविधान और अलग निशान से बांट दिया गया। कश्मीर पर कांग्रेस ने जो गलती की थी, उसकी आग में देश दशकों तक जलता रहा।

**मुख्यमंत्री ने राजकोट (गुजरात) में किसान महापंचायत को किया संबोधित**

# किसानों पर अत्याचार भाजपा के ताबूत में आखिरी कील साबित होंगे : मान

> पटेल की भूमि पर भाजपा द्वारा किसानों पर किए जुल्मों ने पूरे देश को शर्मसार किया : अरविंद केजरीवाल

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**राजकोट (गुजरात)/चंडीगढ़, 31 अक्टूबर।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा किसानों पर किए जा रहे अत्याचार, देश के राजनीतिक परिदृश्य में भगवा पार्टी के अंत की शुरुआत साबित होंगे और यह अत्याचार उनके राजनीतिक ताबूत की आखिरी कील बनेंगे। राजकोट में आयोजित किसान महापंचायत को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री मान के साथ 'आप' के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल भी मौजूद थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के मेहनतकश और बहादुर किसान भाजपा की तानाशाही प्रवृत्ति को अब बर्दाश्त नहीं करेंगे और उसे करारा जवाब देंगे। उन्होंने कहा कि सत्ता के नशे में चूर भाजपा नेताओं ने किसान-विरोधी रवैया अपना लिया है, जो देश के हित में नहीं है।



### भाजपा चहेतों के लिए किसानों को बना रही निशाना

भगवंत मान ने कहा कि भाजपा के घमंडी नेता अपने चहेते उद्योगपतियों को लाभ पहुँचाने के लिए किसानों को निशाना बना रहे हैं, जो किसी भी कीमत पर स्वीकार्य नहीं होगा। उन्होंने व्यंग्य करते हुए कहा कि भाजपा के 'अच्छे दिन' आज भी एक छलावा हैं, लेकिन अब देश में बहुत जल्द 'सच्चे दिन' आएंगे — जब देश की जागरूक जनता भाजपा को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखा देगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों के अथक परिश्रम ने देश को अन्न उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाया है। उन्होंने उन दिनों को याद किया जब भारत को अन्न संकट का सामना करना पड़ा था और उसे दूसरे देशों से मदद मांगनी पड़ती थी।

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल की जन्म भूमि पर भाजपा द्वारा किए गए अत्याचारों ने पूरे देश को शर्मसार किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा गिरफ्तार किया 85 किसानों के परिवारों को सम्मानित करना चाहती थी, परंतु राज्य सरकार ने इस से इनकार कर दिया है। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आम आदमी पार्टी इस संकट की घड़ी में देश के किसानों के साथ खड़ी है और उनको रिहा करवाने के लिए कोई कसर शेष नहीं छोड़गी।

### पंजाब में किसानों को दिया 20 हजार रुपए प्रति एकड़ मुआवजा

मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब में किसानों को प्रति एकड़ 20,000 रुपये मुआवज़े के रूप में दिए जा रहे हैं, जो देश में अब तक की सबसे बड़ी राशि है। उन्होंने कहा कि इस महापंचायत में किसानों की भारी भागीदारी इस बात का स्पष्ट संकेत है कि भाजपा का पतन आरंभ हो चुका है।

भगवंत सिंह मान ने कहा कि आज केवल पंजाब ही ऐसा राज्य है जो राष्ट्रीय खाद्य पूल में 180 लाख मीट्रिक टन धान और 150 लाख मीट्रिक टन गेहूँ का योगदान करता है। उन्होंने कहा कि भाजपा की किसान-विरोधी नीतियाँ साफ़ तौर पर सामने हैं – उदाहरण के तौर पर, गुजरात सरकार ने असमय वर्षा से तबाह हुई फसलों के लिए किसानों को एक पैसे का मुआवज़ा तक नहीं दिया। इसके विपरीत, पंजाब सरकार ने बाढ़ से नष्ट हुई फसलों के लिए मात्र एक महीने के भीतर किसानों को मुआवज़े के चेक वितरित कर दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि देश को ऐसी सरकार की आवश्यकता है जो स्वतंत्रता सेनानियों के सपनों को साकार कर सके, जबकि भाजपा सरकार ने जनता को सिर्फ़ अन्याय और दमन दिया है। उन्होंने कहा कि जल्द ही लोग इन नेताओं को राजनीतिक गुमनामी की ओर धकेल देंगे, और इस किसान महापंचायत में उमड़ी भारी भीड़ इसका प्रमाण है।


मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा शासन के दौरान किसानों को लगातार नुकसान उठाना पड़ रहा है क्योंकि अपने वैध अधिकार माँगने के लिए ही उन्हें अपराधी बना दिया जाता है, जो पूरी तरह अनुचित है।

# आरएसएस पर फिर लगे प्रतिबंध : खड़गे

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पर फिर से प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए क्योंकि देश में उसके और भारतीय जनता पार्टी की वजह से गड़बड़ियां हो रही हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह उनकी निजी राय है कि संघ पर प्रतिबंध लगाया जाये। खड़गे ने शुक्रवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में एक सवाल के जवाब में कहा कि भाजपा और आरएसएस हमेशा देश के लिए घातक रहे हैं और आरएसएस पर फिर से प्रतिबंध लगा देना चाहिए।

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल के अनुसार आरएसएस और हिंदू महासभा की गतिविधियों के कारण देश में जिस तरह का माहौल बना उसी के कारण गांधीजी की हत्या हुई थी। इसी वजह से सरदार पटेल ने इस संगठन को प्रतिबंधित कर दिया था। उन्होंने कहा कि मैं आपको सरदार पटेल की बात याद दिलाना चाहता हूं। सरदार पटेल ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी को 4 फरवरी 1948 में लिखे एक पत्र में कहा था - गांधी जी की मृत्यु पर आरएसएस ने हर्ष प्रकट किया और मिठाई बांटी थी। खड़गे ने कहा कि जिन लोगों ने गांधी जी की हत्या की आज उसी विचारधारा के लोग कहते हैं कि कांग्रेस पार्टी सरदार पटेल को याद नहीं करती है। खड़गे ने कहा कि मोदी सरकार अब पाठ्यक्रमों में बदलाव कर इतिहास को बदलने का प्रयास कर रही है। हाल ही में एनसीईआरटी की तीन किताबों में से गांधी जी, गोडसे, आरएसएस और 2002 के गुजरात दंगों से जुड़े अध्याय हटा दिए गए हैं।



**हरियाणा के मुख्यमंत्री ने सचिवालय में राष्ट्रीय एकता दिवस पर सरदार वल्लभ भाई पटेल को किया नमन**

# सरदार पटेल राष्ट्रीय एकता के प्रतीक और अखंड भारत के शिल्पी थे : सैनी

> मुख्यमंत्री ने अधिकारियों-कर्मचारियों को दिलाई राष्ट्रीय एकता की शपथ

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 31 अक्तूबर।** राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर हरियाणा सचिवालय में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल को श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता, अखंडता और सुरक्षा बनाए रखने की शपथ भी दिलाई। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि लौह पुरुष सरदार पटेल सही मायने में राष्ट्रीय एकता के प्रतीक और अखंड भारत के शिल्पी थे। आजादी के बाद उन्होंने भारत के प्रथम गृह मंत्री के रूप में अपनी कुशल प्रशासनिक क्षमता से देश की नींव मजबूत की। उस समय देश सैकड़ों रियासतों और राजघरानों में बंटा हुआ था, लेकिन सरदार पटेल ने 562 रियासतों का भारतीय संघ में विलय कराकर अखंड भारत और राष्ट्रीय एकता की आधारशिला रखी।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि आज भारत दुनिया की महाशक्ति बनने की राह पर है, जिसकी नींव सरदार पटेल ने रखी थी। उनके अखंड भारत के सपने को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाकर साकार किया। प्रधानमंत्री ने गुजरात के नर्मदा जिले में स्टैच्यू ऑफ यूनिटी का निर्माण कर सरदार पटेल को युगों-युगों तक जीवित रखने का कार्य किया है।



मुख्यमंत्री ने कहा कि हम सबको सरदार पटेल के जीवन से प्रेरणा लेकर देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा के लिए समर्पित रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह दिवस न केवल एक महापुरुष को स्मरण करने का अवसर है, बल्कि यह हम सबको एक भारत, श्रेष्ठ भारत के संकल्प को दोहराने का भी दिन है। मुख्यमंत्री ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा के लिए स्वयं को समर्पित करने की शपथ दिलाई।

सूचना, जनसंपर्क भाषा एवं संस्कृति विभाग के आयुक्त एवं सचिव डॉ. अमित अग्रवाल ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का स्वागत करते हुए कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल ने स्वतंत्र भारत के प्रशासनिक तंत्र की नींव को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने देश की रियासतों का एकीकरण कर भारत को राजनीतिक रूप से एकजुट किया और एक मजबूत केंद्रीय प्रशासन की स्थापना की। उनके दूरदर्शी नेतृत्व में भारतीय प्रशासनिक सेवा और भारतीय पुलिस सेवा जैसी अखिल भारतीय सेवाओं ने देश के शासन और कानून-व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने में अहम योगदान दिया। उनके प्रयासों से भारत एक सशक्त, संगठित और प्रशासनिक रूप से सक्षम राष्ट्र के रूप में उभरा। इस दौरान गृह विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव अरुण कुमार गुप्ता, पुलिस महानिदेशक ओपी सिंह, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव डॉ. साकेत कुमार सहित तमाम वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

### 562 रियासतों का विलय करवाकर देश को एकता के सूत्र में पिरोया: रस्तोगी

मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने राष्ट, की एकता और अखंडता के बेजोड़ शिल्पी सरदार पटेल को नमन करते हुए कहा कि सरदार पटेल ने विकट परिस्थितियों में अपनी कुशाग्र बुद्धि और मजबूत इरादों के बल पर 562 रियासतों का विलय करवाकर देश को एकता के सूत्र में पिरोने का असाध्य काम करते हुए भारत को अखंड भारत बनाने का काम किया। दुनिया के इतिहास में शायद ही कोई ऐसा व्यक्ति हुआ हो, जिसने बिना किसी रक्तपात के इतनी बड़ी संख्या में रियासतों का विलय करवाया हो। श्री रस्तोगी ने कहा कि सरदार पटेल का जीवन त्याग, समर्पण और दृढ़ संकल्प का प्रतीक था। सरदार पटेल एक ऐसा भारत बनाना चाहते थे, जहां प्रशासनिक ढांचा अनुशासन, निष्ठा और सेवा भावना पर आधारित हो। उन्होंने भारतीय प्रशासनिक सेवा की अवधारणा को राष्ट्र-निर्माण का मूल स्तंभ बताया।




# लुधियाना में कबड्डी खिलाड़ी की गोली मारकर हत्या

> बदमाशों ने एसएसपी ऑफिस के पास 20 मिनट तक पीटा

अर्थ प्रकाश/ प्रदीप पाल

**लुधियाना/ जगराओं।** पंजाब के लुधियाना में शुक्रवार को कबड्डी खिलाड़ी की हत्या कर दी गई। वारदात जगराओं में एसएसपी ऑफिस से 250 मीटर की दूरी पर हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हमलावर 2 गाड़ियों में आए थे, जबकि कबड्डी खिलाड़ी अपनी कार में था। सड़क पर दोनों पक्षों की कारें हल्की सी टकराईं। इस पर विवाद हो गया। दोनों कारों में से सात आठ युवक उतरे और उन्होंने कबड्डी खिलाड़ी को पीटना शुरू कर दिया। करीब 20 मिनट तक वो उसे पीटते रहे। आखिर में जाते हुए एक युवक ने अपनी पिस्टल निकाली और उसके छाती में गोली मार दी। इसके बाद सभी मौके से फरार हो गए। खिलाड़ी की पहचान 23 वर्षीय तेजपाल सिंह के रूप में हुई है। वह गिद्दड़विंडी का रहने वाला था। वह जिला स्तर पर सर्कल कबड्डी के कई टूर्नामेंट में खेल चुका है। पुलिस के मुताबिक आरोपियों की पहचान हो गई है। इनकी आपस में रंजिश थी। 5 लोगों पर केस दर्ज किया गया है। पुलिस ने खिलाड़ी का शव सिविल अस्पताल जगराओं में रखवा दिया है। बहन के विदेश से आने पर उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा



### कबड्डी खिलाड़ी के घर पहुंचीं विधायक माणूके

घटना के बाद जगराओं से आप विधायक सरबजीत कौर माणूके तेजपाल के घर पहुंचीं। वहां पर एक युवक ने उन्हें घटना की जानकारी दी। युवक का कहना है कि उनकी पहले बहस हुई और फिर लड़ाई हुई। तेजपाल ने कहा कि किस बात की रंजिश है। बात ही चल रही थी कि उन्होंने मारपीट शुरू कर दी। गोली मारने वाले को सभी जानते हैं। ये बदमाश हैं।

# नगर परिषद का काम कर रही जनता, लोगों ने कहा- क्या कर रहे अधिकारी

## पिछले दो महीने से एनजीओ ने साफ सफाई व रख रखाव की उठाई जिम्मेदारी

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

**जीरकपुर, 31 अक्तूबर।** पीरमुछल्ला क्षेत्र में स्थित 50 एकड़ में बना नेचर पार्क अधिकारियों की अनदेखी का शिकार हुआ पड़ा है और बदहाली के चलते लोगों ने वहां सैर करनी भी बंद कर दी थी। लेकिन स्थानीय सॉयल 2 सोल नामक संस्था द्वारा पार्क की साफ सफाई व देख रेख का जिम्मा उठाया है। जिसके लिए संस्था द्वारा बकायदा एक सिक्योरिटी गार्ड रखा गया है और घास काटने वाली मशीन खरीद कर पार्क की साफ सफाई करवाई जा रही है। संस्था के मैंबर अनिता कटारिया, गोपाल गुप्ता, विकास, मंजू देवी, नेहा कुमारी, प्रिया, देव कुमार, अनुराग, दिशू, सुखपाल सिंह, विजय व अन्य ने बताया के यह नेचर पार्क अकाली दल सरकार के समय करीब 16 वर्ष पहले बना था और उसमें स्ट्रीट लाइट्स, लोगों के बैठने के लिए बैंच, पीने के लिए पानी की व्यस्था और गर्मी में बैठने के हट अलग से लगाई गई थी। जिसका लोगों द्वारा भरपूर फायदा उठाया जाता था और आसपास के सैंकड़ो लोग यहां शुद्ध वातावरण में सैर का मजा लेते थे। लेकिन धीरे धीरे नेचर पार्क के हालात खराब होते गए और पिछले 10 - 12 वर्षो से किसी ने उसकी सार तक नही ली। जिस कारण पार्क की हालात खस्ता हो गई है। लोगों ने बताया के यहां स्ट्रीट लाइट्स लगाई गई थी वह चोरी हो चुकी है, बैंच टूट चुके हैं और रास्ते पर बड़ी बड़ी घास उग चुकी है। जिस कारण पिछले कुछ वर्षो से लोगों यहां जानवरों व सांप आदि का खतरा बढ़ने के कारण सैर करना बंद कर दिया था। जबकि लोगों ने इसके सुधार के लिए कई बार नगर परिषद को भी बोला लेकिन किसी ने इस तरफ ध्यान नही दिया। जिसके चलते स्थानीय एनजीओ ने अब पिछले दो महीने से पार्क की साफ सफाई व रख रखाव का जिम्मा उठाया है और खुद के खर्चे पर काम करना भी शुरू कर दिया है। संस्था द्वारा यहां 300 से 400 नए पौधे भी लगाए गए हैं।

स्थानीय लोगों व एनजीओ मैंबरों ने बताया के यहां पार्क के हालात खस्ता होने के कारण लोगों ने आना बंद कर दिया था। जिस कारण यहां दिन में कुछ नशेड़ी किस्म के युवा नशा आदि करते थे और महिलाओं को परेशान करते थे। जिसके लिए संस्था द्वारा यहां देख रेख व सुरक्षा के मद्देनजर संस्था के खर्चे पर एक गार्ड रखा गया है और घास काटने वाली मशीन खरीदकर पुरे पार्क की सफाई शुरू कर दी है। रोजाना चलने वाले मशीन में पड़ना वाला पेट्रोल भी संस्था द्वारा दिया जाता है। संस्था के मैंबरों ने बताया के हर महीने 30 से 35 हजार रूपये का खर्चा आ रहा है। उन्होंने बताया के यह सब संस्था के मैंबरों द्वारा किया जाता है। उन्होंने बताया के साफ सफाई के बाद अब यहां लोग सैर करने के लिए फिर से आने शुरू हो गए है। उन्होंने बताया के पार्क की सफाई के बाद आसपास डंपिंग ग्राउंड व अन्य कूड़े को उठाने के लिए संघर्ष किया जाएगा। लोगों ने मांग की के यह लोगों की सुविधा के लिए बनाया है तो नगर परिषद की जिम्मेवारी बनती है के उसको देख रेख भी की जाए। जबकि लोग अपनी सुविधाओं के लिए ही तो टैक्स भरते हैं। लोगों ने कहा के जो काम जनता को करना पड़ रहा है।







### क्या कहना है स्थानीय लोगों का

इस बारे में बताते हुए अनीता कटारिया ने कहा कि हमें जब पता चला के नेचर पार्क के यह हालात है तो सबसे पहले हमने जाकर मौका देखा और उसकी साफ सफाई का जिम्मा भी उठाया, जिसकी प्रेरणा हमने पूर्व हलका विधायक एनके शर्मा से मिली। हमारी संस्था द्वारा यहां एक गार्ड रखा गया है और अपनी ही खर्च पर रख रखाव भी किया जा है। धीरे धीरे पार्क को पहले जैसा खूबसूरत बना दिया जाएगा। हमें खुशी है के हमारे पास इतनी जगह सैर करने के लिए है अगर उसका फायदा ही ना उठाया जाए तो उसका क्या फायदा। लोगों को साफ व शुद्ध हवा यहां मिलती है, जिसके लिए लोग काफी खुश भी है।

गोपाल, निवासी पीर मुछल्ला ने बताया कि नेचर पार्क की हालात इतनी खस्ता है के वहां जाने से डर लगता था। लेकिन सॉयल 2 सोल संस्था द्वारा जो काम किया जा रहा है, बहुत अच्छी बात है लेकिन यह जिम्मेवारी नगर परिषद की है। लोगों की मांग है के नगर परिषद को इस तरफ ध्यान देना चाहिए और टैक्स भरने वाले लोगों को फायदा मिलना चाहिए।

मेरे पास कोई शिकायत अभी नही आई है, फिर भी कल ही टीम भेजकर मौका चैक करवाया जाएगा। अस्टीमेट बनाकर काम करवाया जाएगा।

**-चरणपाल सिंह, एमई नगर परिषद जीरकपुर।**

---

### सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि रमेश कुमार पुत्र श्री श्रवण निवासी वार्ड न.10 असंध (प्रॉपर्टी आई.डी 6AHPMDTI जगह 120 गज) का देहांत हो गया है। उनके देहांत के बाद उनके तीन वारिस 1 कांता (पत्नी) 2 पिंकी रानी (पुत्री) 3 अक्षय (पुत्र) कानूनी वारिस है। इसके अलावा अन्य कोई कानूनी वारिस नही है। उनके देहांत के बाद वारिसान तसदीक कर दिया जाएगा। अगर किसी को कोई आपत्ति है तो 30 दिन के अंदर अंदर नगर पालिका मे संपर्क करें।

### सार्वजनिक सूचना

मैं, कौशल्या रानी पत्नी रणजीत सिंह, निवासी हाउस नं. 198, गांव चौकी पंचकुला, हरियाणा, मेरी संपत्ति दस्तावेज रजिस्ट्री नंबर 3487/1 दिनांक 23.11.2021, बिक्री विलेख, कहीं गुम हो गये है। मैंने DDR 132350452500876 दिनांक 27.10.2025, थाना कालका में रिपोर्ट दर्ज करवाई है। यदि किसी को यह दस्तावेज़ मिल जाए तो कृपया उपरोक्त पते पर भेजें।

### खोया-पाया

मैं, Satyavir Singh S/o Sh. Prablad Singh R/o 1 back side PS, Sector-26, Chandigarh Mobile 9041821500 ने अपने कुछ असल दस्तावेज जो कि मैं थे Original convience deed No. 1137 dt. 05.08.1998 मकान No. 193 सेक्टर-19, पंचकूला जो विकाश नगर, मौली जागरां चंडीगढ़ में कहीं खो गया, हमने उक्त दस्तावेजों की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करा दी है। अगर किसी को मिले तो उक्त पते पर संपर्क करें।

### मुनादी

**न्यायालय सहायक कलैक्टर द्वितीय श्रेणी, महम**

[illegible]

दिनांक 04.11.2025 को इस न्यायालय में स्वयं या अपने वकील के माध्यम से उपस्थित हो कर अपना पक्ष रख सकता है। हाजिर ना आने की सूरत में एक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। आज- 30.10.2025 का मेरे हस्ताक्षर व मोहर न्यायालय से जारी किया गया है।

सहायक कलैक्टर द्वितीय श्रेणी, महम

### मुनादी

**न्यायालय सहायक कलैक्टर द्वितीय श्रेणी, महम**

[illegible]

ना आने की सूरत में एक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। आज: 30.10.2025 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर न्यायालय से जारी किया गया है।

सहायक कलैक्टर द्वितीय श्रेणी, महम

### बा अदालत सहायक कलैक्टर द्वितीय श्रेणी कम-नायब तहसीलदार कैथल।

केस नं. आगामी तारीख: 25-11-2025

कृष्ण कौर बनाम धर्मपाल वगैरा

[illegible]

सूचित किया जाता है कि यदि कोई हिस्सेदार उतरवादी नं. 1 ता 13 उपरोक्त केस में पेश होकर अपना पक्ष रखना चाहता है तो दिनांक 25.11.2025 को समय 9-00 सुबह इस न्यायालय में आसालतन या वकालतन पेश होवे अन्यथा उनके खिलाफ एक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

**सहायक कलैक्टर द्वितीय श्रेणी कैथल।**

## अमृतसर में सीमा पार हथियार तस्करी गैंग का भंडाफोड़, सात गिरफ्तार; 15 पिस्तौल बरामद

अर्थ प्रकाश संवाददाता

अमृतसर, 31 अक्टूबर। पंजाब पुलिस ने सीमा पार से संचालित एक सक्रिय हथियार तस्करी मॉड्यूल का भंडाफोड़ करते हुए अमृतसर में सात लोगों, जिनमें एक नाबालिग भी शामिल है, को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 15 आधुनिक पिस्तौलें बरामद की हैं, जिनमें नौ 9 एमएम ग्लॉक और छह .30 बोर पिस्तौलें शामिल हैं। यह कार्रवाई मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देश पर पंजाब को सुरक्षित बनाने के मिशन के तहत की गई। डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि गिरफ्तार आरोपी सोशल मीडिया के माध्यम से पाकिस्तानी हैंडलर के संपर्क में थे और पंजाब भर में अवैध हथियारों की सप्लाई करते थे। उन्होंने कहा कि यह मॉड्यूल सीमा पार से हथियार मंगाकर युवाओं को अपराध की ओर धकेलने की साजिश का हिस्सा था। नेटवर्क को पूरी तरह समाप्त करने के लिए जांच जारी है, और आगे और गिरफ्तारियां संभव हैं।

पुलिस आयुक्त अमृतसर गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने बताया कि नाबालिग आरोपी हथियारों की खेप प्राप्त कर पंजाब के विभिन्न क्षेत्रों में सप्लाई करता था। उसकी गिरफ्तारी के आधार पर शमशेर सिंह और अमनदीप सिंह को तीन पिस्तौलों सहित पकड़ा गया। इसके बाद तकनीकी व फॉरेंसिक जांच के आधार पर बलविंदर सिंह को भी दो ग्लॉक और एक .30 बोर पिस्तौल के साथ गिरफ्तार किया गया। आगे की जांच में गुरदेव सिंह की भूमिका सामने आई, जिसे पुलिस ने करणप्रीत सिंह और हरमन सिंह के साथ पकड़ा। गुरदेव से छह ग्लॉक और एक .30 बोर पिस्तौल बरामद हुई। पुलिस अधिकारियों के अनुसार यह गैंग का नेटवर्क संगठित तरीके से काम कर रहा था और सोशल मीडिया के माध्यम से पाकिस्तान स्थित हैंडलर द्वारा निर्देशित होता था। इस संबंध में अमृतसर छावनी थाने में आर्म्स एक्ट की धारा 25(6,7,8) के तहत दो अलग-अलग केस दर्ज किए गए हैं। पुलिस ने कहा है कि राज्य में हथियार तस्करी व गैंगस्टर नेटवर्क के खिलाफ अभियान तेज गति से जारी रहेगा।

### आम सूचना

आम जनता को यह सूचित किया जाता है कि श्री विपन कुमार, श्री रमन गोयल वा श्री पुनित गोयल पुत्रान श्री शिवचरण (रहनकर्तागण) जो निम्न जायदाद (जिसका ब्यौरा नीचे दिया गया है) के मालिकान वा काबिजान है तथा इस जायदाद को एच.डी.एफ.सी. बैंक लिमिटिड, रादौर, जिला यमुनानगर के पास आड रहन करके लोन का आवेदन किया हुआ है। उपरोक्त जायदाद के मालिकान के अनुसार असल रजिस्टर्ड बैयनामा प्रलेख नम्बर 465 तिथि 17/05/2011 जो कि श्री रजनीश मेहता पुत्र श्री राजिन्द्र कृष्ण मेहता के हक में पंजीकृत था वा असल रजिस्टर्ड बैयनामा प्रलेख नम्बर 2346 तिथि 15/02/2011 जो कि श्रीमति आशा रानी पत्नी श्री बलवन्त सिंह के हक में पंजीकृत था. वो कहीं गुम हो गए है। यदि किसी व्यक्ति के पास निम्न जायदाद के बारे में अगर कोई बैयनामा, तबादलानामा, रहननामा, हिबानामा, पारावारिक समझौता, साझेदारी, किरायानामा या किसी प्रकार का दस्तावेज मौजूद है तो वह उन दस्तावेजों के साथ 07 दिनों में प्रमाण सहित अपना दावा मेरे समक्ष प्रस्तुत करे तथा अपना दावा ना प्रस्तुत करने पर वह व्यक्ति/ व्यक्तियों का किसी प्रकार का दावा रह ना जायेगा तथा मेरा मुविकल लोन के लिये आगे बढ़ सकता है और निम्न जायदाद रहन कर सकता है।

**जायदाद का विवरण**

दुकान, प्रोपर्टी आई.डी. नं. 7U9W67E5, रकबा 04.25 मरले यानि 130.66 वर्गगज, वाका खेवट /खतौनी नम्बर 686/88 (मौजूदा खेवट / खतौनी नम्बर 764/881), खसरा नम्बर 962 (6-18) का 17/552 हिस्सा बकदर 04.25 मरलें, वाका रकबा मौजा रादौर, हदबस्त नम्बर 45, मौसूमा शिव कालोनी, रादौर, तहसील रादौर, जिला यमुनानगर, अन्दर सीमा नगर पालिका रादौर, बरूये रजिस्टर्ड बैयनामा प्रलेख नम्बर 2404 तिथि 28-12-2012.

स्थान यमुना नगर। दिनांक- 21/10/2025.

**वकील गौरव शर्मा, चैम्बर नं. 362, ब्लॉक बी, तीसरी मंजिल, लॉयरस चैम्बरस बिलडिंग, जिला कचहरी, जगाधरी, यमुनानगर (हरियाणा), मोबाईल नं. 99964-61480**

### ईशा कंबोज, एचसीएस उप मंडलीय मजीस्ट्रेट (एस)-सह-विवाह अधिकारी, यू.टी., चंडीगढ़ के न्यायालय में।

**श्री दरूनदीप (Darundeep) वर्मा पुत्र श्री बचन लाल वर्मा, स्थायी और अस्थायी निवासी 3091, सेक्टर 37डी यूटी., चंडीगढ़**

**तथा**

**सुश्री श्वेता शर्मा पुत्री श्री जगदीश कुमार, स्थायी एवं अस्थायी निवासी गांव सियोनी सुन्नी भाज्जी, तहसील-सुन्नी जिला शिमला, हिमाचल प्रदेश-171301**

ने विशेष विवाह अधिनियम 1954 के अधीन तीन कलेंडर माह के भीतर विवाह के पंजीकरण हेतु धारा 5 के अधीन सूचना प्रदान की है।

चूंकि, उक्त नामतः पार्टियों ने इस न्यायालय में तीन कलेंडर माह के भीतर अपने विवाह के पंजीकरण हेतु एक याचिका दर्ज की है, इसलिए आम जनता को इस प्रकाशन के माध्यम से सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को इसमें कोई आपत्ति है तो वह 29.11.2025 को अथवा पूर्व इस न्यायालय में अपनी आपत्ति दर्ज करें, जिसमें असफल होने पर विधि के साथ अनुपालन में विशेष विवाह अधिनियम, 1954 के अधीन विवाह पंजीकृत कर दिया जाएगा।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मोहर के अधीन 29.10.2025 को जारी।

**उप-मंडलीय मजीस्ट्रेट(एस)-सह-विवाह अधिकारी,विशेष विवाहअधिनियम,1954, यू.टी., चंडीगढ़ के अधीन**

### सार्वजनिक सूचना

**विषय:** मकान संख्या 1799, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, सेक्टर-7, कुरुक्षेत्र का श्री वेद प्रकाश शर्मा पुत्र श्री पदम नाभ के नाम पर हस्तांतरण, जो उप-पंजीयक कुरुक्षेत्र के कार्यालय में दिनांक 25.06.2008 को पंजीकृत हस्तांतरण विलेख संख्या 2101 के अनुसार बिना वसीयत वाली संपत्ति छोड़ रहा है।

आम जनता और इससे संबंधित सभी लोगों की जानकारी के लिए सूचित किया जाता है कि मकान संख्या 1799, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, सेक्टर-7, कुरुक्षेत्र, जो श्री वेद प्रकाश शर्मा पुत्र श्री पदम नाभ, निवासी गाँव सारसा, जस्सो पट्टी, जिला कुरुक्षेत्र के नाम पर है, जो उप-पंजीयक कुरुक्षेत्र के कार्यालय में दिनांक 25.06.2008 को पंजीकृत हस्तांतरण विलेख संख्या 2101 के अनुसार बिना वसीयत वाली संपत्ति छोड़ रहा है।

आवेदक द्वारा सूचित किया गया है कि, श्री वेद प्रकाश शर्मा पुत्र श्री पदम नाभ, जो इस संपत्ति के स्वामी थे, का निधन 23.04.2025 को हो गया है और अब श्री अश्विनी कुमार पुत्र श्री वेद प्रकाश, निवासी वी.पी.ओ. सरसा, तहसील पेहोवा, कुरुक्षेत्र ने स्वर्गीय श्री वेद प्रकाश शर्मा पुत्र श्री पदम नाभ, निवासी गाँव सरसा, जस्सो पट्टी, जिला कुरुक्षेत्र की बिना वसीयत मृत्यु के आधार पर उक्त संपत्ति को अपने नाम पर हस्तांतरित करने के लिए आवेदन किया है। यदि किसी को आवेदक के पक्ष में उक्त संपत्ति के हस्तांतरण पर कोई आपत्ति है, तो वे इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। अन्यथा, यह संपत्ति तदनुसार हस्तांतरित कर दी जाएगी और बाद में किसी भी दावे पर विचार नहीं किया जाएगा।

**इमानी संपत्ति प्रबंधक आवास बोर्ड हरियाणा कुरुक्षेत्र.**

### बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda

शाखा कार्यालय:- एस.सी.ओ. 1120-21, सैक्टर 22-बी, चंडीगढ़ - 160022

**लॉकर तोड़ने की सूचना**

हम अपने सम्मानित ग्राहक को सूचित करना चाहते हैं कि हमारी शाखा में किराए पर लिया गया लॉकर नंबर नीचे दिया गया है और लंबे समय से इसका संचालन नहीं किया जा रहा है और इसका किराया बकाया हो गया है। इसलिए बैंक के दिशा - निर्देशों के अनुसार पट्टेदार को शाखा से संपर्क करने और किराया बकाया चुकाने के लिए **3 महीने (यानी 01.02.2026)** का समय दिया गया है। यदि निर्धारित समय के भीतर किराया बकाया जमा नहीं किया जाता है, तो पट्टेदार की ओर से लॉकर को तोड़ दिया जाएगा और किराया बकाया और लॉकर खोलने की लागत पट्टेदार से वसूल की जाएगी।

| शाखा का नाम | संयुक्त धारक सहित लॉकर धारकों का नाम | लॉकर धारकों का पता | लॉकर संख्या और प्रकार | तिथि से अतिदेय |
|---|---|---|---|---|
| बैंक ऑफ बड़ौदा, एस.सी.ओ. 1120-21, सैक्टर 22-बी, चंडीगढ़ | मुनीश कुमार | #430/1, सैक्टर 41-ए, चंडीगढ़ | पुराना लॉकर नं 424 नया 0110AX0386 | 16.03.2022 |

तिथि: 31.10.2025 मुख्य प्रबंधक, बैंक ऑफ बड़ौदा

### स्टोर्स ई-प्रोक्यूरमेंट सूचना सं. S/18/2025-26; दिनांक: 19-09-2025 के विरूद्ध शुद्धि-पत्र सं.-5

**निविदा सूचना सं. S/18/2025-26; दिनांक: 19-09-2025** के निविदा सं. **50/25/5295** और **50/25/5297** के विरुद्ध योग्यता मानदंड के सुधार संबंधित शुद्धि-पत्र- सं. 5 दिनांक: 19-09-2025।

**क्र.सं.-1; निविदा सं. 50/25/5295/ओटी/137/2025-26, बंद/खुलने की तिथि: 21-11-2025**

**संक्षिप्त विवरण, पी.एल. नं. एवं मात्रा:** परफॉर्मेंस क्लॉज: थोक आदेश के लिए ए) बोलीदाता ने पिछले पांच (05) वित्तीय वर्षों और निविदा आमंत्रित करने वाले पहले महीने के अंतिम दिन को समाप्त होने वाले चालू वित्तीय वर्ष के दौरान भारत में मेट्रो/एनसीआरटीसी कोचों सहित रेलवे रोलिंग स्टॉक (कोच/लोकोमोटिव) में एक या अधिक सीसीटीवी निगरानी प्रणाली के हिस्से के रूप में न्यूनतम 5 नग सीसीटीवी कैमरा की आपूर्ति, स्थापना और कमीशनिंग का काम सफलतापूर्वक पूरा/निष्पादन करना चाहिए या बी) बोलीदाता को पिछले पांच (05) वित्तीय वर्षों और निविदा आमंत्रित करने के पहले पिछले महीने के अंतिम दिन को समाप्त होने वाले चालू वित्तीय वर्ष के दौरान केन्द्रीय/राज्य सरकार के विभाग/संगठन/पीएसयू के सड़क गतिशीलता वाहनों में एक या अधिक सीसीटीवी निगरानी प्रणाली के हिस्से के रूप में न्यूनतम 40 नग सीसीटीवी कैमरों की आपूर्ति, स्थापना और कमीशनिंग का कार्य सफलतापूर्वक पूरा/निष्पादन करना चाहिए या सी) बोलीदाता ने पिछले पांच (05) वित्तीय वर्षों और निविदा आमंत्रित करने वाले पहले महीने के अंतिम दिन को समाप्त होने वाले चालू वित्तीय वर्ष के दौरान केंद्रीय/राज्य सरकार के विभाग/संगठन/पीएसयू में एक या अधिक सीसीटीवी निगरानी प्रणाली के हिस्से के रूप में न्यूनतम 40 नग सीसीटीवी कैमरों की आपूर्ति, स्थापना और कमीशनिंग का काम सफलतापूर्वक पूरा/निष्पादित किया हो। विकासात्मक आदेश के लिए: अन्य स्रोत जिन्होंने ऊपर ऊपर वर्णित कार्य को सफलतापूर्वक पूरा/निष्पादित किया है, लेकिन जो ऊपर निर्दिष्ट थोक आदेशों के लिए न्यूनतम पिछले परफॉर्मेंस को पूरा नहीं करते हैं, उन्हें एनपीक्यू के अधिकतम 20% तक की मात्रा के लिए विकासात्मक आदेश देने पर विचार किया जा सकता है, बशर्ते वे आवश्यक दस्तावेज़ी प्रमाण प्रस्तुत करें जिसमें आपूर्ति की गयी वस्तुओं का विवरण और आवश्यकतानुसर मूल्य दिखाया गया हो। ऐसे निविदाकर्ताओं को ध्यान देना चाहिए कि ऐसे दस्तावेज़ को प्रस्तुत न करने पर यह माना जाएगा उनके पास ऐसा कोई पिछले परफॉर्मेंस और/या क्षमता नहीं हैं, और उनका प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया जाएगा और इस संबंध में कोई पिछला संदर्भ नहीं दिया जाएगा। निम्नलिखित दस्तावेजों को प्रस्ताव के साथ प्रस्तुत किया जाना चाहिए: (i) पीओ की प्रतियां या किये गये कार्य का विवरण निर्दिष्ट करने वाले किसी भी अन्य संबंधित दस्तावेज। और (ii) सरकार/पीएसयू/निगम द्वारा उस प्रकार के आदेश ढंग से पूरा करने का प्रमाण पत्र/परफॉर्मेंस प्रमाण पत्र। (iii) बोलीदाता के सीए द्वारा जारी प्रमाण पत्र जिसमें परियोजना का नाम, क्रय आदेश/कार्य आदेश सं, कार्य आदेश/क्रय आदेश की तिथि, चालू किए गये आईपी आधारित सीसीटीवी कैमरों की संख्या, ग्राहक का प्रकार स्पष्ट रूप से निर्दिष्ट हो, जो मानदंड के तहत निर्दिष्ट अवधि के दौरान तकनीकी योग्यता मानदंडों को पूरा कर रहे हों।

**क्र.सं.-2; निविदा सं. 50/25/5297/139/2025-26, बंद/खुलने की तिथि: 21-11-2025**

**संक्षिप्त विवरण, पी.एल. नं. एवं मात्रा:** परफॉर्मेंस क्लॉज: थोक आदेश के लिए ए) बोलीदाता ने पिछले पांच (05) वित्तीय वर्षों और निविदा आमंत्रित करने वाले पहले महीने के अंतिम दिन को समाप्त होने वाले चालू वित्तीय वर्ष के दौरान भारत में मेट्रो/एनसीआरटीसी कोचों सहित रेलवे रोलिंग स्टॉक (कोच/लोकोमोटिव) में एक या अधिक सीसीटीवी निगरानी प्रणाली के हिस्से के रूप में न्यूनतम 5 नग सीसीटीवी कैमरा की आपूर्ति, स्थापना और कमीशनिंग का काम सफलतापूर्वक पूरा/निष्पादन करना चाहिए या बी) बोलीदाता को पिछले पांच (05) वित्तीय वर्षों और निविदा आमंत्रित करने के पहले पिछले महीने के अंतिम दिन को समाप्त होने वाले चालू वित्तीय वर्ष के दौरान केन्द्रीय/राज्य सरकार के विभाग/संगठन/पीएसयू के सड़क गतिशीलता वाहनों में एक या अधिक सीसीटीवी निगरानी प्रणाली के हिस्से के रूप में न्यूनतम 40 नग सीसीटीवी कैमरों की आपूर्ति, स्थापना और कमीशनिंग का कार्य सफलतापूर्वक पूरा/निष्पादन करना चाहिए या सी) बोलीदाता ने पिछले पांच (05) वित्तीय वर्षों और निविदा आमंत्रित करने वाले पहले महीने के अंतिम दिन को समाप्त होने वाले चालू वित्तीय वर्ष के दौरान केंद्रीय/राज्य सरकार के विभाग/संगठन/पीएसयू में एक या अधिक सीसीटीवी निगरानी प्रणाली के हिस्से के रूप में न्यूनतम 40 नग सीसीटीवी कैमरों की आपूर्ति, स्थापना और कमीशनिंग का काम सफलतापूर्वक पूरा/निष्पादित किया हो। विकासात्मक आदेश के लिए: अन्य स्रोत जिन्होंने ऊपर ऊपर वर्णित कार्य को सफलतापूर्वक पूरा/निष्पादित किया है, लेकिन जो ऊपर निर्दिष्ट थोक आदेशों के लिए न्यूनतम पिछले परफॉर्मेंस को पूरा नहीं करते हैं, उन्हें एनपीक्यू के अधिकतम 20% तक की मात्रा के लिए विकासात्मक आदेश देने पर विचार किया जा सकता है, बशर्ते वे आवश्यक दस्तावेज़ी प्रमाण प्रस्तुत करें जिसमें आपूर्ति की गयी वस्तुओं का विवरण और आवश्यकतानुसर मूल्य दिखाया गया हो। ऐसे निविदाकर्ताओं को ध्यान देना चाहिए कि ऐसे दस्तावेज़ को प्रस्तुत न करने पर यह माना जाएगा उनके पास ऐसा कोई पिछले परफॉर्मेंस और/या क्षमता नहीं हैं, और उनका प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया जाएगा और इस संबंध में कोई पिछला संदर्भ नहीं दिया जाएगा। निम्नलिखित दस्तावेजों को प्रस्ताव के साथ प्रस्तुत किया जाना चाहिए: (i) पीओ की प्रतियां या किये गये कार्य का विवरण निर्दिष्ट करने वाले किसी भी अन्य संबंधित दस्तावेज। और (ii) सरकार/पीएसयू/निगम द्वारा उस प्रकार के आदेश ढंग से पूरा करने का प्रमाण पत्र/परफॉर्मेंस प्रमाण पत्र। (iii) बोलीदाता के सीए द्वारा जारी प्रमाण पत्र जिसमें परियोजना का नाम, क्रय आदेश/कार्य आदेश सं, कार्य आदेश/क्रय आदेश की तिथि, चालू किए गये आईपी आधारित सीसीटीवी कैमरों की संख्या, ग्राहक का प्रकार स्पष्ट रूप से निर्दिष्ट हो, जो मानदंड के तहत निर्दिष्ट अवधि के दौरान तकनीकी योग्यता मानदंडों को पूरा कर रहे हों।

**नोट:-** निविदा सूचना और निविदा कागजात के पूर्ण विवरण के लिए निविदाकर्ता वेबसाइट (**www.ireps.gov.in**) को लॉग ऑन करें। भावी बोलीकर्ता जो उपरोक्त निविदाओं में भाग लेने को इच्छुक हैं को उपरोक्त वेबसाइट के साथ अपने-आप को लॉग इन करना होगा और यदि वे पहले से ही **आईआरईपीएस** के साथ पंजीकृत हैं तो उन्हें अपने प्रस्ताव को इलेक्ट्रॉनिकली जमा करना होगा। यदि वे **आईआरईपीएस** के साथ पंजीकृत नहीं हैं तो, उन्हें सलाह दी जाती है कि वे भारत सरकार के आईटी एक्ट 2000 के अंतर्गत प्रमाणन एजेंसियों से क्लास-III डिजीटल हस्ताक्षर प्रमाण-पत्र प्राप्त करें और उपरोक्त निविदाओं में भाग लें।

**पीसीएमएम/मालीगांव**

पूर्वोत्तर सीमा रेलवे

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

### ਗਰੇਟਰ ਮੁਹਾਲੀ ਏਰੀਆ ਡਿਵੈਲਪਮੈਂਟ ਅਥਾਰਿਟੀ, ਪੁੱਡਾ ਭਵਨ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ। (ਜਨਤਕ ਸੂਚਨਾ)



ਮਕਾਨ ਨੰਬਰ ਐਚ.ਈ. 1111, ਫੇਜ 1, ਸੈਕਟਰ-55, ਐਸ.ਏ.ਐਸ.ਨਗਰ ਦੇ ਅਲਾਟੀ Sneh Sharma Alias Sneh Lata W/o Late. Tirath Ram Sharma R/o House No. 798, Sector 41 A, Chandigarh ਦੀ ਮੌਤ ਮਿਤੀ 11-08-2025 ਨੂੰ ਹੋ ਗਈ ਹੈ। ਉਕਤ ਮਕਾਨ ਦੇ ਸਬੰਧੀ ਅਲਾਟੀ Sneh Sharma Alias Sneh Lata W/o Late. Tirath Ram Sharma ਵੱਲੋਂ ਆਪਣੀ ਭਤੀਜੀ Divya Sharma ਦੇ ਨਾਮ ਵਸੀਅਤ ਕੀਤੀ ਗਈ ਹੈ। ਇਹ ਵਸੀਅਤ ਸੀਰੀਅਲ ਨੰਬਰ 82, ਬੁਕ ਨੰ. 3 ਮਿਤੀ 15-04- 2025 ਰਾਹੀਂ ਸਬ ਰਜਿਸਟਰਾਰ, ਚੰਡੀਗੜ੍ਹ ਵਿਖੇ ਰਜਿਸਟਰਡ ਹੈ।

ਉਕਤ ਕੀਤੀ ਗਈ ਰਜਿਸਟਰਡ ਵਸੀਅਤ ਦੇ ਅਧਾਰ ਤੇ Divya Sharma W/o Vishavjeet Singh, R/o House No-HE-1111, Phase-1, Sector-55, Mohali. ਵੱਲੋਂ ਮਕਾਨ ਨੰਬਰ ਐਚ ਈ 1111, ਫੇਜ 1, ਸੈਕਟਰ-55, ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ ਦੀ ਮਲਕੀਅਤ ਆਪਣੇ ਨਾਮ ਤਬਦੀਲ ਕਰਨ ਲਈ ਦਸਤਾਵੇਜ ਇਸ ਦਫਤਰ ਨੂੰ ਪੇਸ਼ ਕੀਤੇ ਗਏ ਹਨ ਅਤੇ ਇਹ ਕੇਸ ਮਿਲਖ ਅਫਸਰ (ਹ), ਗਮਾਡਾ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ ਨਗਰ ਦੇ ਦਫਤਰ ਵਿਚ ਵਿਚਾਰ ਅਧੀਨ ਹੈ। ਇਸ ਲਈ ਮਲਕੀਅਤ ਤਬਦੀਲ ਕਰਨ ਤੋਂ ਪਹਿਲਾਂ ਸਭ ਆਮ ਅਤੇ ਖਾਸ ਨੂੰ ਸੂਚਿਤ ਕੀਤਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਕਿ ਮ੍ਰਿਤਕ ਅਲਾਟੀ ਵੱਲੋਂ ਕੀਤੀ ਗਈ ਰਜਿਸਟਰਡ ਵਸੀਅਤ ਸਬੰਧੀ ਕਿਸੇ ਨੂੰ ਕੋਈ ਇਤਰਾਜ ਹੋਵੇ ਤਾਂ ਉਹ ਇਸ ਵਿਗਿਆਪਨ ਦੀ ਮਿਤੀ ਤੋਂ 15 ਦਿਨਾਂ ਦੇ ਅੰਦਰ-ਅੰਦਰ ਆਪਣਾ ਇਤਰਾਜ ਮਿਲਖ ਅਫਸਰ (ਹ) ਗਮਾਡਾ ਮੋਹਾਲੀ ਪਾਸ ਲਿਖਤੀ ਰੂਪ ਵਿਚ ਦੇ ਸਕਦਾ ਹੈ। ਨਿਸ਼ਚਿਤ ਮਿਤੀ ਅਤੇ ਸਮੇਂ ਤੋਂ ਬਾਅਦ ਪ੍ਰਾਪਤ ਇਤਰਾਜ ਤੇ ਕੋਈ ਵਿਚਾਰ ਨਹੀਂ ਕੀਤਾ ਜਾਵੇਗਾ ਅਤੇ ਮਕਾਨ ਨੰਬਰ ਐਚ ਈ 1111, ਫੇਜ 1 ਸੈਕਟਰ-55, ਐਸ.ਏ.ਐਸ.ਨਗਰ ਦੀ ਮਲਕੀਅਤ ਰਜਿਸਟਰਡ ਵਸੀਅਤ ਦੇ ਆਧਾਰ ਤੇ ਉਕਤ ਲਾਭ ਪਾਤਰ ਦੇ ਨਾਮ ਤਬਦੀਲ ਕਰ ਦਿੱਤੀ ਜਾਵੇਗੀ।

ਮਿਲਖ ਅਫਸਰ (ਹ)
ਗਮਾਡਾ,ਐਸ.ਏ.ਐਸ.ਨਗਰ

### ਗਰੇਟਰ ਮੋਹਾਲੀ ਏਰੀਆ ਡਿਵੈਲਪਮੈਂਟ ਅਥਾਰਟੀ, ਪੁੱਡਾ ਭਵਨ, ਸੈਕਟਰ-62, ਐਸ.ਏ.ਐਸ.ਨਗਰ। ਜਨਤਕ ਸਚਨਾ



ਸਿੰਗਲ ਵਿੰਡੋ ਨੰ. 456755 ਮਿਤੀ 11.Sep. 2024 ਮਕਾਨ ਨੰ: 790 Phase-4 ਸੈਕਟਰ-59 ਮੋਹਾਲੀ ਦੀ ਐਨ.ਓ.ਸੀ. ਅਪਲਾਈ ਕੀਤੀ ਗਈ ਹੈ। ਉਕਤ ਮਕਾਨ ਦੇ ਮਾਲਕ (1) ਜਸਦੀਪ ਸਿੰਘ ਨਾਰੰਗ (2) ਹਰਦੀਪ ਸਿੰਘ ਨਾਰੰਗ (3) ਅਮਨਦੀਪ ਸਿੰਘ ਨਾਰੰਗ ਪੁੱਤਰਾਨ ਲੇਟ ਸ੍ਰੀ ਪਰਮਜੀਤ ਸਿੰਘ ਵਾਸੀ ਮਕਾਨ ਨੰ. ਮਕਾਨ ਨੰ. 790 ਫੇਜ 4 ਸੈਕਟਰ 59 ਵੱਲੋਂ ਆਪਣੀ ਮਾਤਾ ਸ੍ਰੀਮਤੀ ਗੁਰਪ੍ਰੀਤ ਕੌਰ ਪਤਨੀ ਲੇਟ ਸ੍ਰੀ ਪਰਮਜੀਤ ਸਿੰਘ ਨਾਰੰਗ ਵਾਸੀ ਮਕਾਨ ਨੰ. ਮਕਾਨ ਨੰ. 790 ਫੇਜ 4 ਸੈਕਟਰ 59 ਨੂੰ ਆਪਣਾ ਜੀ.ਪੀ.ਏ.ਨਿਯੁਕਤ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਹੈ, ਜੋ ਕਿ ਵਸੀਕਾ ਨੰ. 981 ਜਾਇਦ ਬਹੀ ਨੰ. 04 ਜਿਲਦ ਨੰ. 0 ਦੇ ਸਫਾ ਨੰ. 0 ਰਾਹੀ ਮਿਤੀ 04, July 2024 ਨੂੰ ਸਬ-ਰਜਿਸਟਰਾਰ, ਮੋਹਾਲੀ ਦੇ ਦਫਤਰ ਵਿਖੇ ਦਰਜ ਹੋਈ ਹੈ।

ਇਸ.ਜੀ.ਪੀ.ਏ ਦੇ ਅਧਾਰ ਤੇ ਸ੍ਰੀਮਤੀ ਗੁਰਪ੍ਰੀਤ ਕੌਰ ਪਤਨੀ ਲੇਟ ਸ੍ਰੀ ਪਰਮਜੀਤ ਸਿੰਘ ਨਾਰੰਗ ਨੇ ਮਕਾਨ ਨੰ. 790 ਫੇਜ 4 ਸੈਕਟਰ 59 ਮੋਹਾਲੀ ਨੂੰ Mr. AMARBIR SINGH S/o Sh. GURNAM SINGH, GAGANDEEP KAUR W/o Sh. AMARBIR SINGH R/o VALTOHA TOOT TARN TARAN PUNJAB 143416 ਦੇ ਨਾਂ ਤੇ ਟਰਾਂਸਫਰ ਕਰਨ ਦੀ ਆਗਿਆ ਲੈਣ ਲਈ ਦਸਤਾਵੇਜ਼ ਪੇਸ਼ ਕੀਤੇ ਹਨ। ਹੁਣ ਇਹ ਕੇਸ ਸੁਪਰਡੰਟ (ਹ),ਗਮਾਡਾ, ਮੁਹਾਲੀ ਦੇ ਦਫਤਰ ਵਿੱਚ ਵਿਚਾਰ ਅਧੀਨ ਹੈ। ਇਸ ਲਈ ਉਕਤ ਮਕਾਨ ਨੰ. 790 Phase-4 ਸੈਕਟਰ-59 ਮੋਹਾਲੀ ਨੂੰ ਟਰਾਂਸਫਰ ਦੀ ਆਗਿਆ ਦੇਣ ਤੋਂ ਪਹਿਲਾਂ ਆਮ ਅਤੇ ਖਾਸ ਨੂੰ ਸੂਚਿਤ ਕੀਤਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ, ਕਿ ਜੇਕਰ ਇਸ ਬਾਰੇ ਕਿਸੇ ਨੂੰ ਕੋਈ ਇਤਰਾਜ ਜਾਂ ਸ਼ੱਕ ਹੋਵੇ ਤਾਂ, ਇਸ ਵਿਗਿਆਪਨ ਦੀ ਮਿਤੀ ਤੋਂ 15 ਦਿਨਾਂ ਦੇ ਅੰਦਰ-ਅੰਦਰ ਆਪਣਾ ਇਤਰਾਜ ਸੁਪਰਡੰਟ (ਹ), ਗਮਾਡਾ, ਮੋਹਾਲੀ ਪਾਸ ਲਿਖਤੀ ਰੂਪ ਵਿੱਚ ਦੇ ਸਕਦਾ ਹੈ। ਨਿਸ਼ਚਿਤ ਮਿਤੀ ਅਤੇ ਸਮੇਂ ਤੋਂ ਬਾਅਦ ਪ੍ਰਾਪਤ ਹੋਏ। ਇਤਰਾਜ ਤੇ ਕੋਈ ਵਿਚਾਰ ਨਹੀਂ ਕੀਤਾ ਜਾਵੇਗਾ ਅਤੇ ਉਕਤ ਰਜਿਸਟਰਡ ਹੋਈ ਜੀ.ਪੀ.ਏ ਦੇ ਅਧਾਰ ਤੇ ਮਕਾਨ ਨੰ: 790 Phase-4 ਸੈਕਟਰ-59 ਮੋਹਾਲੀ ਨੂੰ ਟਰਾਂਸਫਰ ਦੀ ਆਗਿਆ ਉਕਤ ਬਿਨੈਕਾਰ ਦੇ ਨਾਂ ਤੇ ਜਾਰੀ ਕਰ ਦਿੱਤੀ ਜਾਵੇਗੀ।

ਸੁਪਰਡੰਟ (ਹ)
ਗਮਾਡਾ, ਮੁਹਾਲੀ

### ਗਰੇਟਰ ਮੋਹਾਲੀ ਏਰੀਆ ਵਿਕਾਸ ਅਥਾਰਟੀ, ਪੁੱਡਾ ਭਵਨ ਸੈਕਟਰ-62, ਐਸ ਏ ਐਸ ਨਗਰ (ਜਨਤਕ ਸੂਚਨਾ)



ਪਲਾਟ ਨੰ: 174 ਫੇਜ-4 ਸੈਕਟਰ 59, ਐਸ.ਏ.ਐਸ ਨਗਰ ਦੇ 50% Share ਦੇ ਅਲਾਟੀ ਸ੍ਰੀਮਤੀ ਸੁਰਿੰਦਰ ਕੌਰ ਗਿੱਲ ਪਤਨੀ ਲੇਟ ਸ੍ਰੀ ਹਰਪਾਲ ਸਿੰਘ ਵਾਸੀ ਮਕਾਨ ਨੰ: ਰਾਏ ਕਲੋਨੀ ਚੰਡੀਗੜ੍ਹ ਰੋਡ ਨਵਾਂਸ਼ਹਿਰ ਦੀ ਮੌਤ ਮਿਤੀ-05-12-2024 ਨੂੰ ਹੋ ਗਈ ਸੀ। ਉਕਤ ਮਕਾਨ ਸਬੰਧੀ ਅਲਾਟੀ ਵੱਲੋਂ ਆਪਣੀ ਲੜਕੀ ਅੰਜਵਿੰਦਰ ਗਿੱਲ ਵਾਸੀ ਮਕਾਨ ਨੰ. 174 ਫੇਜ-4 ਸੈਕਟਰ 59 ਐਸ ਏ ਐਸ ਨਗਰ ਦੇ ਨਾਮ ਵਸੀਅਤ ਕੀਤੀ ਗਈ ਹੈ ਜੋ ਕਿ ਵਸੀਕਾ ਨੰ: 387, ਬਹੀ ਨੰ. 03 ਮਿਤੀ 26-12-2001 ਰਾਹੀਂ ਸਬ-ਰਜਿਸਟਰਾਰ, ਨਵਾਂਸ਼ਹਿਰ ਦੇ ਦਫਤਰ ਵਿਖੇ ਰਜਿਸਟਰਡ ਹੈ।

ਇਸ ਰਜਿਸਟਰਡ ਵਸੀਅਤ ਦੇ ਅਧਾਰ ਤੇ ਸ੍ਰੀਮਤੀ ਅੰਜਵਿੰਦਰ ਗਿੱਲ ਪਤਨੀ ਸ੍ਰੀ ਦਵਿੰਦਰ ਸਿੰਘ ਚਾਹਲ ਵਾਸੀ ਮਕਾਨ ਨੰ: # RAI COLONY, CHANDIGARH ROAD, NAWANSHAHR, PUNJAB-144514 ਵੱਲੋਂ ਪਲਾਟ ਨੰ: 174 ਫੇਜ-4 ਸੈਕਟਰ 59, ਐਸ.ਏ.ਐਸ ਨਗਰ ਦੀ ਮਲਕੀਅਤ ਆਪਣੇ ਨਾਮ ਤੇ ਤਬਦੀਲ ਕਰਨ ਦੀ ਬੇਨਤੀ ਕੀਤੀ ਗਈ ਹੈ। ਅਤੇ ਇਹ ਕੇਸ ਮਿਲਖ ਅਫਸਰ (ਹ), ਗਮਾਡਾ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ ਨਗਰ ਵਿਖੇ ਵਿਚਾਰ ਅਧੀਨ ਹੈ। ਇਸ ਲਈ ਉਕਤ ਮਕਾਨ ਦੀ ਮਲਕੀਅਤ ਟਰਾਂਸਫਰ ਕਰਨ ਤੇ ਪਹਿਲਾਂ ਆਮ ਤੇ ਖਾਸ ਨੂੰ ਸੂਚਿਤ ਕੀਤਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ, ਕਿ ਜੇਕਰ ਇਸ ਬਾਰੇ ਕਿਸੇ ਨੂੰ ਕੋਈ ਇਤਰਾਜ ਹੋਵੇ ਤਾਂ ਉਹ ਇਸ ਵਿਗਿਆਪਨ ਦੀ ਮਿਤੀ ਤੋਂ 15 ਦਿਨਾਂ ਦੇ ਅੰਦਰ ਅੰਦਰ ਆਪਣਾ ਇਤਰਾਜ ਮਿਲਖ ਅਫਸਰ (ਹ), ਗਮਾਡਾ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ ਨਗਰ, ਪਾਸ ਲਿਖਤੀ ਰੂਪ ਵਿੱਚ ਦੇ ਸਕਦਾ ਹੈ। ਨਿਸ਼ਚਿਤ ਮਿਤੀ ਅਤੇ ਸਮੇਂ ਤੋਂ ਬਾਅਦ ਪ੍ਰਾਪਤ ਇਤਰਾਜ ਤੇ ਕੋਈ ਵਿਚਾਰ ਨਹੀਂ ਕੀਤਾ ਜਾਵੇਗਾ ਅਤੇ ਪਲਾਟ ਨੰ: 174 ਫੇਜ-4 ਸੈਕਟਰ-59, ਐਸ.ਏ.ਐਸ ਨਗਰ ਦੀ ਮਲਕੀਅਤ ਤਬਦੀਲ ਰਜਿਸਟਰਡ ਵਸੀਅਤ ਦੇ ਆਧਾਰ ਤੇ ਕਰ ਦਿੱਤੀ ਜਾਵੇਗੀ।

ਮਿਲਖ ਅਫਸਰ (ਹ)
ਗਮਾਡਾ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ ਨਗਰ

### उत्तर रेलवे

**खुली निविदा सूचना संख्या ETrU-T-07-2025-26**

वरि. मंडल विद्युत अभियंता / क.वि. / उत्तर रेलवे, अम्बाला छावनी द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-टेंडरिंग के माध्यम से निविदायें आमंत्रित करते है। इन निविदाओं को प्रत्येक कार्य के आगे दर्शायी गई तिथि को 15:00 बजे तक **www.ireps.gov.in** पर अपलोड किया जा सकता है। इनको 15:00 बजे के उपरान्त तत्काल खोला जायेगा।

| क्र. सं. | निविदा संख्या | कार्य का विवरण | निविदा बंद/खुलने की तिथि | लगभग लागत | धरोहर राशि | कार्य पूरा करने की अवधि | वैधता अवधि | टेण्डर फॉर्म की कीमत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ETrU-T-07-2025-26 | अंबाला डिवीजन में टी आर डी मुख्यालय एक्शन प्लान के टारगेट और स्पेशल मेंटेनेंस वर्क को पूरा करने के लिए काम, जैसे सैक्शिकाइसिंग मास्ट लगाना, मफ को ऊपर उठाना और कमजोर कैटेनरी/कॉन्टैक्ट वायर को बदलना हेतु कार्य। | 21.11.2025 | ₹ 56,06,785.90/- | ₹ 1,12,100/- | 06 महीने | 60 दिन | Downloading through IREPS portal-NIL (₹ 5,000/- Sr. DEE/TRD/UMB ऑफिस से हार्ड कॉपी के लिए) |

1. निविदाकार को सभी जरूरी योग्यता दस्तावेज एवं PAN/GSTIN की Scanned Copies IREPS पोर्टल पर अपलोड करनी है। 2. निविदाकार के पास ई-निविदा में भाग लेने के लिए क्लास- III Digital Signature Certificate होनी चाहिए। 3. कार्य में GST, BOCWW, Income Tax एवं नियमानुसार आवश्यक टैक्स लागू होंगे। 4. कार्य में सिमिलर नेचर कंडीशन लागू है एवं इस प्रकार है: Design, supply, erection, testing & commissioning of 50Hz, single phase 25 KV AC OHE 5. टेंडर डॉक्यूमेंट एवं निविदा सूचना की विस्तृत जानकारी के लिए रेलवे वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाएँ।

संख्या : ETrU-T-07-2025-26 दिनांक 30.10.2025 3378/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

### उत्तर रेलवे

**ई-नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, अंबाला द्वारा ई-नीलामी की जाएगी, जिसका विवरण सारणीबद्ध है:-

| क्र. सं. | कार्य का विवरण | ई-कैटलॉग सं | नीलामी तिथि व समय |
|---|---|---|---|
| 1 | शिमला रेलवे स्टेशन पर 144 वर्ग फुट क्षेत्रफल वाले क्लोक रूम प्रबंधन के लिए अनुबंध | PnU-UMB-SML-WRL-49-23-1 (Pay and Use-Lounges/ Waiting/Retiring/Cloak Rooms) | 12.11.2025 12.00 Hrs. |
| 2 | बठिंडा रेलवे स्टेशन पर 20.78 वर्ग मीटर क्षेत्रफल वाले क्लोक रूम प्रबंधन एवं स्टेशनरी दुकान जिसमें मुद्रण / फोटोकॉपी सुविधा उपलब्ध है, के लिए अनुबंध | PnU-UMB-BTI-WRL-66-25-1 (Pay and Use-Lounges/ Waiting/ Retiring/Cloak Rooms) | 12.11.2025 12.00 Hrs. |
| 3 | राजपुरा रेलवे स्टेशन पर 3 मीटर X 4 मीटर आकार (कुल क्षेत्रफल 12 वर्ग मीटर) वाले क्लोक रूम प्रबंधन एवं स्टेशनरी दुकान जिसमें मुद्रण / फोटोकॉपी सुविधा उपलब्ध है, के लिए अनुबंध | PnU-UMB-RPJ-WRL-59-25-2 (Pay and Use-Lounges/ Waiting/ Retiring/Cloak Rooms) | 12.11.2025 12.00 Hrs. |
| 4 | सहारनपुर रेलवे स्टेशन पर कुल क्षेत्रफल 20.44 वर्ग मीटर के साथ क्लोक रूम प्रबंधन सह स्टेशनरी दुकान जिसमें मुद्रण / फोटोकॉपी सुविधा है | PnU-UMB-SRE-WRL-44-25-1 (Pay and Use-Lounges/ Waiting/ Retiring/Cloak Rooms) | 12.11.2025 12.00 Hrs. |
| 5 | अंबाला कैंट रेलवे स्टेशन पर 12 फीट X 12 फीट आकार (कुल क्षेत्रफल 144 वर्ग फुट या 13.38 वर्ग मीटर) वाले क्लोक रूम प्रबंधन एवं स्टेशनरी दुकान जिसमें मुद्रण / फोटोकॉपी सुविधा उपलब्ध है, के लिए अनुबंध | PnU-UMB-UMB-WRL-47-25-1 (Pay and Use-Lounges/ Waiting/ Retiring/Cloak Rooms) | 12.11.2025 12.00 Hrs. |
| 6 | सरहिंद रेलवे स्टेशन पर 3 मीटर X 5.37 मीटर आकार (कुल क्षेत्रफल 16.11 वर्ग मीटर) वाले क्लोक रूम प्रबंधन एवं स्टेशनरी दुकान जिसमें मुद्रण / फोटोकॉपी सुविधा उपलब्ध है, के लिए अनुबंध | PnU-UMB-SIR-WRL-60-25-2 (Pay and Use-Lounges/ Waiting/ Retiring/Cloak Rooms) | 12.11.2025 12.00 Hrs. |
| 7 | अंबाला कैंट रेलवे स्टेशन पर पार्सल पैकिंग के उद्देश्य से 10'X10' (100 वर्ग फुट) फर्श स्थान उपलब्ध कराने का प्रावधान | MSS-UMB-UMB-TWnOPS-23-23-1(Misc-Static-Services-Two wheeler and other parcel packing) | 12.11.2025 12.00 Hrs. |

ई-नीलामी लीजिंग आमंत्रण सूचना, नीलामी प्रपत्र, एक बार पंजीकरण व अधिक जानकारी हेतु रेलवे वेबसाईट **www.ireps.gov.in** पर जायें।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3388/25

### उत्तर रेलवे

**ई-नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक / एफ.एस., उत्तर रेलवे, अंबाला मंडल आईआरईपीएस वेबसाइट पर ई-नीलामी लीजिंग के माध्यम से अंबाला मंडल के अंतर्गत विभिन्न मेल / एक्सप्रेस ट्रेनों में ब्रेक के एस.एल.आर. / एस.एल.आर.डी. डिब्बों पार्सल स्पेस (4 / 3.9 टन) के लीज अनुबंध हेतु निविदाएँ आमंत्रित करते हैं। निम्नलिखित विवरणानुसार, निविदा आमंत्रित की जाती हैं।

| क्र. सं. | नीलामी केटलॉग संख्या | नीलामी शुरु होने की दिनांक एवं समय | नीलामी समाप्त होने की दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|
| 1. | UMB-SLR-13-2025 (07 लॉट) | 17.11.2025 / 12:00 बजे | 17.11.2025 / 13:30 बजे |

| क्र.सं. | ट्रेन सं. | से-तक | कम्पार्टमेंट |
|---|---|---|---|
| 1. | 12450 | CDG-MAO | FSLR-I |
| 2. | 12232 | CDG-LKO | FSLR-I |
| 3. | 19308 | UHL-INDB | FSLR-I |
| 4. | 22456 | KLK-SNSI | FSLR-I |
| 5. | 12326 | NLDM-KOAA | FSLR-I |
| 6. | 22356 | CDG-PPTA | FSLR-I |
| 7. | 14524 | UMB-BJU | RSLR-I |

ई-नीलामी में भाग लेने या ई-नीलामी प्रक्रिया से संबंधित किसी भी अन्य जानकारी के लिए इच्छुक बोलीदाताओं को **www.ireps.gov.in** वेबसाइट पर जाने की सलाह दी जाती है। 3394/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मिला डेनमार्क का शिष्टमंडल

# पशुपालन, कृषि सहित अन्य क्षेत्रों में सहयोग पर हुई सार्थक चर्चा

# प्रतिधिनिमंडल ने हरियाणा में निवेश करने को लेकर दिखाई रुचि

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 31 अक्तूबर।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी से आज उनके आवास संत कबीर कुटीर पर डेनमार्क की डेनिस फार्मर एब्रोड एसोसिएशन के 35 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। इस प्रतिनिधिमंडल में 20 विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधि शामिल रहे। इस मौके पर कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री श्याम सिंह राणा भी उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान पशुपालन, कृषि, डेयरी विकास सहित अन्य क्षेत्रों में सहयोग की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा हुई। प्रतिधिनिमंडल ने इन क्षेत्रों में हरियाणा में निवेश करने को लेकर गहरी रुचि दिखाई।

मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करते हुए कहा कि हरियाणा सरकार डेनमार्क के साथ कई परियोजनाओं पर कार्य कर रही है, जिससे प्रदेश के कृषि और पशुपालन क्षेत्र में तकनीकी उन्नति और उत्पादन क्षमता में वृद्धि विशेष रूप से शामिल है।

श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा के प्रगतिशील किसानों का एक प्रतिनिधिमंडल प्रदेश के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री श्याम सिंह राणा के नेतृत्व में अफ्रीकी देशों के दौरे पर जा चुका है और वहां की तकनीकों, कृषि प्रणालियों एवं पद्धतियों का विस्तार से अध्ययन भी किया है। इसलिए यहां के किसानों के साथ डेनमार्क एवं अन्य अफ्रीकी देशों के निवेशक मिलकर पशुपालन, कृषि, डेयरी विकास जैसे क्षेत्रों में आगे बढ़ सकते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के लिए निवेशकों को अनुकूल वातावरण उपलब्ध करवा रही है। पारदर्शी नीतियों और उद्योग-हितैषी दृष्टिकोण के कारण हरियाणा आज निवेशकों की पहली पसंद बन चुका है।

उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार डेनमार्क सहित अन्य अफ्रीकी देशों के साथ बिजनेस-टू-बिजनेस मॉडल पर साझेदारी को प्रोत्साहित कर रही है, ताकि नवीन तकनीकों, ज्ञान और संसाधनों के आदान-प्रदान से राज्य के औद्योगिक एवं कृषि क्षेत्र को नई दिशा मिल सके। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार गो-ग्लोबल एप्रोच के साथ काम कर रही है और विदेशी निवेशकों को हरियाणा में निवेश करने के लिए प्रोत्साहित कर रही है।

मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को हरियाणा में निवेश की संभावनाओं का लाभ उठाने के लिए आमंत्रित किया और भरोसा दिलाया कि सरकार हर संभव सहयोग प्रदान करेगी।

बैठक के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि इस प्रतिनिधिमंडल ने हरियाणा में अनेक स्थानों का दौरा कर कृषि और पशुपालन गतिविधियों का अध्ययन किया।

इस मौके पर मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर, पशुपालन एवं डेयरी विभाग के आयुक्त एवं सचिव विजय दहिया, विदेश सहयोग विभाग के सलाहकार पवन चौधरी, पशुपालन एवं डेयरी विभाग के महानिदेशक डॉ प्रेम सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## डीकम्पोजर वेटेबल पाउडर से होगा अब पराली प्रबंधन: कृषि मंत्री

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 31 अक्तूबर।** हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री श्याम सिंह राणा ने बताया कि राज्य सरकार पराली एवं कृषि के अन्य अवशेषों का प्रबंधन करने के लिए 'डीकम्पोजर वेटेबल पाउडर' का उपयोग करेगी, इससे जहां अवशेषों को जलाने से मुक्ति मिलेगी वहीं यह पाउडर भूमि की उपजाऊ शक्ति को बढ़ाने में भी सहयोगी साबित होगा। आज सरकार ने 'हाई पॉवर परचेज कमेटी' की बैठक में पूसा डीकम्पोजर वेटेबल पाउडर के 75000 पैकेट की खरीद की अनुमति दे दी है।

बैठक में कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री श्याम सिंह राणा, एवं प्रधान सचिव श्री पंकज अग्रवाल के अलावा अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। शिक्षा मंत्री श्री महिपाल ढांडा इस बैठक से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े हुए थे। श्याम सिंह राणा ने बैठक के बाद जानकारी दी कि आज पूसा डीकम्पोजर वेटेबल पाउडर के 75,000 पैकेट की खरीद की अनुमति प्रदान की गई है। इन पैकेटों को किसानों को निःशुल्क उपलब्ध करवा जाएगा। एक एकड़ में एक पैकेट के हिसाब प्रथम चरण की खरीद से राज्य में 75,000 एकड़ धान-क्षेत्र में फसल अवशेषों को प्रबन्धित किया जा सकेगा।

## डाकघर में सुकन्या समृद्धि योजना पर विशेष अभियान 8 तक

**कैथल (अप्रस)।** बेटियों के उज्ज्वल भविष्य और सुरक्षित बचत को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से डाकघर कैथल में सुकन्या समृद्धि खाता योजना के तहत विशेष जागरूकता एवं पंजीकरण अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान 8 नवंबर तक चलेगा जिसमें अभिभावकों को अपनी बालिकाओं के नाम पर खाता खुलवाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। पोस्टमास्टर संजय सोनी ने बताया कि सुकन्या समृद्धि योजना केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी बचत योजना है जो बेटियों के लिए आर्थिक सुरक्षा की दिशा में एक सशक्त कदम है। उन्होंने कहा कि सुकन्या समृद्धि खाता को हम अपनी गुडिया की गुल्लक की तरह मान सकते हैं जहां हर छोटी राशि बेटी के बड़े सपनों की शुरुआत बनती है। उन्होंने बताया कि यह खाता मात्र?250 की न्यूनतम राशि से खोला जा सकता है। इस योजना के तहत अभिभावक एक वित्तीय वर्ष में अधिकतम 1,50,000 तक राशि जमा कर सकते हैं। इस पर आकर्षक ब्याज दर प्रदान की जाती है और साथ ही आयकर में छूट का लाभ भी मिलता है।

## न्यूज ब्रीफ

### हिमगिरि पब्लिक स्कूल में कानूनी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**समालखा (अप्रस/मनदीप कुमार)।** बापौली रोड स्थित हिमगिरि पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को गीता इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (ष्ठरुस्न) के सहयोग से कानूनी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को उनके अधिकारों व कर्तव्यों के प्रति जागरूक करना तथा कानूनी ज्ञान प्रदान करना था। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता प्रेरणा डावर (गीता इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ) ने छात्रों को कानून की बुनियादी जानकारी दी और कहा कि हर नागरिक को अपने अधिकारों के साथ-साथ जिम्मेदारियों का भी पालन करना चाहिए। उन्होंने साइबर सुरक्षा, बाल संरक्षण, नशा व अन्य सामाजिक मुद्दों पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी। विद्यार्थियों को साइबर बुलिंग, ऑनलाइन फ्रॉड, सोशल मीडिया के दुरुपयोग और गोपनीयता सुरक्षा से जुड़े पहलुओं से अवगत कराया गया। साथ ही बाल अधिकार, शिक्षा का अधिकार, बाल श्रम निषेध, पोक्सो एक्ट और किशोर न्याय अधिनियम जैसे महत्वपूर्ण कानूनों की जानकारी भी दी गई। प्रेरणा डावर ने छात्रों को नशा मुक्ति एवं उसके कानूनी प्रभावों के बारे में भी सचेत किया। कार्यक्रम में छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और इंटरएक्टिव सत्र में प्रश्न पूछे, जिनका समाधान वक्ता ने किया। कार्यक्रम के अंत में स्कूल प्रधानाचार्य प्रमोद राठी ने गीता इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ व ष्ठरुस्न टीम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को जिम्मेदार नागरिक बनने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। गीता इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ की टीम ने भी विद्यालय प्रबंधन का धन्यवाद किया और भविष्य में ऐसे कार्यक्रम जारी रखने की बात कही।

### 'रन फॉर यूनिटी' का भव्य आयोजन



**मुलाना (अप्रस/सचिन मलिक)।** राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बराड़ा में सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में 'रन फॉर यूनिटी' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व विधायिका संतोष चौहान सारवान रहीं। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि द्वारा हरी झंडी दिखाकर दौड़ को रवाना करने से हुई। स्कूली बच्चों, एनसीसी कैडेट्स, सरकारी विभागों, सामाजिक संगठनों और आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। तिरंगे और 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के नारों के साथ निकाली गई यह दौड़ शहर के मुख्य मार्गों से होती हुई विद्यालय पर समाप्त हुई। अपने संबोधन में संतोष चौहान सारवान ने कहा कि सरदार पटेल ने रियासतों का एकीकरण कर भारत की एकता की नींव रखी। उन्होंने युवाओं को उनके जीवन से प्रेरणा लेने और राष्ट्रीय एकता को मजबूत रखने का आह्वान किया। प्रतिभागियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ भी दिलाई गई। एसडीएम सतीन्द्र सिवाच ने संदेश दिया कि दौड़ केवल फिटनेस नहीं, बल्कि एकता का प्रतीक है। बच्चों को नियमित व्यायाम व खेलों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में नगरपालिका चेयरमैन रजत मलिक, नायब तहसीलदार आलमगीर, बीईओ जगदीश मेहरा, एसएचओ धर्मवीर सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

### किड जी प्ले स्कूल में धूमधाम से मनाया हरियाणा दिवस



**कैथल (अप्रस/ओम प्रकाश)।** किड जी प्ले स्कूल चंदाना में हरियाणा दिवस बड़े उत्साह, जोश और पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया गया। बच्चों ने रंग-बिरंगे पारंपरिक परिधानों में हरियाणवी लोकगीतों, नृत्य और कविताओं के माध्यम से हरियाणा की समृद्ध संस्कृति की मनमोहक झलक प्रस्तुत की। कार्यक्रम का शुभारंभ हरियाणा राज्य गीत से हुआ। बच्चों की प्रस्तुतियों ने सभी उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। बच्चों के उत्साह और आत्मविश्वास को देखकर अभिभावक और अध्यापकगण गर्व से झूम उठे। विद्यालय परिसर हरियाणवी संस्कृति और देशभक्ति के रंगों से सराबोर दिखाई दिया। विद्यालय की प्रधानाचार्या मीनू नरवाल ने कहा कि हरियाणा दिवस हमें अपनी जड़ों और संस्कृति से जोड़ता है।

## डॉ. गगन मित्तल ने संभाला आरकेएसडी कॉलेज के प्राचार्य के रूप में कार्यभार

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश

**कैथल, 31 अक्तूबर।** डॉ. गगन मित्तल ने आरकेएसडी कॉलेज कैथल के नए प्राचार्य के रूप में विधिवत कार्यभार संभाल लिया है। प्रबंधक समिति एवं राष्ट्रीय विद्या समिति के अध्यक्ष अश्वनी शोरेवाला ने उन्हें कर्तव्य एवं संवैधानिक आस्था की शपथ दिलाई। शोरेवाला ने डॉ. मित्तल को बधाई देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि उनके कुशल मार्गदर्शन में महाविद्यालय शैक्षणिक उत्कृष्टता, नवाचार और संस्थागत प्रगति की दिशा में निरंतर आगे बढ़ता रहेगा। राष्ट्रीय विद्या समिति एवं गवर्निंग बॉडी के पूर्व अध्यक्ष सतीश बंसल ने कहा कि डॉ. गगन मित्तल की नियुक्ति आरकेएसडी परिवार के लिए गर्व का विषय है। कार्यक्रम में अनिल शोरवाला पूर्व अध्यक्ष गवर्निंग बॉडी एवं राष्ट्रीय विद्या समिति, साकेत मंगल पूर्व अध्यक्ष, गवर्निंग बॉडी एवं राष्ट्रीय विद्या समिति, श्याम बंसल उपाध्यक्ष राष्ट्रीय विद्या समिति, महेश मंगल उपाध्यक्ष गवर्निंग बॉडी, पंकज बंसल महासचिव गवर्निंग बॉडी एवं राष्ट्रीय विद्या समिति, अशोक कुमार कोषाध्यक्ष, राष्ट्रीय विद्या समिति, नरेश शोरवाला अध्यक्ष हायर पावर परचेज कमेटी, जगदीश कोलिया अध्यक्ष बीएड कॉलेज, विकास शर्मा, विपुल सिंघल निदेशक सायंकालीन सत्र, सुशील कुमार सदस्य कॉलेजियम, नवीन गोयल अध्यक्ष फार्मेसी और प्रवीन जैन निदेशक फार्मेसी भी मौजूद रहे। पूर्व प्राचार्य डॉ. राजबीर पराशर ने डॉ. मित्तल को शुभकामनाएं दी। डॉ. एसपी वर्मा और डॉ. नरेश कुमार स्टाफ कार्उसिल ने डॉ. मित्तल का संक्षिप्त जीवनवृत्त प्रस्तुत किया। डॉ. गगन मित्तल ने प्रबंधन समिति और सहकर्मियों के प्रति गहरी कृतज्ञता व्यक्त की।

## साइबर क्राइम व महिला सुरक्षा पर व्याख्यान

**नारायणगढ़ (अप्रस)।** राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल, नारायणगढ़ में पुलिस विभाग की ओर से महिला सुरक्षा, साइबर अपराध एवं ट्रैफिक नियमों की जानकारी को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में इंस्पेक्टर/एसएचओ ललित शर्मा के निर्देशन में पीएसआई नेहा सिंगला, सब-इंस्पेक्टर हरदेव सिंह, एएसआई निर्मल, तथा हेड कांस्टेबल पिंकी व सिपाही रेखा उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में पीएसआई नेहा सिंगला ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के डिजिटल युग में साइबर अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं। हमें सोशल मीडिया पर अपनी निजी जानकारी साझा करने से बचना चाहिए और किसी भी संदिग्ध लिंक या संदेश पर क्लिक नहीं करना चाहिए।

## सरदार पटेल के नेतृत्व ने जोड़ा राष्ट्र, रखी अखंड भारत की नींव: डॉ. अरविंद शर्मा

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 31 अक्टूबर।** हरियाणा के सहकारिता, विरासत एवं पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल ने देश को एक सूत्र में पिरोने का ऐतिहासिक कार्य किया। 'रन फॉर यूनिटी' का उद्देश्य समाज में एकता, अखंडता और देशभक्ति की भावना को वर्तमान पीढ़ी में और मजबूत करना है। डॉ. शर्मा ने राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर शुक्रवार सुबह झज्जर के महर्षि दयानंद सरस्वती स्टेडियम में आयोजित रन फॉर यूनिटी दौड़ को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। इस दौड़ ने पूरे शहर में एकता, अखंडता और राष्ट्रभक्ति का संदेश प्रसारित किया।

इस अवसर पर अपने संबोधन में डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि आज हम सभी भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की जयंती पर राष्ट्र की एकता के संकल्प के साथ एकत्र हुए हैं। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल ने अपनी अदम्य इच्छाशक्ति, सशक्त नेतृत्व और दूरदर्शिता के बल पर भारत को एक सूत्र में पिरोकर अखंड राष्ट्र के निर्माण का मार्ग प्रशस्त किया। उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय एकता दिवस मनाने और 'रन फॉर यूनिटी' के माध्यम से जन-जन में एकता, अनुशासन, फिटनेस और राष्ट्र निर्माण की भावना जगाने की पहल की सराहना की।

डॉ. शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी ने 'अखंड भारत' के सपने को साकार करने की दिशा में कई ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं। इनमें जम्मूक्ककश्मीर से धारा 370 और अनुच्छेद 35 को हटाकर राज्य को मुख्यधारा से जोड़ना एक ऐतिहासिक कदम रहा है। उन्होंने कहा कि गुजरात के केवड़िया में स्थापित 'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी' केवल विश्व की सबसे ऊंची प्रतिमा नहीं, बल्कि भारत की एकता, शक्ति और गौरव का प्रतीक है।

डॉ. शर्मा ने बताया कि हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश के प्रत्येक जिले में 'रन फॉर यूनिटी' का आयोजन किया जा रहा है, जो सरदार पटेल के सपनों के भारत के निर्माण में नागरिकों की सक्रिय भागीदारी का प्रतीक है। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि इस दौड़ को केवल एक कार्यक्रम के रूप में न लें, बल्कि इसे एकता, समरसता और राष्ट्र सेवा के संदेश के रूप में जीवन में आत्मसात करें।

## ब्ल्यू बैल्स स्कूल, नारायणगढ़ में वार्षिक समारोह का भव्य आयोजन

अर्थ प्रकाश/सुशील कुमार




**नारायणगढ़, 31 अक्तूबर।** ब्ल्यू बैल्स स्कूल, नारायणगढ़ में वार्षिक समारोह का आयोजन उत्साहपूर्ण वातावरण में किया गया। कार्यक्रम में एसडीएम नारायणगढ़ सुश्री शिवजीत भारती (॥ष्टस्) एवं बीईओ मनजीत कौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथियों के स्वागत एवं श्रीगणेश वंदना के साथ हुआ।

कार्यक्रम में भारत की सांस्कृतिक विविधता को दर्शाते हुए विद्यार्थियों ने विभिन्न आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किए, जिनसे दर्शक मंत्रमुग्ध हो उठे। समारोह के दौरान सत्र 2023-24 एवं 2024-25 में दसवीं एवं बारहवीं कक्षा में 100त्न अंक तथा 90त्न से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। साथ ही 100त्न परिणाम दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले 11 शिक्षकों को सम्मान-राशि रुपये 11,000 व स्मृति-चिह्न देकर सम्मानित किया गया।

प्रधानाचार्य राजीव मेहता ने बताया कि ब्ल्यू बैल्स स्कूल की स्थापना उनकी माता श्रीमती शाहनी देवी मेहता के स्वप्न को साकार करने के उद्देश्य से हुई। ग्रामीण क्षेत्र के छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध करवाने का यह सपना आज सफलतापूर्वक आगे बढ़ रहा है, और विद्यालय के विद्यार्थी विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर क्षेत्र व माता-पिता का गौरव बढ़ा रहे हैं।

मुख्य अतिथि शिवजीत भारती ने विद्यालय की उपलब्धियों की सराहना करते हुए अभिभावकों से बच्चों को उनकी योग्यता के अनुसार प्रोत्साहित करने का आग्रह किया। विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्य भी इस अवसर पर उपस्थित रहे। राष्ट्रगान के साथ समारोह का समापन हुआ।

## पाइट में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस, एआइ पर पढ़े गए शोधपत्र

**समालखा (मनदीप कुमार)।** स्वदेशी रक्षा उपकरणों की वजह से भारत की विदेश पर निर्भरता घटी है। स्वदेशी तकनीक से भारत आत्मनिर्भर भी हो रहा है। एआइ की मदद से भारत की जीडीपी बढ़ेगी। आर्थिक रूप से विकास होगा। इसके साथ ही, एआइ से रोजगार घटेंगे नहीं, बल्कि बढ़ेंगे। यह बात पानीपत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नॉलॉजी में कंप्यूटेशनल इंटेलीजेंस एंड कंप्यूटिंग एप्लीकेशंस पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस में विशेषज्ञों ने कही। इंस्टीट्यूट ऑफ इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियर्स दिल्ली सेक्शन का तकनीकी सहयोग रहा। डीआरडीओ के वरिष्ठ वैज्ञानिक एसके तोमर ने रक्षा अनुप्रयोगों के लिए स्वदेशी सेंसर विषय पर कहा कि देश की सुरक्षा में स्वदेशी तकनीक की भूमिका लगातार बढ़ रही है।

## एमडीएन ग्लोबल स्कूल में रही हरियाणा दिवस कार्यक्रम की धूम

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**कैथल, 31 अक्तूबर।** एमडीएन ग्लोबल स्कूल कैथल में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय एकता दिवस एवं हरियाणा दिवस का संयुक्त रूप से भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत रन फॉर यूनिटी के साथ हुई जिसका शुभारंभ विद्यालय के निदेशक डॉ. विनोद कुमार, चेयरपर्सन निधि कंसल, मैनेजर गौरव गर्ग तथा प्राचार्य डॉ. संत कौशिक द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। विद्यार्थियों ने एक भारत, श्रेष्ठ भारत के संदेश के साथ जोश और उत्साह से दौड़ में भाग लिया। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा राष्ट्रीय एकता शपथ ली गई तथा एकता, सद्भाव और देशभक्ति का संकल्प दोहराया गया। इसके बाद विभिन्न सांस्कृतिक एवं रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया गया जिनमें भाषण प्रतियोगिता, कविता पाठ, वाद-विवाद प्रतियोगिता एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता प्रमुख रहीं। सभी गतिविधियों में विद्यार्थियों ने देश की एकता, अखंडता एवं हरियाणा की गौरवमयी संस्कृति पर अपने विचार और प्रतिभा प्रस्तुत की। हरियाणा दिवस के उपलक्ष्य में विद्यार्थियों ने हरियाणवी लोक नृत्य और रागनी के माध्यम से स्वतंत्रता सेनानियों एवं युद्ध वीरों को श्रद्धांजलि अर्पित की। निदेशक डॉ. विनोद कुमार ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सरदार पटेल ने जिस एकता के भारत का स्वप्न देखा था, उसे साकार करने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। मैनेजर गौरव गर्ग एवं प्राचार्य डॉ. संत कौशिक ने सभी विद्यार्थियों को राष्ट्रीय एकता दिवस एवं हरियाणा दिवस की शुभकामनाएं दीं।

## स्कूल ने किया सरकारी जमीन पर कब्जा

लोकनिर्माण और वन विभाग के विरोध के बाद भी बिजली विभाग गाड़ रहा है पोल

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन

**करनाल, 31 अक्तूबर।** स्टोडी से बुडन्पुर पर रोड स्थित एमडी स्कूल द्वारा सरकारी जमीन पर कब्जा कर अपनी दीवार खींच रखी है! उधर बिजली विभाग वाले ग्रामीणो, पीडब्ल्यूडी और वन विभाग की आपत्ति के बाद भी हाई वोल्टेज लाइन के लिए पोल लग रहे हैं! ये पोल लोगों की परेशानी का कारण बन सकते हैं! वन विभाग और पीडब्ल्यूडी विभाग ने पोल लगाने पर आपत्ति जताई है! लेकिन बिजली विभाग के एसडीओ अपनी मनमानी करते हुए स्कूल द्वारा करवाए गए अवैध कब्जे को संघर्षण दे रहा है वही दोनों विभाग द्वारा लगाई गई आपत्ति को दरकिनार कर रहा है! इससे बिजली विभाग पीडब्ल्यूडी और वन भाग के बीच संघर्ष छिड़ सकता है! दोनों विभागों ने अपने बडे अधिकारियों को अवगत करवा दिया है! इस आशिया का पत्र बिजली विभाग को भेजा है! जानकारी के अनुसार स्टोडी से बुड़ नपुर रोड पर एम डी स्कूल द्वारा सरकारी जमीन पर कब्जा कर दीवार खींच रखी है! सरकारी जमीन को दीवार में मिला लिया है! गांव वालों ने इस बार अधिकारियों से निवेदन किया है लेकिन अधिकारियों की मिली- भगत से यहां पर अवैध कब्जा बरकरार है! अवैध कब्जे की पुष्टि तहसील कानगो द्वारा कर दी गई है! उसमें बताया गया की स्कूल की दीवार सरकारी जमीन में बनी हुई है! इसके साथ ही वन विभाग व पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा भी स्कूल की दीवार को गिराने की कार्रवाई की जा रही है! इस मामले में ग्रामीणो भी आक्रोश में है! गांव के लोग जल्दी इस मामले में डीसी साहब से मुलाकात करेंगे।

## सरकार की नीतियों के कारण हजारों एलसीएलओ एवं उनके परिजन भूखमरी का कागार पर पहुंचे: सुभाष लांबा

अर्थ प्रकाश/अरविंद मोहन शर्मा



**कुरुक्षेत्र, 31 अक्टूबर।** पिछले करीब ढेड़ महीने से एलसीएलओ - सीपीएलओ कर्मचारी यूनियन हरियाणा (सीटू ) का एलसीएलओ को सीपीएलओ पदों पर ज्वॉइन करवाने की मांग को लेकर डीसी आफिस पर क्रमिक अनशन व धरना चल रहा है। धरने प्रदर्शन में शुक्रवार को अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुभाष लांबा, सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के डिप्टी जरनल सेक्रेट्री संदीप सांगवान, जिला प्रधान ओमप्रकाश,मजदूर संगठन सीटू के महासचिव जय भगवान, अखिल भारतीय किसान सभा हरियाणा के महासचिव एवं संयुक्त किसान मोर्चा के वरिष्ठ सदस्य सुमित दलाल सहित आदि कई संगठनों के पदाधिकारी पहुंचे और संबोधित किया। एलसीएलओ-सीपीएलओ यूनियन हरियाणा की प्रधान नीतू व महासचिव पवन डागर ने दो टूक कहा कि अगर एलसीएलओ की मांगों का समाधान नहीं किया सभी संगठनों के सहयोग एवं समर्थन से आंदोलन होगा तेज किया जाएगा।

अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुभाष लांबा ने क्रमिक अनशन और धरने प्रदर्शन में शामिल एलसीएलओ को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार की शोषणकारी व्यवस्था के कारण करीब साढ़े तीन हजार क्रीड़ पंचायत लोकल आपरेटर (एलसीएलओ) और उनके हजारों परिजन भूखमरी के कागार पर पहुंच गए हैं। क्योंकि एक साल से ज्यादा समय से ना त कोई मानदेय / वेतन मिल रहा है और न ही कोई काम दिया जा रहा है। पांच बार मुख्यमंत्री से मिलने के बावजूद केवल आश्वासन के अलावा कोई ठोस कार्यवाही नही हुई। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन सरकार से बातचीत करके समाधान निकलवाने की बजाय शांतिपूर्ण चल रहे धरने प्रदर्शन को उठाने के लिए दबाव बनाया जा रहा है,जो घोर निंदनीय है। उन्होंने कहा कि सरकार ने सिटीजन रिसोर्स इन्फोर्मेशन डिपार्टमेंट और परिवार पहचान पत्र अथोरिटी के अंतर्गत करीब सात हजार क्रीड पंचायत लोकल आपरेटर (सीपीएलओ) का चयन किया था। इन कर्मचारियों की नियुक्ति हरियाणा की 7000 ग्राम पंचायतों के ग्राम सचिवालयों में होनी थी, जहां बैठकर ये फैमिली ढ्ढष्ठ से जुड़े कार्य, जैसे आय प्रमाण पत्र,राशन कार्ड,निवास प्रमाण पत्र,पेंशन वेरिफिकेशन इत्यादि का कार्य करते। लेकिन चयन के बाद इसमें से करीब साढ़े तीन हजार को सीपीएलओ (क्रीड़ पंचायत लोकल ऑपरेटर) का ऑफर ऑफ अप्वाइंटमेंट पत्र दिया और आधे को पदनाम बदलकर एलसीएलओ (लोकल कमेटी लोकल ऑपरेटर) का ऑफर ऑफ अप्वाइंटमेंट दिया। जबकि विज्ञापन सीपीएलओ (क्रीड़ पंचायत लोकल ऑपरेटर) का था।

सम्पादकीय

# मुंबई में 17 मासूमों को बंधक बनाने की वारदात सिस्टम पर सवाल

सिनेमा और समाज आपस में गुंथे हुए हैं और दोनों एक-दूसरे के साथ के बगैर नहीं चल सकते। एक समय कहा जाता था कि सिनेमा, समाज से सिखता है, हालांकि अब ऐसा वक्त आ गया है जब समाज, सिनेमा से सीख रहा है। मुंबई के पवई इलाके में एक स्टूडियो के अंदर 17 बच्चों और दो बड़ों को ऑडिशन के बहाने बुलाकर बंधक बनाकर जिस प्रकार का माहौल निर्मित किया, वह बेहद चिंताजनक है। इस प्रकरण में आरोपी की पुलिस मुठभेड़ में मौत हो गई, जोकि और गंभीर है। हालांकि यह लाजिमी था कि पुलिस एक्शन लेती और उसने 19 लोगों की जान बचाने के लिए आरोपी को घायल कर उसे काबू करने की योजना बनाई, लेकिन अस्पताल में आरोपी की जान चली गई। इस प्रकरण में सबसे गंभीर बात वे आरोप हैं, जोकि सामने आ रहे हैं। महाराष्ट्र सरकार ने इस प्रकरण की जांच के आदेश दिए हैं, एक पूर्व मंत्री पर आरोप हैं कि उन्होंने आरोपी की एक प्रोजेक्ट के लिए राशि को रोक रखा था, जिससे परेशान होकर उसने इन बच्चों और दो बड़े लोगों को बंधक बनाकर अपनी तरफ सरकार का ध्यान खींचने की योजना बनाई। बेशक, उसकी समस्या हो सकती है और उसने इससे पहले तमाम प्रयास किए होंगे कि उसकी पेमेंट उसे मिल जाए। लेकिन जब ऐसा नहीं हुआ तो उसने ऐसा कदम उठाया जिसने मासूमों का जीवन संकट में डाल दिया वहीं आरोपी की खुद जान चली गई।


**गौरतलब है कि जैसा फिल्मों में होता है, तुरंत पुलिस फोर्स एक्शन में आई और कमांडो दस्ते ने उस जगह पर धावा बोल दिया। खबरों में यही सामने आ रहा है कि उसे गोली लगी। हालांकि क्या इससे पहले उससे बात करने की कोशिश की गई। क्या उसकी समस्या सुनने की कोशिश की गई। क्या उसे जिंदा रहने का मौका दिया गया। अगर वह वास्तव में एक दुर्दांत अपराधी होता, जिसकी मांग बच्चों की जान की एवज में मोटी रकम आदि की होती तो उस पर ऐसी अंतिम कार्रवाई जरूरी थी, लेकिन उसकी परेशानी को समझे बगैर आखिर कैसे उसे खत्म कर दिया गया। बेशक, पुलिस की कार्रवाई पर अंधाधुंध सवाल नहीं उठाए जा सकते, क्योंकि अपराधी कुछ भी कर सकता था और किसी भी हद तक जा सकता था। उन घड़ियों में जो भी उचित समझा जाता है, वही किया जाता है।**

यह पूरी तरह से आत्मघाती कदम था, जिसमें आरोपी को कुछ हाथ नहीं आया। बेशक, जिंदा रहते हुए वह अपने बकाया के लिए और लड़ाई लड़ सकता था। लेकिन संभव है, फिल्मों से प्रेरित होकर जिनमें विलेन मासूमों को बंधक बना कर अपनी बात मनवाते हैं, की तर्ज पर उसने 17 मासूमों को बंधक बना लिया। इन सभी को उसने ऑडिशन के नाम पर वहां बुलाया था, लेकिन उस ऑडिशन की सच्चाई केवल मात्र वही जानता था। पुलिस की कार्रवाई के दौरान उसने जो बातें कही, वे सिस्टम से हारने की ओर इशारा करती हैं। बेशक, उसकी इस हरकत का किसी भी प्रकार समर्थन नहीं किया जा सकता, लेकिन यह भी समझने की जरूरत है कि आखिर एकाएक कोई इतना बड़ा जोखिम मोल क्यों लेगा। आरोपी ने पुलिस कार्रवाई से पहले बनाए वीडियो में जिस प्रकार की बातें कही वे यह बताती हैं कि वह कोई प्रोफेशनल अपराधी नहीं था, अपितु सिस्टम का मारा हुआ एक परेशान व्यक्ति था। सत्ता में बैठे लोग जो कल तक हो सकता है, रोडपति हों, सत्ता में आकर करोड़ पति और उससे भी बढ़कर हो जाते हैं। इसके बाद उन्हें यह तक याद नहीं रहता कि उसी सड़क पर कोई उन्हें मिला था। आरोपी रोहित ने कहा कि उसके कुछ सवाल हैं, उसके जवाब पर कोई प्रति प्रश्न हुआ तो वह भी करेगा। उसने यह भी कहा कि वह न कोई आतंकी है और न ही उसकी पैसों की मांग है। उसकी कोई भी मांग अनैतिक और अवैध नहीं है। इस दौरान उसने यह भी कहा कि अगर उसे नुकसान पहुंचाया गया तो वह बच्चों को नुकसान पहुंचाएगा।

गौरतलब है कि जैसा फिल्मों में होता है, तुरंत पुलिस फोर्स एक्शन में आई और कमांडो दस्ते ने उस जगह पर धावा बोल दिया। खबरों में यही सामने आ रहा है कि उसे गोली लगी। हालांकि क्या इससे पहले उससे बात करने की कोशिश की गई। क्या उसकी समस्या सुनने की कोशिश की गई। क्या उसे जिंदा रहने का मौका दिया गया। अगर वह वास्तव में एक दुर्दांत अपराधी होता, जिसकी मांग बच्चों की जान की एवज में मोटी रकम आदि की होती तो उस पर ऐसी अंतिम कार्रवाई जरूरी थी, लेकिन उसकी परेशानी को समझे बगैर आखिर कैसे उसे खत्म कर दिया गया। बेशक, पुलिस की कार्रवाई पर अंधाधुंध सवाल नहीं उठाए जा सकते, क्योंकि अपराधी कुछ भी कर सकता था और किसी भी हद तक जा सकता था। उन घड़ियों में जो भी उचित समझा जाता है, वही किया जाता है। देश में न्याय प्रणाली प्रत्येक के मानवाधिकारों का हवाला देती है, क्या पश्चिमी सिस्टम की तरह जैसा कि फिल्मों में होता है, अपराधी को गोली मारकर उसे खत्म कर दिया जाता है और पुलिस फोर्स अपनी पीठ थपथपा लेती है और सरकार भी राहत की सांस लेती है कि बला टली। वास्तव में इस प्रकरण ने महाराष्ट्र में शासन व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं और रह-रहकर यहां ऐसे प्रकरण सामने आते रहते हैं। जिनका सच कभी सामने नहीं आ पाता। इस प्रकरण में पूर्व मंत्री जिनके साथ आरोपी का विवाद बताया जाता है, ने कहा कि आरोपी ने प्रोजेक्ट को तय प्रक्रिया के तहत पूरा नहीं किया, अगर ऐसा होता तो उसे पेमेंट मिल जाती। जाहिर है, इस प्रकरण में कुछ न कुछ तो ऐसा है जिसे छिपाया गया है। सरकार की जिम्मेदारी है कि वह इस मामले की तह तक जाए और वास्तविक कारणों का पता लगाए।

# पढ़-पढ़ आलिम फ़ाज़िल होइयों

दैनिक अर्थ प्रकाश



स्पिरिचुअल हीलर
सिद्ध गुरू प्रमोद निर्वाण
*गिनीज़ विश्व रिकॉर्ड विजेता लेखक*

सत्रहवीं शताब्दी के भारतीय उपमहाद्वीप के लोकप्रिय सूफी संत और कवि हज़रत सैय्यद अब्दुला शाह कादरी, जिन्हें बाबा बुल्ले शाह जी के नाम से बेहतर जाना जाता है, ने कहा है कि हम अपने चारों ओर देखते हैं और अपनी ही महत्ता में फूले रहते हैं पर हम अपने अंदर झांकने का प्रयत्न ही नहीं करते, न ही अपनी कमियों-खामियों की तरफ ध्यान देते हैं। लगभग चार शताब्दी पूर्व उनकी मातृभाषा पंजाबी में लिखा गया उनका गीत 'पढ़ पढ़ आलिम फ़ाजिल होइयों' अनगिनत गायकों ने गाया है और यह आज की युवा पीढ़ी का भी मनपसंद गीत है, क्योंकि इस गीत में बहुत सरल शब्दों में बहुत गहरा और सार्थक संदेश छुपा है, जो हमेशा-हमेशा प्रासंगिक है, और प्रासंगिक रहेगा।

बाबा बुल्ले शाह का यह भजन नुमा गीत यूं है - 'पढ़ पढ़ आलिम फ़ाजिल होइयों, ते कदे आपणे आप नूं पढ़ेयाइ नई। जाजावड़दाएं मंदिरम सीतीं, ते कदे मन आपणे विच्च वड़याई नई। ऐंवेरोज़शैतान नाल लड़ दैं, कदेनफ़स आपणे नाल लड़याइ नई। बुल्लेशाह असमानी उड़ दियां फड़नैं, जेहड़ा घर बैठा उहनूं फड़याइ नई। इसका भावार्थ है कि मनुष्य पढ़ता रहता है ताकि ज़्यादा से ज़्यादा ज्ञान अर्जित कर सके पर वह कभी खुद को पढ़ने की कोशिश ही नहीं करता, अपने ही मन को नहीं पढ़ता। वह मनुष्य जो भाग-भाग कर मंदिर-मस्जिद में जाता है, वह कभी अपने अंतर्मन की यात्रा नहीं करता। जिन्हें वह बुरा समझता है उनकी बुराइयां करता फिरता है, उन्हें सुधारने की कोशिश करता है पर खुद अपने अहंकार से ही अनजान है, यह वह लड़ाई है जिसे वह हर बार हार जाता है। मनुष्य आकाश छूने को लालायित है पर वह उस आत्मा के साक्षात्कार से वह वंचित है, जो परमात्मा का अंश है और उसके अपने अंदर है।

भक्ति की शुरुआत तब होती है जब मनुष्य इस सूत्र को समझ लेता है कि मैं कुछ नहीं हूं, मेरी कोई इच्छा नहीं है, यानी, मैं कुछ नहीं चाहता, और यह कि इस जगत में रहते हुए, काम करते हुए मैं सिर्फ एक माध्यम हूं, कर्ता नहीं हूं, कर्ता तो खुद परमात्मा ही है। इस सूत्र का लाभ यह है कि हमारा अहंकार गिर जाता है और हमें अपने अहंकार से छुटकारा मिल जाता है। जब हमारे सारे काम परमात्मा के निमित्त होने लगते हैं तो हर काम ही पूजा हो जाता है। तब हम न झूठ बोल सकते हैं, न फरेब कर सकते हैं, न किसी की बुराई कर सकते हैं, न शिकायत कर सकते हैं। तब हमारा पूरा अस्तित्व प्रेममय हो जाता है। तब हम पर यह पूरी तरह से लागू होता है कि हम जो सोचते हैं, वही कहते हैं और करते भी वही हैं। तब हमारे विचारों और हमारी कथनी-करनी में पूर्ण सामंजस्य हो जाता है।

इसी बात को वाल्मीकि रामायण में एक अन्य प्रकार से कहा गया है -'रामोद्विर्नाभि भाषते'। जब महारानी कैकेयी ने अवध नरेश महाराज दशरथ से अपने दो वरपूरे करने को कहा तो दशरथ शोक मग्न हो गये। उनके विश्वस्त मंत्री सुमंतजी भगवान राम और लक्ष्मण जी को बुला लाये और जब माता कैकेयी ने कहा कि महाराज के शोक का कारण तो तुम हो राम। महाराज तुम से कुछ कहने का साहस नहीं कर पा रहे हैं। मुझे दो वर देने की प्रतिज्ञा करते समय तो शूरवीर बन रहे थे पर तुम्हारे कारण शिथिल पड़ गये हैं। वैसे तो पुत्र को पिता की प्रतिज्ञा को आज्ञा के रूप में पालन करना चाहिये पर पता नहीं कि तुम उनकी प्रतिज्ञा पालन में सहायता करोगे कि नहीं? इसी संशय में राजा शोक निमग्न हैं। तब भगवान राम ने तनिक खिन्न स्वर में कहा कि 'राम दो प्रकार से बात नहीं करता है। मैं पिता की आज्ञा के पालन के लिए प्राण भी दे सकता हूं। आप स्पष्ट कहिए।' यानी, भगवान श्री रामचंद्र जी ने विचार, कथनी और करनी में पूर्ण सामंजस्य का आदर्श स्थापित करते हुए कहा था किहे माता, हमारे पिता



महाराज जो चाहते हैं, कृपया मुझे वह बताइये, मैं प्रतिज्ञा करता हूं कि उस वचन का मैं पालन करूंगा, और आप विश्वास रखिए कि राम दोहरी अर्थात दो प्रकार की बात नहीं कहता है, कही गई बात से पीछे नहीं हटता है।

जीवन है तो उतार-चढ़ाव आते ही हैं। जब किसी संकट कालीन स्थिति में भी हम शांत रहकर सोचते हैं तो हमारे सामने पहला सवाल होता है कि अभी स्थिति क्या है? इस पर हमारी प्रतिक्रिया अगर यह हो कि संकट है तो क्या हुआ, तो हमारा चित्त शांत हो जाता है और हम संकट से घबराने के बजाए समाधान ढूंढ़ने की दिशा में उन्मुख हो जाते हैं और इस प्रकार हम अपना अगला कदम सुनिश्चित करते हैं कि अब क्या करें ताकि स्थिति से निपटा जा सके। यह एक छोटी सी शुरुआत है जो जीवन में किसी चामत्कारिक परिणाम का कारण भी बन सकती है। एक छोटा-सा कदम, एक छोटी-सी शुरुआत, कई बार नज़रिया बदल देती है, जीवन बदल देती है, हमारी दुनिया बदल देती है। एक छोटा-सा पानी का सोता, एक सुंदर जल-प्रपात बन जाता है। धीरे-धीरे यह एक वेगवान नदी में परिवर्तित होकर जीवन और ऊर्जा का एक सतत स्रोत बन जाता है। जो बचपन नन्हे कदमों से चलता है वही परिपक्व होकर दौड़ने लग जाता है।

जीवन के ये छोटे-छोटे सूत्र सिर्फ महत्वपूर्ण ही नहीं हैं बल्कि बहुत उपयोगी भी हैं। यह ज्ञान का ऐसा सागर है जिसमें गोता लगाने वाले का जीवन ही बदल जाता है। क्योंकि जब हम ज्ञान गंगा में गोता लगाते हैं तो सत्य का साक्षात्कार कर पाते हैं जिससे मन में स्पष्टता आती है और हम अपने अगले कदम की पहचान कर लेते हैं, आगे क्या करना है यह सुनिश्चित कर लेते हैं। अंतर्मन की यात्रा, आत्मा के साक्षात्कार की यात्रा यहीं से आरंभ होती है। शुरू के छोटे कदम अंततः एक सफल यात्रा में परिवर्तित हो जाते हैं। तब हम दूसरों की कमियां ढूंढ़ने के बजाए अपनी सारी शक्ति अपने समग्र विकास पर लगा देते हैं। तब हम आकाश छूने की लालसा छोड़कर आत्मा के साक्षात्कार की यात्रा का महत्व समझ लेते हैं। हम तब भी पढ़ते हैं, आलिम-फ़ाज़लि होते हैं पर तब हमारा नज़रिया बदल जाता है। तब हमारा ज्ञान हमारे अहंकार का नहीं, बल्कि अहंकार के मर्दन का स्रोत बन जाता है, अहंकार के मर्दन का औजार बन जाता है। ऐसा हो जाए तो व्यक्ति बुद्ध सरीखा हो सकता है, महावीर सरीखा हो सकता है, नानक सरीखा हो सकता है, ब्रह्म हो सकता है, भगवान हो सकता है।

## अर्थ प्रकाश में 34 साल पहले आज का दिन

### महंगाई, भ्रष्टाचार रोकने के लिए कर्मचारी वर्ग सरकार पर दबाव डाले: भाजपा

चंडीगढ़। तीन नवबर को भारत बंद के भाजपा आह्वान को सफल बनाने के लिए बैंक कर्मचारी, सार्वजनिक संस्थान व सरकारी कर्मचारी अपना पूरा योगदान दें। क्योंकि केंद्र सरकार महंगाई और भ्रष्टाचार को रोकने में बुरी तरह असफल रही है। यह बात भाजपा केंद्रीय जिला चंडीगढ़ के प्रधान गुरदयाल सिंह जसवाल ने अपने एक बयान में कहीं। उन्होंने सरकार पर अकारण महंगाई बढ़ ने का आरोप लगाते हुए कहा कि इससे मध्य वर्ग सार्वधिक प्रभावित हुआ है। महंगाई बढ़ने से भ्रष्टाचार के फलने-फलने को भी प्रोत्साहन मिला है। उन्होंने दावा किया कि सभी स्कूल, दुकानें, रेहड़ी मार्किटें तीन नवंबर को बंद रखे जाने का उन्हें आश्वासन मिला है, जिससे बंद पूर्णतः सफल होगा।

### शहर में अग्नि पीड़ितों को कांग्रेस ने कंबल बांटे

चंडीगढ़। श्रीमति इंदिरा गांधी को पुण्यतिथि के मौके पर नगर कांग्रेस ने आज नेहरू कालोनी के अग्नि पीड़ितों के बीच कंबल बांटे। इसके अलावा राष्ट्रीय एकता दिवस के आयोजन के अंतर्गत कांग्रेस ने प्रभात फेरियां निकाली तथा समारोह किये। दीवाली की रात यहां नेहरू कालोनी में जो 30 झुग्गियां जलकर राख हो गयी थी, उनके बाशिंदों को सांसद पवन बंसल ने कंबल भेंट किया। सेक्टर 35 स्थित कांग्रेस भवन में भी एक समारोह आयोजित हुआ जिसमें सांसद विनोद शर्मा, पवन बंसल, दौलत राम शर्मा, परमपाल मठारू, डीडी जिंदल, विनोद कुमार, डा. ओपी वर्मा, श्रेष्ठा मेहता, सुभाष चावला, सुरजीत चौधरी व सुरेन्द्र भाटिया आदि ने स्व. इंदिरा गांधी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। सेक्टर 23 के बाल भवन में आज राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य में समारोह आयोजित हुआ जिसमें चंडीगढ़ महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस व सेवा दल ने भाग लिया। इसके अलावा प्रभात फेरियां भी निकाली गयी। सेक्टर 10 से शुरु कर सेक्टर 20, 19, 27 आदि सेक्टरों में प्रभात फेरी निकाली गयी जिसका नेतृत्व में सेक्टर 32 से कांग्रेस भवन तक प्रभात फेरी निकाली। इसके साथ ही कई कालोनियों में भी राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया व इंदिरा गांधी को श्रद्धासुमन अर्पित किए गए।


### सेक्टर 37 में घर-घर तलाशी में 25 हिरासत में

चंडीगढ़। आज तड़के पुलिस ने शहर के सेक्टर 37 में घर-घर की तलाशी में 25 व्यक्तियों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार तलाशी अभियान में पुलिस के 250 कर्मचारियों ने भाग लिया। यह अभियान पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों की देख-रेख में सुबह 5 बजे से 8 बजकर 45 मिनट तक चला। पुलिस विज्ञप्ति के मुताबिक ऐसे ही अभियान अन्य सेक्टरों में भी चलाए जाएंगे।

## ज्ञान सागर : देखें आज के दिन क्या घटा

1755 पुर्तगाल की राजधानी लिस्बन में भूकंप से 50 हजार से अधिक लोगों की मौत हुई।
1755 लिस्बन में एक भूकंप से 50,000 से ज्यादा लोगो की मौत हुई।
1765 ब्रिटिश उपनिवेशों में स्टैम्प एक्ट लागू हुआ था।
1765 ब्रिटेन के उपनिवेशों में स्टैम्प एक्ट लागू किया गया।
1776 कैलिफ़ोर्निया में मिशन सैन जुआन कैपिट्रानो की स्थापना की गई।
1787 स्वीडन, सोसायेट्सस्कोलन में लड़कियों के लिए पहला माध्यमिक शिक्षा विद्यालय, गोटेबोर्ग में स्थापित किया गया।
1800 जॉन एडम्स अमेरिका के पहले राष्ट्रपति बने।
1800 जॉन एडम्स व्हाईट हाउस में रहने वाले पहले अमेरिकी राष्ट्रपति बने।
1876 न्यूजीलैंड की कॉलोनी ने अपने नौ प्रांतों को भंग कर दिया और उन्हें 63 काउंटियों में बदल दिया।
1897 जुवेंटस एफसी ट्यूरिन एक एसोसिएशन फुटबॉल क्लब के रूप में स्थापित किया गया।
1924 न्यूयॉर्क पहला राज्य है जिसने वर्ष की शुरुआत में पैर और मुंह के प्रकोप के बाद तुर्की से अलग-थलग पड़े प्रतिबंधों को समाप्त कर दिया है।
1927 बेहतर मॉडल ए का उत्पादन जो पहले के मॉडल टी 'टिन लिज़ी' की जगह लेगा, फोर्ड कारखानों में शुरू हो गया है। कीमतें .460 से शुरू होती हैं।
1928 तुर्की के राष्ट्रपति मुस्तफा केमल अतातुर्क ने तुर्की भाषा के ओटोमन तुर्की वर्णमाला एस्टे आधिकारिक लेखन प्रणाली को बदलने के लिए वर्तमान 29-अक्षर तुर्की वर्णमाला पेश की।
1928 वर्तमान 29-अक्षर तुर्की वर्णमाला को पेश किया गया था, जो तुर्क तुर्की वर्णमाला को तुर्की भाषा की आधिकारिक लेखन प्रणाली के रूप में प्रतिस्थापित करता है।
1928 रोमानियाई रेडियो प्रसारण कंपनी की शुरूआत हुई।
1948 एथेनागोरस I को 268 वीं सर्वव्यापी पैट्रिऑन कांस्टेंटिनोपल के रूप में चुना गया था।
1950 दो प्यूर्टो रिकान राष्ट्रवादियों ने अमेरिकी एस हैरी ट्रूमैन (चित्र) की हत्या करने का प्रयास किया।
1952 संयुक्त राज्य अमेरिका प्रशांत क्षेत्र में एन्विटोक एटोल पर हाइड्रोजन बम का सफलतापूर्वक विस्फोट करता है। इसे दुनिया का पहला थर्मोन्यूक्लियर हथियार बताया गया है।
1954 फ्रंट डे लिबेरेशन नेशनले ने फ्रांसीसी शासन के खिलाफ अल्जीरियाई युद्ध की शुरुआत की।
1956 भाषा के आधार पर मध्य प्रदेश राज्य का गठन किया गया।
1958 तत्कालीन सोवियत संघ ने परमाणु परीक्षण किया।
1962 इटली में कॉमिक बुक एंटीरो डायबोलिक की शुरआत की गयी।
1970 पाकिस्तान के कराची हवाई अड्डे पर पोलिश उपाध्यक्ष को गोली मरी गयी।

## बोल ब्यूटीफुल



**सिद्धार्थ बसु:** ग्रीन पटाखे, एक्यूआइ मानीटरों के चारों ओर पानी का छिड़काव, बिसलेरी यमुना, सूखे रह गए क्लाउड सीडिंग जैसे दिखावटी उपाय और नाकाम कोशिशें ही क्या दुनिया के सबसे प्रदूषित शहरों में से एक दिल्ली की हालत सुधारने के लिए तीन इंजनों वाली सरकार के सर्वोत्तम उपाय है।
**स्टैनले जानी:** कुछ दिन पहले ट्रंप चीन पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाने की धमकी देते हुए कह रहे थे कि वे चिनफिंग के साथ प्रस्तावित बैठक भी रद कर सकते है, मगर गुरुवार को चिनफिंग के साथ बैठक के बाद उन्होंने चीन पर लगाया टैरिफ ही घटा दिया।
**सुकेश रंजन:** अगर मोकामा में एयरपोर्ट होता तो चैनल वाले अधिकांश लोग सीधे वहीं उतरते। चैनलों-यूट्यूबरों को देखकर लग रहा है कि बिहार चुनाव कवरेज का अर्थ अनंत सिंह का इंटरव्यू ही है।
**राजेश शुक्ला:** मतदाता सूची में संशोधन आवश्यक और अपरिहार्य है। इसमें राजनीतिक दलों के आरोप-प्रत्यारोप संशय पैदा करते है। आयोग की साख बनी रहे, इसलिए जरूरी है कि उसकी कार्यप्रणाली निष्पक्ष और पारदर्शी रहे, जो दिखनी भी चाहिए। स्वस्थ लोकतंत्र में मतदाताओं का चुनाव प्रक्रिया पर भरोसा बनाए रखना भी चुनाव आयोग की जिम्मेदारी है।

# प्रौद्योगिकी से समृद्ध भारत आज किसी का अनुयायी नहीं, बल्कि दूसरों को अनुसरण के लिए कर रहा प्रेरित

दैनिक अर्थ प्रकाश

भारत आज वैश्विक वैज्ञानिक पुनर्जागरण के द्वार पर खड़ा है। तकनीक से समृद्ध भारत आज केवल अनुयायी नहीं है, बल्कि दूसरों को भी उसका अनुसरण करने के लिए प्रेरित कर रहा है। पिछले एक दशक में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में, देश ने विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति देखी है। डिजिटल सशक्तिकरण से लेकर अंतरिक्ष अन्वेषण तक, आत्मनिर्भर और तकनीक-प्रधान भारत की रूपरेखा अब स्पष्ट दिख रही है। डिजिटल इंडिया और स्टार्टअप इंडिया की सफलताओं से लेकर स्वच्छ भारत और वन हेल्थ जैसे अभियानों तक, देश ने यह साबित किया है कि विज्ञान, तकनीक और नवाचार के माध्यम से बड़े पैमाने पर परिवर्तन लाया जा सकता है।

यूपीआई क्रांति ने डिजिटल भुगतान की परिभाषा ही बदल दी है और भारत को इस क्षेत्र में वैश्विक अग्रणी बना दिया है।

भारत की जैव-अर्थव्यवस्था ने पिछले दस वर्षों में जबरदस्त प्रगति की है। 2014 में जहां इसका मूल्य 10 अरब डॉलर था, वहीं 2024 में यह बढ़कर लगभग 165.7 अरब डॉलर हो गया है। भारत अब बायोफ्यूल, बायोप्लास्टिक और ग्रीन केमिकल्स जैसे क्षेत्रों में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। चंद्रयान और गगनयान मिशनों ने भारत की पहचान अंतरिक्ष शक्ति संपन्न देशों में मजबूत की है, जबकि 5G नेटवर्क की शुरुआत और डिजिटल कूटनीति ने देश के दूर-दराज़ इलाकों तक कनेक्टिविटी और सशक्तिकरण पहुँचाया है।

भारत अब सबके लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में वैश्विक नेता के रूप में उभर रहा है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि बुद्धिमत्ता और नवाचार का लाभ हर क्षेत्र तक पहुंचे। चाहे वह कृषि हो, स्वास्थ्य सेवा हो या शासन व्यवस्था।देश में 100 से अधिक यूनिकॉर्न कंपनियां और युवाओं द्वारा संचालित स्टार्टअप्स का मजबूत नेटवर्क भारत की वैज्ञानिक और उद्यमशीलता की भावना को नई ऊंचाइयों पर पहुंचा रहा है। ग्रीन हाइड्रोजन, क्वांटम विज्ञान और तकनीक, सेमीकंडक्टर निर्माण और सटीक कृषि जैसे क्षेत्रों में भारत की प्रगति यह दिखाती है कि भारत अब केवल दुनिया के साथ कदम नहीं मिला रहा, बल्कि भविष्य की दिशा तय करने में मदद कर रहा है। यह आत्मनिर्भर भारत की कहानी है। एक ऐसा आत्मविश्वासी और दूरदर्शी भारत, जो विकसित भारत 2047 के लक्ष्य की ओर, अपनी स्वतंत्रता के 100 वर्ष पूरे होने तक, दृढ़ता से आगे बढ़ रहा है।

**ईएसटीआईसी- उपलब्धि से आकांक्षा तक:** इस प्रगति की पृष्ठभूमि में 3 से 5 नवंबर 2025 तक भारत मंडपम, नई दिल्ली में होने वाला इमर्जिंग साइंस, टेक्नोलॉजी एंड इनोवेशन कॉन्क्लेव एक साहसिक नया कदम है। भारत सरकार के 13 मंत्रालयों की ओर से आयोजित यह सम्मेलन सिर्फ उपलब्धियों का प्रदर्शन नहीं है, बल्कि यह सहयोग, दूरदृष्टि और राष्ट्रीय रणनीति का मंच है। माननीय प्रधानमंत्री के हाथों उद्घाटन किए जाने वाला ईएसटीआईसी 2025 देश-विदेश के प्रमुख वैज्ञानिकों, नवाचारकर्ताओं, नीति-निर्माताओं और विशेषज्ञों को एक साथ लाएगा ताकि वे नई उभरती तकनीकों के भविष्य पर विचार-विमर्श कर सकें। यह सम्मेलन एक ऐसे मंच के रूप में कार्य करेगा जहां कमियों की पहचान, साझेदारियां स्थापित करना और विज्ञान व प्रौद्योगिकी को भारत की विकास प्राथमिकताओं के अनुरूप दिशा देना- इन सभी पर संयुक्त रूप से काम किया जाएगा।

यह सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक राष्ट्रीय एकजुटता मंच है, जो शैक्षणिक संस्थानों, उद्योग जगत और सरकार को एक साझा उद्देश्य से जोड़ता है- भारत को विकसित भारत 2047 की दिशा में आगे बढ़ाना। यानी स्वतंत्रता के 100 वर्ष पूरे होने तक एक पूर्ण विकसित और नवाचार-प्रधान राष्ट्र बनाना।

ईएसटीआईसी को विज्ञान और प्रौद्योगिकी में आत्मनिर्भर भारत के लिए महत्वपूर्ण 11 विषयों पर केंद्रित किया गया है। यह सम्मेलन एक ऐसा केंद्रीय मंच बनेगा जहां रणनीतिक संवाद, सहयोग और भारत की श्रेष्ठ उपलब्धियों को प्रस्तुत किया जाएगा। वर्तमान उपलब्धियों का जश्न मनाने के साथ-साथ, यह सम्मेलन नए विचारों पर मंथन, कमियों की पहचान, और नीति-निर्माण में सुधार का अवसर भी प्रदान करेगा, ताकि भारत की वैज्ञानिक प्रगति समाज की जरूरतों और वैश्विक अवसरों के साथ तालमेल में बनी रहे।



मूल रूप से, ईएसटीआईसी का उद्देश्य पूरे विज्ञान तकनीक पारिस्थितिकी तंत्र को जोड़ना है- उन मंत्रालयों को जो नीतियाँ बनाते हैं, उन वैज्ञानिकों को जो नवाचार करते हैं,उन उद्योगों को जो विचारों को विस्तार देते हैं, और उन स्टार्टअप्स को जो बदलाव लाते हैं। यह सम्मेलन अब तक की यात्रा का सम्मान करता है और आगे के उस मार्ग को भी दर्शाता है जो भारत को सतत, समावेशी और परिवर्तनकारी विकास की ओर ले जाता है।

**ग्यारह विषय, एक लक्ष्य:** ईएसटीआईसी 2025 को ग्यारह प्रमुख विषयों के इर्द-गिर्द तैयार किया गया है, जो मिलकर भारत की तकनीकी आकांक्षाओं और लक्ष्यों को दर्शाते हैं। इन विषयों में शामिल हैं- एडवांस्ड मटेरियल्स और मैन्युफैक्चरिंग- ऐसे मजबूत, हल्के और स्मार्ट पदार्थों का निर्माण जो रक्षा, अंतरिक्ष और उद्योग के क्षेत्र को नई शक्ति दें। कृत्रिम बुद्धिमत्ता- जो जीवन को आसान बना रही है और शासन प्रणाली को अधिक स्मार्ट और समावेशी बना रही है। बायो-मैन्युफैक्चरिंग- जो टिकाऊ जैव-उत्पादों और सर्कुलर समाधानों के माध्यम से हरित अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ा रही है।

ब्लू इकॉनमी- जो समुद्री संसाधनों का जिम्मेदारीपूर्वक उपयोग कर समृद्धि और लचीलापन बढ़ाने पर केंद्रित है। डिजिटल कम्युनिकेशन- 4G से 5G और अब 6G की ओर बढ़ते हुए ग्रामीण भारत को सशक्त बना रहा है और वैश्विक डिजिटल कूटनीति में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सेमीकंडक्टर निर्माण- जो 'मेक इन इंडिया' के विज़न को सिलिकॉन-आधारित वास्तविकता में बदल रहा है। उभरती कृषि तकनीकें- जो नवाचार, सटीकता और स्थिरता के माध्यम से खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित कर सकती हैं।ऊर्जा, पर्यावरण और जलवायु- जो नवीकरणीय ऊर्जा और ग्रीन हाइड्रोजन को दुनिया के लिए उदाहरण बना रहे हैं।स्वास्थ्य और चिकित्सा तकनीकें- जो सस्ती और सुलभ नवाचारों के माध्यम से स्वास्थ्य समानता सुनिश्चित कर रही हैं। क्वांटम विज्ञान और तकनीक- जो सुरक्षित संचार, सेंसरिंग, कंप्यूटिंग और नए पदार्थों के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव ला रही है।अंतरिक्ष तकनीक- जो नई पीढ़ियों को प्रेरित कर रही है और भारत के वैज्ञानिक क्षितिज को और विस्तृत बना रही है। ये सभी विषय मिलकर भारत के समग्र नवाचार मानचित्र को दर्शाते हैं- एक ऐसा ढांचा जहां गहन विज्ञान, उद्यमिता और नीति निर्माण एक साथ मिलकर देश के विकास को नई दिशा देते हैं।

**विकसित भारत 2047 की ओर:** कई मायनों में, ईएसटीआईसी भारत के बढ़ते आत्मविश्वास का प्रतीक है। एक ऐसा आत्मविश्वास जो ज्ञान और नवाचार के क्षेत्र में भारत को वैश्विक नेतृत्व की ओर ले जा रहा है। यह एक राष्ट्रीय मिशन है, जिसका उद्देश्य है-कल्पनाशक्ति को जगाना, युवाओं को प्रेरित करना, और भविष्य के लिए नवाचार को बढ़ावा देना।

ईएसटीआईसी 2025 में विचारशील नेताओं, नोबेल पुरस्कार विजेताओं, नीति-निर्माताओं और उद्योग जगत के अग्रदूतों को एक साथ लाया जाएगा, ताकि भारत को एक वैज्ञानिक महाशक्ति और नवाचार-आधारित विकास के वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित किया जा सके। जैसे-जैसे भारत 2047 की ओर बढ़ रहा है, ईएसटीआईसी एक प्रेरक शक्ति और प्रतीक दोनों के रूप में खड़ा है। एक ऐसा मंच जहां भारत की वैज्ञानिक उपलब्धियां उसकी विकास आकांक्षाओं से मिलती हैं, यह सुनिश्चित करते हुए कि हर नवाचार मजबूत, टिकाऊ और समावेशी विकसित भारत के निर्माण में योगदान दे।

**-डॉ. जितेंद्र सिंह**
**केंद्रीय मंत्री, भारत सरकार**

### ऊना सदर विधायक सतपाल सिंह सत्ती की अध्यक्षता मुख्य अतिथि रहे सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर

# रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम से गूंजा राष्ट्रीय एकता का संदेश

अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा

**ऊना।** भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक पूर्व विधायक राजेश ठाकुर ने बताया कि भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की जयंती के अवसर पर आज भारतीय जनता पार्टी जिला ऊना द्वारा राष्ट्रीय एकता दिवस÷ का भव्य आयोजन दीप कमल भाजपा कार्यालय, ऊना में किया गया। इस अवसर पर सैकड़ों कार्यकर्ताओं, युवाओं, महिलाओं, विद्यार्थियों और नागरिकों ने एक साथ एकता, अखंडता और राष्ट्रभक्ति का संदेश दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ऊना विधानसभा क्षेत्र से विधायक पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सतपाल सिंह सत्ती ने की तथा मुख्य अतिथि रहे माननीय सांसद हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने राष्ट्रभक्ति के गीतों और जयघोष के बीच रन फॉर यूनिटी को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेताओं, जिला पदाधिकारियों, मंडल प्रमुखों, महिला मोर्चा, युवा मोर्चा तथा अनेक सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

सतपाल सिंह सत्ती ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल ने स्वतंत्रता के बाद देश की 562 रियासतों को एक धागे में पिरोकर अखंड भारत का निर्माण किया।

#### कार्यक्रम की विशेषताएं

- कार्यक्रम में सैकड़ों कार्यकर्ताओं व युवाओं की भागीदारी।
- सरदार पटेल की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि।
- सांसद अनुराग ठाकुर व ऊना विधानसभा क्षेत्र से विधायक सतपाल सिंह सत्ती द्वारा हरी झंडी दिखाकर रन फॉर यूनिटी का शुभारंभ।
- एक भारत, श्रेष्ठ भारत के संकल्प के साथ ऊना में राष्ट्रीय एकता का संदेश।

उन्होंने कहा सरदार पटेल की दृढ़ इच्छाशक्ति, दूरदृष्टि और राष्ट्र के प्रति समर्पण हर भारतीय के लिए प्रेरणा है। हमें उनकी विचारधारा को आत्मसात कर देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा के लिए कार्य करना चाहिए।÷

अनुराग ठाकुर ने कहा कि रन फॉर यूनिटी केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि यह एक संकल्प यात्रा है जो हमें यह याद दिलाती है कि भारत की शक्ति उसकी विविधता में निहित है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश एक नए युग की ओर बढ़ रहा है, जहां एक भारत, श्रेष्ठ भारत का संकल्प साकार हो रहा है।

सुबह 10 बजे से आरंभ हुए इस कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने भारत माता की जय, वंदे मातरम और जय सरदार पटेल के नारों के साथ दौड़ लगाई।




## युवाओं ने अनुराग ठाकुर के साथ लगाई रन फॉर यूनिटी दौड़

अर्थ प्रकाश/शिल्पा शर्मा

**हमीरपुर।** भाजपा जिला हमीरपुर ने जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर की अध्यक्षता में आज जिला मुख्यालय पर भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती बड़े उत्साह और देशभक्ति की भावना के साथ मनाई।

भाजपा के युवा नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर के नेतृत्व में ÷रन फॉर यूनिटी÷नाम की मैराथन इस समारोह का मुख्य आकर्षण रही। यह दौड़ अनु कॉलेज ग्राउंड के सिंथेटिक ट्रैक से शुरू हुई और हीरा नगर, गांधी चौक और हमीरपुर शहर के मुख्य बाजार से होते हुए टाउन हॉल में समाप्त हुई।

इस कार्यक्रम में युवाओं, स्कूली बच्चों, खिलाड़ियों, महिलाओं और सभी उम्र के नागरिकों ने बड़ी संख्या में भाग लिया, जिन्होंने बहुत उत्साह और राष्ट्रीय गौरव की भावना के साथ दौड़ में हिस्सा लिया। उपस्थित लोगों में भाजपा विधायक इंद्रदत्त लखनपाल और आशीष शर्मा, पूर्व विधायक कमलेश कुमारी, डॉ. अनिल धीमान और विजय अग्निहोत्री के साथ-साथ जिले भर से बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता और समर्थक शामिल थे। सभा को संबोधित करते हुए, अनुराग ठाकुर ने सरदार वल्लभभाई पटेल को भावभीनी श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि ÷सरदार पटेल ने आधुनिक और एकजुट भारत की नींव रखी।÷उन्होंने इस ÷एक से श्रेष्ठ भारत÷पहल में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को बधाई दी और उन्हें याद दिलाया कि एक सच्चे देशभक्त पटेल ने 560 रियासतों को एकजुट करके एक संयुक्त राष्ट्र बनाया। अनुराग ने कहा कि उनके अद्वितीय योगदान के बावजूद, कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकारों ने उनकी मृत्यु के 41 साल बाद 1991 में उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया, सिर्फ इसलिए कि वे जवाहरलाल नेहरू के गलत फैसलों और नीतियों से असहमत थे।

#### कांग्रेस नेता हर चुनाव वाले राज्य में झूठे वादे करते

अनुराग ठाकुर ने हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस लीडरशिप की कड़ी आलोचना की और उन्हें फ्रसबसे बड़ा झूठा कहा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता हर चुनाव वाले राज्य में झूठे वादे करते हैं। 2022 के चुनाव से पहले की गारंटी का जिक्र करते हुए अनुराग ने कहा, कांग्रेस ने पहली कैबिनेट मीटिंग के तुरंत बाद 18 साल से ज्यादा उम्र की हर महिला को हर महीने ?1500 देने का वादा किया था। आज वे दावा करते हैं कि उन्होंने यह 3 लाख महिलाओं को दिया है, लेकिन असल में यह 30,000 महिलाओं तक भी नहीं पहुंचा है। उन्होंने आगे आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार की सभी दस गारंटियां, सत्ता में तीन साल बाद भी फेल साबित हो रही हैं। सरकार को चुनौती देते हुए उन्होंने कहा, फ्रअगर कांग्रेस यह साबित कर दे कि 3 लाख महिलाओं को सच में हर महीने 1500 रुपये मिले हैं, तो मैं अपनी बात वापस ले लूंगा। अनुराग ने कहा कि गुजरात में मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने केवड़िया के पास नर्मदा घाटी में 597 फीट ऊंची दुनिया की सबसे ऊंची मूर्ति - स्टैच्यू ऑफ यूनिटी बनाकर सरदार पटेल को सही मायने में श्रद्धांजलि दी।



## श्री रेणुका जी क्षेत्र के लिए 29.50 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण

अर्थ प्रकाश/अरविंद शर्मा

**शिमला।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज नई दिल्ली से वर्चुअल माध्यम द्वारा सिरमौर जिले के श्री रेणुका जी विधानसभा क्षेत्र के लिए 29.50 करो? रुपये लागत की पांच विकास परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास किए।

मुख्यमंत्री ने संग?ाह तहसील के माइना बाग में 6.47 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान भवन और नोहराधार में 2.20 करो? रुपये की लागत से निर्मित सब मार्किट यार्ड चरण-1 का उद्घाटन किया।

उन्होंने दो करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली रेणुका जी-ददाहू बिरला सड़क, जल शक्ति विभाग उप-मंडल नोहराधार के अंतर्गत रेणुका जी विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों के लिए 17.89 करो? रुपये की लागत से सिंचाई सुविधा और ग्राम पंचायत भरा?ी, नोहराधार के गांव चोकन, ठांडी, हरिजन बस्ती चुमानु और कुदाग के लिए 94 लाख की ग्रेविटी जलापूर्ति योजना रोंडी पुल का शिलान्यास किया।

उद्योग मंत्री हर्षवर्द्धन चौहान, हिमाचल प्रदेश विधानसभा के उपाध्यक्ष विनय कुमार, विधायक अजय सोलंकी, उपायुक्त सिरमौर प्रियंका वर्मा, पुलिस अधीक्षक निश्चिंत नेगी और अन्य गणमान्य माइना बाग में मौजूद थे।

## कांग्रेस विचारधारा की जीवंत प्रतीक इंदिरा गांधी व राष्ट्र एकता के शिल्पकार सरदार पटेल को श्रद्धांजलि : राजीव

अर्थ प्रकाश/शिल्पा शर्मा

**हमीरपुर।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं असंगठित कर्मचारी कांग्रेस (च.च.ष्ट) के प्रदेश अध्यक्ष राजीव राणा ने आज राष्ट्र की दो महान विभूतियों भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि और भारत रत्न, लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

राजीव राणा ने कहा कि इंदिरा गांधी भारतीय राजनीति की अदम्य शक्ति थीं, जिन्होंने अपने दृढ़ नेतृत्व, निर्णायक नीतियों और निडर व्यक्तित्व से भारत को आत्मनिर्भरता और गौरव के मार्ग पर अग्रसर किया। 1971 के युद्ध में विजय,



बैंकों के राष्ट्रीयकरण और हरित क्रांति जैसे ऐतिहासिक निर्णयों ने उन्हें जनङ्कजन की आयरन लेडी बना दिया।

उन्होंने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल ने स्वतंत्रता के पश्चात देशी रियासतों के एकीकरण के माध्यम से भारत की एकता और अखंडता को नई पहचान दी। उनका योगदान भारत के इतिहास में अमर रहेगा।

राजीव राणा ने कहा कि दोनों ही नेताओं ने अपने जीवन से यह सिखाया कि राष्ट्रहित सर्वोपरि है और देश की सेवा ही सच्चा धर्म।

## उपायुक्त ने नशा मुक्ति केंद्रों की निगरानी के लिए सुदृढ़ तंत्र विकसित करने पर जोर दिया

अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा

**ऊना।** उपायुक्त जतिन लाल ने कहा कि जिले में नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्रों की नियमित और पारदर्शी निगरानी सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने इसके लिए सुदृढ़ मैकेनिज्म विकसित करने पर बल दिया। उपायुक्त ने कहा कि इन केंद्रों में भर्ती सभी व्यक्तियों और कार्यरत स्टाफ का ब्योरा संबंधित पुलिस थाने में उपलब्ध होना चाहिए और केंद्र प्रबंधन यह सुनिश्चित करे कि किसी भी नए व्यक्ति की भर्ती की सूचना तुरंत स्थानीय थाने को दी जाए।

वे शुक्रवार को राष्ट्रीय नार्को समन्वय पोर्टल (एनकॉर्ड) के तहत गठित जिलास्तरीय समन्वय समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में पुलिस अधीक्षक अमित यादव, सभी एसडीएम तथा जिला पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

उपायुक्त ने नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्रों की स्थापना और संचालन के लिए कड़े तथा मानकीकृत नियमों की आवश्यकता को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि इसे लेकर समिति की ओर से संबंधित आला अधिकारियों को लिखकर आग्रह किया जाएगा, ताकि इन केंद्रों का संचालन अधिक पारदर्शी, नियंत्रित और प्रभावी ढंग से सुनिश्चित किया जा सके।

जतिन लाल ने कहा कि नशे की रोकथाम के लिए रणनीतिक दृष्टिकोण और मजबूत समन्वय आवश्यक है।

## अनुराग के प्रयासों से नाल्टी खेल मैदान रोशन : अरुण

अर्थ प्रकाश/शिल्पा शर्मा

**हमीरपुर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर से लोकसभा सांसद अनुराग सिंह ठाकुर के प्रयासों से हमीरपुर सदर विधानसभा का नाल्टी खेल मैदान लाइटों से जगमगा गया है। खेल ज्योति योजना के अंतर्गत संसदीय क्षेत्र के 14 मैदानों में लाइटें लग जाने से लगभग 1500 खिलाड़ियों को लाभ मिलने वाला है। खिलाड़ियों व स्थानीय जनता ने इसके लिए अनुराग सिंह ठाकुर का आभार प्रकट किया है।

खेल मैदान में लाइट के उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आईपीएल चेयरमैन अरुण धूमल ने कहा ÷युवाशक्ति भारत की राष्ट्रशक्ति है और इस शक्ति के सामने नशा एक बड़ी चुनौती है। सांसद अनुराग ठाकुर का सदा ही प्रयास रहता है कि युवाओं को नशे से दूर रखने व उनकी ऊर्जा को



सही दिशा में लगाने के लिए ज़्यादा से ज़्यादा साधन उपलब्ध करवाएं जाएं। इसी कड़ी में आज हमीरपुर के नाल्टी खेल मैदान में लाइट लगवाने का कार्य किया गया है जिस से कि रात में भी हमारे खिलाड़ियों को खेलने में कोई असुविधा न हो और वो अपना पसंदीदा खेल अपनी समय सुविधा के अनुरूप खेल सकेंगे। नाल्टी खेल मैदान में क्रिकेट, वॉलीबॉल, बास्केटबॉल व बैडमिंटन के मैदान है जहाँ पर खिलाड़ी अब रात को भी खेल सकेंगे। इस मुहिम को सफल बनाने के लिए प्रयास संस्था का आभार प्रकट करता हूँ।÷

अरुण धूमल ने कहा कि प्रयास संस्था युवाओं के लिए बहुत से सामाजिक सरोकारों का निर्वहन कर रही है जिससे युवाओं के जीवन में सकारात्मक परिणाम देखने को मिल रहे है।

### न्यूज ब्रीफ

#### मीडिया में एआई पर सत्र आयोजित

**सोलन (यशपाल कपूर)।** शूलिनी विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ मीडिया एंड कम्युनिकेशंस ने पत्रकारों की सुरक्षा समिति (सीपीजे) के भारत प्रतिनिधि, कुणाल मजूमदार के साथ एक सत्र का आयोजन किया। उन्होंने शूलिनी विवि मीडिया छात्रों के लिए एक प्रेरक और विचारोत्तेजक सत्र दिया, जो प्रेस की स्वतंत्रता, नैतिकता और पत्रकारिता में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के प्रभाव पर केंद्रित था। मजूमदार ने छात्रों को आज के मीडिया जगत की एक यथार्थवादी तस्वीर दी, जहाँ पत्रकारों को राजनीतिक और डिजिटल दबाव में काम करते हुए साहस, ईमानदारी और अनुकूलनशीलता दिखानी चाहिए। उन्होंने सत्य और सत्यापन के महत्व पर बात की और छात्रों को याद दिलाया कि आज पत्रकारिता के लिए न केवल मजबूत कहानी कहने के कौशल की आवश्यकता है, बल्कि लचीलापन और जिम्मेदारी की भी आवश्यकता है। उन्होंने सीपीजे के महत्वपूर्ण कार्यों के बारे में बताया, जो परेशानी का सामना कर रहे पत्रकारों को कानूनी सहायता, आपातकालीन सहायता और वकालत प्रदान करके दुनिया भर के पत्रकारों का समर्थन करता है। मजूमदार ने इस बात पर प्रकाश डाला कि आधुनिक पत्रकारों को गलत सूचना, ऑनलाइन उत्पीड़न और संगठित ट्रोलिंग जैसे नए खतरों का सामना करना पड़ता है, जिससे विश्वसनीयता की रक्षा करना और नैतिक मानकों को बनाए रखना आवश्यक हो जाता है। चर्चा में पत्रकारिता में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की बढ़ती भूमिका पर भी चर्चा हुई। मजूमदार ने कहा कि एआई न्यूज़रूम संचालन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन गया है, जो तथ्य-जांच, डेटा विश्लेषण और दर्शकों की सहभागिता में मदद करता है। हालाँकि, उन्होंने आगाह किया कि मानवीय निर्णय और नैतिकता को हमेशा तकनीक के उपयोग का मार्गदर्शन करना चाहिए।

#### सैंज बाजार में हांफ गई सरकारी मशीनरी की पावर

**सैंज/कुल्लू (अशेष शर्मा)।** प्रदेश सरकार का व्यवस्था परिवर्तन का नारा सैंज बाजार में कितना सार्थक सिद्ध हो रहा है, इसका उदाहरण कुल्लू जिला के सैंज बाजार में देखने को मिल रहा है। जहां सरकार की पावर का सहयोग निरर्थक



साबित हो रहा है। सरकारी पावर की मार झेल रहे सैंज बाजार के कारोबारियों के अतिरिक्त घाटी के प्रभावित लोगों का जीवन पटरी पर नहीं आ रहा है। सैंज बाजार के बीचों-बीच 2 करोड़ 70 लाख रुपए की लागत से जहां यातायात पुल का निर्माण किया है लेकिन सड़क न होने के चलते लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सैंज बाजार के एक छोर से दूसरे छोर तक पहुंचने के लिए काफी समय बर्बाद करना पड़ रहा है। फिलहाल घाटी की पंद्रह पंचायतों के केंद्र बिंदु सैंज बाजार में सरकारी हिम्मत के मरहम से जख्म नहीं भर पाए हैं। गौरतलब है कि जून माह का वह अभागा दिन, जब सैंज नदी में आई बाढ़ ने सैंज बाजार को आपस में ही डिस्कनेक्ट कर दिया था। सड़क के साथ स्थानीय लोगों के आवासीय मकान समेत करोड़ों रुपए की संपत्ति का नुकसान किया था। बाढ़ अपने साथ पिन पार्वती नदी के आसपास उपजाऊ भूमि के अलावा सड़क मार्ग बहा ले गई थी। बाढ़ से सबसे ज्यादा प्रभावित सैंज कस्बा हुआ था। नदी किनारे बसा सैंज कस्बा पंद्रह पंचायतों का व्यापारिक केंद्र है। दुख की बात यह है कि बाढ़ ने इस कस्बे का भूगोल ही बदल दिया है। आपदा की घड़ी में एनएचपीसी ने मजबूती से अपना पक्ष रखते हुए एक बार फिर 22 लाख 50 हजार रुपए की धन वर्षा की। आलम यह है कि प्रदेश सरकार की अनदेखी के चलते आज सैंज बाजार आपस में कनेक्ट होने के ही लिए जद्दोजहद कर रहा है।

## उपनिदेशक ने निजी विद्यालयों को आरटीई अधिनियम 2009 के मानकों की अनुपालना के दिए निर्देश

अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा

**ऊना।** उपनिदेशक, प्रारंभिक शिक्षा ऊना श्री सोम लाल धीमान ने जिले के सभी निजी विद्यालयों को निशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) 2009 के तहत निर्धारित सभी मानकों की सख्ती से अनुपालना सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने बताया कि जिला के निजी विद्यालयों की दस्तावेजी जांच और सत्यापन प्रक्रिया के दौरान यह पाया गया कि कुछ विद्यालयों द्वारा अधिनियम में निर्धारित नियमों और मानकों का पूर्ण रूप से पालन नहीं किया जा रहा है, जो कि चिंतनीय है।

उप निदेशक ने कहा कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत निजी विद्यालयों के संचालन, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने तथा विद्यार्थियों की सुरक्षा के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश निर्धारित किए गए हैं। सभी विद्यालयों को इन मानकों का पालन करना अनिवार्य है।

उन्होंने बताया कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 की धारा 12(1)(सी) के तहत सभी गैर-सहायता प्राप्त निजी विद्यालयों को प्रवेश स्तर पर 25 प्रतिशत सीटें कमजोर वर्ग और वंचित समूह के बच्चों के लिए आरक्षित रखना आवश्यक है। सरकार इन बच्चों की फीस निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार संबंधित विद्यालयों को प्रदान करती है। उन्होंने सभी विद्यालय प्रबंधनों को पात्र विद्यार्थियों को प्राथमिकता के साथ प्रवेश देने और आवश्यक दस्तावेज समय पर विभाग को भेजने के निर्देश दिए। उप निदेशक ने कहा कि सभी नये एवं कार्यरत अध्यापकों की नियुक्ति एन.सी.टी.ई. द्वारा निर्धारित शैक्षणिक योग्यता एवं मानकों के अनुरूप होनी चाहिए तथा प्रत्येक शिक्षक का शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। विद्यालयों में शिक्षकों की संख्या विद्यार्थियों की संख्या के अनुपात में पर्याप्त रखी जाए, ताकि शिक्षा की गुणवत्ता प्रभावित न हो।

उन्होंने यह भी कहा कि बच्चों की सुरक्षा और सुविधा के लिए विद्यालयों में सभी मूलभूत सुविधाएँ अनिवार्य रूप से उपलब्ध हों। इनमें सुरक्षित एवं अग्निशमन क्षमता वाली भवन संरचना, स्वच्छ शौचालय (विद्यार्थी संख्या के अनुपात में), कम से कम 50 मीटर × 30 मीटर का खेल मैदान, प्रत्येक कक्षा का न्यूनतम आकार 8 मीटर × 6 मीटर, पुस्तकालय, प्रयोगशाला, स्वच्छ पेयजल और प्राथमिक उपचार सुविधा शामिल हैं। विद्यालय प्रबंधन को यह भी निर्देश दिए गए हैं कि वे हिमाचल प्रदेश मोटर यान नियम, 2018 की पूर्ण अनुपालना सुनिश्चित करें तथा विद्यार्थियों, चालकों और कर्मचारियों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करें। धीमान ने सभी निजी विद्यालय संचालकों से अपील की है कि वे आरटीई अधिनियम, 2009 के तहत निर्धारित सभी मानकों की सख्ती से अनुपालना करें और विद्यार्थियों के हित को सर्वोपरि रखें।

## वशिष्ट पब्लिक स्कूल में उत्साह के साथ मनाया राष्ट्रीय एकता दिवस



अर्थ प्रकाश/रोहित

**ऊना।** वशिष्ट पब्लिक स्कूल, ऊना में आज सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया । इस अवसर पर 'रन फॉर यूनिटी' कार्यक्रम का आयोजन बड़े ही उत्साह और जोश के साथ किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में राष्ट्रीय एकता, अखंडता एवं सहयोग की भावना को प्रबल करना था। कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना सभा के साथ हुई, जिसमें शिक्षकों और विद्यार्थियों ने सरदार पटेल के जीवन के बारे में अपने विचार प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों ने यह संदेश दिया कि सरदार पटेल केवल भारत के लौह पुरुष ही नहीं, बल्कि एक सच्चे राष्ट्रनिर्माता थे, जिन्होंने देश को एक सूत्र में पिरोने का कार्य किया। इस अवसर पर बच्चों ने देशभक्ति के नारे और स्लोगन लिखकर विभिन्न प्रकार के पोस्टर बनाए।

## हिमाचल को 'ग्रीन एनर्जी स्टेट' बनाने के लिए प्रदेश सरकार प्रतिबद्ध : संजय

अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर

**सोलन।** अर्की के विधायक संजय अवस्थी ने कहा कि प्रदेश सरकार लोगों को बेहतर परिवहन सुविधाएं प्रदान करने और हिमाचल को 'ग्रीन एनर्जी स्टेट' बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। संजय अवस्थी आज अर्की विधानसभा क्षेत्र के दा?लाघाट में दी अंबुजा दा?ला कशलोग मांगू परिवहन सहकारी सभा सीमित के नवनिर्मित भवन के लोकार्पण समारोह को सम्बोधित कर रहे थे।

संजय अवस्थी ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के कुशल नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा राज्य को 'ग्रीन एनर्जी स्टेट' के रूप में विकसित करने के लिए प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हरित ऊर्जा से परिपूर्ण हिमाचल न केवल देश के लिए आदर्श स्थापित करेगा बल्कि वैकल्पिक



आय स्त्रोतों के साथ हिमाचल की आर्थिकी भी सुदृ? होगी।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा प्राइवेट बस, ट्रक ऑपरेटरों को ई-बस तथा ई-ट्रक क्रय करने के लिए 50 प्रतिशत अनुदान उपलब्ध करवाया जा रहा है। इससे जहां युवाओं को रो?गार व स्वरो?गार के अवसर प्राप्त होंगे वहीं हिमाचल प्रदेश हरित राज्य के रूप में विकसित होगा। उन्होंने युवाओं से इस योजना का लाभ लेने का आग्रह भी किया।

विधायक ने सभा के सुदृ?ीकरण और इसे अधिक संगठित करने पर बल दिया ताकि ट्रक ऑपरेटरों के हितों को सुरक्षित रखा जा सके।

### संज्ञान | डीसी बोले - प्रधानाचार्यों की जवाबदेही होगी तय

## स्कूटी-बाइक से स्कूल आने वाले विद्यार्थियों के मामलों में प्रशासन सख्त

अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा

**ऊना।** उपायुक्त ऊना जतिन लाल ने स्कूली विद्यार्थियों द्वारा स्कूटी या बाइक चलाकर स्कूल आने के मामलों पर गंभीर संज्ञान लेते हुए इस प्रवृत्ति पर रोक लगाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों की सुरक्षा जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

उपायुक्त ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे प्रत्येक स्कूल को इस संबंध में स्पष्ट हिदायतें जारी करें। उन्होंने कहा कि किसी भी रैंडम निरीक्षण में यदि स्कूल में किसी छात्र या छात्रा की स्कूटी-बाइक खड़ी मिली, तो संबंधित स्कूल के प्रधानाचार्य की जवाबदेही तय की जाएगी। वे शुक्रवार को जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में पुलिस अधीक्षक अमित यादव, सभी एसडीएम, पुलिस, लोक निर्माण और



अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। डीसी ने एसडीएम और पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे स्कूलों के आसपास आने-जाने के समय पर विशेष निगरानी रखें। यदि कोई अधिकारी स्कूटी-बाइक चलाते नाबालिग बच्चों को देखे, तो तुरंत कार्रवाई करें और स्कूल प्रिंसिपल एवं अभिभावकों को इसमें शामिल करें।

उन्होंने शिक्षा विभाग को निर्देश दिए कि 9वीं से 12वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए विशेष प्रयास करें। हर माह जिले के सभी स्कूलों में सड़क सुरक्षा से संबंधित कोई न कोई जागरूकता गतिविधि अवश्य आयोजित की जाए, और अभिभावकों को भी इस दिशा में जागरूक करने के प्रयास किए जाएं। विभाग जागरूकता गतिविधियों की रिपोर्ट नियमित टर्नपर डीसी ऑफिस को सौंपे। बैठक में उपायुक्त ने आरटीओ को निर्देश दिए कि स्कूली बसों और वाहनों को फिटनेस प्रमाणपत्र जारी करते समय पूरी जांच-पड़ताल कर ही प्रमाणपत्र दें। इसमें किसी प्रकार की ढिलाई या कोताही न बरती जाए।

#### ब्लैक स्पॉट सुधार पर विशेष जोर

उपायुक्त ने जिले में दुर्घटना संभावित स्थलों और ब्लैक स्पॉट्स की पहचान कर उनका शीघ्र सुधार करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने संवेदनशील गगरेट और अंब उपमंडलों में विशेष ध्यान देने को कहा। इस संबंध में एनएच के अधिकारियों, पुलिस और संबंधित एसडीएम को निर्देश दिए गए हैं कि वे गगरेट और अंब क्षेत्र में बन्ने दी हट्टी, दौलतपुर चौक, बड़ूही और अन्य संवेदनशील स्थानों का संयुक्त निरीक्षण करें और आवश्यक सुधार कार्य, सड़क संकेतक एवं रंबल स्ट्रिप लगवाएं। उपायुक्त ने मैहतपुर क्षेत्र में भी आवश्यकतानुसार बैरिकेडिंग लगाने और सुरक्षा प्रबंध सुदृढ़ करने के निर्देश दिए।

## फर्जी कॉल सेंटर मामला स्कैम से खरीदी ज्वेलरी, झज्जर निवासी गिरफ्तार

**पंचकूला।** हाल ही में आईटी पार्क सेक्टर 23 में तीन फर्जी कॉल सेंटरों के तार अब करोड़ों रुपए की खरीदी गई ज्वेलरी से भी जुड़ गए हैं। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, जिसके घर से कॉल सेंटरों से कमाए धन से करीब दो करोड़ रूपए से अधिक की ज्वेलरी घर पर रखी थी। पुलिस ने सेक्टर 26 से मूल रूप से झज्जर के रहने वाले नरेंद्र नाम के शख्स को गिरफ्तार किया, जो कॉल सेंटरों में धोखे से कमाए पैसों से ज्वेलरी और अन्य सामान खरीद कर घर पर रखे हुए था। पुलिस ने आरोपी को शुक्रवार को जिला अदालत में पेश किया जहां से उसे तीन दिनों के पुलिस रिमांड पर भेज दिया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि फर्जी कॉल सेंटर के मामले में अब तक तीन आरोपी गिरफ्तार किए गए हैं, जिनसे कई बिंदुओं पर पूछताछ कर इस पूरे स्कैम का पता लगाया जा रहा है। आईटी पार्क में पंचकूला पुलिस ने रेड की थी। रेड तीन कॉल सेंटरों पर थी, जिनमें सर्च के दौरान पुलिस ने लाखों रुपए नगद, कंप्यूटर और मोबाइल बरामद किए थे।

### ड्रग्स की सप्लाई चेन पर पुलिस की चोट, सबसे ज्यादा 1 किलो हेरोइन, 11 किलो अफीम और 15 किलो चरस बरामद

# 10 महीने में 211 ड्रग तस्कर गिरफ्तार

**92 मामलों में बरामद ड्रग्स नष्ट, 4 तस्करों की संपत्तियां ध्वस्त**

अर्थ प्रकाश/आदित्य शर्मा

**पंचकूला।** जिला को नशे का प्लेटफार्म बनने से रोकने में दिन-रात जुटी पंचकूला पुलिस काफी हद तक नशीले पदार्थों की सप्लाई चेन को तोडने् में कामयाब रही। हरियाणा सरकार और डीजीपी ओपी ड्क्षसह के नशा मुक्त प्रदेश के इसी संकल्प को सिद्ध करते हुए पिछले 10 महीनों में पंचकूला पुलिस आयुक्त शिवास कविराज के नेतृत्व में 211 ड्रग तस्करों को सलाखों के पीछे पहुंचाने में कामयाब रही है।

हालांकि गिरफ्त में आए इन तस्करों से बरामद ड्रग्स की खेप से जिले में हेरोइन, अफीम और चरस की बढ़ती डिमांड का भी खुलासा हो गया है। पुलिस के आंकड़ों के मुताबिक साल 2025 के पहले 10 महीनों में ही 107 मामले दर्ज कर 211 नशा तस्करों को गिरफ्तार किया गया, जिनमें कई मुख्य सप्लायर भी शामिल थे। पुलिस ने इस दौरान तस्करों के कब्जे से 11 किलो 967 ग्राम अफीम, 15 किलो 727 ग्राम चरस, 239 किलो चूरा पोस्त, 65 किलो से अधिक गांजा, 1 किलो 488 ग्राम हेरोइन और करीब 18 हजार प्रतिबंधित गोलियां बरामद की। हालांकि, साल 2024 में इसी अवधि के दौरान 99 केस दर्ज हुए थे और 156 तस्कर गिरफ्तार किए गए थे। बरामदगी की बात करें तो तब 4 किलो 125 ग्राम अफीम, 4 किलो 61 ग्राम चरस, 33 किलो चूरा पोस्त और 758 ग्राम हेरोइन शामिल थी।



इस वर्ष पंचकूला पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए चार नशा तस्करों मोहन निवासी खड? मंगोली पंचकूला, कृष्ण निवासी पिंजौर, रामकुमार निवासी पिंजौर और महिला तस्कर गीता पत्नी राकेश निवासी कालका, पंचकूला की नशे की कमाई से अर्जित संपत्तियों पर बुलडोजर चलाया गया। नशा तस्करों को कड़ा संदेश दिया गया है साथ ही, पुलिस अन्य नशा तस्करों की नशे की कमाई से अर्जित संपत्तियों का भी पता लगा रही है। अन्य तस्कर भी रडार पर है निकट भविष्य में ऐसी और कार्रवाइयां देखने को मिलेंगी।

### 92 मामलों में बरामद ड्रग्स नष्ट

पंचकूला पुलिस ने एक बड़ा कदम उठाते हुए बागवाला क्षेत्र की हाईजीन फैक्ट्री में करोड़ों रुपये कीमत के नशे के पदार्थ भी नष्ट किए। यह सभी 92 मामलों में बरामद सामान था, जिनमें 62 किलो गांजा, 88 किलो चूरा पोस्त, 9 किलो अफीम के पौधे, 2.4 किलो अफीम, 1.6 किलो चरस, 417 ग्राम हेरोइन, 0.69 ग्राम कोकीन और 4240 नशीली गोलियां शामिल थीं। पुलिस की इस कार्रवाई ने पूरे जिले में नशा तस्करी के नेटवर्क को बड़ा झटका दिया है।

**हेल्पलाइन जारी**

अंत में पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि अगर किसी को भी नशा बेचने या नशा सेवन से जुड़ी कोई जानकारी मिले तो तुरंत ड्रग इंफो हेल्पलाइन नंबर 7087081100, 7087081048 या मानस हेल्पलाइन नंबर 1933 पर सूचना दें। पुलिस आपको भरोसा दिलाती है कि सूचना देने वाले की पहचान पूरी तरह गुप्त रखी जाएगी।

**थाना स्तर पर एंटी नारकोटिक्स यूनिट्स**

अब जिले के हर थाने में एंटी नारकोटिक्स यूनिट भी बनाई गई है, जिसमें 10 थानों के 30 पुलिसकर्मी लगातार शहरी और ग्रामीण इलाकों में जाकर जानकारी जुटा रहे हैं। ये टीमें न सिर्फ तस्करों पर कार्रवाई कर रही हैं, बल्कि युवाओं को खेल, शिक्षा और जागरूकता कार्यक्रमों के ज़रिए नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित भी कर रही हैं।

*शिवास कविराज, पुलिस कमिश्नर, पंचकूला*





## कांग्रेस समर्थकों ने थामा भाजपा का दामन

अर्थ प्रकाश/सुनील सिंघई

**पंचकूला, 31 अक्टूबर।** पंचकूला विधानसभा के इंदिरा कॉलोनी में रहने वाले तमाम कांग्रेस समर्थको ने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से प्रभावित होकर भाजपा में शामिल हो गए, जिसमे हर आयु, वर्ग के निवासी विशेषकर युवा और महिलाएं शामिल रहे।

जिला अध्यक्ष अजय मित्तल ने सभी को भाजपा का पटका पहना कर पार्टी में स्वागत किया। इस मौके पर माता मनसा देवी मंडल के अध्यक्ष प्रमोद वत्स व अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। भाजपा में शामिल होने वालो में राम लखन, श्यामपति, कपिल, साधना, रेनू, पूजा, मधु, शांति देवी, सुमित्रा, शंकर शर्मा, पन्ना लाल, रामप्रताप, विजय शर्मा, मुकेश, विजय, प्रेमा देवी, ?ुशी, प्रियांश, राधा, वनिता व अन्य प्रमुख रहे। इस मौके पर ?ुशी ?ाहिर करते हुए जिला अध्यक्ष अजय मित्तल ने कहा, कॉलोनी वासियों को महज वोट बैंक के रूप में देखने वाली कांग्रेस को इनकी याद सिर्फ चुनावो में ही आती है। चुनाव के दौरान कॉलोनी वासियों से झूठे वादे करने और प्रलोभन देने जैसी घटिया राजनीति करने वाली कांग्रेस की दाल अब गलने वाली नहीं है। अजय मित्तल ने कहा, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में भाजपा सरकार सबका साथ - सबका विकास की भावना से गरीबों, युवाओ, महिलाओ, किसानो, कामगार म?दूरों को गरीबी रेखा से ऊपर लाने और उनके जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए दिन रात काम कर रही है।

## गोपाष्टमी पर गौरी शंकर सेवा गोशाला सेक्टर-45 में गो यज्ञ हवन का आयोजन

अर्थ प्रकाश/वीरेन्द्र सिंह

**चंडीगढ़।** आज गौरी शंकर सेवादल गौशाला सेक्टर 45 डी चंडीगढ़ की तरफ से पावन पर्व गोपाष्टमी के शुभ अवसर पर गौयज्ञ हवन एवं गोपूजन और विशाल भव्य आरती बड़े ही हर्षोल्लास एवं उत्सव के साथ गौशाला सेक्टर 45डी में धूमधाम से मनाया गया। इस गोपाष्टमी पर्व के शुभ अवसर पर गौरीशंकर सेवादल के सदस्य रमेश कुमार शर्मा सुमित शर्मा जी एवं विनोद कुमार रजनीश रामपाल दिलीप रावत मनोहर लाल सैनी जी अंकित बंसल लाखीराम जी ने बताया कि गोपाष्टमी भारत परंपरा संस्कृति का एक प्रमुख पर्व है गायों की रक्षा करने के कारण भगवान श्री कृष्ण जी का अति प्रिय नाम गोपाल पड़ा क्योंकि हमारी भारतीय संस्कृति में गौ माता का विशेष स्थान है।



मां का दर्जा दिया जाता है क्योंकि जैसे एक मां का हृदय कोमल होता है वैसे ही गाय माता का हृदय होता है और जिस प्रकार एक मां अपने बच्चों को हर स्थिति में सुख देती है वैसे ही गौ माता भी अपने प्रिय भक्तों को लाभ प्रदान करती है।

गौशाला सेक्टर 45 की प्रबंधक विनोद कुमार जी ने बताया कि हमारे पुराणों के अनुसार जब भगवान साक्षात श्री कृष्ण 6 वर्ष के आयु के थे तब भगवान कृष्ण ने मां यशोदा से गायों की सेवा करने की इच्छा व्यक्त की। कृष्ण कहते हैं की मां मुझे गाय चराने की अनुमति मिलनी चाहिए या शब्द सुनकर माता यशोदा ने मुस्कुराते हुए कहा बेटा इसके लिए आप अपने पिता नंद बाबा से बात करो और भगवान कृष्ण गाय चराने की जिद करने लगी नंद बाबा ने उन्हें बार-बार मना किया और कहा कि कृष्ण अभी तुम छोटे हो।

फिलहाल सिर्फ छोटे बछड़ों को ही चराने ले जाया करो लेकिन कृष्ण नहीं माने वह अपनी बात मनवाने के लिए अडिग थे आखिरकार ऋषि शांडिल्य द्वारा अच्छा समय देखकर उन्हें भी गाय चराने ले जाने के जो समय निकाला गया वहां गोपाष्टमी का शुभ दिन था यह सुनते ही बाल रूप में कृष्ण खुशी से प्रसन्न हो गई।



## एसडी कॉलेज में 'ओपन बाज़ार 4.0' में दिखा नवाचार और युवा उद्यमिता का अनोखा संगम

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** सेक्टर-32 स्थित गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म कॉलेज के इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल (आईआईसी) और ग्रीन कैंपस कमेटी की ओर से आयोजित उद्यमशीलता शोकेस 'ओपन बाज़ार 4.0' का चौथा संस्करण संपन्न हो गया। कार्यक्रम का उद्घाटन कॉलेज के प्रिंसिपल और आईआईसी प्रेसिडेंट डॉ. अजय शर्मा ने किया था। उन्होंने इस पहल को नवाचार, स्थिरता और युवा उद्यम का जीवंत संगम बताते हुए कहा कि 'ओपन बाज़ार 4.0' युवा उद्यमियों के लिए अपने रचनात्मक विचारों को वास्तविक रूप देने का सशक्त मंच है। डॉ. शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि यह आयोजन आत्मनिर्भर भारत के विज़न और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की भावना के अनुरूप है, जो अनुभवात्मक शिक्षा, नवाचार और जिम्मेदार उद्यमिता को प्रोत्साहित करता है।

उन्होंने ओपन बाज़ार 4.0 को ÷रचनात्मक साहस का उत्सव÷ बताया, जहां विचारों को वास्तविक दुनिया में उड़ान मिलती है। दो दिवसीय इवेंट में भारी उत्साह देखने को मिला। क्षेत्र के विभिन्न कॉलेजों और संस्थानों से आए छात्र उद्यमियों ने 100 से अधिक स्टॉल लगाए, जिनमें पर्यावरण-अनुकूल क्राफ्ट, सस्टेनेबल फैशन, हस्तनिर्मित उत्पाद, एआई-संचालित डिजिटल समाधान, बेक्ड डिलाइट्स और कला-प्रेरित वस्तुएं प्रदर्शित की गई।

## जिला बार एसोसिएशन में सिविल डिस्पेंसरी का डिस्ट्रिक्ट एंड सेशन जज वेद प्रकाश सिरोही ने किया उद्घाटन

**ऐसी सिविल डिस्पेंसरी प्रदेश की प्रत्येक बार में खुलनी चाहिए : राकेश शर्मा**

अर्थ प्रकाश/सोनू

**पंचकूला।** जिला बार एसोसिएशन में सिविल हॉस्पिटल की तरफ से बार सदस्यों और आमजन को स्वास्थ्य सेवाएं देने के उद्देश्य से सिविल डिस्पेंसरी केंद्र का उद्घाटन किया गया।

इस अवसर पर डिस्ट्रिक्ट एंड सेशन जज वेद प्रकाश सिरोही ने उद्घाटन करने उपरांत जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एडवोकेट राकेश शर्मा और बार सदस्यों की तरीफ करते हुए कहा कि बार एसोसिएशन समय समय पर बहुत सराहनीय कार्य कर रही है। जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एडवोकेट राकेश शर्मा ने कहा कि बार में चाहे बिजली ट्रांसफर की समस्या थी या पार्किंग की हमने अपने अथक प्रयासों से एक एक समस्या को दूर करने में टीम के साथ पूरा जोर लगाया। आज इस सिविल डिस्पेंसरी के खुलने से जहां एक और बार सदस्यों को समय समय चिकित्सा के लिए अन्य स्थानों पर जाना पड़ता था और आमजन को भी ऐसी सुविधा की आवश्यकता थी इससे सभी को लाभ मिलेगा। बार की समस्याओं को दूर करने के प्रयासों को सार्थक करने के लिए हम जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ साथ स्वास्थय विभाग के आभारी है जिन्होंने ऐसी पहल की शुरुआत की। शर्मा ने आह्वान किया कि ऐसी सिविल डिस्पेंसरी प्रदेश की प्रत्येक बार में खुलनी चाहिए ताकि सबको इसका लाभ मिल सके।



*सिविल डिस्पेंसरी का उद्घाटन करते डिस्ट्रिक्ट एंड सेशन जज वेद प्रकाश सिरोही और जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एडवोकेट राकेश शर्मा।*

इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग से डॉक्टर नीरू कपूर के अलावा बार सदस्य उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### एथलेटिक्स और कबड्डी नेशनल स्टाइल दोनों वर्गों में कांसल स्कूल नयागांव सेंटर विजयी रहा



**न्यू- चंडीगढ़ (जेके बत्ता)।** कांसल स्कूल नयागांव सैंटर ने मोहाली जिले की तीन दिवसीय प्राथमिक खेल प्रतियोगिता जिला शिक्षा अधिकारी (प्राथमिक शिक्षा) दर्शन जीत जी के नेतृत्व में थ्री वी वन के स्कूल ऑफ़ एमीनैंशन स्कूल में धूमधाम से आयोजित की गई। जिसमें मोहाली जिले के आठ ब्लॉकों से लगभग 800 खिलाड़ियों ने अपना खेल कौशल दिखाया। ब्लॉक खरड़-1 के ब्लॉक शिक्षा अधिकारी जतिन मिगलानी ने बताया कि इन जिला स्तरीय खेलों में खरड़-1 ने एथलेटिक्स में अपना दबदबा बनाए रखते हुए लड़कों के वर्ग में 100, 200, 400, 600, 4*100 रिले दौड़ में स्वर्ण और एक कांस्य पदक जीता और महिला वर्ग में 100 मीटर रजत, 400 मीटर स्वर्ण और 600 मीटर कांस्य पदक जीता। कबड्डी नेशनल स्टाइल में नयागांव सैटर ने लड़कों के वर्ग और लड़कियों के वर्ग में सेंटर में देसू माजारा ने गोल्ड जीतकर जिला चैंपियन बना। बनूड़ और खरड़-1 के बीच हुए जोरदार मुकाबले का दृश्य मोहाली हलके के माननीय विधायक स. कुलवंत सिंह ने पूरा मैच देखकर अपनी आंखों से लिया। इसके अलावा जिम्नास्टिक ,कुश्ती 25, 28 किलो भार ,हॉकी 6 ए साइड, रस्साकशी में गोल्ड,बैडमिंटन , मिनी हेड वॉल दोनों वर्गों में,लंबी कूद, लड़कों के वर्ग में रिदम योगा में खरड़-1 ने सिल्वर मेडल हासिल किये । लड़कों में मोहाली जिले का सर्वश्रेष्ठ एथलीट शिशिर रावत (कांसल स्कूल) खरड़-1 रहा।

### दर्शन अकादमी में स्वास्थ्य शिविर का भव्य आयोजन



**कालका (जग्गी)।** दर्शन अकादमी, कालका में आज हरियाणा दिवस के उपलक्ष्य में एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के ग्रैंडपेरेंट्स ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री निखिल खुराना जी एवं उपस्थित वरिष्ठ अभिभावकों (ग्रैंडपेरेंट्स) द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने हरियाणवी संस्कृति, परंपरा और लोक कलाओं को प्रदर्शित करते हुए मनमोहक प्रस्तुतियाँ दीं। बच्चों के रंगारंग नृत्य और गीत-संगीत की शानदार प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। अभिभावक विद्यार्थियों के उत्साह और प्रतिभा को देखकर अत्यंत प्रसन्न दिखाई दिए। सांस्कृतिक कार्यक्रम के उपरांत विद्यालय प्रांगण में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें पंचकूला स्थित पारस हॉस्पिटल से आए विशेषज्ञ चिकित्सकों – डॉ. इंप्रीत, डॉ. आदर्श, डॉ. रॉबिन बारवाल, डॉ. महिपाल कौशल, डॉ. नितिन, डॉ. ममता एवं डॉ. सबीना – की टीम ने अभिभावकों, विद्यार्थियों तथा स्टाफ सदस्यों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। अभिभावकों ने विद्यालय की इस सराहनीय पहल की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

## सेक्टर-37 में नई टाइल्स लगाने का काम शुरू

**चंडीगढ़ (वीरेन्द्र सिंह)।** वार्ड नंबर 25 के पार्षद योगेश ढींगरा ने सेक्टर 37 सी कॉलोनी में नई टाइल्स लगाने का उद्घाटन किया। पार्षद ने बताया की लोगों की बड़ी लंबे समय से यह मांग थी कि इस कॉलोनी की गलियों में जगह-जगह से टाइल्स टूट रखी थी।

इसलिए कॉलोनी के निवासियों को आने-जाने में बहुत दिक्कत का सामना करना पड़ता था तो पार्षद ने इसका संज्ञान लेते हुए अपने वार्ड डेवलपमेंट फंड से इसका एस्टीमेट बनवाया और आज उसका नारियल फोड़ कर उद्घाटन किया। पार्षद ने आगे बताया कि इस पूरे काम को 3 महीने के अंदर पूरा कर लिया जाएगा। पार्षद ने इसी टाइल का उद्घाटन करने के साथ अपना चुनावी वादा भी पूरा किया।

इस मौके पर नगर निगम की ओर से मनोज, जगतार सिंह, सलीम उपस्थित रहे।

## विधायक शक्तिरानी शर्मा ने मोरनी में लगभग 4 करोड़ की लागत से बनने वाले लिंक रोड कार्यों का शिलान्यास किया

अर्थ प्रकाश/जग्गी

**कालका।** कालका विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को नई दिशा और गति प्रदान करते हुए, क्षेत्र की लोकप्रिय एवं कर्मठ विधायक श्रीमती शक्तिरानी शर्मा ने आज रायपुर रानी और मोरनी क्षेत्र में लगभग ?4 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली विभिन्न लिंक रोड परियोजनाओं के निर्माण कार्यों का शिलान्यास किया।

इन परियोजनाओं के अंतर्गत मोरनी क्षेत्र में लिंक रोड बालदवाला और लिंक रोड बाडीवाला से रामपुर तक का निर्माण क्रमशः 54.75 लाख रुपये और 20.74 लाख रुपये की लागत से किया जाएगा। वहीं रायपुर रानी क्षेत्र में लिंक रोड फिरोजपुर 54.91 लाख रुपये, लिंक रोड खेडी से हरयोली तक ?51.28 लाख, लिंक रोड सा-1 हरिपुर 17.98 लाख रुपये, हरिपुर में पुलिया निर्माण कार्य ?13.39 लाख, लिंक रोड ककराली से बेहबलपुर तक 81.72 लाख रुपये तथा लिंक रोड बागवाला (इंप्रूवमेंट कार्य) 89.78 लाख रुपये की लागत से निर्मित की जाएगी।



इन सड़कों के निर्माण से ग्रामीण अंचलों की कनेक्टिविटी में उल्लेखनीय सुधार होगा। टूटी-फूटी सड़कों से राहत मिलेगी और ग्रामीणों को आवागमन में सुगमता प्राप्त होगी।

इस अवसर पर विधायक श्रीमती शक्ति रानी शर्मा ने कहा कि कालका विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों की रफ्तार निरंतर बढ़ रही है। हमारी सरकार और संगठन का एकमात्र लक्ष्य है कि विकास का लाभ हर गाँव और हर व्यक्ति तक पहुँचे।

## युवाओं में राष्ट्रीय गर्व की भावना बढ़ाना है मुख्य उद्देश्य : इशा गुप्ता

अर्थ प्रकाश/जिनेंद्र जैन

**मोहाली/चंडीगढ़, 31 अक्टूबर।** आज माई युवा भारत, मोहाली द्वारा 'सरदार-150 यूनिटी मार्च' विषय पर प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन राजीव गांधी राष्ट्रीय युवा विकास संस्थान (आरजीएनआईवाईडी), पेक चंडीगढ़ में किया गया। कॉन्फ्रेंस की अध्यक्षता जिला युवा अधिकारी सुश्री इशा गुप्ता ने की, साथ ही माई युवा भारत मोहाली के अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान इशा गुप्ता ने बताया कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रीय गर्व की भावना बढ़ाना, समाज के प्रति जिम्मेदारी को प्रोत्साहित करना और एकता की भावना को मजबूत करना है। यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के जनभागीदारी से राष्ट्र निर्माण के विजन से प्रेरित है। इसमें युवा से लेकर वरिष्ठ नागरिक तक सभी को शामिल किया जा रहा है, ताकि देश के इतिहास, संस्कृति और राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका को सशक्त बनाया जा सके। खासकर अमृत पीढ़ी–यानी आज के युवाओं–को केंद्र में रखा गया है। उन्होंने बताया कि 6 अक्टूबर 2025 को भारत सरकार और माई भारत द्वारा सरदारञ्च150 यूनिटी मार्च की शुरुआत की गई, जो लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती को समर्पित है।



## पीएनबी ने लगाया रक्तदान शिविर, 50 यूनिट एकत्रित




**चंडीगढ़।** पंजाब नैशनल बैंक के सैक्टर 17 चंडीगढ़ स्थित मंडल कार्यालय द्वारा सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दौरान रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 50 स्टाफ सदस्यों द्वारा रक्तदान किया गया। इस दौरान अंचल प्रबंधक श्री ललित तनेजा, उप अंचल प्रबंधक श्री सिकंदर पाल और मंडल प्रमुख श्री संजीव सिंह भी विशेष तौर पर उपस्थित थे। अंचल प्रबंधक तनेजा ने कहा कि रक्तदान एक सामाजिक और नेक कार्य है जिससे हमारे बीच आपसी भाईचारा भी बढ़ता है और किसी जरूरतमंद को मुश्किल समय में रक्त मिलने से उसकी जान भी बचाई जा सकती है। उन्होंने कहा कि सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दौरान हम विभिन्न गतियिधियों का आयोजन कर रहे हैं।

## सेंट विवेकानंद मिलेनियम स्कूल में मनाया राष्ट्रीय एकता दिवस, बच्चों ने दी धमाकेदार प्रस्तुति

अर्थ प्रकाश/जग्गी

**कालका।** सेंट विवेकानंद मिलेनियम स्कूल, पिंजौर में राष्ट्रीय एकता दिवस बड़े उत्साह और देशभक्ति की भावना के साथ स्वतन्त्र भारत के प्रथम गृह मंत्री तथा लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया गया।



इस अवसर पर विद्यालय में अनेक गतिविधियाँ आयोजित की गई। कार्यक्रम की शुरुआत विशेष सभा से हुई, जिसमें कक्षा सातवीं की छात्रा समरीत कौर ने इस दिवस के महत्व और देश की एकता में सरदार पटेल के योगदान पर जागरूकता भरा संदेश प्रस्तुत किया।अक्टूबर महीने के अंतिम सप्ताह को जागरुकता सतर्कता सप्ताह के रूप में मनाया जाता है । इसी के अंतर्गत भी विद्यालय में जागरूकता संबंधित अनेक कार्यक्रम आयोजित किये गए । कक्षा सातवीं के छात्रों ने एक नाट्य प्रस्तुति के माध्यम से सतर्कता जागरूकता सप्ताह के संदर्भ में भ्रष्टाचार के प्रति सजग रहने का संदेश दिया। इस प्रस्तुति में सरदार पटेल द्वारा जीवन में अपनाए गए मूल्यों ङ्क ईमानदारी, परिश्रम, जागरूकता और सतर्कता ङ्क का सुंदर प्रदर्शन किया गया।

छात्रों ने सरदार वल्लभभाई पटेल की वेशभूषा धारण कर हिंदू, मुस्लिम, सिख और ईसाई धर्म के अनुरूप संस्कृत, पंजाबी, उर्दू और अंग्रेज़ी भाषाओं में बहुभाषी नारे प्रस्तुत किए।

## बीबीएमबी ने मनाया राष्ट्रीय एकता दिवस



**चण्डीगढ।** भाखड़ा ब्यास प्रबंध बोर्ड (बीबीएमबी), चंडीगढ़ ने 31 अक्टूबर 2025 को भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में ÷राष्ट्रीय एकता दिवस÷ मनाया। इस अवसर पर बीबीएमबी के अध्यक्ष, श्री मनोज त्रिपाठी द्वारा सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को एकता प्रतिज्ञा दिलाई गई, जिसमें उन्होंने राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं सुरक्षा को बनाए रखने के संकल्प को दोहराया।

प्रतिज्ञा समारोह के उपरांत, बीबीएमबी द्वारा ÷स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत अभियान÷ के अंतर्गत फिट इंडिया स्वच्छता फ्रीडम रन 6.0 तथा ÷रन फॉर यूनिटी÷ का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य स्वच्छता, शारीरिक तंदुरुस्ती और देशभक्ति के संदेश को बढ़ावा देना था। यह दौड़ बीबीएमबी सचिवालय भवन, सेक्टर 19-बी, चंडीगढ़ से आरंभ हुई, जिसमें 250 से अधिक कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। दौड़ के दौरान प्रतिभागियों ने रास्ते में पड़े कचरे को भी इकट्ठा किया और उसे उचित स्थान पर निपटान किया, जिससे स्वच्छता का संदेश और भी सशक्त हुआ।

# सरदार पटेल जयंती पर सोनीपत में रन फॉर यूनिटी हजारों नागरिकों ने दिया राष्ट्रीय एकता का संदेश

**भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली ने दौड़ को दिखाई हरी झंडी, युवाओं को दिलाई एकता की शपथ**

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

**सोनीपत।** लोह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर एक भारत श्रेष्ठ भारत के संकल्प के साथ शहर में रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों स्कूली बच्चों, बुजुर्गो, युवाओं तथा महिलाओं ने भाग लेकर शहरवासियों को राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया। इस दौरान भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली ने बतौर मुख्यातिथि जानकीदास स्कूल से हरी झण्डी दिखाकर रन फॉर यूनिटी को रवाना किया। इससे पूर्व प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली, विधायक पवन खरखौदा, मेयर राजीव जैन सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने सरदार वल्लभ भाई पटेल की तस्वीर पर पुष्पांजलि करते हुए उन्हें नमन किया।

प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने रन फॉर यूनिटी की अगुवाई करते हुए सभी शहरवासियों को भारत की एकता में भूमिका निभाने का आह्वान किया। उत्साह और देशभक्ति के माहौल में जब प्रतिभागी एकता के संदेश के साथ दौडऩा प्रारंभ हुए, तो पूरा वातावरण एक भारत, श्रेष्ठ भारत व भारत माता की जय के नारों से गूंज उठा। इस दौरान शहर देशभक्ति के रंग में रंगा दिखाई दिया। रास्ते में विभिन्न स्थानों पर शहरवासियों द्वारा रन फॉर यूनिटी में शामिल नागरिकों पर पुष्प वर्षा की।



प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली ने रन फॉर यूनिटी को संबोधित करते हुए कहा कि लोह पुरूष सरदार वल्लभभाई पटेल भारत के सच्चे राष्ट्र निर्माता थे, जिन्होंने 562 रियासतों को जोड़कर भारत को एक अखंड राष्ट्र के रूप में खड़ा किया। उन्होंने कहा कि आज की यह रन फॉर यूनिटी केवल एक दौड़ नहीं है, बल्कि यह हमारे देश की अखंडता, एकता और सामूहिक शक्ति का प्रतीक है। सरदार पटेल ने हमें सिखाया कि जब देश के लोग एकजुट रहते हैं, तब कोई भी शक्ति भारत की प्रगति को रोक नहीं सकती।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी व गृह मंत्री श्री अमित शाह ने लोह पुरूष के पदि्चन्हों पर चलते हुए जम्मू कश्मीर से धारा-370 को हटाकर एक भारत श्रेष्ठ भारत का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि आज देश उसी एकता की भावना को आगे बढ़ा रहा है, जिसका सपना सरदार पटेल ने देखा था। रन फॉर यूनिटी हमें याद दिलाती है कि भारत केवल भौगोलिक रूप से नहीं, बल्कि विचार, संस्कृति और भावना से भी एक है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश विजन 2047 की दिशा में आगे बढ़ रहा है। यह वह लक्ष्य है जब भारत अपनी आज़ादी के 100 वर्ष पूरे करेगा और एक विकसित भारत के रूप में विश्व में अग्रणी स्थान पर होगा। इस संकल्प को पूरा करने के लिए हम सभी मिलकर देश के विकास में अपना अहम योगदान देंगे। अंत में प्रदेशाध्यक्ष ने डीएवी स्कूल में रन फॉर यूनिटी के समापन अवसर पर सभी उपस्थित युवाओं को एकता दिवस की शपथ दिलाई।

इस मौके पर विधायक पवन खरखौदा ने कहा कि सरदार पटेल का जीवन हमें यह प्रेरणा देता है कि दृढ़ संकल्प और एकजुटता के बल पर कोई भी असंभव कार्य संभव किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि युवाओं को सरदार पटेल के विचारों को अपने जीवन में अपनाकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देना चाहिए।

मेयर राजीव जैन ने कहा कि रन फॉर यूनिटी जैसे आयोजनों से समाज में राष्ट्र प्रेम और भाईचारे की भावना मजबूत होती है। उन्होंने कहा कि एकता की भावना ही भारत की सबसे बड़ी ताकत है, और सरदार पटेल का जीवन इसी भावना का प्रतिरूप है। सरदार वल्लभभाई पटेल का जीवन हमें यह सिखाता है कि एक सशक्त राष्ट्र तभी बन सकता है जब हर नागरिक, हर गांव, हर प्रदेश आपस में एकता और भाईचारे की भावना से जुड़े हो। इस अवसर पर पुलिस आयुक्त ममता सिंह, उपायुक्त सुशील सारवान, एसडीएम सुभाष चंद्र, नगराधीश डॉ0 अनमोल, नगर निगम की संयुक्त आयुक्त मीतू धनखड़, जिला परिषद की चेयरपर्सन मोनिका दहिया, भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक भारद्वाज, वरिष्ठ भाजपा नेता माई राम कौशिक, आजाद सिंह नेहरा, तरूण देवीदास, निशांत छोक्कर, सुनीता लोहचब, किरण बाला, रन फॉर यूनिटी के भाजपा जिला संयोजक नंदकिशोर चौहान, बबीता दहिया, सुरेन्द्र मदान, पवन तनेजा, डीईओ नवीन गुलिया, डीएसओ मनोज कुमार सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# खेल स्कूल राई की अंडर-14 टीम ने आईपीएससी क्रिकेट टूर्नामेंट में मारी बाजी

**शानदार प्रदर्शन कर राष्ट्रीय स्तर के चयन की दावेदारी मजबूत की**

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

राई। खेल स्कूल राई की अंडर-14 क्रिकेट टीम ने ऑल इंडिया आईपीएससी अंडर-14 क्रिकेट टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए तीसरा स्थान प्राप्त किया। यह प्रतियोगिता 23 अक्टूबर से 27 अक्टूबर तक बी.के. बिड़ला सेंटर ऑफ एजुकेशन में आयोजित की गई थी, जिसमें कुल 18 टीमों के 288 खिलाड़ियों ने भाग लिया। खेल स्कूल राई की टीम ने टूर्नामेंट की शुरुआत बेहतरीन जीत के साथ की।पहले मैच में उन्होंने बीपीएस पिलानी को हराया, जिसमें अर्पन को 'मैन ऑफ द मैच' घोषित किया गया। दूसरे मैच में



एमएनएसएस ने बी.के. बिड़ला स्कूल को हराया, इस मुकाबले में भाव्या को 'मैन ऑफ द मैच' मिला। तीसरे स्थान के लिए हुए मुकाबले में एमएनएसएस राय ने डीपीएस आर.के. पुरम को 79 रनों से हराकर तीसरा स्थान अपने नाम किया।

एमएनएसएस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 118/4 रन बनाए। विराट चौधरी ने 50 रन और आंश ने 48 रन की शानदार पारियां खेलीं। जवाब में डीपीएस आर.के. पुरम की टीम मात्र 39/8 रन ही बना सकी। एमएनएसएस के लक्ष्य यादव ने 3 विकेट और आंश ने 2 विकेट हासिल किए। स्कूल पहुंचने पर प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार धीमान ने टीम का गर्मजोशी से स्वागत किया और खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह सफलता विद्यालय के अनुशासन, मेहनत और खेल भावना का परिणाम है।

## चोरी के मामले में एक अन्य आरोपी गिरफ्तार, सोना जेवरात बरामद

**अम्बाला (रवि पाहुजा)।** अम्बाला पुलिस द्वारा चोरी/लूट/स्नैचिंग की वारदातों पर रोक लगाने के लिए अभियान चलाकर अपराधों की रोकथाम व आपराधिक मामले में वांछित आरोपियों के खिलाफ कठोरता से कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में थाना अम्बाला छावनी में दर्ज चोरी के मामले में 30 अक्तूबर 2025 को सीआईए-2 के पुलिस दल ने निरीक्षक अनिल कुमार के नेतृत्व में कार्यवाही करते हुए आरोपी रिक्की निवासी ग्वाल मण्डी अम्बाला छावनी थाना अम्बाला छावनी जिला अम्बाला को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। इस मामले में संलिप्त अब तक 04 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। इस मामले के सम्बन्ध में शिकायतकर्ता यशवंत निवासी दुरन्द रोड अम्बाला छावनी जिला अम्बाला ने 20 जनवरी 2025 को थाना अम्बाला छावनी में शिकायत दर्ज करवाई थी कि 17/18 जनवरी 2025 की रात्रि दुरन्द रोड पर स्थित उसके सरकारी आवास से अज्ञात आरोपी ने सोना जेवरात व मोबाइल चोरी किया है।

## चोरी के मामले में एक अन्य आरोपी गिरफ्तार

**अम्बाला (रवि पाहुजा)।** अम्बाला पुलिस द्वारा चोरी/लूट/स्नैचिंग की वारदातों पर रोक लगाने के लिए अभियान चलाकर अपराधों की रोकथाम व आपराधिक मामले में वांछित आरोपियों के खिलाफ कठोरता से कार्यवाही की जा रही है। इसी क?ी में थाना अम्बाला छावनी में दर्ज चोरी के मामले में 30 अक्तूबर 2025 को थाना अम्बाला छावनी के पुलिस दल ने प्रबन्धक थाना अम्बाला छावनी निरीक्षक सुरेन्द्र सिहँ के नेतृत्व में चैकी प्रभारी तोपखाना उप निरीक्षक शमशेर सिहँ ढुल्ल व उनकी टीम ने कार्यवाही करते हुए मामले में संलिप्त अन्य आरोपी समीर आनन्द निवासी आनन्द नगर अम्बाला छावनी जिला अम्बाला को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। इस मामले के सम्बन्ध में शिकायतकर्ता श्री सुनील कुमार निवासी निवासी राजिन्द्र सिहँ इन्कलेव अम्बाला छावनी जिला अम्बाला ने 14 अक्तूबर 2025 को थाना अम्बाला छावनी में शिकायत दर्ज करवाई थी कि 12 अक्तूबर 2025 को राजिन्द्र सिहँ इन्कलेव अम्बाला छावनी में स्थित उसके मकान से अज्ञात आरोपी ने पानी के नल चोरी किए है।

# सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर पुलिस कर्मियों ने विधार्थियो कों दिलाई राष्ट्रीय एकता व अखंडता की शपथ

अर्थ प्रकाश/मनदीप कुमार

समालखा। शहर के उपपुलिस अधीक्षक नरेंद्र कादियान के दिशा निर्देश से थाना प्रभारी दीपक के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा शुक्रवार को वैश्य बॉयज स्कुल में देश के प्रथम गृहमंत्री व देश को एकता के सूत्र में पिरोने वाले लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम में विधार्थियो को राष्ट्रीय एकता और अखंडता बनाए रखने की शपथ दिलाई। थाना प्रभारी दीपक कुमार ने चौकी इंचार्ज अनिल के साथ विधार्थियो को राष्ट्रीय एकता व अखंडता का संदेश दिया। इससे पूर्व कार्यक्रम में पहुंचने पर स्कुल की संस्था से प्रधान राजेंद्र गोयल अपार धन राजेंद्र गर्ग मैनेजर राधेश्याम जिंदल और प्रिंसिपल नानू सिंह द्वारा पुलिस टीम का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया।

थाना प्रभारी दिपक ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि देश के महानायक सरदार वल्लभभाई पटेल की याद में यह दिन मनाया जाता है। किसी भी देश की तरक्की, समृद्धि, सुख और शांति के लिए सबसे जरूरी है उस देश के लोगों का आपस का भाईचारा है।

वहीं शहरी चौकी इंचार्ज अनिल ने बताया कि हम सभी को उनके बताए हुए रास्ते पर चलने का प्रयास करना चाहिए। राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को



बनाए रखने के लिए खुद को समर्पित करें।

स्कुल प्रिंसिपल नानू सिंह ने जानकारी देते बताया कि राष्ट्रीय एकता दिवस व राष्ट्रीय सुरक्षा के संदर्भ में उपमंडल थाना पुलिस टीम ने वैश्य बॉयज स्कुल में पहुंचकर विद्यार्थियों व स्टाफ को एकता, अखंडता और सद्भावना की शपथ दिलाई तथा उन्हें मोबाइल के दुरुपयोग, महिला सुरक्षा, यातायात नियम, नशे के दुष्परिणाम व साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। नशे के विरुद्ध मानस पोर्टल (1933) व साइबर अपराध की शिकायत हेतु राष्ट्रीय हेल्पलाइन नंबर 1930 की जानकारी दी गई। इस दौरान मैनेजर राधेश्याम जिंदल, खजांची अनुज मित्तल, सचिव वेद प्रकाश गुप्ता सहित समस्त स्टाफ व अन्य पुलिस कर्मचारी मौजूद रहे।

**गन्नौर में रन फॉर यूनिटी का आयोजन**

# युवा ही देश की असली ताकत: विधायक कादियान

**रन फॉर यूनिटी में 1400 प्रतिभागियों ने 4 किलोमीटर लगाई दौड़, विधायक कादियान ने मशाल लेकर अगुवाई करते हुए दौड़े**

अर्थ प्रकाश/सुरेन्द्र कुमार

गन्नौर। सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर गुरुवार को जैन कॉलेज, रोटरी क्लब ऑफ सेंट्रल और देवा सोशल डेवलपमेंट सोसायटी के संयुक्त तत्वाधान में रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज प्राचार्य डा. मनोज कुमार ने की। जबकि बतौर मुख्यातिथि विधायक देवेंद्र कादियान व रोटेरियन डिस्ट्रिक्ट गवर्नर अमिता मेहन्द्रू ने शिरकत की, विशिष्ट अतिथि पूर्वी जोन डीसीपी प्रबीना पी., एसडीएम प्रवेश कादियान, प्रधान आनंद जैन और बीईओ आजाद दहिया रहे। अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और



शांति के प्रतीक गुब्बारे आकाश में छोड़े।

रन फॉर यूनिटी की शुरूआत जैन कॉलेज से हुई और समापन नगरपालिका रोड स्थित राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल पर हुआ। कार्यक्रम में करीब 20 स्कूल, कॉलेज, कोचिंग सेंटर और विभिन्न संस्थाओं के लगभग 1400 छात्र, युवा और महिलाएं शामिल हुई। इसमें 1000 के आसपास छात्रा व महिलाएं थी। सभी ने एक भारत श्रेष्ठ भारत के नारों के साथ करीब 4 किलोमीटर तक दौड़ लगाई। विधायक देवेंद्र कादियान ने मशाल जलाकर दौड़ की अगुवाई की। समापन पर कार्यक्रम में हिस्सा लेने वाले स्कूलों और संस्थाओं को विधायक ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। नशे से दूर रहकर शिक्षा पर ध्यान दें युवाः कादियान विधायक देवेंद्र कादियान ने कहा कि युवा ही देश की असली ताकत है। सरदार पटेल ने जिस एकता और अखंडता का सपना देखा था, उसे साकार करने की जिम्मेदारी आज के युवाओं पर है। अगर युवा नशे से दूर रहकर शिक्षा, खेल और राष्ट्रसेवा में आगे बढ़ेंगे तो भारत विश्वगुरु बनने की राह पर तेजी से बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि सरकार युवाओं को शिक्षा, खेल और रोजगार में बेहतर अवसर देने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। वहीं, रोटेरियन अमिता मेहन्द्रू ने कहा कि रोटरी क्लब समाज में सेवा, एकता और सहयोग की भावना को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। इस मौके पर एसीपी ऋषिकांत, एसएचओ महेश कुमार, समाजसेवी अंकित मल्होत्रा, सरपंच महेश त्यागी, प्रिंसिपल अरुणलता, निशांत गोयल, तरुण चुघ, नीरज जाग्या, सुरेंद्र जाग्या, पीटर त्यागी, सुशील त्यागी, जगबीर देशवाल,वरुण जैन, शमशाद खान, भूषण भाटिया, शालिनी जैन, दिनेश अदलखा, ईश्वर कश्यप, अजय सरोहा, पवन जिंदल आदि मौजूद रहे।


अर्थ प्रकाश क्लासीफाइड CLASSIFIED ADS
आज ही बुक करें
PH. : 0172-2638515, 98883-03520
Email : arthparkashadvt29@gmail.com

**सार्वजनिक सूचना**

I, Nirmala Devi w/o Sh. Mata Ram r/o Village Dewka Purla, P.O. & Tehsil Nahan, District Sirmaur (H.P.) have changed the name of my minor son Sudhansh Chauhan (Old Name) to Sudhanshu Chauhan (New Name). All concerned please note.
एपी-5356

**मैं,** हरमन दीप सिंह पुत्र चरणजीत सिंह वासी मकान नं 2363, अर्बन एस्टेट, सैक्टर 13 करनाल ब्यान करता हूँ मैंने अपना नाम बदलकर हरमनदीप सिंह से हरमन दीप सिंह रखा है।

**मैं,** सनमदीप कौर पुत्री महिंदर सिंह वासी मकान नं 344 नजदीक गुरुद्वारा बराड़ा अम्बाला ने अपना नाम बदलकर कौर सनमदीप रखा है।

**मैं,** राज कौर पत्नी महिंदर सिंह वासी मकान नं 344 नजदीक गुरुद्वारा बराड़ा अम्बाला ने अपना नाम बदलकर कौर राज रखा है।

**मैं,** सरोज पत्नी जसबीर सिंह मैहरा निवासी मकान न0. 19-20, अशोक विहार कॉलोनी, डाकखाना मधुबन करनाल ने अपना नाम सरोज से बदलकर सरोज देवी रख लिया है।

**मैं,** जसबीर सिंह पुत्र हुक्मी निवासी मकान न0. 19-20, अशोक विहार कॉलोनी कमबोह पूरा, डाकखाना मधुबन करनाल ने अपना नाम जसबीर सिंह से बदलकर जसबीर सिंह मैहरा रख लिया है।

**मैं,** राज किरण जोहरी वासी बी-101, नाबार्ड विहार, सैक्टर 66, प्लाट नं.3, मोहाली एस ए एस नगर ने अपनी नाबालिग पुत्री का नाम बदलकर रितीशा से रितीशा जोहरी रखा है।

**मैं,** अनिल कुमार गुप्ता पुत्र हरबंस लाल वासी मकान नं. 85, सैक्टर 6, पंचकूला, हरियाणा ने अपना नाम बदलकर अनिल कुमार रखा है।

**मैं,** वंदना शर्मा पत्नी विनय कुमार वासी मकान नं 985/ए NR नागोरी गेट बाजार वकीलान हिसार हरियाणा 125001. ब्यान करती हूँ की मैंने अपना नाम बदलकर वंदना शर्मा से वंदना रानी रखा है, भविष्य के सभी कार्यो लिए।
एपी-5358

**मैं,** रवि शंकर, पुत्र विजय नारायण सिंह, निवासी क्वार्टर नं. 1055 टाइप 3, ग्राउंड फ्लोर सेक्टर 7 बी, चंडीगढ़, ने अपनी नाबालिग बेटी का नाम स्निग्धा से बदलकर स्निग्धा सिन्हा रख लिया है।
एपी-5359

**मैं,** प्रदीप कुमार पुत्र महाबीर सिंह निवासी क्रांति मोहल्ला , सीवन जिला कैथल (हरियाणा) अपना नाम प्रदीप कुमार से बदलकर प्रदीप (नाम) कुमार (उपनाम) रखता हूँ। संबंधित कृपया नोट करें।
एपी-5366

**मैं,** रमनदीप कौर पुत्री श्री गुरचरण सिंह निवासी #5907 मॉडर्न हाउसिंग कॉम्प्लेक्स मनीमाजरा सेक्टर-13, चंडीगढ़-160101, मैंने अपना नाम रमनदीप कौर से बदलकर रमनदीप कौर मान रख लिया है।
एपी-5362

**मैं,** निधि वशिष्ट पत्नी श्री धरिंदर वशिष्ट निवासी मकान नंबर- 113, कमांड हॉस्पिटल के पास, सेक्टर 6 पंचकुला, हरियाणा-134109, घोषणा करती हूं कि मैंने अपने नाबालिग बेटे का नाम तर्श वशिष्ट से बदलकर मिहिरान वशिष्ट कर दिया है।

**मैं,** सैन्य संख्या 15817735एन रैंक हवलदार नाम राकेश मैं भारतीय सेना में सेवारत हूं और वर्तमान में मुख्यालय पश्चिमी कमान (आयुध) में तैनात हूं और मेरी मां वर्तमान में गांव- गालर, तहसील-सिद्धमुख, जिला- चुरू, राजस्थान, पिन-331701 में रहती हैं। मैं घोषणा करता हूं कि मैंने सरकारी दस्तावेजों यानी आधार कार्ड और पैन कार्ड के अनुसार अपनी मां का नाम लीलावती देवी से बदलकर लीलावती कर लिया है और मेरी मां की सही जन्मतिथि 01/01/1968 है।

I, SULTAN BEE is Mother of Army No: 9931460M Rank-RFN Name- Dilbar Ali Presently Posted at Unit: 5 Ladakh Scouts C/o 56 APO Permanent Address: VTC: Chulichan, PO: Batalik, Sub District: Kargil, District: Kargil, State: Jammu And Kashmir, Pin Code: 194103 declare that I have Correct my Date of Birth from 01/01/1978 to 17/05/1975.

**मैं,** ममता चिंता सैन्य नंबर- 14832734एम रैंक- हवलदार/एमटी नाम- कृष्णा राव की कानूनी रूप से विवाहिता पत्नी हुं जो वर्तमान में यूनिट- 519 एएससी बटालियन सी/ओ 56 एपीओ में तैनात है स्थायी पता- 0000, मेन स्ट्रीट, चिंतावानीपेटा, वज्रपुकोत्तुरु, अमलापाडु, श्रीकाकुलम, आंध्र प्रदेश, 532218 घोषणा करती हूं कि मैंने अपना नाम ममता चिंता से बदलकर चिंता मामाथा कर लिया है। शपथ पत्र संख्या- 11AA219076, दिनांक- 31/10/2025

**मैं,** सैन्य संख्या- 14832734एम रैंक- हवलदार/एमटी नाम- कृष्णा राव वर्तमान में यूनिट में तैनात- 519 एएससी बटालियन सी/ओ 56 एपीओ में तैनात हूं स्थायी पता- 0000, मेन स्ट्रीट, चिंतावानीपेटा, वज्रपुकोट्टूरू, अमलापाडु, श्रीकाकुलम, आंध्र प्रदेश, 532218 घोषणा करता हूं कि मैंने अपनी बेटी का नाम चिंता तनीषा (CHINTA TANISHA) से बदलकर चिंता तनीशा (CHINTA TANEESHA) कर दिया है। शपथ पत्र संख्या- 11AA219077, दिनांक- 31/10/2025

**मैं,** सैन्य संख्या- 14865661L रैंक- सिपाही/एमटी नाम- मालेक शकीलमियाँ फकरुमियाँ वर्तमान में यूनिट- 519 एएससी बटालियन सी/ओ 56 एपीओ में तैनात है स्थायी पता- वादी फलियु, रावली, रावली, आनंद, गुजरात- 387375 घोषणा करता हूँ कि मैंने अपने बेटे का नाम मोहम्मद अदनान से बदलकर मोहम्मद अदनान शकीलमियाँ मालेक कर लिया है। शपथ पत्र संख्या- 11AA 219290, दिनांक- 31/10/2025
एपी-5361

**मैं,** रामफल पुत्र श्री छोटू राम निवासी गांव खाण्डा खेडी तहसील असंध जिला करनाल ब्यान करता हूं कि मैंने अपने पुत्र संदीप और पुत्रवधु रामदीप को 06/08/2021 को नोटरी के माध्यम से बेदखल किया था। अब मेरा पुत्र संदीप व पुत्रवधु रामदीप मेरे कहने सुनने में है। इसलिए मैं अब उनकी बेदखली वापिस करना चाहता हूँ। सभी संबंधित नोट करे।

मैं No. 18024178K, रैंक L/NK, Vijay Samant पुत्र स्वर्गीय Sh. Gopal Singh Samant, यूनिट 57 Engr. निवासी Khetalsanda Mustajar, Khetal Sanda Mustnagar, उधम सिंह नगर, उत्तराखंड-262308 ब्यान करता हूँ कि मेरे सेवा रिकॉर्ड में मेरी मां का नाम Heera Devi गलत दर्ज है। उनका सही नाम Hira Saun है। सम्बंधित नोट करें।

मैं Karanvir पुत्र योगिंदर सिंह, निवासी मकान नंबर 5601, मलोया कॉलोनी, मलोया, चंडीगढ़, ने अपना नाम Karanvir से बदलकर Karanvir Singh कर लिया है।

**मैं,** अंजू बाला धवन, पत्नी श्री अरुण कुमार धवन, निवासी फ्लैट नंबर 876, शिवालिक सोसाइटी, सेक्टर-49-ए, चंडीगढ़-160047, घोषणा करती हूं कि अंजू बाला धवन, अंजू बाला और अंजू धवन एक ही व्यक्ति हैं।
एपी-5362

**मैं,** विनोद पुत्र धर्म सिंह निवासी 824 मंदिर वाली गली गुढ़ा (23) करनाल हरियाणा 132114 मैंने अपना नाम विनोद से बदलकर विनोद कुमार रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए।

**मैं,** रेखा रानी पत्नी पवन कुमार निवासी मकान नंबर 55A गांव व डाकघर मनु माजरा (237) जिला अंबाला हरियाणा 133205 मैंने अपना नाम रेखा रानी से बदलकर रेखा रख लिया है भविष्य में मैं इसी नाम से जानी जाना चाहती हूं।
एपी-5363

**मैं,** संख्या -15346976N, रैंक - हवलदार, नाम - तेजबीर, वर्तमान में निवासी - गांव व डाक. मूंदड़ी, तहसील व जिला कैथल, हरियाणा-136042, यह शपथपूर्वक घोषणा करता हूँ कि मैंने अपनी माता का नाम सुशीला देवी से बदलकर सुगनी देवी सुशीला देवी कर दिया है, क्योंकि मेरी सेवा अभिलेखों (सर्विस डॉक्यूमेंट्स) में उनका नाम त्रुटिवश एवं अनजाने में गलत दर्ज हो गया था। मेरे सेवा अभिलेखों में मेरी माता की जन्म तिथि 11/02/1962 अंकित है, जबकि उनकी सही जन्म तिथि 01/01/1962 है। अतः मेरी माता का सही नाम सुगनी देवी सुशीला देवी तथा जन्म तिथि 01/01/1962 ही मानी जाए। यह शपथ पत्र दिनांक 25/10/2025 को दिल्ली (भारत) में नोटरी पब्लिक के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।
एपी-5365

**बेदखली सूचना**

**मैं,** ईश्वर सिंह पुत्र स्वर्गीय श्री मुख राम निवासी मकान नंबर 755, सेक्टर 48ए, चंडीगढ़, घोषणा करता हूँ कि मेरा पुत्र प्रदीप कुमार उम्र 43 वर्ष मेरे नियंत्रण से बाहर हैं इसलिए मैं उसे अपनी सभी चल / अचल संपत्तियों से बेदखल करता हूँ। जो भी व्यक्ति उससे लेन-देन करेगा उसका जिम्मेवार वो खुद होगा।
एपी-5357

**मैं,** जतिंदर पुत्र उमेद सिंह, निवासी मकान सं 1294, सेक्टर 56, चंडीगढ़, घोषणा करता हूँ कि मेरी बेटी स्नेहा मेरे कहने सुनने से बाहर है। इसलिए मैं उसे अपनी सभी चल-अचल संपत्तियों से बेदखल करता हूँ। उसके साथ लेन देन करने वाला खुद जिम्मेदार होगा। मैं उसके किसी भी कार्यो के लिए जिम्मेदार नहीं होऊंगा।
एपी-5359

**मैं,** रमा देवी पत्नी श्री विनोद कुमार पुत्र श्री ब्रहमस्वरूप, निवासी गांव हथवाला, तहसील समालखा, जिला पानीपत ब्यान करती हूं कि मेरा पुत्र अतुल व उसकी पत्नी पवित्रा मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने से बाहर है। इसलिए मैं उनको अपनी चल-अचल सम्पति से बेदखल करती हूं। भविष्य में उनके संबंध रखने वाला या लेन देन करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।
एपी-5360

हम रामचंद्र पुत्र श्री कृष्ण व बाला देवी पत्नी रामचंद्र निवासी गांव कलसौरा जिला करनाल हाल निवासी गांव अमुपुर तहसील व जिला करनाल ब्यान करते है कि हमारा पुत्र कुलदीप और उसकी पत्नी रशमी हमारे कहने सुनने से बाहर है।वे हमारी बिलकुल भी नहीं मानते है।इसलिए हम उनको अपनी चल अचल संपति से बेदखल करते है। भविष्य में उनसे लेन देन करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा।

हम रामचंद्र पुत्र श्री कृष्ण व बाला देवी पत्नी रामचंद्र निवासी गांव कलसौरा जिला करनाल हाल निवासी गांव अमुपुर तहसील व जिला करनाल ब्यान करते है कि हमारा पुत्र सुखदेव और उसकी पत्नी हेमलता हमारे कहने सुनने से बाहर है।वे हमारी बिलकुल भी नहीं मानते है।इसलिए हम उनको अपनी चल अचल संपति से बेदखल करते है।भविष्य में उनसे लेन देन करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा।
एपी-5362

**आवश्यक सूचना**
अर्थ प्रकाश में क्लासीफाइड विज्ञापन देने के लिए 9988934664 पर संपर्क करें।

**मैं,** सुरेन्द्र कुमार पुत्र सुभाष चंद निवासी #262, वार्ड नंबर 17, गुरु नानक कॉलोनी पिहेवा, तहसील पिहेवा जिला कुरुक्षेत्र बयान करता हूं कि विपिन कुमार मेरा सगा पुत्र व वंदना रानी मेरी पुत्रवधु है और मानवी मेरी पौत्री है यह तीनों मेरे कहने सुनने से बाहर हैं और मेरे परिवार से अलग रहते हैं इसलिए मैं इन तीनों को अपनी तमाम चल व अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में इनके साथ लेनदेन वह लड़ाई झगड़ा वह नैतिक अनैतिक कार्य करने वाला स्वयं जिम्मेदार होगा मेरी या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।
एपी-5362

**मैं,** रघबीर सिंह पुत्र श्री सोरण राम, निवासी ग्राम व डा. बापा, तह. रादौर, जिला यमुनानगर ब्यान करता हूं कि मेरा लड़की का नाम सुमन उम्र 34 वर्ष है। जोकि शादीशुदा है जिसकी शादी महाबीर पुत्र श्री रमेश निवासी गांव चूहड़पुर कलां जिला यमुनानगर के साथ दोनों परिवारों की उपस्थिति में व उनकी सहमति से हुई थी। मेरी लड़की सुमन व उसका पति महाबीर मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने से बाहर है और मेरे व मेरे परिवार के साथ लड़ाई झगड़ा करते हैं। इसलिए मैं अपनी लड़की सुमन व उसके पति महाबीर को अपनी चल- अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। इनके साथ जो भी कोई लेन-देन करेगा वह स्वयं जिम्मेवार होगा। अब मेरा वा मेरे परिवार के किसी सदस्य का इसके साथ कोई वास्ता नहीं है और ना ही भविष्य में रहेगा।
एपी-5364

**ਬੇਦਖਲੀ ਸੂਚਨਾ**

ਮੈਂ ਕਮਲਜੀਤ ਪਤਨੀ ਸ਼੍ਰੀ ਯਸ਼ ਪਾਲ ਵਾਸੀ ਵਿਸ਼ਨੂੰ ਨਗਰ ਲਮੀਨੀ ਪਠਾਨਕੋਟ, ਤਹਿਸੀਲ ਤੇ ਜ਼ਿਲ੍ਹਾ ਪਠਾਨਕੋਟ ਦੀ ਰਹਿਣ ਵਾਲੀ ਹਾਂ। ਮੇਰਾ ਲੜਕਾ ਰਾਕੇਸ਼ ਕੁਮਾਰ ਜਿਸ ਦੀ ਮਿਤੀ 23 ਅਗਸਤ 2024 ਨੂੰ ਮੌਤ ਹੋ ਚੁੱਕੀ ਹੈ। ਉਸ ਦੀ ਪਤਨੀ ਸ਼ਰਨਜੀਤ ਕੌਰ ਅਤੇ ਉਸ ਦੀਆਂ ਦੋ ਲੜਕੀਆਂ ਪਲਕ ਅਤੇ ਜਾਨਵੀ ਤਿੰਨੋਂ ਮੇਰੇ ਕਹਿਣੇ ਤੋਂ ਬਾਹਰ ਹਨ। ਸੋ ਅੱਜ ਮੈਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਤਿੰਨਾਂ ਨੂੰ ਆਪਣੀ ਤਮਾਮ ਚੱਲ ਅਚੱਲ ਜਾਇਦਾਦ ਤੋਂ ਬੇਦਖਲ ਕਰਦੀ ਹਾਂ। ਅੱਜ ਤੋਂ ਬਾਅਦ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨਾਲ ਜੋ ਵੀ ਲੈਣ ਦੇਣ ਕਰੇਗਾ ਉਹ ਖੁਦ ਜਿੰਮੇਵਾਰ ਹੋਵੇਗਾ। ਸਬੰਧਤ ਨੋਟ ਕਰਨ।
एपी-5367

ਮੈ ਵਿਨੋਦ ਕੁਮਾਰ ਪੁੱਤਰ ਰਮੇਸ਼ ਚੰਦ ਪਿੰਡ ਨੂਰਪੁਰਕਲਾਂ ਡਾਕਘਰ ਨੂਰਪੁਰਬੇਦੀ (ਰੂਪਨਗਰ) ਬਿਆਨ ਕਰਦਾਂ ਹਾਂ ਕਿ ਮੇਰਾ ਲੜਕਾ ਧੀਰਜ ਕੁਮਾਰ ਮੇਰੇ ਕਹਿਣੇ ਤੋ ਬਾਹਰ ਮੈ ਉਸ ਨੂੰ ਆਪਣੀ ਚੱਲ ਅਚੱਲ ਜਾਇਦਾਦ ਤੋ ਬੇਦਖਲ ਕਰਦਾਂ ਹਾਂ ਉਸ ਨਾਲ ਲੇਣ ਦੇਣ ਕਰਨ ਵਾਲਾ ਖੁੱਦ ਜਿੰਮੇਵਾਰ ਹੋਵੇਗਾ
एपी-5362

अर्थ प्रकाश
समाचार पत्र में अपना विज्ञापन लेकर अपने व्यापार को लाभांवित करें


**आवश्यक सूचना**


अर्थ प्रकाश (हाउस ऑफ प्रिंट एंड डिजिटल मीडिया) का इस समाचार पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/ क्लासीफाइड) के तथ्यों संबंधी कोई दायित्व नहीं है। हमारा समाचार पत्र इनको सत्यापित नहीं करता है। किसी भी प्रकार के विज्ञापनों में पाठकों से विनती है कि वह कोई भी प्रतिक्रिया करने से पहले, विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पूर्व तथ्यों की स्वयं पुष्टि कर लें। यह समाचार पत्र उपरोक्त किसी भी विज्ञापन के प्रति उत्तरदायी नहीं होगा।

हरियाणा सरकार

धरम हेत साका जिनि कीआ ॥
सीसु दीआ परु सिररु न दीआ ॥

श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350 वें शहीदी वर्ष को समर्पित



## बलिदान, शांति और मानवता के प्रतीक
# श्री गुरु तेग बहादुर जी का 350वां शहीदी दिवस
## 25 नवम्बर, 2025



"मैं श्री गुरु तेग बहादुर जी को उनके शहीदी दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। उनके साहस और सिद्धांतों के साथ-साथ आदर्शों के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता के लिए पूरी दुनिया में उनकी प्रशंसा की जाती है। उन्होंने अत्याचार और अन्याय के सामने झुकने से इनकार कर दिया। उनकी शिक्षाएँ हमें आज भी प्रेरित करती हैं।"

\- नरेन्द्र मोदी

## गुरु साहिब जी की स्मृति में हरियाणा सरकार द्वारा राज्य भर में कार्यक्रमों का आयोजन
### (1 से 25 नवम्बर, 2025)

### गुरु साहिब जी के आदर्शों से प्रेरित पूरे राज्य में होंगे विशेष कार्यक्रम

**1-25 नवम्बर, 2025**
- 1 नवम्बर को **मेगा रक्तदान शिविर**
- 2 से 25 नवम्बर तक **350 अन्य रक्तदान शिविरों** का आयोजन

**3 नवम्बर, 2025**
- विद्यालयों में निबंध प्रतियोगिता व **'सुनो कहानी गुरु तेग बहादुर जी की'** कार्यक्रम

**8 नवम्बर, 2025**
- रोड़ी (सिरसा) से **शहीदी यात्रा**
- राष्ट्रीय सेमिनार एवं गुरु साहिब जी की जीवनी पर **किताब का विमोचन**

**9 नवम्बर, 2025**
- **'हिंद दी चादर'** मैराथन का करनाल में आयोजन

**11 नवम्बर, 2025**
- गांव मढ़ावाला, पिंजौर (पंचकूला) से **शहीदी यात्रा**

**14 नवम्बर, 2025**
- फरीदाबाद से **शहीदी यात्रा**

**18 नवम्बर, 2025**
- सढौरा (यमुनानगर) से **शहीदी यात्रा**
- कलेसर (यमुनानगर) में **'गुरु तेग बहादुर वन'** का उद्घाटन

**24 नवम्बर, 2025**
- आपसी सौहार्द और एकता का प्रतीक **सर्व-धर्म सम्मेलन (Interfaith Conference)**

**25 नवम्बर, 2025** **समापन समारोह**, कुरुक्षेत्र

## हरियाणा के सभी विश्वविद्यालयों में गुरु साहिब जी के जीवन पर आधारित सेमिनार तथा प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर लाइट एवं साउंड शो का आयोजन

सूचना, लोक संपर्क तथा भाषा विभाग, हरियाणा के WhatsApp चैनल से जुड़ने के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें

सूचना, लोक संपर्क तथा भाषा विभाग, हरियाणा

www.prharyana.gov.in | Follow us on @dipriharyana

# 'पंजाब नशे में नंबर वन, मिलजुलकर करेंगे मुकाबला' : गुलाब चंद कटारिया

**सुखना लेक पर 'रन फॉर यूनिटी' में बोले—केवल सरकार नहीं, समाज को भी निभानी होगी भूमिका**

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा

**चंडीगढ़, 31 अक्टूबर।** सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर शुक्रवार को चंडीगढ़ के सुखना लेक पर ÷रन फॉर यूनिटी÷ कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस मौके पर पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्कूली छात्र, पुलिस कर्मी और आम नागरिक मौजूद रहे। राज्यपाल ने इस अवसर पर पंजाब में नशे की बढ़ती समस्या पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि 'नशा केवल पंजाब की नहीं, बल्कि पूरे देश की समस्या है। आज पंजाब इस मामले में नंबर वन स्थिति में पहुंच गया है, जो हमारे भविष्य के लिए गंभीर चुनौती है।' कटारिया ने कहा कि सिर्फ सरकार या कुछ एजेंसियों के प्रयासों से यह समस्या खत्म नहीं होगी।



समाज के हर वर्ग को इसमें शामिल होना होगा। उन्होंने बताया कि पिछले 4-5 महीनों में सरकार ने नशे के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है और कई धार्मिक गुरुओं ने भी इस दिशा में कदम उठाए हैं।

### सरदार पटेल को श्रद्धांजलि

राज्यपाल ने सरदार पटेल को आधुनिक भारत का शिल्पकार बताते हुए कहा कि आज का अखंड भारत उनके दृढ़ नेतृत्व की देन है। उन्होंने कहा कि 'आज तक किसी ने नहीं कहा कि सरदार पटेल ने समाज को तोड़ने का काम किया। उन्होंने हमेशा जोड़ने का प्रयास किया।' सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि पटेल ने देश की आस्था को पुनः स्थापित किया। 'हमारे सम्मान के प्रतीक हमारे भविष्य के बच्चों को प्रेरित करते हैं'।

### एकता का संदेश लेकर दौड़ा चंडीगढ़

सुखना लेक से शुरू हुई इस दौड़ में एनएएस (नेशनल अकादमी ऑफ स्पोर्ट्स) के छात्र, पुलिस बल की टुकड़ियां और बड़ी संख्या में नागरिकों ने भाग लिया। पूरे आयोजन में 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' का संदेश गूंजता रहा।

## राष्ट्रीय एकता दिवस पर चंडीगढ़ प्रशासन में गूंजा एकता का संदेश

**मुख्य सचिव एच. राजेश प्रसाद ने दिलाई अधिकारियों-कर्मचारियों को एकता की शपथ**

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा

**चंडीगढ़, 31 अक्टूबर।** सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर शुक्रवार को यू.टी. सचिवालय में राष्ट्रीय एकता दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर यू.टी. चंडीगढ़ के मुख्य सचिव एच. राजेश प्रसाद ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा बनाए रखने तथा इस संदेश को समाज के हर वर्ग तक पहुँचाने का संकल्प लिया। मुख्य सचिव ने अपने संबोधन में कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल ने अपने अदम्य साहस, दृढ़ निश्चय और दूरदर्शी नेतृत्व से देश के एकीकरण में जो ऐतिहासिक योगदान दिया, वह हमेशा प्रेरणास्रोत रहेगा।



इस अवसर पर गृह सचिव मनदीप सिंह बराड़, सचिव शिक्षा सुश्री प्रेरणा पुरी, सचिव कार्मिक स्वप्निल एम. नाईक, सचिव समाज कल्याण श्रीमती अनुराधा चगती, विधि परामर्शदाता सूर्य चंदर कांत सहित चंडीगढ़ प्रशासन के कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। राष्ट्रीय एकता दिवस प्रत्येक वर्ष 31 अक्टूबर को 'लौह पुरुष' सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर मनाया जाता है, ताकि उनके योगदान को स्मरण करते हुए देशवासियों में एकता, सद्भाव और राष्ट्रीय अखंडता की भावना को सशक्त किया जा सके।

## निगम कमिश्नर ने एकता की शपथ दिलाई



**चंडीगढ़ (अप्रस/वीरेन्द्र सिंह)।** चंडीगढ़ नगर निगम ने शुक्रवार को सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के मौके पर सेक्टर 17, चंडीगढ़ स्थित अपने ऑफिस में राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया। इस मौके पर, चंडीगढ़ नगर निगम के कमिश्नर अमित कुमार ने निगम के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को एकता की शपथ दिलाई। समारोह के दौरान, अधिकारियों और कर्मचारियों ने देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने और इस संदेश को अपने साथी नागरिकों के बीच फैलाने की शपथ ली। राष्ट्रीय एकता दिवस हर साल 31 अक्टूबर को सरदार वल्लभभाई पटेल के विज़न, दृढ़ संकल्प और नेतृत्व के माध्यम से देश को एकजुट करने में उनके अनुकरणीय योगदान को याद करने के लिए मनाया जाता है। इस अवसर पर हिमांशु गुप्ता और इंदर जीत, जॉइंट कमिश्नर; सी.बी. ओझा, चीफ इंजीनियर; डॉ. इंदरदीप कौर, मेडिकल ऑफिसर ऑफ हेल्थ; और नगर निगम के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे।

## न्यूज ब्रीफ

### गांव छत में पटाखे बजाने को लेकर हुए झगड़े में महिला सहित 3 घायल, 11 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

**जीरकपुर (अप्रस/संदीप सिंह बावा)।** गांव छत में पटाखे बजाने को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप धारण कर लिया जहां दो भाईयों पर 10-12 युवकों ने लोहे की रॉड से कातिलाना हमला कर दिया। हमले में दोनों भाईयों के साथ उनकी बुआ भी घायल हो गई। इस मामले में घायल सौरव की शिकायत पर जीरकपुर थाने में छत गांव के रहने वाले 11 लोगों के खिलाफ गंभीर चोट पहुंचाने, धमकाने व रास्ता रोकने की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। आरोपियों की पहचान आवित उर्फ कोकी, जाफर, मीरी, लल्ला, टोनी, लाडी, आलिम , मोना, जस्सू, भोलू व घोगड़ के रूप में हुई है। आरोपी फरार बताए जा रहे हैं जिनकी तलाश में छापेमारी की जा रही है। सौरव ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि वह प्राइवेट काम करता है। 21 अक्टूबर दिवाली वाले दिन वह अपने भाई सोहिल के साथ घर वाली गली में अपने चाचे के घर के बाहर पटाखे चला रहे थे। उसके चाचा के पड़ोसी जाफर ने उन्हें कहा कि वह पटाखे थोड़ी आगे जाकर चला लें क्योंकि उनके जानवर पटाखों की आवाज से डर रहे हैं। जाफर की बात सुनकर वह अपने भाई के साथ थोड़ी आगे जाकर पटाखे चलाने लग गया। थोड़ी देर बाद कोकी, जाफर व अन्य युवक इक्ट्ठे होकर वहां आए और उसके भाई पर डंडों व रॉड से हमला कर दिया। जब वह अपने भाई को छुडाने गया तो उसके सिर पर भी रॉड से हमला कर दिया। दोनों भाईयों के चिल्लाने की आवाजें सुनकर उसकी बुआ बाहर आई , जब वह उन्हें बचाने लगी तो हमलावरों ने उस पर हमला कर घायल कर दिया। कुछ समय बाद वहां राहगीर इकट्ठे हो गए जिन्होंने हमलावरों से उन्हें बचाया। बाद में सभी घायलों को ढकौली अस्पताल में ईलाज के लिए भर्ती करवाया गया। पुलिस ने उनके बयान दर्ज करने उपरांत 11 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया।

### तंबाकू विरोधी जागरुकता शिविर आयोजित



**जीरकपुर (अप्रस/संदीप सिंह बावा)।** सीनियर मेडिकल अफसर कम्युनिटी स्वास्थ्य केंद्र ढकोली के आदेशों पर आज स्वास्थ्य केंद्र ढकोली में तंबाकू विरोधी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया जिसमें डॉक्टर उर्मिल गर्ग, डॉ राजेश कुमार डॉक्टर, पवनदीप कौर डॉक्टर दर्पण कौशल, डॉक्टर बलप्रीत सिंह ने भी भाग लिया। इस मौके पर पहुंचे हुए लोगों को तंबाकू से होने वाली विभिन्न प्रकार की बीमारियों संबंधी अवगत करवाया गया। लोगों को यह भी जानकारी दी गई के तंबाकू से मुंह का कैंसर हो सकता है इसके अलावा बीड़ी सिगरेट आदि का सेवन करने से फेफड़े का कैंसर भी हो सकता है इसके अलावा और भी कई प्रकार की गंभीर बीमारियां हो सकती है। डॉक्टरों की टीम द्वारा लोगों को समझाया गया के बीड़ी सिगरेट पीने से जितना नुकसान इसका सेवन करने वाले को होता है उतना ही नुकसान उसके पास बैठे हुए लोगों को भी होता है क्योंकि बीड़ी सिगरेट का धुआं सांस लेने के कारण साथ बैठे हुए लोगों के फेफड़ों में भी चला जाता है। इसलिए ऐसी चीजों का सेवन बिलकुल भी नहीं करना चाहिए। जिक्र योग्य है के ऐसे ही तंबाकू विरोधी जागरुकता शिविर का आयोजन सरकारी हाई स्कूल नगला और आम आदमी क्लिनिक बलटाना में भी किया गया।

**साइबर क्राइम: एंड्रॉइड फोन यूज़र्स सावधान! फ्रॉडस्टर्स का नया हथियार**

## नकली एपीके फाइलें, चंडीगढ़ में तीन महीनों में 185 शिकायतें दर्ज

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 29 अक्टूबर।** चंडीगढ़ साइबर पुलिस ने हाल के महीनों में एक नई तरह की ऑनलाइन ठगी को लेकर चेतावनी जारी की है। साइबर अपराधी अब नकली एपीके (एंड्रॉयड पैकेज किट) फ़ाइलों के ज़रिए लोगों के बैंक खातों से पैसे उड़ा रहे हैं। पिछले तीन महीनों में 185 से अधिक शिकायतें केवल चंडीगढ़ से दर्ज की गई हैं।

ये ठग व्हाट्सऐप, एसएमएस या सोशल मीडिया के ज़रिए नकली ऐप केलिंक भेजते हैं, जो शादी के निमंत्रण, ट्रैफिक चालान, कोर्ट आदेश, केवाईसी अपडेट या कैशबैक ऑफर के नाम पर भेजे जाते हैं। जैसे ही पीड़ित इन लिंक पर क्लिक कर ऐप डाउनलोड करता है, उसका मोबाइल पूरी तरह से हैक हो जाता है। डीएसपी (साइबर क्राइम) ए. वेंकटेश के अनुसार एपीके फाइलें एंड्रॉइड ऐप्स की इंस्टॉलेशन फाइलें होती हैं, जैसे विंडोज़ में .ईएक्सई होती है। आमतौर पर ये फाइलें केवल गूगल प्ले स्टोर जैसे भरोसेमंद स्रोतों से डाउनलोड की जानी चाहिए, लेकिन अपराधी लोगों को झांसे में लेकर इन्हें बाहरी लिंक से डाउनलोड करवा लेते हैं। ये नकली ऐप्स इंस्टॉल होने के बाद खतरनाक परमिशन मांगते हैं। जैसे एसएमएस पढने, स्क्रीन रिकॉर्डिंग, एक्सेसिबिलिटी सर्विस, कैमरा और स्टोरेज की अनुमति। अधिकतर लोग बिना ध्यान दिए ये परमिशन दे देते हैं, और इसी दौरान अपराधी मोबाइल को रिमोटली एक्सेस कर लेते हैं।

डीएसपी वेंकटेश ने कहा, लोगों को जागरूक रहना बेहद ज़रूरी है। ठग तकनीक का इस्तेमाल कर लोगों का भरोसा जीत लेते हैं और एक क्लिक में बैंक अकाउंट खाली कर देते हैं।

## एनसीसी डायरेक्टरेट की कमांड में बदलाव: मेजर जनरल जगदीप सिंह चीमा ने मेजर जनरल भारत मेहतानी को चार्ज सौंपा

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 31 अक्तूबर।** एनसीसी पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और चंडीगढ़ के एडिशनल डायरेक्टर जनरल, मेजर जनरल जगदीप सिंह चीमा ने 37 साल की प्रतिष्ठित सेवाकाल के बाद अपनी रिटायरमेंट पर आज मेजर जनरल भारत मेहतानी को चार्ज सौंप दिया।

अपने कार्यकाल के दौरान, मेजर जनरल चीमा ने ऑफिस में एक सकारात्मक और अच्छा माहौल बनाया, जिससे उनकी टीम को शानदार उपलब्धियां हासिल करने की प्रेरणा मिली। ड्यूटी के प्रति उनके उल्लेखनीय समर्पण और प्रतिबद्धता को याद करते हुए एनसीसी डायरेक्टरेट के स्टाफ ने उनकी लीडरशिप के लिए उन्हें धन्यवाद दिया।

मेजर जनरल चीमा, नेशनल डिफेंस एकेडमी, खड़कवासला के स्टूडेंट रहे हैं। अपने शानदार मिलिट्री करियर में बांग्लादेश में भारतीय हाई



कमीशन में डिफेंस अटैची के तौर पर काम किया और यूएन मिशन में सेवा की है। वह 1 अगस्त, 2024 से रेजिमेंट ऑफ़ आर्टिलरी (ग्रुप-IV) के कर्नल कमांडेंट भी हैं।

एनसीसी डायरेक्टरेट के नए एडिशनल डायरेक्टर जनरल, मेजर जनरल भारत मेहतानी अपनी नई भूमिका में बहुत अनुभव लेकर आए हैं, उन्होंने वेस्टर्न सेक्टर में एक इन्फेंट्री ब्रिगेड और डिवीज़न की कमान संभाली है और अलग-अलग पदों पर काम किया है। उनकी शानदार सेवा के लिए उन्हें वेस्टर्न कमांड के जीओसी-इन-चीफ कमेंडेशन कार्ड से सम्मानित भी किया गया है।

एक रसमी समारोह के दौरान दोनों अधिकारियों ने गर्मजोशी से एक दूसरे का अभिवादन करते हुए, औपचारिक तौर कमांड के चार्ज का आदान प्रदान किया।

## यूटी पुलिस ने किया विदाई परेड समारोह का आयोजन

**आईजीपी मुख्य अतिथि के रूप में हुए शामिल**



अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी

**चंडीगढ़, 31 अक्तूबर।** शनिवार को सेक्टर 26 स्थित पुलिस भर्ती प्रशिक्षण केंद्र में यूटी पुलिस द्वारा एक विदाई परेड समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में शहर के आईजीपी पुष्पिंदर कुमार मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में 61 सहायक उप-निरीक्षक (उच्च विद्यालय पाठ्यक्रम) और 111 मुख्य कांस्टेबलों मध्यवर्ती विद्यालय पाठ्यक्रम) का पदोन्नति पाठ्यक्रम पूरा करने पर सम्मान किया गया। इस विदाई समारोह के दौरान एक उत्कृष्ट परेड का आयोजन किया गया। इस समारोह के दौरान प्रशिक्षुओं द्वारा बैंड शो,मास पीटी और टैटू शो जैसे अन्य सक्रिय प्रदर्शन भी किए गए।मुख्य अतिथि द्वारा ट्रॉफी और प्रशंसा प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

उच्च विद्यालय पाठ्यक्रम में एएसआई सिलक राम और एएसआई सत्यवीर सिंह क्रमशः प्रथम और द्वितीय स्थान पर रहे। एएसआई/एलआर कंवलपाल सिंह और एएसआई/एलआर जयमल सिंह इंटरमीडिएट विद्यालय पाठ्यक्रम में क्रमशः प्रथम और द्वितीय स्थान पर रहे।आईजीपी ने पूरी परेड के साथ-साथ प्रतिभागियों द्वारा की गई अन्य गतिविधियों की भी सराहना की।

## सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में यूटी पुलिस ने किया 'रन फॉर यूनिटी' कार्यक्रम का आयोजन

**डीजीपी डॉक्टर सागर प्रीत हुडा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया**

**यूटी पुलिस के सभी थानों में रन फॉर यूनिट कार्यक्रम आयोजित**

अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी

**चंडीगढ़, 31 अक्तूबर।** शुक्रवार को सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वी जयंती पूरे भारत बर्ष में मनाई जा रही है। वहीं यूटी पुलिस द्वारा सभी थानों के साथ साथ सैक्टर 34 स्थित थाना में सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में 'रन फॉर यूनिटी' कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम में यूटी पुलिस के डीजीपी डॉक्टर सागर प्रीत हुडा ने स्कूली बच्चों को हरी झंडी दिखाकर हाथों में तिरंगा झंडा लिए उन्हें रवाना किया।




इस मौके पर यूटी एसएसपी कंवरदीप कौर ने अपने संबोधन में बताया कि पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ प्रशासक ने आज सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर रन फॉर यूनिट कार्यक्रम के दौरान हरी झंडी दिखाई। सरदार पटेल के अथक प्रयासों से ही आज भारत एकजुट है। उन्होंने कहा, 'सरदार वल्लभभाई पटेल ने देश की रियासतों को जोड़कर अखंड भारत की नींव रखी।

रन फॉर यूनिट के साथ सभी लोग देश की अखंडता ,एकता, सुरक्षा का संकल्प/शपथ ली। इस मौके पर आरडब्ल्यू के सदस्य,सोशल एक्टिव लोग और यूटी पुलिस के कई अधिकारी मौजूद थे

### राहुल गांधी का बयान बिहार की आस्था पर प्रहार: देवशाली

**चंडीगढ़, 31 अक्तूबर (अप्रस)।** चंडीगढ़ नगर निगम के पूर्व पार्षद शक्ति प्रकाश देवशाली ने कांग्रेस नेता



राहुल गांधी द्वारा छठ पूजा को 'ड्रामा' बताए जाने को अत्यंत आपत्तिजनक और आस्था पर प्रहार करार दिया। उन्होंने कहा कि छठ पूजा बिहार और पूर्वांचल के करोड़ों लोगों की गहरी श्रद्धा, अनुशासन और पारिवारिक एकता का प्रतीक है। इसे ÷नाटक÷ कहना न केवल इस पवित्र पर्व का, बल्कि छठी मैया के भक्तों की भावनाओं का भी अपमान है। देवशाली ने कहा कि यह पर्व महिलाओं की शक्ति, पर्यावरण संरक्षण, सामूहिक सद्भाव और सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक है, जो समाज को जोड़ने का कार्य करता है। उन्होंने राहुल गांधी से मांग की कि वे अपनी टिप्पणी के लिए सार्वजनिक रूप से माफी मांगें। देवशाली ने कहा कि किसी भी राजनीतिक व्यक्ति को सत्ता की लालसा में सनातन धर्म और लोक आस्थाओं का अपमान करने का अधिकार नहीं है।

## इंदिरा गांधी व सरदार बल्लभ भाई पटेल की पुण्यतिथि पर कांग्रेस ने दी श्रद्धांजलि

**एच.एस. लक्की ने कहा कि बीजेपी सरकार सार्वजनिक उपक्रमों को बेचकर आम आदमी की जेब पर डाल रही डाका**

अर्थ प्रकाश/वीरेन्द्र सिंह

**चंडीगढ़, 31 अक्तूबर।** शुक्रवार को चंडीगढ़ कांग्रेस के अध्यक्ष एच.एस. लक्की के नेतृत्व में चंडीगढ़ कांग्रेस के दर्जनों कार्यकर्ताओं ने आज सेक्टर 35 कांग्रेस भवन में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि पर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर बोलते हुए एच.एस. लक्की ने देश के निर्माण में इंदिरा गांधी के योगदान को याद करते हुए कहा कि मौजूदा बीजेपी सरकार इंदिरा गांधी के शासनकाल में देश में बनाए गए पब्लिक सेक्टर के उद्यमों को बेच कर आम आदमी की जेबों पर डाका डाल रही है और अपने चन्द अमीर मित्रों का घर भर रही है।




एक अलग मीटिंग में, चंडीगढ़ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने सरदार वल्लभ भाई पटेल को भी श्रद्धापूर्वक याद किया और उनकी तस्वीर पर पुष्पाजंली अर्पित की। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा कि सरदार पटेल ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के देश को धर्म के आधार पर बांटने के उनके एजेण्डे को पहचान लिया था और इस विभाजनकारी संस्था द्वारा फैलाए गए ज़हर को महात्मा गांधी की दुखद हत्या के लिए जिम्मेदार ठहराया था। कांग्रेसी नेताओं ने याद दिलाया कि पटेल भारत के पहले गृह मंत्री थे, जिन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर बैन लगाया था।

चंडीगढ़ कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता राजीव शर्मा ने बताया कि सेक्टर 50, 51 और 44 से गोविंद यादव, सूरज पाल शर्मा, के.एल. वैद्य, रजनीश भारद्वाज, सुरेश कुमार जुनेजा, प्रदीप शर्मा, भान सिंह गिल और सुशील चंदर सहित दर्जनों सामाजिक कार्यकर्ताऔर वकील कांग्रेस भवन में भारतीय इतिहास के इन दोनों महान नेताओं को श्रद्धांजलि देने आए और कांग्रेस पार्टी की विचारधारा में आस्था व्यक्त करते हुए पार्टी की विचारधारा के प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया।

## नगर निगम की मासिक सदन बैठक 3 नवंबर को

**कुल पांच प्रस्तावों पर होगी चर्चा**

अर्थ प्रकाश/वीरेंद्र सिंह

**चंडीगढ़, 31 अक्तूबर।** नगर निगम चंडीगढ़ की मासिक सदन बैठक आगामी 3 नवंबर को होने जा रही है। नगर निगम की होने वाली 354वीं सदन बैठक में कुल पांच प्रस्तावों पर चर्चा होगी। निगम के असेंबली हाल में होने वाली इस बैठक में वार्ड 23 की पार्षद प्रेम लता के पूछे गये सवालों के जवाब दिये जायेंगे।

इसके अलावा ट्रांसपोर्ट एरिया सेक्टर 26 चंडीगढ़ सड़कों/पार्किंग की रीकार्पेटिंग से संबंधित प्रस्ताव लाया जा रहा है। इस पर कुल 170.92 लाख की अनुमानित खर्च की संभावना है। इस पर चर्चा के बाद पारित किया जायेगा।

इसके अलावा डोर-टू-डोर गारबेज उठाने वाले वेस्ट कलेक्टर्स के साथ समझौता ज्ञापन पर साइन किये जाने का प्रस्ताव भी लाया जा रहा है। वार्ड 19 की पार्षद श्रीमती नेहा के अवकाश आवदेन पर भी चर्चा की जायेगी। हालांकि अभी सप्लीमेंट्री एजेंडा नहीं आया है, किंतु सदन बैठक के दौरान भी सप्लीमेंट्री और टेबल एजेंडा भी आते रहते हैं।




### विपक्ष के हंगामे के आसार

कुल मिलाकर विपक्ष सत्तापक्ष के खिलाफ हंगामा अवश्य करेगा। कारण मेयर के अभी हाल ही में दुबई के एशिया पैसेफिक सम्मिट में शामिल होने और अधिकारिक अथवा व्यक्तिगत दौरे के सवाल खड़े कर घेरने का प्रयास अवश्य करेगा।

## चंडीगढ़ में बिजली दरों में बढ़ोतरी पर कांग्रेस का तीखा विरोध

**कांग्रेस ने फैसले को भाजपा प्रेरित कॉर्पोरेट लाभ का उदाहरण बताया, निर्णय वापस लेने की मांग की**

अर्थ प्रकाश/वीरेन्द्र सिंह

**चंडीगढ़, 31 अक्तूबर।** चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने संयुक्त विद्युत नियामक आयोग द्वारा चंडीगढ़ के उपभोक्ताओं के लिए बिजली दरों में बढ़ोतरी को जनता के साथ धोखा और भाजपा समर्थित कॉर्पोरेट हितों को बढ़ावा देने वाला कदम बताया है। कांग्रेस ने कहा कि यह बढ़ोतरी चंडीगढ़ पावर डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड के अनुरोध पर की गई है, जो 'जनविरोधी और मुनाफाखोरी पर केंद्रित' फैसला है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एच.एस. लक्की ने कहा कि यह वही कंपनी है जिसे भाजपा की मिलीभगत से व्यवस्था में शामिल किया गया था। 'कांग्रेस ने पहले दिन से ही इसके प्रवेश का विरोध किया था और चेताया था कि यह कदम जनता की सेवा नहीं, बल्कि निजी लाभ के लिए उठाया जा रहा है।



लक्की ने कहा आज बिजली दरों में हुई वृद्धि ने हमारे उस रुख को सही साबित कर दिया है। उन्होंने कहा कि कंपनी को दरें बढ़ाने से पहले कम से कम दो साल तक उपभोक्ताओं को बेहतर सेवा देनी चाहिए थी। उन्होंने जोड़ा सेवा सुधारने, बिजली कटौती कम करने और शिकायतों का समाधान करने की बजाय कंपनी ने भाजपा के आशीर्वाद से अपने मुनाफे के लिए दरें बढ़ाने की जल्दबाज़ी की।

लक्की ने इस निर्णय को जनविरोधी और उपभोक्ताविरोधी बताते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी चंडीगढ़ की जनता के साथ मिलकर इस अन्यायपूर्ण कदम का विरोध करेगी। उन्होंने कहा कि बिजली कोई विलासिता नहीं बल्कि बुनियादी आवश्यकता है, और कॉर्पोरेट मुनाफे के लिए आम उपभोक्ताओं पर बोझ डालने का प्रयास बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कांग्रेस अध्यक्ष ने याद दिलाया कि जब भाजपा प्रशासित प्रशासन ने इस कंपनी को प्रवेश दिलाया था, तब कांग्रेस ने चेताया था कि निजीकरण अंततः शहरवासियों के लिए हानिकारक साबित होगा। उन्होंने कहा- 'जिसे दक्षता बढ़ाने का कदम बताया गया था, वह अब शोषण का माध्यम बन गया है।'

चंडीगढ़ कांग्रेस ने विद्युत नियामक आयोग से दरों में की गई बढ़ोतरी को तुरंत वापस लेने और कंपनी के कार्य प्रदर्शन की स्वतंत्र समीक्षा कराने की मांग की है। पार्टी ने चेतावनी दी कि यदि यह निर्णय वापस नहीं लिया गया, तो कांग्रेस शहरभर में उपभोक्ताओं के अधिकारों की रक्षा के लिए आंदोलन करेगी। एच.एस. लक्की ने कहा-'कांग्रेस पार्टी हमेशा जनता के साथ खड़ी रही है – मुनाफाखोरों के साथ नहीं। हम भाजपा के हर ऐसे निर्णय के खिलाफ आवाज़ उठाते रहेंगे जो जनता, मध्य वर्ग और गरीबों के हितों के खिलाफ है।'

## चंडीगढ़ में सस्ती शराब बिक्री पर सख्त कार्रवाई का आदेश

**हाईकोर्ट ने अफसरों को बैठक करने के दिए निर्देश**

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा

**चंडीगढ़, 31 अक्टूबर।** चंडीगढ़ में कुछ शराब ठेकों द्वारा तय न्यूनतम कीमत से कम दाम पर शराब बेचने के मामले में एक्साइज विभाग ने सख्त कार्रवाई करने के आदेश जारी कर दिए हैं। विभाग ने सभी लाइसेंसधारकों को निर्देश दिया है कि शराब केवल तय कीमत पर ही बेची जाए और ठेकों पर रेट लिस्ट स्पष्ट रूप से लगाई जाए।

खरड़ जोन के शराब ठेकेदार स्टार वाइन्स की याचिका पर पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ने आदेश दिया है कि पंजाब और चंडीगढ़ के एक्साइज विभाग के अफसर एक सप्ताह के भीतर शिकायत पर फैसला करें।

कोर्ट ने कहा कि जो ठेकेदार शराब तय न्यूनतम दाम से कम बेच रहे हैं, उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए।



### एक्साइज विभाग की एडवाइजरी

विभाग ने स्पष्ट किया कि नियम तोड़ने पर लाइसेंस निलंबित या रद्द किया जा सकता है और जुर्माना भी लगाया जाएगा। सभी ठेकेदारों को निर्देश दिए गए हैं कि शराब का पूरा हिसाब-किताब रखा जाए, बिक्री और प्रचार केवल चंडीगढ़ की सीमा के भीतर ही हो, और समय-समय पर निरीक्षण करवाया जाए। इस कदम से चंडीगढ़ में शराब ठेकों के बीच अनुचित प्रतिस्पर्धा रोकी जाएगी और लाइसेंसधारकों को हो रहे आर्थिक नुकसान को कम किया जाएगा।

# चुनाव में राहुल गांधी की एंट्री, बीजेपी व एनडीए की जीत की गारंटी : योगी आदित्यनाथ

अर्थ प्रकाश/विजय कुमार निगम



वैशाली। भारी बारिश के बावजूद ब्रह्मानंद पंजियार कॉमर्स कॉलेज मैदान में जनसैलाब उमड़ पड़ा। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की चुनावी सभा में 'जय श्री राम' और 'हर हर महादेव' के नारों से वातावरण गूंजायमान हो उठा। लालगंज विधानसभा से बीजेपी प्रत्याशी संजय कुमार सिंह के समर्थन में बोलते हुए योगी ने विपक्ष पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने कंज कसते हुए कहा कि राहुल गांधी प्रचार में आ गए, तो एनडीए की विजय सुनिश्चित है। बारिश में भीड़ का उत्साह देख सीएम योगी ने कहा कि यह कीचड़ में कमल खिलाने का संकेत है।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि वैशाली की यह भूमि लोकतंत्र की जननी है, जिसने नालंदा विश्वविद्यालय और भगवान महावीर जैसी विरासत दी। आज यह धरती एक बार फिर नए भारत के संकल्प की गवाह बन रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज का नया भारत रुकता नहीं, झुकता नहीं और आतंकवाद-नक्सलवाद को उसकी मांद में घुसकर मारना जानता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने विकास और सुरक्षा दोनों के नए मानक स्थापित किए हैं। यह नया भारत सबका साथ, सबका विकास करता है, लेकिन तुष्टिकरण किसी का नहीं करता।

उन्होंने कहा कि आज भारत दुनिया का एकमात्र देश है जो 80 करोड़ गरीबों को मुफ्त राशन, 50 करोड़ को मुफ्त इलाज और हर गरीब को आवास, शौचालय और बिजली की सुविधा दे रहा है। सीएम योगी ने तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस और आरजेडी ने 15 साल लगातार राज किया, लेकिन गरीब को छत तक नहीं दे पाए। प्रधानमंत्री मोदी ने 10 साल में वो कर दिखाया जो इनसे नहीं हुआ।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि राहुल गांधी जब भी प्रचार करने आते हैं, एनडीए की जीत तय हो जाती है। वे बीजेपी और एनडीए की जीत की सबसे बड़ी गारंटी हैं। सीएम योगी ने कांग्रेस-आरजेडी गठबंधन पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि ये लोग सत्ता में आएंगे तो फिर माफिया राज, लूट, अपहरण और बेटियों की असुरक्षा का दौर लौट आएगा। गरीबों का राशन लूटेंगे, व्यापारियों को डराएंगे। लेकिन एनडीए यह नहीं होने देगा।

उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था के उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि हमारे यहां माफिया के लिए कोई जगह नहीं है। यूपी में जो माफिया पहले सत्ता का हिस्सा बनते थे, आज जेल में हैं या प्रदेश छोड़कर भाग गए हैं। हमारे बुलडोजर जब चलते हैं, तो माफिया की अवैध संपत्तियां ढहती हैं और उन्हीं जमीनों पर गरीबों के लिए मकान बनते हैं। सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश अब विरासत और विकास दोनों का मॉडल है। यहां न माफिया बचता है, न भ्रष्टाचार पनपता है।

### सरदार पटेल ने देश को अखंड बनाया

मुख्यमंत्री ने सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती का स्मरण करते हुए कहा कि भारत की एकता के शिल्पी लौह पुरुष पटेल ने ब्रिटिशों की विभाजन की साजिश को नाकाम कर देश को अखंड बनाया। आज प्रधानमंत्री मोदी उसी एक भारत, श्रेष्ठ भारत के संकल्प को आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगर बिहार को भी विकसित बनाना है, तो एनडीए की डबल इंजन सरकार को मजबूत करना होगा। संजय कुमार सिंह जैसे जनसेवक को जिताना बिहार के भविष्य को सुरक्षित करना है। बारिश और कीचड़ में भी जो भीड़ जुटी है, वह बताती है कि लालगंज से इस बार कमल जरूर खिलेगा। आप बस घर-घर जाकर वोट मांगिए, बिहार भी यूपी की तरह अपराध और अराजकता से मुक्त होगा। विकसित बिहार, विकसित भारत का मार्ग यहीं से निकलेगा

# युवाओं को सर्वश्रेष्ठ वैश्विक संस्थानों से प्रशिक्षण प्राप्त होना चाहिए : मुख्यमंत्री नायडू

अर्थ प्रकाश/बोम्मा रेड्डी



**अमरावती।** मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने इस बात पर ज़ोर दिया कि नवाचार को बढ़ावा देना और युवाओं को उनकी आकांक्षाओं को प्राप्त करने के लिए सशक्त बनाना कौशल विकास पहलों का मूल होना चाहिए। आज सचिवालय में नैपुण्यम पोर्टल की समीक्षा करते हुए, मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को युवाओं के लिए एक व्यापक और भविष्योन्मुखी कौशल ढाँचा तैयार करने हेतु वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं और संस्थानों को मानकीकृत करने का निर्देश दिया। उन्होंने निर्देश दिया कि राज्य को कौशल मूल्यांकन, मान्यता और प्रशिक्षण के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित संगठनों के साथ सहयोग करना चाहिए, साथ ही नए युग के कार्यस्थलों को बढ़ावा देना चाहिए और जीसीसी संचालन को मजबूत करना चाहिए। उन्होंने सुझाव दिया कि नैपुण्यम पोर्टल को जल्द ही लॉन्च किया जाए और विशाखापत्तनम में सीआईआई पार्टनरशिप समिट में निवेशकों के समक्ष इसका प्रचार किया जाए।

अधिकारियों ने बताया कि नैपुण्यम पोर्टल अपनी तरह का पहला, एआई-संचालित मंच है जो कौशल विकास और रोज़गार के लिए एक एकीकृत इंटरफ़ेस बनाने हेतु कई केंद्रीय, राज्य और संस्थागत डेटाबेस को एकीकृत करता है।

यह पोर्टल उम्मीदवारों को एआई-सहायता प्राप्त रेज़्यूमे बनाने, कौशल पाठ्यक्रमों के लिए पंजीकरण करने, रीयल-टाइम कौशल मूल्यांकन करने और नौकरी के अवसरों तक पहुँचने में सक्षम बनाता है। यह राष्ट्रीय स्तर पर एकीकृत सेवाओं से सहजता से जुड़ता है, जिससे युवाओं के कौशल विकास, दस्तावेज़ीकरण और रोज़गार के लिए एक ही स्थान पर समाधान उपलब्ध होता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पोर्टल को उद्योग की उभरती ज़रूरतों को पूरा करने के लिए ऑन-डिमांड कौशल प्रदान करना चाहिए, जिसमें अपस्किलिंग और री-स्किलिंग दोनों के अवसर उपलब्ध हों।

इस पोर्टल की एक अनूठी विशेषता एक एआई इंटरव्यू सिम्युलेटर है, जो मॉक इंटरव्यू आयोजित करता है और उम्मीदवारों को नौकरी के लिए तैयार होने के लिए स्वचालित फ़ीडबैक प्रदान करता है। आस्क विद्या चैटबॉट उपयोगकर्ताओं को प्रशिक्षण के अवसरों, नौकरियों और प्लेटफ़ॉर्म नेविगेशन के माध्यम से मार्गदर्शन करता है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि वर्तमान में तेलुगु और अंग्रेजी में उपलब्ध इस पोर्टल का विस्तार कई भाषाओं को शामिल करने के लिए किया जाए। गौरतलब है कि हर निर्वाचन क्षेत्र में हर महीने एक रोज़गार मेला आयोजित किया जा रहा है और अब तक इन मेलों के माध्यम से 1,44,000 लोगों को रोज़गार मिला है। मुख्यमंत्री ने एक मज़बूत नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र का आह्वान किया जो स्कूल स्तर से शुरू होकर छात्रों, विशेष रूप से कक्षा 8 और उससे ऊपर के छात्रों को नए विचारों और तकनीकों से जुड़ने के लिए प्रोत्साहित करे। उन्होंने प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र के कौशल पूल का आकलन और संवर्धन करने, प्रमुख स्थानीय कौशल की पहचान करने और निरंतर, मिश्रित (ऑनलाइन और ऑफलाइन) कौशल विकास के लिए लक्षित कार्यक्रम तैयार करने हेतु एक संस्थागत ढाँचे के निर्माण पर ज़ोर दिया। मुख्यमंत्री ने रतन टाटा इनोवेशन हब के माध्यम से प्रयासों को एकीकृत करने की आवश्यकता पर भी ज़ोर दिया। उन्होंने कहा कि नवाचार को प्रोत्साहित करने के लिए स्कूली बच्चों को रतन टाटा इनोवेशन हब के माध्यम से जोड़ा जाना चाहिए।

# पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे ने मनाया राष्ट्रीय एकता दिवस



अर्थ प्रकाश नेटवर्क

मालीगांव। पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (एनएफआर) ने आज मालीगाँव स्थित मुख्यालय में सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती, जो राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई जाती है, को बड़े उत्साह के साथ मनाया। यह आयोजन पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे मुख्यालय परिसर में पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के महाप्रबंधक चेतन कुमार श्रीवास्तव की उपस्थिति में वरिष्ठ अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ मनाया गया। इस अवसर पर महाप्रबंधक ने राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलाई, जिसमें राष्ट्रीय एकता, अखंडता और सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता दोहराई गई। यह आयोजन पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (निर्माण) के महाप्रबंधक अरुण कुमार चौधरी की उपस्थिति में महाप्रबंधक (निर्माण) कार्यालय में भी मनाया गया, जबकि पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के सभी पांच मंडलों ने भी यहदिवस को उल्लेखनीय तरीके से मनाया।

समारोह के हिस्से के रूप में, ÷रन फाँर यूनिटी÷ का आयोजन किया गया, जिसमें अधिकारियों और कर्मचारियों ने उत्साहपूर्ण भागीदारी की। इस आयोजन ने सरदार वल्लभभाई पटेल के दृष्टिकोण और आदर्शों को उजागर किया, जिनके नेतृत्व और प्रयासों ने राष्ट्र को एकजुट करने और राष्ट्रीय एकीकरण की भावना को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# अरावली इंटरनेशनल स्कूल में 'महाभारत' के प्रथम दिवस का भव्य मंचन

**जूनियर एवं मिडिल विंग के विद्यार्थियों ने जीवंत की महाकाव्य की आरंभिक कथाएं**

अर्थ प्रकाश संवाददाता



पंचकूला/पिंजौर। अरावली इंटरनेशनल स्कूल, पंचकूला में तीन दिवसीय नाट्य प्रस्तुति 'महाभारत' का शुभारंभ जूनियर एवं मिडिल विंग के विद्यार्थियों द्वारा शानदार प्रदर्शन के साथ हुआ। स्कूल के ओपन-एयर एम्फीथिएटर में आयोजित इस कार्यक्रम ने संस्कृति, शिक्षा और कला का सुंदर संगम प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्री धन सिंह भड़ाना, चेयरमैन, उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों और शिक्षकों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन न केवल भारतीय संस्कृति से जुड़ाव बढ़ाते हैं, बल्कि विद्यार्थियों में आत्मविश्वास और सृजनशीलता भी विकसित करते हैं।

पहले दिन की प्रस्तुति 'आरंभ' शीर्षक पर आधारित थी, जिसमें राजा शांतनु के विवाह, भीष्म प्रतिज्ञा, धृतराष्ट्र, पांडु और विदुर का जन्म, कर्ण का आगमन, तथा गुरु द्रोणाचार्य द्वारा राजकुमारों को दी गई शिक्षा के प्रसंगों का प्रभावशाली चित्रण किया गया। बच्चों ने अपने भावपूर्ण अभिनय, संवाद-अभिव्यक्ति और मंच संचालन से दर्शकों का मन मोह लिया।

पारंपरिक संगीत, आकर्षक परिधान और उत्कृष्ट मंच सज्जा से सुसज्जित इस नाट्य प्रस्तुति ने विद्यालय की समग्र शिक्षा की भावना को साकार किया, जहाँ सांस्कृतिक समझ और कलात्मक अभिव्यक्ति को शिक्षा का अभिन्न अंग माना जाता है। प्रिंसिपल और सांस्कृतिक समिति के मार्गदर्शन में विद्यालय लगातार विद्यार्थियों को कला के माध्यम से व्यक्तित्व निर्माण और भावनात्मक विकास के अवसर प्रदान कर रहा है।

महाभारत की यह प्रस्तुति द्वितीय दिवस 'प्रतिस्पर्धा और छल' के प्रसंगों के साथ आगे बढ़ेगी, जिसमें इस महान गाथा के प्रमुख संघर्षों और मोड़ को दर्शाया जाएगा।

# कैंसर सर्वाइवर ने की डॉक्टरों के साथ रैंप, सांझा की कैंसर पर अपनी जीत की प्रेरणादायक यात्रा

अर्थ प्रकाश संवाददाता



चंडीगढ़। जीत और आत्मविश्वास के प्रतीक कैंसर सर्वाइवर ने गुरुवार को लिवासा अस्पताल, मोहाली द्वारा आयोजित पिंक वॉरियर्स मीट कार्यक्रम के दौरान डॉक्टरों के साथ रैंप वॉक की। यह कार्यक्रम स्तन कैंसर जागरूकता माह के उपलक्ष्य में, कैंसर सर्वाइवर की शक्ति, दृढ़ता और प्रेरणादायक यात्रा का सम्मान करने के लिए समर्पित था। लिवासा की इस पहल का उद्देश्य कैंसर के खिलाफ लड़ाई में शीघ्र पता लगाने, समय पर उपचार और भावनात्मक समर्थन के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाना था।कार्यक्रम में आशा और उपचार की कहानियों का जश्न मनाने के लिए कैंसर सर्वाइवर, ऑन्कोलॉजिस्ट और हेल्थ केयर प्रोफेशनल इकट्ठे हुए। इस अवसर पर लिवासा ऑन्को टीम के मेडिकल ऑन्कोलॉजी डायरेक्टर डॉ. जतिन सरीन, सर्जिकल ऑन्कोलॉजी डायरेक्टर डॉ. विजय बंसल, रेडिएशन ऑन्कोलॉजी डायरेक्टर डॉ. मीनाक्षी मित्तल, सर्जिकल ऑन्कोलॉजी डायरेक्टर डॉ. शुभ महेंद्रू, मेडिकल ऑन्कोलॉजी के वरिष्ठ सलाहकार डॉ. प्रिवांशु चौधरी और रेडिएशन ऑन्कोलॉजी के वरिष्ठ सलाहकार डॉ. परनीत सिंह उपस्थित थे। कैंसर पर अपनी जीत की अपनी भावनात्मक यात्रा साझा करते हुए, कैंसर से उबर चुकी निशा (बदला हुआ नाम) ने कहा, ÷आज का कार्यक्रम मेरे जैसे कैंसर से उबरने वाले लोगों के लिए एक उत्सव है। यह उन लोगों को ताकत देता है जिनका हाल ही में निदान हुआ है और उन्हें याद दिलाता है कि साहस और विश्वास डर पर विजय प्राप्त कर सकते हैं।

# वेलागपुडी सचिवालय में सतर्कता जागरूकता सप्ताह बैठक, पारदर्शिता और निवारक सतर्कता पर जोर



अर्थ प्रकाश/ बोम्मा रेड्डी

**अमरावती।** आंध्र प्रदेश सतर्कता आयोग ने आज प्रदेश सचिवालय, वेलागपुडी में सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2025 के अंतर्गत 'सतर्कता- हमारी साझा जिम्मेदारी विषय पर एक बैठक आयोजित की। आंध्र प्रदेश सतर्कता आयुक्त अनिल चंद्र पुनेठा, आईएएस (सेवानिवृत्त) की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में एस.एस. रावत, आईएएस, विशेष सचिव, सामान्य प्रशासन (सेवा एवं मानव संसाधन) विभाग, मुकेश कुमार मीणा, आईएएस, प्रधान सचिव, सामान्य प्रशासन (मतदान) विभाग, श्रीमती के. सुनीता, आईएएस, प्रमुख सचिव, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग विभाग, श्रीमती आर. जयलक्ष्मी, आईपीएस, महानिरीक्षक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, और सभी सचिवालय विभागों के मुख्य सतर्कता अधिकारी उपस्थित थे। सतर्कता आयुक्त ने निवारक सतर्कता को मजबूत करने, पारदर्शिता और सत्यनिष्ठा को बढ़ावा देने तथा राज्य भर में सतर्कता जागरूकता सप्ताह के आयोजन में सक्रिय विभागीय भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया।

# आरेडिका में राष्ट्रीय एकता शपथ व 'रन फॉर यूनिटी' का आयोजन

अर्थ प्रकाश नेटवर्क



रायबरेली। आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली में शुक्रवार को सरदार बल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जयंती के अवसर पर महाप्रबंधक प्रशान्त कुमार मिश्रा ने प्रधान विभागाध्यक्षों एवं विभागाध्यक्षों के साथ राष्ट्रीय एकता शपथ ग्रहण की। साथ ही साथ अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अपने कार्य स्थल पर उप मुख्य विभागाध्यक्षों के नेतृत्व में राष्ट्रीय एकता शपथ ग्रहण की। आरेडिका खेलकूद संघ एवं कार्मिक विभाग के द्वारा रन फॉर यूनिटी, दौड़ का आयोजन किया गया, जिसमें अधिकारियों, कर्मचारियों, रेलवे सुरक्षा बल एवं उ.प्र. पूर्व सैनिक कल्याण निगम लिमिटेड के जवानों, बच्चों तथा महिलाओं ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया।

महाप्रबंधक प्रशान्त कुमार मिश्रा ने सभी प्रतिभागियों को राष्ट्र की एकता और अखण्डता की शपथ दिलायी तथा सरदार पटेल की दूरदर्शिता एवं उनके कार्यों के बारे में बताया। ज्ञात हो कि 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकीकरण के शिल्पकार सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती को 'राष्ट्रीय एकता दिवस' के रूप में पूरे देश में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है एवं रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया जाता है।

इस अवसर आरेडिका के प्रधान मुख्य यांत्रिक अभियंता विवेक खरे, प्रधान वित्त सलाहकार बीएल मीना, प्रधान मुख्य विद्युत अभियंता मनोज कुमार जिंदल, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी रवीश कुमार, प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी रूपेश श्रीवास्तव, प्रधान मुख्य अभियंता एसपी यादव, प्रधान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. आभा जैन, मुख्य सतर्कता अधिकारी एवं एसडीजीएम अकमल वदूद, प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त रमेश चन्द्र एवं अन्य अधिकारियों ने सहभागिता की।

# सीएलएफ लिटराटी 2025 का 13वां संस्करण 21 से 23 नवंबर को होगा आयोजित



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ लिटरेरी सोसाइटी (सीएलएस) द्वारा सीएलएफ लिटराटी 2025 का 13वां संस्करण 21 से 23 नवंबर 2025 तक चंडीगढ़ के सुंदर लेक क्लब में आयोजित किया जाएगा। लेक क्लब में फेस्टिवल का पोस्टर जारी करते हुए डॉ. सुमिता मिश्रा (आईएएस), सीएलएस की फाउंडर-चेयरपर्सन और फेस्टिवल डायरेक्टर ने बताया कि इस साल का विषय 'वर्ल्डस विदिन वर्ड्स' रखा गया है। इस तीन दिवसीय फेस्टिवल में 12 रोचक सत्र होंगे जिनमें मुख्य भाषण, पैनल चर्चा और नई पुस्तकों पर बातचीत होगी। इस वर्ष के सीएलएफ लिटराटी 2025 में भारत के प्रसिद्ध लेखकों के साथ-साथ अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया के जाने-माने लेखक भी शामिल होंगे। इस तरह यह फेस्टिवल विचारों, कहानियों और कल्पनाओं का एक सच्चा वैश्विक उत्सव बनेगा। विचारोत्तेजक चर्चाओं के साथ-साथ, इस फेस्टिवल में युवाओं के लिए स्टोरीटेलिंग वर्कशॉप, कविता पाठ, और फेस्टिवल की मुख्य थीम से प्रेरित विशेष कला प्रदर्शनी भी आयोजित की जाएगी, जिसमें सुंदर पेंटिंग्स प्रदर्शित होंगी। पहले दिन यानी 21 नवंबर की उद्घाटन संध्या पर एक सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जाएगा। फेस्टिवल के दौरान बुक साइनिंग, बुक सेल स्टॉल और हैंड व फेस पेंटिंग वाले इंटरएक्टिव आर्ट कॉर्नर इस लिटरेरी उत्सव के अनुभव को और भी समृद्ध बनाएंगे। इसके अलावा सीएलएस ने भवन डांसिंग कोर्टयार्ड के साथ मिलकर एक विशेष प्रस्तुति की घोषणा की है – 'स्वरित मुद्राएं', जो भरतनाट्यम नृत्य प्रस्तुति होगी। यह प्रस्तुति डॉ. सुचेता भिडे-चापेकर की शिष्याओं द्वारा भारतीय विद्या भवन, सेक्टर 27, चंडीगढ़ में 22 नवंबर की शाम को दी जाएगी। डॉ. मिश्रा ने यह भी बताया कि इस वर्ष पहली बार प्रतिष्ठित सीएलएफ लिटरेटी बुक अवॉर्ड्स शुरू किए जा रहे हैं, जिनका उद्देश्य हिंदी और अंग्रेज़ी साहित्य में उत्कृष्ट लेखन को सम्मानित करना है। ये पुरस्कार तीन श्रेणियों में दिए जाएंगे – अंग्रेज़ी फिक्शन, अंग्रेज़ी नॉन-फिक्शन, और हिंदी फिक्शन/नॉन-फिक्शन। ये पुरस्कार उन पुस्तकों के लिए होंगे जो 1 जनवरी 2024 से 31 जुलाई 2025 के बीच प्रकाशित हुई हैं।

# उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय में राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह आयोजित

**एकता दौड़ एवं शपथ ग्रहण का भी आयोजन**

अर्थ प्रकाश नेटवर्क



प्रयागराज। शुक्रवार को सरदार बल्लभ भाई पटेल जी के जन्म दिवस के अवसर पर महाप्रबंधक कार्यालय, प्रयागराज के प्रांगण में महाप्रबंधक, उत्तर मध्य रेलवे नरेश पाल सिंह ने उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को 'राष्ट्रीय एकता दिवस' की शपथ दिलायी गयी। शपथ इस प्रकार है। मैं सत्यनिष्ठा से शपथ लेता/लेती हूँ कि मैं राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए स्वयं को समर्पित करूँगा/करूँगी और अपने देशवासियों के बीच यह संदेश फैलाने का भी भरसक प्रयत्न करूँगा/करूँगी। मैं यह शपथ अपने देश की एकता की भावना से ले रहा/रही हूँ जिसे सरदार वल्लभभाई पटेल की दूरदर्शिता एवं कार्यों द्वारा संभव बनाया जा सका। मैं अपने देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने का भी सत्यनिष्ठा से संकल्प करता/करती हूँ।

इस अवसर पर उत्तर मध्य रेलवे खेलकूद संघ एवं रेल सुरक्षा बल द्वारा महाप्रबंधक महोदय के नेतृत्व में एकता दौड़ का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम महाप्रबंधक महोदय ने हरी झंडी दिखाकर एकता दौड़ को रवाना किया। इस दौड़ में उत्तर मध्य रेलवे के खिलाड़ियों और रेल सुरक्षा बल कर्मियों के साथ अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी प्रतिभाग किया।

यह दौड़ महाप्रबंधक कार्यालय के संगम परिसर के सामने से प्रारंभ हुई। कार्यक्रम में प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी, श्री बालचंद्र अय्यर सहित प्रधान विभागाध्यक्ष, अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण एवं मुख्यालय के सभी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# रांची नगर निगम का निर्देश, शहर को स्वच्छ रखने के लिए नागरिक करें कचरे का पृथक्करण

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

रांची। झारखंड की राजधानी रांची को स्वच्छ और सुंदर बनाने की दिशा में रांची नगर निगम लगातार कदम उठा रहा है। निगम ने आज शहरवासियों से अपील की है कि वे अपने घरों, अपार्टमेंट, संस्थानों और प्रतिष्ठानों से निकलने वाले कचरे को अलग-अलग रखें। निगम के अनुसार, प्रत्येक नागरिक को गीला और सूखा कचरा अलग रखना अनिवार्य है। गीला कचरा हरे डस्टबिन में और सूखा कचरा नीले डस्टबिन में डालना होगा। नगर निगम ने यह भी स्पष्ट किया है कि कचरे को केवल निगम के अधिकृत कूड़ा संग्रहण वाहनों को ही सौंपा जाए। किसी भी परिस्थिति में सड़क, गलियों या खुले स्थानों पर कचरा फेंकना गैरकानूनी माना जाएगा। निगम द्वारा इस नियम का कड़ाई से पालन करवाने के निर्देश दिए गए हैं। निगम प्रशासन ने नागरिकों को चेतावनी दी है कि यदि कोई स्रोत पर कचरा पृथक्करण के नियमों का पालन नहीं करेगा, तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। यह कार्रवाई ठोस अपशिष्ट प्रबंधन अधिनियम, 2016 और झारखंड नगर पालिका अधिनियम, 2011 की धाराओं के तहत की जाएगी। उल्लंघन की स्थिति में संबंधित व्यक्तियों या संस्थानों पर आर्थिक दंड भी लगाया जा सकता है।

# ‘आप’ उम्मीदवार हरमीत संधू के पक्ष में लहर तेज, मिल रहा लोगों का भरपूर समर्थन

## गांव पंजवड़ खुर्द में मिला भरपूर समर्थन

‘आप’ सरकार के कामों से प्रभावित होकर पंजवड़ खुर्द के निवासी हरमीत संधू की जीत के लिए हुए एकजुट

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**तरनतारन, 31 अक्टूबर।** तरनतारन विधानसभा क्षेत्र का उपचुनाव जैसे-जैसे नजदीक आ रहा है, आम आदमी पार्टी (आप) के उम्मीदवार हरमीत सिंह संधू के पक्ष में चुनावी लहर लगातार तेज होती जा रही है। ‘आप’ के चुनाव अभियान को उस समय बड़ा बल मिला जब गांव पंजवड़ खुर्द के निवासियों ने पार्टी की कार्यशैली पर मुहर लगाते हुए हरमीत संधू की जीत सुनिश्चित करने का ऐलान किया। गांव पंजवड़ खुर्द में सरदार साहिब दीप सिंह के घर पर हुई एक अहम बैठक में स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जुटी। इस बैठक के दौरान, पार्टी नेताओं ने लोगों के साथ ‘आप’ सरकार की नीतियों और क्षेत्र के विकास के संबंध में विचार साझा किए। बैठक में मौजूद गांव के लोगों ने आम आदमी पार्टी द्वारा पिछले समय में किए गए जन-हितैषी कामों, खास तौर पर स्वास्थ्य, शिक्षा और बिजली के क्षेत्र में आए सुधारों की सराहना की। लोगों ने ‘आप’ सरकार के कामों के प्रति पूर्ण सहमति व्यक्त की।

इस मौके पर गांव वासियों ने भरोसा दिलाया कि वे आने वाले उपचुनाव में ‘आप’ उम्मीदवार हरमीत सिंह संधू का तन-मन से पूरा साथ देंगे। उन्होंने कहा कि गांव पंजवड़ खुर्द से संधू को बड़ी बढ़त दिलाई जाएगी, ताकि क्षेत्र के विकास की रफ्तार को और तेज किया जा सके।

## गांव कसेल में लोगों ने ‘आप’ संधू के पक्ष में लगाए नारे



**तरनतारन।** तरनतारन विधानसभा क्षेत्र का उपचुनाव जैसे-जैसे नजदीक आ रहा है, लोगों का आम आदमी पार्टी (आप) के उम्मीदवार हरमीत सिंह संधू के पक्ष में समर्थन और विश्वास भी बढ़ रहा है। इसी कड़ी में, गांव कसेल में ‘आप’ के चुनाव अभियान को उस समय बड़ा बल मिला, जब गांव वासियों ने एकजुट होकर संधू को जिताकर विधानसभा भेजने का ऐलान किया।

गांव कसेल में प्रधान साहिब सिंह वाल्मीकि, तरसेम सिंह नाथ और कुलदीप सिंह जी के विशेष सहयोग से एक प्रभावशाली बैठक हुई। इस मौके पर पार्टी नेताओं ने गांव वासियों के साथ विचार-विमर्श किया और उनकी समस्याएं सुनीं। नेताओं ने लोगों को भरोसा दिलाया कि ‘आप’ सरकार उनकी सभी मौजूदा समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल करने के लिए प्रतिबद्ध है। पार्टी की ओर से मिले इस भरोसे से उत्साहित होकर, बैठक में मौजूद बड़ी संख्या में माताओं, बहनों और भाइयों ने जोरदार समर्थन देते हुए आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार हरमीत सिंह संधू को जिताने के लिए ‘हां का नारा’ लगाया। गांव वासियों ने संधू को भारी बहुमत से जिताकर विधानसभा भेजने का प्रण लिया।

## गांव गंडीविंड में ‘आप’ को भरपूर समर्थन, ‘क्लीन स्वीप’ जीत पक्की

‘आप’ उम्मीदवार हरमीत संधू के पक्ष में गांव गंडीविंड के लोग लामबंद, भारी समर्थन का ऐलान



**तरनतारन।** तरनतारन विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव के लिए आम आदमी पार्टी (आप) के उम्मीदवार हरमीत सिंह संधू के पक्ष में चुनाव अभियान लगातार तेज होता जा रहा है। इसी कड़ी में, गांव गंडीविंड में हुई ‘लोक मिलनी’ (जन-संपर्क) के दौरान पार्टी को भरपूर जन समर्थन मिला, जिसने ‘आप’ की ‘क्लीन स्वीप’ जीत के दावे को और पक्का कर दिया है। गांव गंडीविंड में यह ‘लोक मिलनी’ कार्यक्रम यादविंदर सिंह याद्, गुरबिंदर सिंह, लवप्रीत सिंह, निशान सिंह, कबीर सिंह, अमनप्रीत सिंह, गुरप्रीत सिंह, बलविंदर सिंह, सक्कतर सिंह, सरब सिंह, रणजोध सिंह, राणा सिंह, अंग्रेज सिंह, कैप्टन सिंह, नवरोज सिंह और बीबी कश्मीर कौर के विशेष सहयोग से आयोजित किया गया।

इस मौके पर पार्टी नेताओं ने गांव के लोगों के साथ विचार साझा किए। इस जन-संपर्क के दौरान लोगों को पेश आ रही मुश्किलों के संबंध में विस्तार से बातचीत की गई। नेताओं ने लोगों को भरोसा दिलाया कि उनकी सभी समस्याओं का संपूर्ण हल प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। बैठक में मिले भरपूर समर्थन पर बोलते हुए नेताओं ने कहा कि गांव की आवाम की ओर से मिल रहे इस भरपूर जन-सहयोग ने यह स्पष्ट कर दिया है कि आम आदमी पार्टी एक बार फिर तरनतारन से ‘क्लीन स्वीप’ जीत हासिल करेगी।

## तरनतारन हलके के गांव गहिरी के लोगों ने ‘आप’ के प्रति जताया भरोसा



**तरनतारन।** आम आदमी पार्टी को तरनतारन हलके के गांव गहिरी में बड़ा समर्थन मिला, जहां गांव के लोगों ने पार्टी के प्रति अपना भरोसा जताया और आने वाले उपचुनाव में ‘आप’ उम्मीदवार हरमीत संधू को समर्थन देने का ऐलान किया।

गांव गहिरी में यह अहम बैठक गांव के सरपंच विरसा सिंह और गांव की अन्य प्रमुख हस्तियों, जिनमें सुखदेव सिंह, गुरजीत सिंह, अमरजीत सिंह, अमनदीप सिंह, गुरविंदर सिंह डॉक्टर, रणजीत सिंह, जगदीश सिंह शाह, कुलदीप सिंह मेंबर, अंग्रेज सिंह मिस्त्री, बाबा सुरजीत सिंह, बाबा बल्लू और सितार सिंह हनेरियां शामिल थे, के सहयोग से रखी गई थी।

इस मौके पर पार्टी नेताओं ने गांव वासियों के साथ विचार साझा किए और ‘आप’सरकार की जन-हितैषी नीतियों के बारे में जानकारी दी। आम आदमी पार्टी के नेताओं ने कहा कि तरनतारन के लोगों की ओर से मिल रहे बड़े समर्थन से यह बात साफ है कि आम आदमी पार्टी लोगों की पहली पसंद बन चुकी है। लोगों का पार्टी के प्रति प्यार और भरोसा दर्शाता है कि तरनतारन में एक बार फिर लोगों के भरोसे की जीत होगी।

## गांव भूसे में हरमीत संधू को भरपूर समर्थन, ‘आप’ की बड़ी जीत का दावा मजबूत

### सरपंच हरजिंदर कौर के नेतृत्व में गांव भूसे के निवासियों ने ‘आप’ को दिया समर्थन



**तरनतारन।** तरनतारन विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव के लिए आम आदमी पार्टी (आप) के उम्मीदवार हरमीत सिंह संधू के पक्ष में चुनावी लहर लगातार मजबूत होती जा रही है। गांव-गांव हो रही जन सभाओं में मिल रहा भरपूर समर्थन ‘आप’ की बड़ी जीत की ओर इशारा कर रहा है।

इसी कड़ी के तहत, हलके के गांव भूसे में सरदार अमरजीत सिंह और सरपंच बीबी हरजिंदर कौर के सहयोग से उनके निवास स्थान पर एक ‘लोक-मिलनी’ कार्यक्रम किया गया। इस बैठक में गांव वासियों ने बड़ी संख्या में शामिल होकर पार्टी नेताओं के साथ अपने विचार साझा किए। बैठक के दौरान लोगों ने अपनी स्थानीय समस्याओं के संबंध में विस्तार से चर्चा की। ‘आप’ नेताओं ने लोगों की समस्याओं को ध्यान से सुना और उन्हें भरोसा दिलाया कि ‘आप’ सरकार द्वारा सभी मुश्किलों का हल प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा।

इस मौके पर गांव वासियों की ओर से मिले भरपूर सहयोग ने यह स्पष्ट कर दिया है कि लोग ‘आप’ की नीतियों से पूरी तरह संतुष्ट हैं। नेताओं ने कहा कि गांवों की इन जन सभाओं से मिल रहे प्यार ने यह साबित कर दिया है कि आम आदमी पार्टी एक बार फिर तरनतारन से बड़ी जीत हासिल करेगी।

## ‘लोगों का बढ़ता काफ़िला बड़ी जीत की निशानी’ – हरमीत संधू को गांव मुगल चक्क में भी मिला भारी समर्थन

सरपंच गुरबेज सिंह के नेतृत्व में गांव मुगल चक्कप’ उम्मीदवार हरमीत संधू के पक्षमें उतरा



तरनतारन। तरनतारन विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव के लिए आम आदमी पार्टी (आप) के उम्मीदवार हरमीत सिंह संधू के चुनाव अभियान को गांवों में लगातार भरपूर समर्थन मिल रहा है। इसी कड़ी में, गांव मुगल चक्क में एक प्रभावशाली ‘जन-मिलनी’ कार्यक्रम किया गया, जहां गांव वासियों ने संधू की जीत के लिए भरपूर उत्साह दिखाया।

यह बैठक गांव के सरपंच सरदार गुरबेज सिंह के नेतृत्व में हुई। इस मौके पर मिले भारी समर्थन से गदगद हुए हरमीत सिंह संधू ने गांव वासियों का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि गांव वासियों से मिले इस भरोसे, हिम्मत और हौसले ने उनके उत्साह को दोगुना कर दिया है।

संधू ने कहा कि लोगों का यह जमावड़ा सिर्फ एक बैठक नहीं, बल्कि ‘आप’ सरकार की नीतियों पर लोगों की मुहर है। उन्होंने विश्वास जताते हुए कहा कि दिन-प्रतिदिन जैसे लोगों का काफिला हमारे साथ जुड़ता जा रहा है, यह स्पष्ट है कि हमारी जीत उतनी ही बड़ी होती जा रही है। इस मौके पर सरपंच गुरबेज सिंह और सभी गांव वासियों ने संधू को पूर्ण समर्थन देते हुए बड़ी बढ़त से जिताने का भरोसा दिया।

## पंजाब सरकार ने जलजीव विविधता को बढ़ावा देने के लिए ‘रोहू’ को राज्य मछली घोषित किया

43 हजार एकड़ से अधिक क्षेत्र में सालाना 2 लाख मीट्रिक टन उत्पादन के साथ निरंतर प्रगति कर रहा है पंजाब का मत्स्य पालन क्षेत्र: खुड्डियां

42,353 मीट्रिक टन उत्पादन के साथ रोहू मछली का पंजाब के कुल उत्पादन में 21.18 प्रतिशत योगदान

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 31 अक्तूबर।** राज्य की जलजीव विविधता के संरक्षण और इसे प्रोत्साहित करने की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए, पंजाब के पशुपालन, डेयरी विकास और मत्स्य पालन मंत्री गुरमीत सिंह खुड्डियां ने आज अपने कार्यालय में रोहू (लाबियो रोहिता) को पंजाब की राज्य मछली घोषित किया।

राज्य के समृद्ध जलजीव संसाधनों पर प्रकाश डालते हुए खुड्डियां ने कहा कि पंजाब का मत्स्य पालन क्षेत्र लगातार प्रगति की ओर अग्रसर है। वर्तमान में राज्य में 43,683 एकड़ क्षेत्र में मत्स्य पालन किया जा रहा है, जिससे सालाना लगभग 2 लाख मीट्रिक टन मछली का उत्पादन हो रहा है। इस उत्पादन में रोहू मछली का महत्वपूर्ण योगदान है, जो 42,353 मीट्रिक टन (कुल उत्पादन का 21.18 प्रतिशत) है। इसकी कीमत 160 से 200 रुपये प्रति किलोग्राम तक होती है। यह मूल्यवान मछली अपने फ्यूसीफॉर्म शरीर और बड़े साइक्लोइड स्केल्स के कारण प्राकृतिक जलस्रोतों में 45 किलोग्राम तक बढ़ सकती है।

उन्होंने आगे बताया कि रोहू मछली प्रोटीन, विटामिन ए, बी और डी, तथा ओमेगा-3 फैटी एसिड जैसे पौष्टिक तत्वों से भरपूर होती है। इस कारण यह न केवल पंजाब में बल्कि अन्य राज्यों में भी स्वादिष्ट और पौष्टिक भोजन के रूप में लोकप्रिय है।

श्री खुड्डियां ने इस क्षेत्र के विकास में मत्स्य पालन विभाग और सहयोगी संस्थानों की भूमिका की सराहना करते हुए रोहू को राज्य मछली घोषित करने पर उन्हें बधाई दी। उन्होंने इंडियन मेजर कार्पस (आइ.एम.सीज़) - रोहू, कतला और मृगल - के महत्व पर भी प्रकाश डाला।

विभाग के प्रधान सचिव राहुल भंडारी ने कहा कि रोहू को राज्य मछली घोषित करने से जलस्रोतों में इसकी संख्या बढ़ाने और एक्वाकल्चर उत्पादन में वृद्धि के लिए लक्षित नीतियां तैयार की जाएंगी, जिससे राज्य की अर्थव्यवस्था को बल मिलेगा।

उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार ने पीएमएमएसवाइ योजना के तहत बड़े पैमाने पर मत्स्य पालन को प्रोत्साहित करते हुए 637 लाभार्थियों को स्व-रोजगार के अवसर प्रदान किए हैं, जिन पर 30.63 करोड़ रुपये की सब्सिडी दी गई है।

इस पहल का उद्देश्य कृषि से संबंधित राज्य की अर्थव्यवस्था को मजबूत करना है। इस अवसर पर मत्स्य पालन विभाग के निदेशक गुरप्रीत सिंह और विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

## डेराबस्सी धनोनी रोड पर बाबा लाल द्वारा के निर्माण कार्य में तेजी, गली निर्माण का शुभारंभ नगर कौंसिल प्रधान ने किया

अर्थ प्रकाश/चौहान



**डेरा बस्सी, 31 अक्टूबर।** डेरा बस्सी धनोनी रोड पर स्थित बाबा लाल द्वारा का निर्माण कार्य जोरों पर चल रहा है। इसी क्रम में लाल द्वारा को जाने वाली गली के निर्माण कार्य का भी आज विधिवत शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर नगर कौंसिल प्रधान आशु उपनेजा ने नारियल फोड़कर व विधिवत पूजा-अर्चना कर निर्माण कार्य की शुरुआत की। प्रधान आशु उपनेजा ने मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि यह डेरा बस्सी वासियों के लिए गर्व की बात है कि जहां श्री बाबा लाल दयाल जी का मंदिर स्थित है, उसी क्षेत्र का नाम ‘श्री बाबा लाल दयाल जी कॉलोनी’ रखा गया है। उन्होंने कहा कि नगर कौंसिल डेरा बस्सी क्षेत्र के धार्मिक स्थलों और ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण व सौंदर्यीकरण के लिए लगातार प्रयासरत है। लाल द्वारा के प्रबंधक सुभाष बुधवार ने जानकारी देते हुए बताया कि मंदिर का निर्माण लगभग पूर्णता की ओर है और जल्द ही भगवान की मूर्ति स्थापना की जाएगी। उन्होंने बताया कि मंदिर परिसर में सभी आवश्यक सुविधाएं जैसे प्रसाद वितरण स्थल, श्रद्धालुओं के बैठने की व्यवस्था और पार्किंग स्थान आदि भी बनाए जा रहे हैं ताकि आने वाले भक्तों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने आगे कहा कि 1 नवंबर (शनिवार) को महंत श्री 1008 श्री रामसुंदर दास जी गद्दी श्री ध्यानपुर धाम का जन्मोत्सव बड़े हर्ष और उल्लास के साथ श्री लाल द्वारा, धनोनी रोड, डेरा बस्सी में मनाया जाएगा। इस अवसर पर भजन-कीर्तन, प्रसाद वितरण और धार्मिक झांकी का भी आयोजन किया जाएगा। उन्होंने सभी शहरवासियों से इस धार्मिक उत्सव में शामिल होने का आग्रह किया। सुभाष बुधवार ने यह भी बताया कि मंदिर परिसर में 8 नवंबर को एक जरूरतमंद बेटी की शादी भी करवाई जाएगी। उन्होंने कहा कि यह सामाजिक सेवा बाबा लाल दयाल जी की शिक्षाओं से प्रेरित है और इसी भावना के साथ मंदिर ट्रस्ट समाज सेवा के कार्य निरंतर करता रहेगा।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय गणमान्य व्यक्ति, श्रद्धालु और नगरवासी उपस्थित रहे तथा सभी ने बाबा लाल द्वारा के निर्माण कार्य की सराहना की।

## पंजाब सरकार युद्ध स्मारकों के संरक्षण के लिए वचनबद्ध



मोहिंद्र भगत द्वारा महाराजा रणजीत सिंह वार म्यूज़ियम के विकास कार्यों में तेजी लाने के निर्देश

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 31 अक्तूबर।** रक्षा सेवाएं कल्याण मंत्री मोहिंद्र भगत ने पंजाब सिविल सचिवालय में अधिकारियों के साथ विभागीय कार्यों की समीक्षा बैठक के दौरान महाराजा रणजीत सिंह वार म्यूज़ियम के विकास कार्यों में और अधिक तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। मंत्री ने संबंधित अधिकारियों को आदेश दिए कि लुधियाना स्थित महाराजा रणजीत सिंह वार म्यूज़ियम के विकास कार्यों को जल्द से जल्द पूरा किया जाए, ताकि इस ऐतिहासिक स्थल को महान योद्धा महाराजा रणजीत सिंह की गौरवशाली विरासत को और अधिक रूप प्रेरक बनाया जा सके।

मंत्री ने अधिकारियों से कहा कि महाराजा रणजीत सिंह वार म्यूज़ियम को बारीकी से सुसज्जित किया जाए ताकि आने वाली पीढ़ियों को राज्य के सैनिक इतिहास के बारे में जानकारी मिल सके।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में रक्षा सेवाओं से जुड़े विरासत स्थलों के संरक्षण और नवीनीकरण के लिए विशेष योजनाएं तैयार कर रही है। उन्होंने कहा कि इस कार्य के लिए बजट की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी।

## सूचना एवं लोक संपर्क विभाग ने अतिरिक्त निदेशक हरजीत ग्रेवाल और उप निदेशक हरदीप सिंह को सेवानिवृत्ति पर दी भावभीनी विदाई

ओएसडी (मीडिया)/ मुख्यमंत्री अमनजोत सिंह और विभाग के सचिव रामवीर ने दोनों अधिकारियों को सेवानिवृत्ति के बाद के सुखद जीवन के लिए शुभकामनाएं दीं

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 31 अक्टूबर।** सूचना एवं लोक संपर्क विभाग (डीआईपीआर), पंजाब के अधिकारियों द्वारा अतिरिक्त निदेशक श्री हरजीत सिंह ग्रेवाल और उप निदेशक (आर्ट) हरदीप सिंह को उनकी सेवानिवृत्ति पर भावभीनी विदाई दी गई।

विभाग की ओर से आयोजित इस सेवानिवृत्ति समारोह में मुख्यमंत्री के ओएसडी (मीडिया) अमनजोत सिंह, सूचना एवं लोक संपर्क विभाग के सचिव रामवीर, निदेशक विमल सेतिया, अतिरिक्त निदेशक (प्रबंधन) संदीप सिंह गढ़ा, अतिरिक्त निदेशक रणदीप सिंह आहलूवालिया, संयुक्त निदेशक प्रीतकंवल सिंह और मनविंदर सिंह, उप निदेशक गुरमीत सिंह खैहरा, श्रीमती रुचि कालड़ा, नवदीप सिंह गिल, प्रभदीप सिंह नथोवाल और विभाग के पीआरओज़ सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। सभी ने विभाग के लिए दोनों अधिकारियों के उत्कृष्ट योगदान को याद करते हुए उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। विभाग में 24 वर्षों की उत्कृष्ट सेवा देने के बाद सेवानिवृत्त हुए श्री हरजीत सिंह ग्रेवाल और 35 वर्षों की सेवाएं पूरी करने वाले हरदीप सिंह की उनके समर्पण, मेहनत और प्रबंधन कौशल के लिए सराहना की गई।

डीआईपीआर में ग्रेवाल और हरदीप सिंह के लंबे योगदान की प्रशंसा करते हुए विभाग के सचिव रामवीर ने उन्हें सेवानिवृत्ति के बाद के जीवन और उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर दोनों अधिकारियों को उनके उत्कृष्ट कार्यकाल के लिये विभाग की ओर से स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

## एसएचओ के लिए 5 लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए एक व्यक्ति विजिलेंस ब्यूरो ने किया रंगे हाथों काबू

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 31 अक्तूबर।** भ्रष्टाचार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत, पंजाब विजिलेंस ब्यूरो ने आज अमृतसर ज़िले के छेहरटा निवासी एक व्यक्ति, ललित अरोड़ा, को छेहरटा थाने के एसएचओ (स्टेशन हाउस ऑफ़िसर) की ओर से 5 लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

विजिलेंस ब्यूरो के प्रवक्ता ने बताया कि यह गिरफ्तारी छेहरटा निवासी द्वारा दी गई शिकायत के बाद हुई है। शिकायतकर्ता ने बताया था कि एसएचओ और उसकी टीम उसके घर आई थी और उस पर तथा उसके चचेरे भाई पर नशीले पदार्थों की तस्करी में शामिल होने का आरोप लगाया गया था। पुलिस ने कथित तौर पर चेतावनी दी थी कि उनके खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज किया जाएगा और शिकायतकर्ता की एक कार ज़ब्त कर ली गई थी, जिसमें कथित रूप से नशीले पदार्थ बरामद किए गए थे।

शिकायत के अनुसार, बाद में शिकायतकर्ता ने मामले को सुलझाने में मदद के लिए एसएचओ के परिचित ललित अरोड़ा से संपर्क किया। अरोड़ा ने कथित रूप से एसएचओ की ओर से नशीले पदार्थों का केस दर्ज न करने के बदले 25 लाख रुपये की रिश्वत मांगी थी। शिकायतकर्ता ने तुरंत पूरी राशि देने में असमर्थता जताई और कहा कि वह केवल 5 लाख रुपये का ही इंतज़ाम कर सकता है। अरोड़ा ने इस राशि को पहली किश्त के रूप में स्वीकार करने के लिए सहमति दे दी।

आरोपों की पुष्टि के बाद, अमृतसर रेंज की विजिलेंस ब्यूरो की टीम ने जाल बिछाकर ललित अरोड़ा को दो सरकारी गवाहों की मौजूदगी में शिकायतकर्ता से 5 लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया।

प्रवक्ता ने बताया कि आरोपी के खिलाफ विजिलेंस ब्यूरो थाना अमृतसर रेंज में भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरोपी को कल शनिवार अदालत में पेश किया जाएगा और मामले की आगे की जांच जारी है।

## आत्ममंथन की दिव्य झलक के साथ 78वां निरंकारी संत समागम प्रारंभ

**समालखा, 31 अक्तूबर (तरसेम दीवाना)।** सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता रमित जी के सान्निध्य में 78वें वार्षिक निरंकारी संत समागम का भव्य शुभारम्भ हुआ। सतगुरु माता जी ने अपने संदेश में कहा कि ÷आत्ममंथन भीतर की यात्रा है, जो केवल निरंकार से जुड़कर ही संभव है।÷ उन्होंने कहा कि हर मानव के भीतर सत्य का वास है, जिसे पहचानने से प्रेम, शांति और भाईचारा स्थापित होता है। समागम में भारत और विदेशों से लाखों श्रद्धालु भक्त शामिल हुए। दिव्य युगल का स्वागत फूलों की वर्षा और भव्य शोभायात्रा के साथ किया गया, वातावरण भक्ति और आनंद से सराबोर रहा।

# देवताओं ने मनुष्य जाति को दी चेतावनी...

## नग्गर जगती में रोपवे और देव स्थलों पर पर्यटन से नाराज, कहा- बिजली महादेव व माता हडिंबा को मत करो नाराज

### देव संसद जगती में 250 देवी-देवताओं का जुटान



अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा

**नग्गर (कुल्लू )31 अक्तूबर।** वर्तमान समय में जिला में बाढ़ और बरसात के दौरान हो रहे नुकसान व विनाश के रोकथाम का निवारण बताने के लिए शुक्रवार को नग्गर? में जगती बुलाई गई। इसका आदेश इसी अक्तूबर माह में कुल्लू दशहरा के दौरान ढालपुर मैदान में पहुंची माता हिडिंबा ने दिया था। नग्गर जगती में रोपवे और? देव स्थलों पर पर्यटन को लेकर देवताओं ने मनुष्य जाति को चेतावनी दी। और कहा कि उनके गुप्त देव स्थलों को गुप्त ही रहने दिया जाए। देव संसद में सभी देवी देवताओं ने एक सुर में कहा कि भोलेनाथ बहुत नाराज है। हमारे गुप्त स्थान से छेड़छाड़ ना की जाए और ना ही उन्हें पर्यटन स्थल बनाया जाए। देवी देवताओं के देव स्थलों को पर्यटन स्थल बनाने से देवी देवता काफी आहत नजर आ रहे हैं। लाहौल स्पीति के मुख्य देवता राजा घेपन के अलावा कुल्लू तथा मंडी के कई देवी देवताओं ने भी देव संसद में कहा कि भोलेनाथ बहुत नाराज है और उनके स्थान पर जो छेड़छाड़ की जा रही है इससे भी वह काफी आहत है। देवी देवताओं ने संसद में एक सुर में कहा कि उनके पवित्र स्थलों मैं आने वाले पर्यटकों को रोके क्योंकि उनके आने से उनके पवित्र स्थल अपवित्र हो रहे हैं। अधिकतर देवी देवताओं ने देव संसद में कहा कि बिजली महादेव व हडिंबा माता को नाराज मत करें नहीं तो आगे बड़ी अनहोनी नजर आ रही है। देवता जमलू व देवता गौरी ने तो साफ कहा कि ढालपुर मैदान में जगह-जगह खुदाई की जा रही है। जिस कारण 18 करडू की सौह अपवित्र हो रही है। देव संसद में सभी देवी देवता नाराज दिखे और उन्होंने कहा कि मनुष्य द्वारा जो गौ माता को खुला छोड़ा जा रहा है वह भी ठीक नहीं है इससे उन्हें काफी पीड़ा हो रही है। देवताओं ने हाल की बारिश से हुई तबाही पर यहाँ तक कहा कि ÷भोलेनाथ ने अभी एक ही लोटा छलकाया है, अगर मनुष्य जाति नहीं मानी तो गंभीर परिणाम भुगतने पड़ेंगे। याद रखना, ब्यास रघुनाथ जी के चरणों को छू कर भी गुजर सकती है, यदि ऐसा हुआ तो खुद ही सोच लो तबाही का क्या मंजर होगा।÷ आज की जगती समस्त मनुष्य जाति के लिए देवताओं के चेतावनी भरी रही।

देव संसद में नग्गर में जप पाठ बार ढालपुर मैदान में कुष्टु काहिका करने के आदेश भी दिए। रघुनाथ जी के कारदार दानवेंद्र सिंह ने मीडिया को जानकारी दी है कि देव संसद ने विजली महादेव रोपवे को नकारा है और एक सुर में कहा है कि विजली महादेव को नाराज मत करो और धार्मिक स्थलों को पर्यटन स्थल न बनाया जाए। इसके अलावा ढालपुर में कुष्टु काहिका के भी संसद ने आदेश दिए हैं।

गौर रहे कि इससे पहले भी जगती पट पर 2006-07 में हुई देव संसद ने मनाली के आसपास पहाड़ों पर बना रहे करोड़ों रुपए सकी विलेज को ठुकरा दिया था और बाद में उसको सरकार को बंद करना पड़ा था। शुक्रवार सुबह को ऐतिहासिक नग्गर कैसल प्रांगण में स्थित जगती-पट मंदिर में देव संसद जगती का आयोजन किया गया। इस जगती में तीन जिलों कुल्लू मंडी और लाहौल स्पीति के करीब 250 देवी देवताओं ने शिरकत की। इस जगती के आयोजन का आदेश इसी अक्तूबर माह में कुल्लू दशहरा के दौरान ढालपुर मैदान में पहुंची हिडिंबा ने वर्तमान समय में जिला में बाढ़ बरसात के दौरान हो रहे नुकसान और विनाश के रोकथाम का निवारण बताने को करने को कहा था। सुबह करीब आठ बजे नग्गर कैसल के जगती पट मन्दिर में देव संसद की कार्रवाई का आगाज हो गया था। जगती-पट मंदिर के कारदार महेश्वर सिंह ने सब देवी देवताओं की देव नियमों के मुताबिक व्यवस्था करने के बाद जगती का आगाज किया। इसके शुभारंभ के लिए बाकायदा कुल्लू राजघराने के सुल्तानपुर स्थिति रूपी पैलेस से धड़छ को लाया गया। खास बात यह है कि जगती की इतनी मान्यता है कि दोपहर तक देवता नग्गर के कैसल के प्रांगण स्थित जगती-पट मंदिर पहुंचते रहे। बाद दोपहर करीब तीन बजे जगती संपन्न हो गई।

#### देव संसद में पहुंचे तीन जिलों के देवी देवता

विश्व की सबसे ब?ी देव संसद जगती के आयोजन मैं तीन जिला कुल्लू मंडी लाहौल स्पीति के देवी देवताओं की मौजूदगी में देव सासंद हुई। खास बात यह है कि जगत के कल्याण के लिए एकत्रित हुए देवी-देवताओं में इस बार मंडी जिला व लाहुल-स्पीति जिला से भी देवी-देवता पहुंचे। मंडी जिला के प्रमुख देवता शियाटी नाग,भिट्ठु नारायण व लाहुल के राजा घेपन जैसे प्रमुख देवताओं के आने से जगती की और शोभा हुई। देव संसद जगती जिस शिला पर आयोजित होती है वह शिला देव इतिहास की बहुत ब?ी गवाह है। इसी शिला पर देव संसद में देवी-देवता विश्व कल्याण के लिए निर्णय लेते हैं। अब यदि शिला के देव इतिहास पर नजर दौ?ाई जाए तो इस शिला को नेहरू कुंड के पहा? से देवी-देवता काट कर लाए थे और नग्गर में अपनी राजधानी बनाकर इस जगती पट्ट को स्थापित किया था जो आज भी यहीं विराजमान है।



### गुरुद्वारा साहिब धर्मपुर में गुरूपर्व को समर्पित नगर कीर्तन का आयोजन

अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर

**सोलन।** गुरुद्वारा साहिब धर्मपुर में गुरूपर्व को समर्पित नगर कीर्तन का आयोजन किया।

सिक्खों के प्रथम गुरू, गुरू नानक देव जी के 556 वे प्रकाश पर्व को समर्पित गुरुद्वारा साहिब धर्मपुर में नगर कींतन का आयोजन किया गया । नगर कीर्तन धर्मपुर गुरुद्वारा से शुरू हुआ व कसौली चौक तक गया वहीं गुरुद्वारा साहिब धर्मपुर में संपन्न हुआ । इस दौरान सभी धर्मो के लोगो ने बढचढ कर इस नगर कींतन में भाग लिया वहीं इस दौरान जगह जगह लंगर का भी आयोजन किया गया था । नगर कीर्तन में विशेष रूप से गतका बैंड ने नगर कीर्तन को विशेष बनाया वहीं इस नगर में भव्य कीर्तन ने सभी को मंत्रमुग्ध किया। गुरुद्वारा साहिब धर्मपुर के प्रधान कंवलजीत सिंह ने बताया कि गुरु नानक देव जी के 556 वे प्रकाश पर्व को समर्पित करते हुए धर्मपुर में नगर कीर्तन का आयोजन किया गया । इसके सभी धर्मो के लोगो ने बढ चढ कर भाग लिया । कंवलजीत सिंह ने गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व को लेकर सभी को अग्रिम बधाई दी ।

### मुख्य सचिव ने नीति-निर्धारण में डेटा के उपयोग पर दिया बल

अर्थ प्रकाश/अरविंद शर्मा



**शिमला।** मुख्य सचिव संजय गुप्ता ने आज यहां 'हिमाचल प्रदेश के शासन में डेटा के उपयोग को सुदृ? बनाने' विषय पर आयोजित कार्यशाला का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि एआई और सूचना प्रोद्योगिकी के दौर में डेटा की भूमिका में निरंतर वृद्धि हो रही है। वर्तमान समय में डेटा 'शासन की नई मिट्टी' के समान है जिसका हम जितना बेहतर उपयोग करेंगे हमें बेहतर परिणाम मिलेंगे। डेटा के बेहतर उपयोग से नीतियों के निर्माण में मदद के साथ-साथ प्रदेश की प्रगति को गति प्रदान करने में सहायता मिलेगी। उन्होंने कहा कि डेटा की वास्तविक शक्ति तब सामने आती है जब विभिन्न तथ्यों को आपस में सही से जो?ा जाता है।

मुख्य सचिव ने कहा कि विभिन्न विभागों द्वारा अलग-अलग प्रकार के डेटा इकटठे किए जाते हैं और योजनाओं के निर्माण के लिए इन डेटा का बेहतर तरीके से एकत्रीकरण और एकीकरण आवश्यक है। उन्होंने कहा कि डेटा के एकत्रीकरण के दृष्टिगत डेटा लिटरेसी की भी अहम भूमिका है। उन्होंने कहा कि फील्ड से एकत्रित डेटा में सटीकता का होना अत्यंत आवश्यक है और अधिकारियों को फील्ड से आने वाले डेटा की निगरानी करनी चाहिए। अधिकारियों द्वारा इसका सही विशलेषण किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि विभागों से संबंधित डेटा की गोपनीयता भी सुनिश्चित की जानी चाहिए ताकि डेटा से छे?छा? न की जा सके।

उन्होंने कहा कि सुरक्षित और अंतर-संचालित राज्य डेटा एकीकरण प्लेटफॉर्म का विकास, मजबूत डेटा गवर्नेंस अधोसंरचना का निर्माण, संस्थानों के सहयोग से डेटा लैब्स अथवा पॉलिसी लैब की स्थापना, अंतरविभागीय डेटा उपयोग को प्रोत्साहन और डेटा को प्रशासनिक कार्य प्रणाली का आवश्यक हिस्सा बनाना आवश्यक है।

मुख्य सचिव ने कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था, शिक्षा, स्वास्थ्य जैसे विभिन्न क्षेत्रों में हिमाचल बेहतरीन प्रदर्शन कर रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में हो रही प्रगति आंक?ों में भी दिखाई देनी चाहिए। लोगों के लिए आंक?ों को यूजर्स फ्रेंडली बनाया जाना चाहिए।

सचिव वित्त डॉ. अभिषेक जैन ने कार्यशाला में मुख्य सचिव और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों का स्वागत किया।

### मुख्यमंत्री की सोच के अनुरूप स्वास्थ्य सेवाओं में हो रहा सुधारः डॉ. धनी राम

अर्थ प्रकाश/अरविंद शर्मा

**शिमला।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. (कर्नल) धनी राम शांडिल ने भाजपा सांसद हर्ष महाजन के आरोपों का जवाब देते हुए स्पष्ट किया है कि जायका परियोजना का सफल कार्यान्वयन राज्य सरकार ऋण लेकर कर रही है, न कि केंद्र सरकार की ग्रांट से। उन्होंने कहा कि भाजपा के राज्यसभा सांसद जनता को गुमराह कर झूठा श्रेय लेने का प्रयास कर रहे हैं।

डॉ. शांडिल ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार ने स्वास्थ्य क्षेत्र में सुधार के लिए एक व्यापक परियोजना तैयार की है, जिसकी फंडिंग जायका के माध्यम से की जा रही है। यह पूरी तरह प्रदेश सरकार के अथक प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेशवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के उद्देश्य से इस परियोजना को धरातल पर उतारा गया है। उन्होंने कहा कि चमियाणा अस्पताल और टांडा मेडिकल कॉलेज में अब रोबोटिक सर्जरी की सुविधा उपलब्ध हो चुकी है, जिससे आम लोगों को अत्याधुनिक उपचार सुविधा मिल रही है। ऐसे में हर्ष महाजन को अब श्रेय लेने की याद आई है, जबकि वे राज्यसभा सांसद होने के बावजूद तथ्यों की जानकारी से अनभिज्ञ हैं।

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने इस परियोजना की रूपरेखा लगभग दो वर्ष पहले तैयार की थी और इसके लिए फंडिंग का प्रावधान जायका से किया गया था। आने वाले समय में सरकार 3,000 करो? रुपये से प्रदेश के सभी मेडिकल कॉलेजों, क्षेत्रीय अस्पतालों और अन्य स्वास्थ्य संस्थानों को सुदृढ़ करेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश के लोग भलीभांति जानते हैं कि जब राज्य में पांच वर्ष तक भाजपा की डबल इंजन की सरकार रही, तब स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति बेहद खराब थी। प्रदेश के बड़े-बड़े अस्पतालों में भी 20द्20 साल पुरानी मशीनें लगी थीं और मरीजों को इलाज करवाने के लिए प्रदेश से बाहर भटकना पड़ता था।

### कुल्लू की डॉ. श्रुति मोरे भारद्वाज को दिव्यांगजन पुनर्वास के लिए मिलेगा राष्ट्रीय पुरस्कार 2025

हिमाचल के दुर्गम इलाकों में थेरेपी ऑन व्हील्स के लिए राष्ट्रपति करेगी सम्मानित

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा



**कुल्लू 31 अक्तूबर।** कुल्लू जिला की डॉ. श्रुति मोरे भारद्वाज को दिव्यांगजन पुनर्वास के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार 2025 से सम्मानित किया जाएगा।

दिव्यांगजनो के पुनर्वास और सशक्तिकरण के क्षेत्र में असाधारण योगदान के लिए डॉ. श्रुति मोरे भारद्वाज को ÷दिव्यांगता के क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ पुनर्वास पेशेवर÷ के राष्ट्रीय पुरस्कार 2025 से सम्मानित किया जाएगा। यह पुरस्कार 3 दिसंबर 2025 को अंतर्राष्ट्रीय विकलांगता दिवस, के अवसर पे भारत के राष्ट्रपति द्वारा विशेष समारोह में प्रदान किया जाएगा। मुंबई जैसे महानगर और विदेश में करियर के आकर्षक अवसरों को छोड़कर डॉ. श्रुति मोरे भारद्वाज ने हिमाचल प्रदेश के कुल्लू व चंबा जैसे दुर्गम क्षेत्रों में दिव्यांग बच्चों और उनके परिवारों की सेवा करने का संकल्प लिया। उन्होंने ÷सांफिआ फाउंडेशन÷ की स्थापना कर समावेशी शिक्षा और पुनर्वास सेवाओं को पहाड़ों की दहलीज तक पहुँचाया।

डॉ. श्रुति मोरे भारद्वाज द्वारा शुरू की गई अनूठी पहल ÷थेरेपी ऑन व्हील्स÷ ने क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव लाया है। यह मोबाइल यूनिट दुर्गम गाँवों में जाकर फिजियोथेरेपी, ऑक्यूपेशनल थेरेपी, स्पीच थेरेपी और नैदानिक सेवाएँ प्रदान करती है, जहाँ पहले ऐसी सुविधाएँ नहीं पहुँच पाती थीं। इसके साथ उनकी संस्था जिला हस्पताल कुल्लू में सरकार के सहयोग के लिए अर्ली इंटरवेंशन सेंटर का संचालन करती है!जिला कुल्लू, लाहुल, चंबा, मंडी जिला में भी अपने जागरूकता कार्यक्रमों को चला चुके है!

इस उपलब्धि पर डॉ. श्रुति मोरे भारद्वाज ने कहा, ÷यह पुरस्कार हिमाचल के हर उस बच्चे और परिवार के लिए है, जिन्होंने मुझ पर विश्वास जताया है। उन्होंने अपनी टीम को भी इसका श्रेय दिया है! हिमाचल के अन्य जिलों में भी अपने काम के एक्सपेंशन की बात कही है!उन्होंने कहा हमारा लक्ष्य दिव्यांगजनों को मुख्यधारा में लाने के लिए नवाचारी समाधानों का सृजन करना रहा है। थेरेपी ऑन व्हील्स इसी दिशा में एक कदम है।

## न्यूज ब्रीफ

### केलांग में जिला विकास समन्वय समिति की बैठक



**केलांग (कुल्लू )31 अक्तूबर।** जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक का आयोजन उपायुक्त कार्यालय केलांग के सम्मेलन कक्ष में किया गया जिसकी अध्यक्षता सांसद मंडी संसदीय क्षेत्र, कंगना रनौत ने की। उपायुक्त लाहौल स्पीति किरण भड़ाना ने बैठक की अध्यक्ष सांसद कंगना रनौत एवं विधायक लाहौल स्पीति अनुराधा राणा का टोपी, शाल पहना कर स्वागत किया इस बैठक में स्वस्थ्य, जलशक्ति, ग्रामीण विकास, कृषि, बागवानी, उद्योग, पशुपालन, शिक्षा, समाज कल्याण, पंचायत, लोक निर्माण, श्रम एवं रोजगार विभागों द्वारा अपने-अपने विभागीय कार्यों एवं प्रगति पर रिपोर्ट प्रस्तुत की । इसमें विभिन्न योजनाओं की पूर्व बैठक की प्रगति पर चर्चा हुई तथा आज की बैठक में जननी सुरक्षा योजना प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत, जल जीवन मिशन मनरेगा स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना कुसुम योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन महिला एवं बाल विकास विभाग की योजनाएँ, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाएँ, और अन्य जिला स्तरीय विकास कार्यक्रम शामिल थे। सांसद ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक समय पर पहुँचाया जाए तथा योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता और गति सुनिश्चित की जाए।

### आर्थिक संकट, वेतनमान व कर्मचारियों की उपेक्षा पर गहरी चिंता; आंदोलन की चेतावनी

एचआरटीसी परिवहन मजदूर संघ की मासिक बैठक संपन्न

अर्थ प्रकाश/अरविंद शर्मा

**शिमला।** हिमाचल पथ परिवहन निगम (एचआरटीसी) के परिवहन मजदूर संघ की दो दिवसीय मासिक बैठक शिमला के ढली स्थित दुर्गा माता मंदिर परिसर में प्रदेश अध्यक्ष श्री प्यार सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में महामंत्री श्री हरीश पराशर, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री सुभाष वर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष राजन वर्मा एवं मेहर चंद कश्यप, कोषाध्यक्ष श्री कपिल शर्मा, उपाध्यक्ष श्री मनुज ठाकुर, श्री शुभम चौधरी सहित प्रदेशभर से आए कर्मचारी प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

बैठक में संघ ने निगम की बिगड़ती आर्थिक स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त की। कहा गया कि निगम पर कर्मचारियों के वेतन, पेंशन और अन्य देनदारियों का भारी बोझ है, जबकि सरकार और प्रबंधन समाधान के प्रति उदासीन बने हुए हैं।

संघ ने कहा कि 16वें वेतनमान की करोड़ों की देनदारियां अब तक लंबित हैं, जबकि 1 जनवरी 2026 से नया वेतनमान लागू होना है। पुराने बकायों का निपटारा न होने से कर्मचारियों में गहरा असंतोष व्याप्त है।

कर्मचारियों के 60 से 62 महीनों के नाइट ओवरटाइम का भुगतान अब तक नहीं हुआ है। वहीं, 30 किलोमीटर की सीमा में नाइट स्टे भत्ता बंद करना कर्मचारियों के साथ अन्याय बताया गया। संघ ने इस निर्णय को अमानवीय और मनमाना करार दिया।

अधिकारियों के तानाशाही रवैये पर आपत्ति : संघ ने कुछ क्षेत्रीय प्रबंधकों के तानाशाहीपूर्ण रवैये की कड़ी आलोचना की। कहा गया कि चालकों और परिचालकों के साथ अनुचित व्यवहार और उत्पीड़न के मामले बढ़ रहे हैं, जिससे कर्मचारियों में तीव्र असंतोष है।

#### निजीकरण और अवैध बसों का विरोध


संघ ने सरकार द्वारा निगम को निजी हाथों में सौंपने की कोशिशों और प्रदेश में अवैध वोल्वो बसों के संचालन पर कड़ी आपत्ति जताई। कहा गया कि ये बसें न केवल निगम की आय को प्रभावित कर रही हैं बल्कि सरकारी परिवहन व्यवस्था को भी कमजोर कर रही हैं।

#### संघ की चेतावनी – अब सब्र का बांध टूटने को है

बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि संघ शीघ्र ही प्रबंध निदेशक (एम.डी.) से मुलाकात कर सभी समस्याओं से उन्हें अवगत कराएगा। संघ ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि सरकार और प्रबंधन ने शीघ्र व ठोस कदम नहीं उठाए, तो राज्यव्यापी आंदोलन शुरू किया जाएगा।

### जल शक्ति विभाग व ग्रामीण विकास विभाग के मध्य हुआ समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित

अर्थ प्रकाश/अरविंद शर्मा



**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत आज जल शक्ति विभाग और ग्रामीण विकास विभाग, हिमाचल प्रदेश के बीच फीकल स्लज के उपचार के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। यह समझौता राज्य में अपशिष्ट जल प्रबंधन को सुदृढ़ करने तथा जल स्रोतों के प्रदूषण को रोकने की दिशा में एक अहम कदम है।

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), हिमाचल प्रदेश के अंतर्गत राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में फीकल स्लज प्रबंधन की चुनौतियों से निपटने के लिए निरंतर प्रयासरत है। प्रदेश के अधिकांश ग्रामीण घरों में सिंगल पिट शौचालय बनाए गए हैं, जिनके भर जाने से पर्यावरण के लिए खतरा उत्पन्न हो सकता है। इसके अतिरिक्त, हिमाचल प्रदेश एक प्रमुख पर्यटन राज्य होने के कारण यहां पर्यटकों, श्रमिकों तथा अन्य अस्थायी जनसंख्या के कारण शौचालय पिट में ओवर फ्लो हो जाता है और इन्हें खुले क्षेत्र में खाली किया जाता है। इससे नदियों, नालों और तालाबों का जल प्रदूषित होता है जिससे पर्यावरण और स्वास्थ्य संबंधी खतरे उत्पन्न होते हैं।


इस समस्या के समाधान के लिए ग्रामीण विकास विभाग ने वॉश इंस्टीट्यूट के सहयोग से राज्य भर में सर्वेक्षण, अभियंताओं का प्रशिक्षण तथा फीकल स्लज के सुरक्षित निपटान के लिए योजनाएं तैयार की हैं। इस प्रक्रिया में जल शक्ति विभाग की सक्रिय भागीदारी रही है। विभाग द्वारा राज्य के 22 मौजूदा सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट्स की पहचान की गई है, जहां फीकल स्लज के उपचार के लिए आवश्यक संरचना विकसित की जा रही है।

### लौह पुरुष के मूल्यों पर चलने की ली शपथ

**गोहर 31 अक्तूबर (सुभाग सचदेवा)।** राजकीय महाविद्यालय बासा (गोहर ) की एनएसएस की दोनों इकाइयों ने कार्यक्रम अधिकारी अर्चना शर्मा के दिशानिर्देशों में राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया। इस अवसर पर रेंजर अधिकारी सुश्री कृष्णा कुमारी, सहायक आचार्या राजनीतिक विज्ञान, ने विद्यार्थियों को एकता एवं लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के मूल्यों पर चलने की शपथ दिलाई। सहायक आचार्या संस्कृत डॉ ज्योति ठाकुर की अध्यक्षता में स्वयंसेवकों ने अन्य विद्यार्थियों के साथ भाषण प्रतियोगिता में भाग लिया जिसका शीर्षक था एक भारत, आत्म निर्भर भारत। भाषण प्रतियोगिता में तनीशा, स्नातक तृतीय वर्ष प्रथम, दुर्लभ कुमार, स्नातक तृतीय वर्ष द्वितीय व जिज्ञासा, स्नातक तृतीया वर्ष तीसरे स्थान पर रहे। निबंध प्रतियोगिता में ज्योति, स्नातक तृतीय वर्ष तथा चंचल ठाकुर तृतीय वर्ष क्रमशः प्रथम व द्वितीय स्थान पर रहे। विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए सरदार पटेल के आदर्शों पर चलने का संदेश दिया।

### अभिलाषी विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया

अर्थ प्रकाश/सुभाग सचदेवा



**गोहर, 31 अक्तूबर।** को अभिलाषी विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर कुलपति प्रो. एच. के. चौधरी ने विश्वविद्यालय के अध्यापकों, विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। यह दिवस भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया गया।

इस अवसर पर अपने संबोधन में प्रो. चौधरी ने कहा कि राष्ट्रीय एकता, अखंडता और सामूहिक जिम्मेदारी ही भारत की सबसे बड़ी शक्ति है। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि वे सरदार पटेल के आदर्शों से प्रेरणा लेकर देश की एकता और प्रगति के लिए निरंतर प्रयासरत रहें।

कार्यक्रम का समापन एकता प्रतिज्ञा के सामूहिक वाचन एवं देश की अखंडता और सौहार्द बनाए रखने के संकल्प के साथ किया गया। इस कार्यक्रम के उपलक्ष्य पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डाक्टर आर के अभिलाषी, प्रति कुलाधिपति डॉक्टर एल के अभिलाषी ने सभी की सराहना की व अभिलाषी एजुकेशन सोसायटी की वाइस चेयरपर्सन डॉ प्रोमिला अभिलाषी, जीनियस एजूकेशन सोसायटी की चेयरपर्सन डॉ नर्वदा अभिलाषी, सचिव नरेंद्र कुमार व रजिस्ट्रार डॉ कपिल कपूर एवं सभी विभागों के डीन ने छात्रों एवं अध्यापकों से राष्ट्रीय एकता एवं राष्ट्रीय हितों को सर्वोपरि रखने की उम्मीद की।

तैयारी — स्कूलों के सिक्योरिटी गार्ड और ट्रैफिक इंचार्ज को दिया जाएगा प्रशिक्षण

### सड़क सुरक्षा को लेकर 23 नवंबर को होगी विशेष कार्यशाला : उपायुक्त

अर्थ प्रकाश/अरविंद शर्मा

**शिमला।** उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप ने कहा कि 23 नवंबर 2025 को शिमला शहर के स्कूलों के लिए एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया जायेगा, जिसमें स्कूल के सिक्योरिटी गार्ड और ट्रैफिक इंचार्ज को प्रशिक्षित किया जायेगा, जो बाद में अपने-अपने स्कूल के छात्रों को स?क सुरक्षा के प्रति करेंगे जागरूक।

उपायुक्त आज यहाँ आयोजित जिला स?क सुरक्षा समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि प्रदेश का मुख्यालय होने के कारण शिमला सड़क सुरक्षा की दृष्टि से विशेष परिस्थितियों वाला जिला है और यहाँ कई स्कूल मुख्य मार्ग पर स्थित है, जिससे बच्चों की सुरक्षा का खतरा बना रहता है। उन्होंने कहा कि कार्यशाला में स्कूलों के सिक्योरिटी गार्ड और ट्रैफिक इंचार्ज को स?क सुरक्षा से सम्बंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी जाएगी, जिसे बाद में वह अपने-अपने स्कूल के छात्रों से साझा करेंगे। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में उपमंडल स्तर पर भी ऐसी कार्यशाला का आयोजन करने के लिए सभी उपमंडल दंडाधिकारियों को निर्देश दिए जायेंगे।

अनुपम कश्यप ने जिला के होटल एसोसिएशन, होम स्टे एसोसिएशन और बीएनबी एसोसिएशन को आगामी पर्यटन सीजन के दौरान स?क सुरक्षा में सहयोग देने के आग्रह किया। उन्होंने कहा कि सभी एसोसिएशन इस दौरान पर्यटकों को सही मार्ग चुनने, सही समय पर अपने गंतव्य के लिए निकलने तथा भी?-भा? वाले मार्ग की बजाय वैकल्पिक मार्ग पर जाने के लिए सुझाव दें ताकि पर्यटकों को किसी भी असुविधा का सामना न करना पड़े।

बैठक में बताया गया कि कई जगह लोग अपने वाहन ठीक से पार्क नहीं करते हैं, जिससे स?क दुर्घटनाएं होती है। कई बार लोग स?क के किनारे बनी पट्टी पर ही अपने वाहन को ख?ा कर देते हैं, जिससे अन्य वाहनों को चलने में रूकावट होती है और कई बार दुर्घटना भी होती है। उन्होंने लोगों से अपने वाहन चिन्हित स्थान पर सही तरीके से पार्क करने का भी आग्रह किया।

#### सड़क सुरक्षा जागरूकता के लिए एचआरटीसी के 6 डिपो को दिए 60000

बैठक में बताया गया कि हिमाचल पथ परिवहन निगम के चालक, परिचालक और अन्य स्टाफ के लिए जागरूकता कार्यशाला आयोजित करने के लिए 06 डिपो को 60000 रुपए की राशि जारी की गई है, जिसमें एचआरटीसी स्थानीय, एचआरटीसी ग्रामीण, एचआरटीसी तारा देवी, एचआरटीसी नेरवा, एचआरटीसी रोह? और एचआरटीसी मंडल कार्यशाला तारा देवी शामिल हैं।

#### 21 नवंबर को आयोजित होगी बाइक रैली और नुक्कड़ नाटक

क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी अनिल कुमार शर्मा ने बैठक का संचालन किया और विभाग द्वारा किये जा रहे कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 21 नवंबर को शिमला में एक जागरूकता बाइक रैली का आयोजन किया जायेगा और स?क सुरक्षा पर आधारित नुक्क? नाटक का आयोजन भी किया जायेगा। उन्होंने सभी विभागों से जिला सड़क सुरक्षा कार्य योजना के लिए बेहतर सुझाव देने का आग्रह किया। उन्होंने बताया कि वाहन पासिंग के दौरान भी लोगों को स?क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए प्रचार सामग्री का वितरण किया जा रहा है।

## भाजपा नेताओं ने रोहतक अनाज मंडी का दौरा किया

**रोहतक (सुकरमपाल)।** आज भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने जिला अध्यक्ष एडवोकेट रणबीर ढाका के मार्गदर्शन में अनाज मंडी रोहतक में की धान खरीद में किसानों को किसी भी तरह की असुविधा न हो तथा भाव में कोई परेशानी न हो , इस आशय के साथ अनाज मंडी का दौरा किया । इस दौरान भाजपा जिला प्रभारी (सभी प्रकोष्ठ) डॉ. अशोक कुमार रंगा ने किसानों से बातचीत की और उनसे पूछा कि गेट पास में कोई असुविधा तो नहीं हो रही है तथा भाव मिलने में कोई दिक्कत तो नहीं आ रही ? वहीं भाजपा जिला कार्यालय सचिव व सीए एम विंडो परोमीनट पर्सन बीर सिंह हुड्डा ने मौके पर मौजूद अधिकारियों से कहा कि धान खरीद में अधिकारी पूरी पारदर्शिता बरते, खरीद की आड़ में धोखाधड़ी न हो ये सुनिश्चित करना अधिकारियों का दायित्व है । वरिष्ठ भाजपा नेता सत्यप्रकाश बिसला ने उपस्थित किसानों से कहा कि सरकार आपके धान के एक एक दाने की खरीद कर रही है, यदि किसी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की असुविधा होगी तो सरकार उस पर तुरंत संज्ञान लेगी ।

# सरदार पटेल का एक भारत का सपना हर भारतीय के दिल में धड़कता है : सैनी

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने झंडी दिखाकर की रन फॉर यूनिटी की शुरुआत

30 हजार से अधिक लोगों ने दिखाई सहभागिता, मुख्यमंत्री स्वयं भी एकता के संदेश के साथ दौड़ें

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**फतेहाबाद, 31 अक्टूबर।** लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर शुक्रवार को फतेहाबाद में राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया। जिला मुख्यालय पर आयोजित रन फॉर यूनिटी का शुभारंभ हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने पंचायत भवन से हरी झंडी दिखाकर किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रतिभागियों पर पुष्प वर्षा की और उन्होंने स्वयं भी दौड़ में शामिल होकर एकता का संदेश दिया।

एमएम कॉलेज मैदान तक आयोजित दौड़ में लगभग 30 हजार प्रतिभागी शामिल हुए। युवाओं, महिलाओं, खिलाडि?ों, विद्यार्थियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों ने हाथों में तिरंगा लेकर उत्साहपूर्वक भाग लिया। पूरा शहर एक भारत, श्रेष्ठ भारत के नारों से गूंज उठा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने नशे से दूर रहने की शपथ भी दिलवाई।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय एकता दिवस हमारे राष्ट्र की आत्मा को सशक्त करने का दिन है। आज हम सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150वीं जयंती मना रहे हैं। लौह पुरुष पटेल ने जिस संकल्प, साहस और दूर दृष्टि से भारत को एक सूत्र में पिरोया, वह आज भी प्रेरणा स्रोत है। मुख्यमंत्री ने सरदार पटेल को याद करते हुए सभी हरियाणा वासियों को राष्ट्रीय एकता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस संकल्प को सरदार पटेल ने आजादी के बाद शुरू किया था, प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने उसे आगे बढ़ाते हुए जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 और 35ए को समाप्त कर एक बार फिर देश की एकता और अखण्डता को सुदृढ़ किया है। उन्होंने कहा कि यह फैसला सरदार पटेल की भावना के अनुरूप था, एक राष्ट्र, एक संविधान, एक तिरंगा। मुख्यमंत्री ने इस कदम को भारत की एकता को और मजबूत करने वाला ऐतिहासिक निर्णय बताया और कहा कि यह उस अखंड भारत की भावना का प्रतीक है, जिसका सपना सरदार पटेल ने देखा था। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि फतेहाबाद में कार्यक्रम में उपस्थित हुए लोग इस बात का प्रमाण हैं कि सरदार पटेल का एक भारत का सपना आज भी हर नागरिक के हृदय में जीवित है।

### रन फॉर यूनिटी-राष्ट्र को जोड़ने का यज्ञ

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि आज की यह दौड़ केवल शारीरिक गतिविधि नहीं, बल्कि राष्ट्र की एकता, अखंडता और अनुशासन का प्रतीक है। हरियाणा के सभी जिलों में लाखों नागरिक इस राष्ट्रीय संकल्प का हिस्सा बन रहे हैं। यह प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के एक भारत, श्रेष्ठ भारत के विजन को साकार करने की दिशा में एक कदम है। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि एक मजबूत राष्ट्र का निर्माण अनुशासित, जिम्मेदार और जागरूक नागरिकों से होता है। यह दौड़ हमें सहनशीलता, अनुशासन और सामूहिकता का संदेश देती है।



## हरियाणा स्थापना दिवस समारोह का यवनिका गार्डन पंचकूला में आज

राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री करेंगे हरियाणा स्थापना दिवस समारोह का शुभारम्भ

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** हरियाणा सरकार द्वारा हरियाणा स्थापना दिवस समारोह का आयोजन 1 से 3 नवम्बर तक यवनिका गार्डन , सेक्टर-5, पंचकूला में किया जाएगा। हरियाणा के राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष, मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी की गरिमामयी उपस्थिति में 1 नवम्बर को प्रातः 10 बजे तीन दिवसीय सांस्कृतिक बेला एवं प्रदर्शनी का शुभारम्भ करेंगे। उपायुक्त सतपाल शर्मा ने आज यवनिका गार्डन का दौरा कर समारोह के सफल आयोजन के लिए चल रही तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि सभी विभाग समन्वय से कार्य करें ताकि आयोजन भव्य और व्यवस्थित रूप से संपन्न हो। उन्होंने बताया कि उद्घाटन अवसर पर राज्य के मंत्री, विधायक, वरिष्ठ अधिकारी, कलाकार तथा बड़ी संख्या में नागरिक भाग लेंगे। उपायुक्त ने पंचकूला वासियों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में समारोह में भाग लेकर इस गौरवमय अवसर के साक्षी बनें।

## लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया जाएगा : स्वामी विकास दास महाराज

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**पंचकूला।** श्री श्री 1008 जगतगुरु रामानंदाचार्य स्वामी विकास दास जी महाराज ने कहा कि ज्योति प्रकाश उत्सव के माध्यम से लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया जाएगा। जैसे आत्मा रूपी ज्योति शरीर में प्रवेश कर कभी-कभी हमें गलत राह पर ले जाती है, वैसे ही नशे की प्रवृत्ति भी व्यक्ति को अंधकार की ओर धकेल देती है।

पंचकूला में आयोजित पत्रकार वार्ता में स्वामी विकास दास महाराज ने कहा कि यह अभियान गंभीर नशे जैसे हेरोइन, अफीम, गांजा आदि के विरुद्ध एक सशक्त सामाजिक पहल है, जो युवाओं को नशे की जकड़ से बाहर निकालने के लिए चलाया जा रहा है। युवा पीढ़ी को नशे के अंधकार से निकालकर संस्कारों और सन्मार्ग की ज्योति जलाने के उद्देश्य से 4 नवंबर को पंचकूला के रेड बिशप टूरिस्ट काम्प्लेक्स, सेक्टर-1 में भव्य ÷ज्योति प्रकाश उत्सव÷ का आयोजन किया जा रहा है। इस आध्यात्मिक महोत्सव का नेतृत्व श्री श्री 1008 जगतगुरु रामानंदाचार्य स्वामी विकास दास जी महाराज करेंगे।

इस अवसर पर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, राज्य के कई मंत्री, आईएएस-आईपीएस अधिकारी तथा प्रदेशभर के गणमान्य व्यक्ति शिरकत करेंगे।

आयोजन समिति ने बताया कि कार्यक्रम की तैयारियां जोरों पर हैं और यह उत्सव पंचकूला की धार्मिक-सांस्कृतिक पहचान को नई ऊंचाई देगा। आयोजन समिति के सदस्य एवं चंडीगढ़ के पूर्व मेयर अरुण सूद, संजीव सूद और भाजपा जिला प्रधान अजय मित्तल ने बताया कि कार्यक्रम शाम 4.30 बजे हनुमान चालीसा पाठ से आरंभ होगा। इसके बाद 5.30 बजे से संतों के प्रवचन होंगे। रात 8 बजे प्रसाद वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम में संत लोकेश मुनि जी, ब्रह्मर्षि कुमार स्वामी, ज्ञानानंद जी महाराज, संपूर्णानंद ब्रह्मचारी जी सहित अनेक प्रसिद्ध संत-महात्मा पधारेंगे।

## 1 क्विंटल 16 किलो चूरापोस्त तस्करी का मुख्य सप्लायर चित्तौड़गढ़ से गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**पंचकूला।** नशा तस्करी पर शिकंजा कसते हुए पंचकूला पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस न केवल नशा बेचने वालों को गिरफ्तार कर रही है बल्कि अब मुख्य सप्लायर तक भी पहुंच बना रही है। हाल ही में एंटी नारकोटिक्स सेल पंचकूला ने गुप्त सूचना के आधार पर की गई सटीक कार्रवाई में 24 अक्टूबर को झज्जर जिले के मातनहेल गांव निवासी ट्रक चालक जोगेन्द्र सिंह और उसके साथी विकाश सिंह को 1 क्विंटल 16 किलो चूरा पोस्त के साथ गिरफ्तार किया था

डीसीपी क्राइम मनप्रीत सिंह सूदन ने बताया कि दोनों आरोपी राजस्थान से चूरा पोस्त लेकर हिमाचल प्रदेश में बेचने जा रहे थे लेकिन हमारी टीम की सतर्कता के चलते गांव गोलपुरा के पास एंटी नारकोटिक्स सेल द्वारा बिछाए गए जाल में फंस गए। इस संबंध में थाना रायपुर रानी में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था। पुलिस ने दोनों आरोपियों को 25 अक्टूबर को अदालत में पेश कर 8 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया ताकि मुख्य सप्लायर तक पहुंचा जा सके। पुलिस की मेहनत रंग लाई जब रिमांड के दौरान मिली जानकारी के आधार पर मुख्य सप्लायर उदयलाल उर्फ राजस्थानी पुत्र नारायणलाल निवासी जिला चित्तौड़गढ़, राजस्थान (उम्र 34 वर्ष) को 30 अक्टूबर को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि आरोपी नशे की यह बड़ी खेप आगे किसे सप्लाई करने जा रहे थे।

## मानव संसाधन के आयामों पर दिग्गजों का मंथन

अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ



**पलवल।** श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय में शुक्रवार को स्किल डिपार्टमेंट ऑफ़ मैनेजमेंट स्टडी द्वारा मानव संसाधन विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें कॉर्पोरेट जगत के कई एचआर दिग्गजों ने हिस्सा लिया। कुलसचिव प्रोफ़ेसर ज्योति राणा ने उनका स्वागत करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से विद्यार्थियों को अपने करियर में काफ़ी कुछ सीखने को मिलता है। यह अनुभव उन्हें और बेहतर मानव संसाधन प्रबंधक बनने में सहायक सिद्ध होते हैं।

रीथिंकिंग कंपनसेशन-2025 ÷बदलते कार्यबल में निष्पक्षता, आकर्षण और प्रतिधारण के लिए रणनीतियाँ÷ विषय पर विशेषज्ञों ने मंथन किया। सम्मेलन के लिए प्रतिष्ठित वक्ता थे डॉ. देबजानी रॉय, चीफ पीपल ऑफिसर, वैल्यूअर फैबटेक्स प्रा. लि., दिल्ली, और सुश्री रुमा बथेजा, डायरेक्टर ङ्क पीपल, टेक्नोलॉजी और ट्रांसफॉर्मेशन, नॉलेजगेटिक्स रिसर्च प्रा. लि। एचआर नेतृत्व और पीपल स्ट्रैटेजी में उनकी व्यापक अनुभव ने चर्चा में बहुत मूल्य जोड़ा।

रुमा बथेजा ने नपीआईई फ्रेमवर्क पर ध्यान केंद्रित किया, जिसमें पी का अर्थ उद्देश्य, आई का अर्थ नवाचार और अखंडता, और ई का अर्थ उत्कृष्टता के माध्यम से बढ़त। उन्होंने साझा किया कि उद्देश्य-प्रेरित नेतृत्व, रचनात्मकता और नैतिक व्यवहार के साथ मिलकर, व्यक्ति और संगठनों को दीर्घकालिक सफलता बनाने में कैसे मदद कर सकता है। उनके संबोधन ने छात्रों को व्यक्तिगत मूल्यों को पेशेवर लक्ष्यों के साथ संरेखित करने और कार्य के सभी पहलुओं में अखंडता बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित किया।

डॉ. देबजानी रॉय ने पीपल, उद्देश्य और प्लैनेट के सिद्धांतों पर आधारित ÷सचेत कार्यस्थल÷ बनाने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने छात्रों को कार्यालय की राजनीति से दूर रहने की सलाह दी, यह रेखांकित करते हुए कि पेशेवरिता, सहानुभूति और सहयोग करियर विकास और संगठनात्मक सद्भाव के लिए कुंजी हैं। उनके विचारों ने दर्शकों को एचआर को न केवल प्रबंधन कार्य के रूप में बल्कि टिकाऊ और नैतिक व्यावसायिक प्रथाओं के लिए एक प्रेरक शक्ति के रूप में देखने के लिए प्रेरित किया।

## रन फॉर यूनिटी एक दौड़ नहीं, यह एकता, समर्पण और राष्ट्र निर्माण के संकल्प का प्रतीक : आरती

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**पंचकूला।** रन फॉर यूनिटी केवल एक दौड़ नहीं, बल्कि यह एकता, समर्पण और राष्ट्र निर्माण के संकल्प का प्रतीक है। लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की जयंती के अवसर पर शुक्रवार को पंचकूला में जिला स्तरीय दौड़ को झंडी दिखाने के उपरांत स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने ये विचार व्यक्त किए।

इस दौड़ में युवाओं, विद्यार्थियों, खेल प्रेमियों तथा विभिन्न वर्गों के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आरती सिंह राव ने खुद भी दौड़ लगाई और प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ स्वास्थ्य मंत्री कुमारी आरती सिंह राव ने सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित जनसमूह को राष्ट्रीय एकता, अखंडता और सुरक्षा के प्रति समर्पित भाव से कार्य करने की शपथ दिलाई। उन्होंने सरदार वल्लभ भाई पटेल के अदम्य साहस और योगदान ने देश को एक सूत्र में पिरोया और हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत बने। यह दौड़ परेड ग्राउंड से प्रारंभ होकर राजहंस सिनेमा, नाइट फूड स्ट्रीट, बैला विस्टा और हाफेड की बैक साइड से होते हुए पुनः परेड ग्राउंड पर समाप्त हुई। प्रतिभागियों ने हाथों में तिरंगा लेकर देश भक्ति और एकता का संदेश दिया। दौड़ के समापन पर सभी प्रतिभागियों को रिफ्रेशमेंट वितरित की गई।

## निरंकार से जुड़कर ही हो पायेगा आत्ममंथन- निरंकारी : सुदीक्षा महाराज

**समालखा (मनदीप कुमार)।** आत्ममंथन एक भीतर की यात्रा है। इसे केवल चंचल मन और बुद्धि के स्तर पर नहीं तय किया जा सकता। इसके लिए अपने अंदर आध्यात्मिक रूप में मंथन करने की जरूरत है।'' यह उद्गार सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज ने 31 अक्तूबर से 3 नवंबर तक चलने वाले 78वें वार्षिक निरंकारी सन्त समागम के पहले दिन मानवता के नाम अपना पावन संदेश देते हुए व्यक्त किए। सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं आदरणीय निरंकारी राजपिता रमित जी की पावन छत्रछाया में आयोजित इस चार-दिवसीय संत समागम में पूरे भारतवर्ष एवं विदेशों से लाखों की संख्या में श्रद्धालु भक्त सम्मिलित होकर समागम का भरपूर आनंद प्राप्त कर रहे हैं। सतगुरु माता जी ने आगे कहा कि हर मानव के अंदर और बाहर एक सत्य निवास करता है, जो स्थिर और शाश्वत है।

## जिला लोक संपर्क समिति की बैठक में 16 में से 12 मामलों का निपटारा

उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने कहा, जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान प्रशासन की

अर्थ प्रकाश संवाददाता




**फतेहाबाद, 31 अक्टूबर।** जिला लोक संपर्क एवं जन-परिवाद समिति की बैठक शुक्रवार को उपायुक्त डॉ. विवेक भारती की अध्यक्षता में स्थानीय डीपीआरसी हॉल में आयोजित हुई। बैठक में कुल 16 शिकायतें सुनवाई हेतु प्रस्तुत की गई, जिनमें से 12 मामलों का मौके पर ही निपटारा कर दिया गया, जबकि शेष 4 मामलों को अगली बैठक में विस्तृत रिपोर्ट के साथ पुनः प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।

उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने कहा कि जिला प्रशासन का उद्देश्य प्रत्येक नागरिक की समस्या का त्वरित और पारदर्शी समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे जनता की शिकायतों पर संवेदनशीलता और तत्परता के साथ कार्रवाई करें तथा शिकायतों के समाधान में लापरवाही बरतने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

किरढान निवासी देवेंद्र कुमार ने शिकायत दी थी कि उसकी स्कॉर्पियो गाड़ी बिना एनओसी अन्य व्यक्ति के नाम ट्रांसफर कर दी गई है, जिससे वह परेशान है। इस पर एसडीएम ने बताया कि बहादुरगढ़ अथॉरिटी से पत्राचार किया जा चुका है। उपायुक्त ने निर्देश दिए कि संबंधित अथॉरिटी से सभी कागजात प्राप्त कर पूर्ण कार्रवाई की जाए और प्रार्थी की समस्या का समाधान सुनिश्चित किया जाए। टिब्बा कॉलोनी फतेहाबाद निवासी सुरेंद्र कुमार ने शिकायत की थी कि नगर परिषद टोहाना में रिकॉर्ड से माप पुस्तिका (एमबी) गुम है और दोषी अधिकारियों/कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। अतिरिक्त उपायुक्त ने बताया कि जांच पूरी की जा चुकी है और दोषी अधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई के लिए पुलिस विभाग को लिखा गया है। इस पर उपायुक्त ने पुलिस को नियमानुसार कार्रवाई के निर्देश दिए।

बैठक में रहनवाली निवासी सुरेंद्र सिंह ने शिकायत दी थी कि भीम सिंह ने उसके भाई-बहनों को विदेश भेजने के नाम पर ठगी की है। पुलिस जांच में सामने आया कि यह दोनों पक्षों के बीच आपसी लेनदेन का मामला है। उपायुक्त ने पुलिस विभाग को निर्देश दिए कि यदि शिकायतकर्ता पुनः चीटिंग की शिकायत देता है, तो नियमानुसार आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाए। पुलिस अधीक्षक ने दोनों पक्षों को व्यक्तिगत सुनवाई हेतु बुलाया और इस पर जल्द कार्रवाई की जाएगी।

## हैलोवीन समारोह मे बच्चों को सांस्कृतिक विविधता के बारे में सिखाया

**अम्बाला छावनी (रवि पाहुजा)।** वैदिक किंडरगार्टन में शुक्रवार को बच्चे रचनात्मक और रंग-बिरंगे परिधानों में विद्यालय पहुँचे, जिन्होंने अपनी कल्पनाशक्ति, आत्मविश्वास और अंतरराष्ट्रीय संस्कृति का सुंदर संगम प्रस्तुत किया।

पूरा दिन उत्साह और आनंद से भरा रहा ः – रोमांचक गतिविधि केंद्रों, परिधान परेड, मज़ेदार खेलों, नृत्य, संगीत और ढेर सारी मिठाइयों ने इस दिन को विशेष बना दिया। यह समारोह न केवल बच्चों के चेहरों पर मुस्कान लाया बल्कि उन्हें वैश्विक भाईचारे, सृजनशीलता और सांस्कृतिक विविधता के बारे में भी सिखाया, जिससे उन्हें अंतरराष्ट्रीय उत्सवों का अनुभव प्राप्त हुआ ।

उद्घाटन

राज्यपाल ने शिक्षा महाकुंभ में की शिरकत, समाज और विद्यालयों के बीच सेतु निर्माण पर जोर

## कक्षाएं केवल शिक्षा तक सीमित नहीं रहनी चाहिए : गुलाब चंद कटारिया

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 31 अक्टूबर।** शिक्षा महाकुंभ 2025 का शुभारंभ आज एनआईपीईआर, मोहाली में हुआ। इस वर्ष का केंद्रीय विषय कक्षा से समाज तकः शिक्षा के माध्यम से एक स्वस्थ विश्व का निर्माण, है। तीन दिवसीय इस आयोजन के पहले दिन सामाजिक सहभागिता, मूल्य आधारित शिक्षा और राष्ट्र निर्माण के लिए शिक्षा की भूमिका पर सार्थक विमर्श हुआ।

पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया उद्घाटन सत्र के मुख्य रहे। उन्होंने कहा शिक्षा केवल कक्षाओं तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, यह घर, समाज और राष्ट्र के उत्थान का माध्यम बननी चाहिए। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रो. आर. पी. तिवारी, कुलपति, सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ पंजाब उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि जब समाज शिक्षा की जिम्मेदारी लेता है, तब सीखने की प्रक्रिया गहरी और प्रभावी होती है। स्वागत भाषण प्रो. दुलाल पांडा, निदेशक, एनआईपीईआर मोहाली ने दिया, जिन्होंने शिक्षा जगत की जिम्मेदारी और समाज के प्रति उसकी भूमिका पर बल दिया। देशराज शर्मा, महासचिव, विद्या भारती ने शिक्षा महाकुंभ के उद्देश्य और इसके माध्यम से समग्र शिक्षा की दिशा में हो रहे प्रयासों की जानकारी दी। के. एन. रघुनंदन, संगठन सचिव, विद्या भारती (उच्च शिक्षा संस्थान) ने अपने मुख्य वक्तव्य में समाज और विद्यालयों के बीच संबंधों को सुदृढ़ करने पर जोर दिया। इस अवसर पर विजय नड्डा, क्षेत्रीय संगठन मंत्री उत्तर क्षेत्र, विद्या भारती भी उपस्थित थे।

### 110 से अधिक शोध पत्रों की दी प्रस्तुति

दोपहर के सत्र में 7 कॉन्क्लेव आयोजित किए गए, जिनमें कुलपति सम्मेलन, मीडिया कॉन्क्लेव और सिविल सोसायटी कॉन्क्लेव शामिल रहे। 110 से अधिक शोध पत्रों की प्रस्तुति दी गई और 30 से अधिक आमंत्रित वक्ताओं ने फ़लोकतंत्र, विकास और सुशासनफ़ पर अपने विचार साझा किए। छात्रों की परियोजनाओं की प्रदर्शनी भी आयोजित की गई। दिन का समापन संवाद सत्रों, प्रदर्शनी अवलोकन और विचार-विनिमय के साथ हुआ, जिसने यह संदेश दिया कि शिक्षा में परिवर्तन का आधार सहयोग और सहभागिता है।

## सरदार पटेल स्वतंत्र भारत के एकीकरण के थे शिल्पकार : विधायक कृष्णा

अर्थ प्रकाश/सुकरमपाल

**रोहतक, 31 अक्तूबर।** राई की विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि देश के प्रथम उप प्रधानमंत्री एवं गृहमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल ने देश की एकता व अखंडता को साकार रूप देने के लिए 565 रियासतों को एक सूत्र में पिरो कर भारत को सशक्त राष्ट्र बनाया। सरदार वल्लभ भाई पटेल ने अपनी अद्भुत नेतृत्व क्षमता, दृढ़ इच्छा शक्ति और कुशल कूटनीति से सभी रियासतों को भारतीय संघ का हिस्सा बनाया। विधायक कृष्णा गहलावत आज सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर स्थानीय सुभाष चौक पर आयोजित जिला स्तरीय रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम में एकता दौड़ को झंडी दिखाकर रवाना करने से पूर्व उपस्थितगण को बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रही थी। एकता दौड़ में हजारों प्रतिभागियों ने शहरवासियों को देश की एकता व अखंडता को मजबूत करने का संदेश दिया। विधायक कृष्णा गहलावत ने पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर, पूर्व मंत्री कृष्णमूर्ति हुड्डा, महापौर राम अवतार वाल्मीकि, उपायुक्त सचिन गुप्ता, पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र भौरिया, अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार, पूर्व महापौर मनमोहन गोयल, भाजपा के प्रदेश कोषाध्यक्ष अजय बंसल, जिला अध्यक्ष रणबीर ढाका, जाट शिक्षण संस्था के पूर्व अध्यक्ष राज सिंह नांदल, राजेश जैन, राजकुमार शर्मा, अनीता बुधवार के साथ रन फॉर यूनिटी में भाग लिया।

# पाप से श्रीकृष्ण ने अर्जुन को बचाया था, महाभारत के दौरान करने वाले थे अनर्थ



महाभारत के एतिहासिक युद्ध में लगभग 45 लाख लोग शामिल हुए थे। इन 45 लाख लोगों के अलावा भी कई ऐसे लोग थे, जो युद्ध में शामिल नहीं हुए थे लेकिन उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इस खबर के जरिए हम एक ऐसी जानकारी दे रहे हैं, जिसके बारे में कम ही लोग जानते हैं। पुरानी कथाओं के अनुसार युद्ध के दौरान भगवान कृष्ण की नीति की वजह से युधिष्ठिर और अर्जुन की जान बची थी।

कहते हैं, युद्ध के दौरान जब कर्ण ने युधिष्ठिर को पराजित कर दिया था तो घायल युधिष्ठिर का उपचार करने के लिए सहदेव उन्हें छावनी में ले गए थे। जैसी ही अर्जुन को बता चला कि युधिष्ठिर घायल है, वे भी उनसे मिलने के लिए छावनी में पहुंच गए। अर्जुन को अपने सामने देख युधिष्ठिर को लगा कि, अर्जुन ने कर्ण का वध कर दिया है और यही समाचार लेकर वे छावनी में आए हैं। लेकिन, जब युधिष्ठिर को पता लगा कि अर्जुन बिना कर्ण को मारे उनसे मिलने आए हैं, तो उन्होंने अर्जुन को बहुत डांटा।

उस वक्त युधिष्ठिर इतने नाराज थे कि उन्होंने अर्जुन से अपने शस्त्र किसी और को दे देने की बात कही। ये सुनते ही अर्जुन को बहुत गुस्सा आया और उन्होंने धर्मराज युधिष्ठिर को मारने के लिए तलवार उठा ली। पुराणों के अनुसार अर्जुन ने प्रतिज्ञा ली थी कि जो कोई भी उनसे शस्त्र रखने के लिए कहेगा, वह उस व्यक्ति का वध कर देंगे। इसी प्रतिज्ञा को पूरी करने के लिए अर्जुन ने युधिष्ठिर का वध करने के लिए जैसे ही तलवार उठाई, तभी श्रीकृष्ण ने उन्हें रोक लिया।

उस वक्त अर्जुन ने श्रीकृष्ण से मदद मांगी। अर्जुन ने श्रीकृष्ण से कहा कि, कोई ऐसा उपाय बताए कि मैं अपनी प्रतिज्ञा भी पूरी कर लूं और भाई की हत्या के अपराध से भी बच जाऊं। उस वक्त श्रीकृष्ण ने अर्जुन से कहा कि, सम्माननीय पुरुष जब तक सम्मान पाता है, तब तक ही उसका जीवित रहना माना जाता है। तुमने हमेशा युधिष्ठिर का सम्मान किया है, लेकिन आज तुम उनका थोड़ा अपमान कर दो। श्रीकृष्ण की बात मानकर अर्जुन ने युधिष्ठिर को कटुवचन कहे। युधिष्ठिर को ऐसी कठोर बातें कहकर अर्जुन बहुत उदास हो गए और उन्होंने आत्महत्या के लिए अपनी तलवार उठा ली। उसी वक्त श्रीकृष्ण ने उनसे कहा कि, अर्जुन तुम अपने ही मुख से अपने गुणों का बखान करो, ऐसा करने से यही समझा जाएगा की तिमने अपने ही हाथों अपने आप को मार लिया है। श्रीकृष्ण के कहने पर अर्जुन ने ठीक वैसी ही किया। इसी तरह श्रीकृष्ण ने धर्म, ज्ञान और अपनी लीला से अर्जुन और युधिष्ठिर की जान बचा ली।महाभारत के एतिहासिक युद्ध में लगभग 45 लाख लोग शामिल हुए थे। इन 45 लाख लोगों के अलावा भी कई ऐसे लोग थे, जो युद्ध में शामिल नहीं हुए थे लेकिन उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इस खबर के जरिए हम एक ऐसी जानकारी दे रहे हैं, जिसके बारे में कम ही लोग जानते हैं। पुरानी कथाओं के अनुसार युद्ध के दौरान भगवान कृष्ण की नीति की वजह से युधिष्ठिर और अर्जुन की जान बची थी।

कहते हैं, युद्ध के दौरान जब कर्ण ने युधिष्ठिर को पराजित कर दिया था तो घायल युधिष्ठिर का उपचार करने के लिए सहदेव उन्हें छावनी में ले गए थे। जैसी ही अर्जुन को बता चला कि युधिष्ठिर घायल है, वे भी उनसे मिलने के लिए छावनी में पहुंच गए। अर्जुन को अपने सामने देख युधिष्ठिर को लगा कि, अर्जुन ने कर्ण का वध कर दिया है और यही समाचार लेकर वे छावनी में आए हैं। लेकिन, जब युधिष्ठिर को पता लगा कि अर्जुन बिना कर्ण को मारे उनसे मिलने आए हैं, तो उन्होंने अर्जुन को बहुत डांटा।

उस वक्त युधिष्ठिर इतने नाराज थे कि उन्होंने अर्जुन से अपने शस्त्र किसी और को दे देने की बात कही। ये सुनते ही अर्जुन को बहुत गुस्सा आया और उन्होंने धर्मराज युधिष्ठिर को मारने के लिए तलवार उठा ली। पुराणों के अनुसार अर्जुन ने प्रतिज्ञा ली थी कि जो कोई भी उनसे शस्त्र रखने के लिए कहेगा, वह उस व्यक्ति का वध कर देंगे। इसी प्रतिज्ञा को पूरी करने के लिए अर्जुन ने युधिष्ठिर का वध करने के लिए जैसे ही तलवार उठाई, तभी श्रीकृष्ण ने उन्हें रोक लिया।

# मुनि अभय कुमार जी ने मुझे जीवन का सार बताया: मंत्री रणवीर गंगवा

**चंडीगढ़।** जप और तप मे हमेशा लीन रहने वाले मुनि अभय अब आंखो से ओझल हो गये है, उनकी स्मृति बार बार आंखो के सामने आ रही है, लेकिन उनके द्वारा दी गई शिक्षाओं के कारण अभय मुनि आज भी हमारे बीच जिंदा है जब तक ये संसार रहेगा तब तक उनके द्वारा दी गई शिक्षाएं इस धरती पर जिंदा रहेगी। ये शब्द हरियाणा के लोक निर्माण, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने अभय मुनि को याद करते हुए कहे। इस दौरान श्री गंगवा ने मनीषी संत मुनिश्री विनय कुमार जी आलोक से दर्शन लाभ भी प्राप्त किया।

श्री गंगवा ने कहा मुनि अभय का संसार की यात्रा पूरी कर जाना हम सब के लिए बहुत बडी क्षति है लेकिन मुनि की जो शिक्षाएं व दर्शन को हम सभी जीवन मे धारण कर उन्हे हमेशा जिंदा रख सकते है। मुनि अभय कुमार जी के साथ मेरा बहुत ज्यादा समय तो नहीं गुजरा लेकिन जितना समय भी मुनी अभय जी के साथ बीता तो उन्होंने जीवन दर्शन का बहुत गहराई से पाठ पढ़ाया सहज, शांत व सरलता की मूर्त रूप थे अभय मुनि - मनीषीसंत मुनि श्री विनय कुमार जी आलोक

मुनि श्री विनय कुमार जी आलोक ने अभय मुनि जी को याद करते हुए कहा अभयमुनि कठिन



**अभय मुनि का पारस्परिक प्रेम, सौहार्द, स्नेट व सेवाभाव विशिष्ट रहा: मुनि सुधाकर जी**

मुनिश्री अभय को याद करते हुए मुनि सुधारक जी ने कहा अभय मुनि समता, सादगी, विनम्रता, मधुर वाणी की एक जीती जागती मिशाल थे। उन्होंने लंबे समय तक संयम पर्याय का पालन कर धर्मसंघ की सेवा की। मुनिश्री विनय कुमार जी स्वामी ने लंबे समय तक उनकी सेवा कर एक अनुपम आदर्श उपस्थित किया है। उन्होंने लंबे समय तक संयम पर्याय का पालन कर धर्मसंघ की सेवा की। मुनिश्री विनय कुमार जी स्वामी ने लंबे समय तक उनकी सेवा कर एक अनुपम आदर्श उपस्थित किया है। दोनों भाईयों का पारस्परिक प्रेम, सौहार्द, स्नेट व सेवाभाव विशिष्ट रहा है।

जीवन यापन के बावजूद भी ये बहुत ही परिश्रमी और कार्य के प्रति जुनून इनका देखते ही बनता था। बचपन से ही सेवाभावी की भावना कूट कूट कर भरी हुई थी। अभयमुनि ने करोडों करोडों मंत्रो को कंठस्थ किया है। आप श्री ने विभिन्न रसों के माध्यम से जैन धर्म के प्राणभूत अहिंसा, सत्य आदि मूलव्रतों एवं स्याद्वाद, अनेकान्त, कर्मवाद आदि दार्शनिक विषयों का प्रतिपादन किया। बिना आचार के ज्ञान पंगु है, इस सत्य-सत्य के आप ज्ञाता थे। इसलिए आप वही कहते और लिखते थे जिसमें आप अपने आचार के स्वर देते थे। आपकी संयमनिष्ठा अद्भुत थी। संयम को जीना और उसी का प्रचार-प्रसार करना आपके जीवन का मूल मंत्र था। अभय मुनि का अधिकाश समय तप मे व्यतीत होता था। उन्होने अपने जीवन में करोडों करोडों मंत्रों का जप ही नही किया आलेखन भी किया है। वे कवि है उनकी अनेक कविताओं की पुस्तके प्रकाशित भी हुई है। उनका पूरा जीवन श्रमशील रहा है।अभय मुनि की साधना-सुगंध, शांत भाव, और उदार चिंतन युगों-युगों तक समाज का पथ आलोकित करते रहेंगे। उनकी करुणामयी वाणी, अनुशासनमय जीवनधारा और अविचल साधना हम सबके लिए प्रेरणा-स्रोत बनी रहेंगी।

# राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सोनीपत में मनाया राष्ट्रीय एकता दिवस



**प्रिंसिपल विक्रम सिंह बोले-सरदार वल्लभभाई पटेल ने 565 रियासतों को एक सूत्र में पिरोकर भारत को बनाया एक मजबूत राष्ट्र**

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

**सोनीपत।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) सोनीपत में शुक्रवार को सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में जिला स्तर पर राष्ट्रीय एकता दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर जिले के सभी राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों से आए छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के प्रिंसिपल विक्रम सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उन्होंने उपस्थित छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि आज का दिन पूरे देश के लिए गर्व और प्रेरणा का दिन है, क्योंकि आज हम भारत के लौह पुरुष, महान स्वतंत्रता सेनानी, देश के पहले गृहमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150वीं जयंती मना रहे हैं। उन्होंने बिखरी हुई 565 रियासतों को एक सूत्र में पिरोकर भारत को एक मजबूत राष्ट्र बनाया। यही कारण है कि पूरे देश में उनकी जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि जब भारत स्वतंत्र हुआ तो इन रियासतों को एकजुट करना सबसे बड़ी चुनौती थी। कुछ रियासतें भारत में शामिल नहीं होना चाहती थीं, लेकिन सरदार पटेल ने अपनी अद्भुत नेतृत्व क्षमता, दृढ़ इच्छाशक्ति और कुशल कूटनीति से इन सबको भारतीय संघ का हिस्सा बनाया। सरदार वल्लभभाई पटेल भारतीय इतिहास के उन महान व्यक्तित्वों में से एक थे जिन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में अहम भूमिका निभाई और स्वतंत्र भारत के निर्माण में अमूल्य योगदान दिया। उनके जीवन से हमें एकता, अनुशासन, दृढ़ इच्छाशक्ति और देशभक्ति की प्रेरणा लेनी चाहिए।कार्यक्रम के अंतर्गत संस्थान में भाषण एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छात्र-छात्राओं ने सरदार पटेल के जीवन और योगदान पर अपने विचार व्यक्त किए। निबंध प्रतियोगिता में अनिशा ने प्रथम स्थान, भारती ने द्वितीय स्थान और रजनीश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा भाषण प्रतियोगिता में अभिजीत ने प्रथम स्थान, साक्षी मलिक ने द्वितीय स्थान और निशू ने तृतीय स्थान हासिल किया। विजेताओं को प्रिंसिपल द्वारा क्रमश- 1100, 750 और 500 की ईनाम राशि एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।इस अवसर पर हरेन्द्र राठी, सुनील दत्त, सुनील मलिक, मुकेश नेहरा, सुभाष चन्द्र, सुरेन्द्र कुमार, सीमा देवी, दीपक कुमार, अक्षय, मंजीत, रमेश, सुनील कुमारी, मूर्ति, मीनू, ज्योति और सुनीता सहित संस्थान का समस्त स्टाफ तथा एनसीसी कैडेट उपस्थित रहे।

# जिस्मानी वजूद हमारा असल वजूद नहीं है



सद्गुरू माता सुदीक्षा जी महाराज

संत महात्मा इन्सान को जागृति दिलाते है ताकि इन्सान युगों-युगों से गुरु-पीर-पैगम्बरों ने दिये सन्देशों की ओर गौर करे। इस भागती-दौड़ती दुनिया में जरा ठहर कर सोचे कि क्या हम यूं ही भागते चले जायेंगे? इन अमोलक स्वासों की पूंजी क्या ऐसे ही हाथों से निकल जायेगी, कुछ हासिल किये बगैर? और वो कुछ हासिल किये बगैर का मतलब क्या है? जो 'कुछ' शब्द का इस्तेमाल वो कुछ नहीं है, वो सब कुछ है। वो है इस परमात्मा, ईश्वर निराकार दातार का बोध हासिल करना, इसकी प्राप्ति करना। महापुरुषों ने भी एक वस्तु का ही जिक्र किया है-

पाया है कुछ पाया है, मेरे सतगुर
अलख लखाया है।

कि जो कुछ पाया है दरअसल ये कुछ अलख है। यही तो सब कुछ है। परमात्मा, ईश्वर, निराकार, अकाल पुरुख जो सर्वत्र समाई हुई सत्ता है, जो कण-कण में व्याप्त है, जो जमीं जमां के विखै समस्त एक ज्योत है। जिसकी उपस्थिति कण-कण में है, ऐसे परम अस्तित्व की अंश आत्मा घट-घट में है। आत्मा करके ही हमारा असल वजूद है। जिस्मानी वजूद हमारा असल वजूद नहीं है। अगर जिस्मानी वजूद ही हमारा असल वजूद होता तो स्द्ग्द्ध-आत्मानुभूति शब्द का इस्तेमाल कभी नहीं होता क्योंकि हमारा जिस्म हमारी नहीं है, ये हमारा असली अस्तित्व नहीं है। हमारा असली अस्तित्व आत्मा है जो परमात्मा की अंश है और इसी का बोध हासिल करना है, इसी की पहचान करनी है। आईने के सामने रोज हम सुबह खड़े होते हैं, दिन में कई बार खड़े होते होंगे। जो शक्लो-सूरत अपनी दिखाई देती है, वो हमारी जिस्मानी शक्लो-सूरत जरुर है उस तल तक तो ये हमारी पहचान है ही, हमें क्या हमारे जानने वालों को भी है। हमारी शक्लो-सूरत से वो भी वाकिफ हैं और हम तो हैं ही। रोज अपनी शक्ल देखते हैं लेकिन ये हमारी अपनी असली शक्लो-सूरत, हमारी असली पहचान नहीं है। जो आत्मा के रुप में है वो हमारी True entity है। हमारा असली अस्तित्व है और उसी से हम अंजान होते हैं। इसीलिए कहा जाता है कि आत्मानुभूति करनी है। अपने आप को जानना है और अपने आप को जानेंगे कब? जैसे अपनी शारीरिक शक्लो-सूरत की पहचान आईने के कारण है, अगर आईना हमने कभी देखा ही न हो तो हम अपनी सूरत से भी अंजान होंगे। अपने आपकी भी पहचान नहीं होगी। कभी आप अंदाजा लगाईये कि किसी ने कभी आईना न देखा हो, अपनी सूरत न देखी हो और कैमेरे से उसी की फोटो खींचकर उसकी सूरत उसी के सामने रख दें तो वो सोच में ही पड़ा रहेगा कि पता नहीं ये कौन है? क्योंकि वो अपनी सूरत से अंजान है।

तस्वीर उसी की खींच कर, उसकी हाथों में दे दी गई लेकिन परेशान हो रहा है, हैरान हो रहा है कि ये कौन है? इसी तरह आत्मा ने इस परमात्मा का बोध नहीं किया, यही असल में आईना है, ये परमात्मा इसी का ही मूल है और इसी से ही इसका बोध भी होना है।

## पंचांग

शनिवार, 01 नवम्बर, 2025, सूर्योदयः 06:33 ए एम, सूर्यास्तः 05:36 पी एम, चन्द्रोदयः 02:49 पी एम, चन्द्रास्तः 02:46 ए एम, नवम्बर 02, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, विक्रम सम्वतः 2082 कालयुक्त, गुजराती सम्वतः 2082 पिङ्गल, अमान्त महीनाः कार्तिक, पूर्णिमान्त महीनाः कार्तिक, वारः शनिवार, पक्षः शुक्ल पक्ष, तिथिः दशमी - 09:11 ए एम तक, नक्षत्रः शतभिषा - 06:20 पी एम तक, योगःध्रुव - 02:10 ए एम, नवम्बर 02 तक, करणः गर - 09:11 ए एम तक, द्वितीय करणः वणिज - 08:27 पी एम तक, सूर्य राशिः तुला, चन्द्र राशिः कुम्भ, राहुकालः 09:19 ए एम से 10:42 ए एम, गुलिक कालः 06:33 ए एम से 07:56 ए एम, यमगण्डः 01:27 पी एम से 02:50 पी एम, अभिजित मुहूर्तः 11:42 ए एम से 12:27 पी एम, दुर्मुहूर्तः 06:33 ए एम से 07:17 ए एम, दुर्मुहूर्तः 07:17 ए एम से 08:01 ए एम, अमृत कालः 11:17 ए एम से 12:51 पी एम, वर्ज्यः 12:24 ए एम, नवम्बर 02 से 01:55 ए एम, नवम्बर 02

## भविष्य फल



**मेषः** सेहत से जुड़ी दिक्क़त नज़दीक है इसलिए नियमित व्यायाम को दिनचर्या में शामिल करें।

**वृषः** आज का दिन आपका ख़ुशनुमा बना रहेगा। आज आपका रचनात्मक कार्यों में नाम होगा और आपको प्रसिद्धि भी मिलेगी।

**मिथुनः** आज का दिन भावनात्मक रहेगा। आपको अपने अंतरतम की भावनाओं और विचारों को व्यक्त करने की स्थति भी आ सकती है।

**कर्कः** आपके जीवन-साथी का प्यारा बर्ताव आपका दिन ख़ुशनुमा बना सकता है। अपने ख़र्चों पर क़ाबू रखें।

**सिंहः** आज जिस काम को पूरा करना चाहेगें वो आसानी से पूरा हो जाएगा। अगर पहले किसी रिश्तेदार से अनबन हुई है तो आज रिश्तों में सुधार लाने के लिए दिन अच्छा है।

**कन्याः** किसी पुराने दोस्त से मुलाकात हो सकती है। ऐसे विवादास्पद मुद्दों पर बहस करने से बचें।

**तुलाः** दोस्त की बेरुख़ी आपको नाराज़ करेगी। लेकिन ख़ुद को शांत रखें। इस बात को परेशानी न बनने दें और इससे बचने की कोशिश करें।

**वृश्चिकः** जिन चीजों के लिए आप लम्बे समय से कोशिश कर रहे हैं , आज पूरे होने वाली हैं।

**धनुः** आज भौतिक सुख सुविधाओं की ओर रुझान बढ़ेगा। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद होंगे। आत्मसम्मान बढ़ेगा।

**मकरः** अपने आप पर एक सीमा के बाद दबाव न डालें और पर्याप्त आराम लें। रियल एस्टेट सम्बन्धी निवेश आपको अच्छा-ख़ासा मुनाफ़ा देंगे।

**कुंभः** आज आनंद की प्राप्ति के लिए आपको अपने स्वभाव में थोड़ा परिवर्तन लाने की आवश्यकता है।

**मीनः** परिवार और जीवन साथी का सहयोग सब मिलने के आसार हैं। आज आप किसी खास कार्य के लिए बाहर जा सकते है।

**डंकी रूट से जुड़ी जमीन बिक्री विवाद में पैसे लेनदेन की जांच के आदेश**

# जिलास्तरीय कष्ट निवारण समिति बैठक में 16 में से 13 शिकायतों का मौके पर समाधान

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

सोनीपत। जिलावासियों की समस्याओं के समाधान के लिए शुक्रवार को जिला परिवाद एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का आयोजन उपायुक्त सुशील सारवान की अध्यक्षता में जिला परिषद हॉल में किया गया। उपायुक्त ने 16 परिवादों की सुनवाई करते हुए 13 परिवादों का मौका पर ही समाधान किया। इस दौरान पुलिस आयुक्त ममता सिंह भी मौजूद रही।

बैठक में आई तेजबीर निवासी गांव महमूदपुर माजरा की शिकायत जमीन को धोखे से बिकवाने के मामले पर पुलिस अधिकारी ने जवाब दिया कि शिकायत कर्ता ने डंकी रूट से विदेश जाने के चक्कर में जमीन को बेचा है। जिस पर शिकायत कर्ता ने बताया कि उसके सगे संबंधियों ने उसकी कम उमर का फायदा उठा कर जमीन को बिकवाया गया है। उन्होंने पैसे न देने का भी आरोप लगाया। जिस पर पुलिस आयुक्त ने संबंधित पुलिस अधिकारी को निर्देश दिए कि वो पैसे के लेनदेन के संबंध में जांच कर रिपोर्ट जल्द से दे। धर्मबीर सिंह पुत्र स्वः रणजीत सिहं की शिकायत कि दबंगों द्वारा अवैध रूप से कब्जाई गई खेत की जमीन के मामले में उपायुक्त ने तहसीलदार को निर्देश दिए कि वो मौके पर जाकर जमीन की निशानदेही कर संबंधित एसएचओ के साथ मिलकर समाधान करे। नुपुर बंसल ने शिकायत दी की उन्हे सोशल मीडिया पर तंग किया जा रहा है। जिसपर उपायुक्त ने संबंधित अधिकारी को जिला न्यायवादी (डीए) से विचार विमर्श कर जरूरी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके बाद गांव नांदनौर निवासी सरला ने उपायुक्त के समक्ष अपनी शिकायत रखी कि उन्होंने सिंचाई के लिए चार फुट नीचे से पाईप लाईन बिछा रखी है लेकिन मेरे परिवार के साथ सांझा खेवट होने के लिए मेरे परिवार के अन्य व्यक्ति मेरी उस पाईप लाईन को क्षति पहुंचाते है। इसलिए मेरे इस मामले का समाधान किया जाए ताकि भविष्य में मुझे कोई परेशानी न हो। जिसपर उपायुक्त ने एसडीएम को निर्देश दिए की वो मामले की जांच कर समस्या का समाधान करें। एक अन्य शिकायत में उपायुक्त ने एसडीएम को निर्देश दिए कि शिकायत कर्ता को किसी अन्य स्थान पर 100 गज को प्लाट दिया जाए व उसके शेष 23 गज के प्लाट पर हुए अवैध को हटवाया जाए।बैठक के दौरान जिला परिषद चैयरपर्सन मोनिका दहिया, एसडीएम अंजली क्षोत्रिय, एसडीएम निर्मल नागर, एसडीएम सुभाष सिंह, एसडीएम प्रवेश कादियान, सीटीएम डॉ. अनमोल, एसीयूटी योगेश दिल्हौर, सयुक्त आयुक्त नगर निगम मीतू धनख?, एमडी शुगर मील अंकिता वर्मा, अन्य सभी अधिकारी व जिला परिवाद एवं कष्ट निवारण समिति के मैंबर मौजूद रहे।



# हरियाणा दिवस के उपलक्ष्य में जीवीएम गर्ल्स कॉलेज में आयोजित होगा जिला स्तरीय सांस्कृतिक उत्सव

**भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली सांस्कृतिक उत्सव में बतौर मुख्यातिथि करेंगे शिरकत**

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी



सोनीपत। उपायुक्त सुशील सारवान ने बताया कि 60वें हरियाणा दिवस के उपलक्ष्य में एक नवंबर को जिला प्रशासन द्वारा शहर स्थित जीवीएम गर्ल्स कॉलेज के सभागार में पूरे उत्साहपूर्ण व गरिमामयी ढंग से जिला स्तरीय सांस्कृतिक उत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस सांस्कृतिक उत्सव में भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे।

उपायुक्त ने बताया कि सरकार द्वारा हरियाणा दिवस पर सांस्कृतिक उत्सव मनाने का उद्देश्य हरियाणा की समृद्ध लोक संस्कृति, परंपरा और लोक कलाओं को बढ़ावा देना है। उन्होंने बताया कि जिला स्तरीय समारोह में जिला के शिक्षण संस्थाओं के विद्यार्थियों द्वारा हरियाणवी संस्कृति पर आधारित शानदार प्रस्तुतियां दी जाएंगी। कार्यक्रम को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

उन्होंने बताया कि हरियाणा दिवस पर पंचकूला में राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें मुख्य अतिथि राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष होंगे और समारोह में मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। राज्य स्तरीय कार्यक्रम का वचुर्अल माध्यम से प्रसारण जिला स्तरीय सांस्कृतिक उत्सव में दिखाया जाएगा।

# लोह पुरुष सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर रन फॉर यूनिटी, एसडीएम ने दिखाई हरी झंडी

अर्थ प्रकाश/मनदीप कुमार



**समालखा।** देश के लोह पुरुष कहे जाने वाले सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष में उपमंडल स्तर पर भव्यतापूर्ण तरीके से रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय एकजुटता ,अखंडता व नागरिकों में देशभक्ति की भावना को और भी ज्यादा मजबूत करने का रहा। दौड़ की शुरुआत खेल स्टेडियम भापरा से श्री अमित श्रीवास्तव उप मंडल अधिकारी समालखा द्वारा हरी झंडी दिखाकर की गई। कार्यक्रम की शुरुआत में दौड़ शुरू होने से पूर्व एसडीएम ने दौड़ में हिस्सा लेने पहुंचे स्कूली छात्रों व अन्य प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए देश के पहले गृहमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल द्वारा आजादी के समय सभी रियासतों को एकत्रित करके अखंड राष्ट्र का निर्माण करने में दिए गए उनके योगदान से अवगत कराया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा हम सभी को सरदार वल्लभ भाई पटेल के जीवन के बारे में अवश्य पढ़ाना चाहिए की किस प्रकार उन्होंने स्वतंत्रता के लिए चल रहे आंदोलनों का नेतृत्व किया व कितने संघर्ष करके देश को आजादी दिलाई। रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम में दौड़ की शुरुआत भापरा स्टेडियम से शुरू करके नई अनाज मंडी समालखा में समापन किया गया। कार्यक्रम के दौरान ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह से सुव्यवस्थित रही। दौड़ में हिस्सा लेने वाले प्रतिभागियों के साथ-साथ पुलिस की गाड़ियां व एंबुलेंस भी साथ-साथ चल रही थी ताकि किसी भी आकस्मिक स्थिति को नियंत्रित करके तुरंत समाधान किया जा सके। इस मौके पर नायब तहसीलदार कैलाश चंद्र, खंड शिक्षा अधिकारी सुमन मोर, नगर पालिका सचिव मनीष शर्मा व अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे

# कोलकाता के बाप-बेटे को साइबर क्राइम मामले में चंडीगढ़ के जिला व सत्र न्यायाधीश से अग्रिम जमानत मिली

अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़। चंडीगढ़ के जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने कोलकाता निवासी बिस्वजीत दास और दिनेश दास (बाप-बेटे) को साइबर क्राइम मामले में अग्रिम जमानत प्रदान की है। यह मामला वर्ष 2022 का है, जब उनके बैंक खाते में लगभग 2,40,000 रुपये एक अज्ञात खाते से ट्रांसफर किए गए थे। इस संबंध में वर्ष 2024 में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कोर्ट के निर्देश पर चंडीगढ़ पुलिस ने उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। इसके बाद दोनों ने एडवोकेट मोहम्मद उज़ैर के माध्यम से चंडीगढ़ आकर अग्रिम जमानत की अर्जी दाखिल की थी, जिसे जिला एवं सत्र न्यायालय ने स्वीकार कर लिया। हालांकि, यह ध्यान देने योग्य है कि साइबर क्राइम मामलों में नियमित जमानत जल्दी नहीं मिलती। वर्तमान समय में साइबर अपराध अपने चरम पर है। केवल चंडीगढ़ में ही रोजाना लगभग 10 से 15 एफआईआर दर्ज की जा रही हैं। अधिकांश मामलों में वरिष्ठ नागरिकों को निशाना बनाया जाता है, खासकर उन लोगों को जिनके खातों में बड़ी राशि जमा होती है।

## धान घोटाला पर जांच तेजः बड़े अफसर बचा रहे हैं अपने चहेते अफसरों और राइस मिलर्स को

# तरावड़ी के सचिव पर मामला दर्ज, करनाल को क्लीन चिट क्यों?

जांच निष्पक्षता से हुई तो कई आढ़ती मिलर्स और अफसर नपेंगे

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन



**करनाल, 31 अक्तूबर।** करनाल में वहुचर्चित धान घोटाले के सामने आने के बाद सरकार कुछ अधिकारियों को बचा रही हैं। तरावड़ी के मार्कीट सचिव के खिलाफ तो पर्चा दर्ज कर दिया। लेकिन करनाल की सैकेट्री को बचा रही हैं। वहीं पर अधिकारियों ने उन राइस मिलों को भी बचा लिया जिन्होंने बीस हजार क्विंटल से अधिक बारीक चावल वाला धान मोटे चावल से रीप्लेस कर दिया। करनाल में कुछ आढ़ती और ऐसोससिशन के पदाधिकारी इसमें शामिल हैं। लेकिन उन पर राजनीति हाथ होने के कारण अफसर कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। करनाल में छोटे कर्मचारियों पर कार्रवाई कर सैकेट्री को बचा लिया। वहीं पर राजनेताओं के चहते फूड इंस्पेक्टर को बचा लिया। जिसकी करोडों की अघोषित संपत्ति हैं। प्रशासन को जुंडला, कुंजपुरा नीलोखेड़ी असंध की भी समीक्षा करना चाहिए।चालू खरीफ सीजन के दौरान राईस मिलों को मिलिंग के लिए दी गई धान की उच्च अधिकारियों द्वारा भौतिक जांच की गई जिसमें धान की मात्रा कम पाए जाने पर एक राईस मिलर और चार मंडियों के इंस्पेक्टरों की संलिप्तता पाए जाने पर उनके खिलाफ जिला खाद्य आपूर्ति एवं नियंत्रक अनिल कुमार की शिकायत पर थाना सदर करनाल में एफआईआर दर्ज की गई है। आरोपियों में मैसर्ज बटान फूड्स सलारू करनाल के संचालक सतीश कुमार तथा अनाज मंडी घरौंडा के निरीक्षक यशवीर सिंह, अनाज मंडी जुंडला के निरीक्षक संदीप शर्मा, अनाज मंडी करनाल के निरीक्षक समीर वशिष्ठ तथा अनाज मंडी निसिंग के निरीक्षक लोकेश के नाम शामिल हैं। जिला खाद्य आपूर्ति एवं नियंत्रक अनिल कुमार द्वारा दर्ज एफआईआर के अनुसार मैसर्ज बटान फुडस गांव सलारु जिला करनाल को खरीफ सीजन 2025-26 के दौरान मिलिंग के लिए अलाट की धान की भौतिक जांच हेतु एस.डी.एम. करनाल के नेतृत्व में टीम गठित की गई। इस टीम द्वारा उक्त राईस मिल की भौतिक जांच दिनांक 25.10.2025 को की गई। भौतिक जांच में पाया गया कि उक्त राईस मिल को 25 अक्तूबर 2025 तक 67013 बैग पी0आर0 धान (25129.87 क्विंटल धान) अलॉट की गई थी जिसमें बटान फुड्स करनाल के प्रो0 सतीश कुमार की मौजूदगी में दो स्थानों कमशः मैसर्ज बटान फुड्स गांव सलारू जिला करनाल में 33254 बैग तथा भाटिया ओपन प्लेटी जुण्डला में 30853 बैग की गणना करवाई गई थी। रिकॉर्ड अनुसार उक्त राईस मिल द्वारा दो अलग-2 स्थानों पर पैडी रखने बारे कार्यालय से कोई अनुमति प्राप्त नहीं की गई थी। इसके अलावा 2906 बैग (1032.5 क्विंटल) भौतिक जांच के दौरान कम पाया गया था। इस संबंध में मार्किट कमेटी जुण्डला से एक रिपोर्ट अलग से प्राप्त हुई। रिपोर्ट के अनुसार भाटिया प्लेटी पर लगी पी0आर0 धान के बैंग होने पाये गए जिसमें बटान फूड, सलारू रोड करनाल का कोई भी बैग शामिल नहीं है। भाटिया प्लेटी जुण्डला में जिन राईस मिलों का स्टॉक पाया गया है, उनका विवरण निम्न प्रकार से हैः क0 स0 4. राईस मिल का नाम मैं0 राधे राधे राईस मिल, जुंडला भौतिक निरीक्षण स्थान एवं समय भाटिया प्लेटी, 04.00 पीएम बैगों की संख्या 30889, क0 स0 5. राईस मिल का नाम मैं0 शक्ति राईस मिल, जुंडला भौतिक निरीक्षण स्थान एवं समय भाटिया प्लेटी, 04.09 पीएम बैगों की संख्या 33045, क0 स0 6. राईस मिल का नाम मैं0 भोले नाथ राईस मिल, जुंडला भौतिक निरीक्षण स्थान एवं समय भाटिया प्लेटी, 05.31 पीएम बैगों की संख्या 49622, उपरोक्त दोनों रिपोर्ट का अवलोकन करने उपरांत पाया गया है कि बटान फूडस, सलारू रोड करनाल को विभाग द्वारा ई-खरीद पोर्टल अनुसार दिनांक 25.10.2025 तक 67013 बैंग (25129.87 क्विंटल) धान आंवटित किया गया था। जिसकी मिल द्वारा कोई भी मिलिंग नहीं की गई थी, परंतु बटान फूड, सलारु रोड करनाल में 33254 बैग (12500.18 क्विंटल) पी0आर0 धान पाया गया है। इसके अतिरिक्त फर्म द्वारा भाटिया ओपन प्लेटी जुंडला में दिखाये गए बैग बिना किसी दस्तावेज तथा तथ्यों को छुपाकर दिखाये गए हैं जिन्हें मिल का स्टॉक नहीं माना जा सकता। इस प्रकार कुल 33759 बैग (12659.62 क्विंटल) बटान फूड, सलारु रोड, करनाल में भौतिक जांच के दौरान कम पाए गए है, जो कि वितित्य अनियमितता तथा सरकारी धन का दुरुपयोग का मामला है। एफआईआर में बताया गया है कि उक्त राईस मिल को करनाल जिले की निम्नलिखित मण्डियों से धान का स्थानांतरण किया गया है क्र.सं. 1 मणी का नाम घरौंडा गेट पासों की संख्या 6 स्थानांतरण की गई धान की मात्रा (क्विंटल से) 1905.75 निरीक्षक/ मंडी इंचार्ज का नाम श्री यशवीन सिंह निरीक्षक क्र.सं. 2 मण्डी का नाम- जुडला, गेट पासों की संख्या-78 स्थानांतरण की गई धान की मात्रा (क्विंटल में) 21668.25 निरीक्षक/ मंडी इंचार्ज का नाम संदीप सिंह निरीक्षक क्र.सं. 3. मण्डी का नाम करनाल, गेट पासों की संख्या 12 स्थानांतरण की गई धान की मात्रा (क्विंटल में) 3621.375 निरीक्षक/ मंडी इंचार्ज का नाम समीर वशिष्ठ निरीक्षक क्र.सं. 4 मण्डी का नाम निसिंग गेट पासों की संख्या 3. स्थानांतरण की गई धान की मात्रा (क्विंटल में) 1229.25 निरीक्षक/ मंडी इंचार्ज का नाम लोकेश निरीक्षक कुल गेट पासों की संख्या 99 कुल स्थानांतरण की गई धान की मात्रा (क्विंटल में) 28424.625 एफआईआर में बताया गया है कि मैसर्ज बतान फूड, सलारू रोड करनाल द्वारा एक शपथ पत्र दिनांक 10.10.2025 दिया गया है. जिसमें दर्शाया गया है कि भाटिया प्लेटी जुण्डला द्वारा दिनाक 11,10.2025 से 10.11.2025 तक प्लेटी बटान फूड, करनाल को रेंट पर धान का स्टॉक करने हेतु दिया गया है जिस पर अजय भाटिया नामक व्यक्ति के हस्ताक्षर प्रतीत होते हैं परन्तु मार्किट कमेटी जुण्डला के पत्र क्रमांक 1028 दिनांक 27.10.2025 अनुसार भाटिया प्लेटी जुण्डला पर मैसर्ज बटान फूड सलारू रोड करनाल द्वारा धान की सुखाई/भन्डारण हेतु कोई प्लेटी रेंट पर नहीं ली गई है।

## न्यूज़ ब्रीफ

### ओम कॉन्वेंट स्कूल में धूमधाम से मनाया हरियाणा दिवस



**कुरुक्षेत्र (अप्रस/अरविंद मोहन शर्मा)।** ओम कॉन्वेंट स्कूल में हरियाणा दिवस बड़े हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना से हुई, जिसके बाद विद्यालय की प्रिंसिपल श्रीमती उषा धिमान जी ने विद्यार्थियों को हरियाणा दिवस के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि 1 नवंबर 1966 को हरियाणा राज्य का गठन हुआ था, इसलिए हर वर्ष यह दिवस हमारी संस्कृति, एकता और गौरव का प्रतीक बनकर मनाया जाता है। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने हरियाणा की कला, संस्कृति और लोक परंपराओं का सुंदर प्रदर्शन किया। बच्चों ने हरियाणवी राग, रंगारंग सांस्कृतिक नृत्य और अभिनय प्रस्तुतियां देकर सबका मन मोह लिया। मंच पर बच्चों ने हरियाणवी वेशभूषा में लोकनृत्य प्रस्तुत कर राज्य की समृद्ध संस्कृति की झलक दिखाई। विद्यालय परिसर में चारों ओर उत्सव और गर्व का माहौल था। सभी विद्यार्थी, अध्यापक और अभिभावक इस सांस्कृतिक कार्यक्रम से बहुत प्रसन्न हुए। कार्यक्रम के अंत में प्रिंसिपल उषा धिमान जी ने सभी प्रतिभागियों की सराहना की और उन्हें हरियाणा की संस्कृति को सहेजने का संदेश दिया। संपूर्ण विद्यालय परिवार ने हरियाणा दिवस को एक यादगार अवसर के रूप में मनाया।

### कैरियर गाइडेंस कार्यक्रम आयोजित



**जींद (अप्रस/सुरेश सिसोदिया)।** राजकीय महाविद्यालय, जींद में गाइडेंस ब्यूरो एवं प्लेसमेंट सेल के संयुक्त तत्वावधान में *कैरियर गाइडेंस एंड इमर्जिंग फील्ड्स फॉर साइंस ग्रेजुएट्स* विषय पर एक्सटेंशन लेक्चर आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य सत्यवान मलिक ने की। उन्होंने विद्यार्थियों को आत्मविश्वास, लक्ष्य निर्धारण और निरंतर परिश्रम के महत्व पर प्रेरित किया। मुख्य वक्ता गुरदीप, सहायक प्राध्यापक (राजकीय महिला महाविद्यालय, जींद) ने विज्ञान क्षेत्र में उभरते करियर विकल्पों, नवीन तकनीकों और अनुसंधान अवसरों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। सत्र के दौरान विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रश्न पूछे, जिनका समाधान वक्ता द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट अधिकारी डॉ. सुनीता मेहरा ने किया। लगभग 100 विद्यार्थियों की उपस्थिति के साथ कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## रेप मामले में आरोपी तांत्रिक को जेल भेजा

अर्थ प्रकाश/जयबीर राणा थंबड



**मुलाना, 31 अक्तूबर।** झाड़ा लगवाने आई नवविवाहिता से तांत्रिक द्वारा दुष्कर्म करने के मामले में पुलिस ने आज आरोपी तांत्रिक को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। मुलाना थाना प्रभारी प्रमोद राणा ने बताया कि बराड़ा खंड के एक गांव की निवासी पीड़िता ने शिकायत दी थी कि एमएम यूनिवर्सिटी रोड पर यमुनानगर के हिरणछप्पर गांव निवासी रोहताश ने एक घर किराये पर ले रखा है, जहां पर वह मंगलवार को चौकी लगाता है और झाड़ फूंक करता है। मंगलवार 28 अक्टूबर को वह अपने पति और सास के साथ तांत्रिक रोहताश वासी हिरणछप्पर (यमुनानगर) के पास गई थी। तांत्रिक के साथियों ने उसके पति को कमरे के बाहर ही रोक लिया और अकेले विवाहिता को कमरे में झाड़ा लगाने के लिए भेज दिया। तांत्रिक ने झाड़ा करने के बहाने उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया। घटना के बाद नवविवाहिता ने घर आकर अपने पति और परिजनों को इस बारे में बताया तो परिजन उसे लेकर मुलाना थाने पहुंचे और शिकायत दर्ज करवाई। वहीं पुलिस ने नवविवाहिता की सीएचसी मुलाना में डॉक्टरी जांच करवाई। पुलिस ने पीड़िता के बयान के आधार पर आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा351 64/2 एफ के तहत मामला दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी प्रमोद राणा ने बताया कि बीते कल पीड़िता का मेडिकल परीक्षण करवाया गया, वहीं आज आरोपी का मेडिकल कराने के बाद उसे कोर्ट में पेश किया गया।

## छात्रा से छेड़छाड़ और दुष्कर्म का मामला

# टीचर को 10 साल की कैद और 35000 रुपए जुर्माने की सजा

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश

**कैथल, 31 अक्तूबर।** कैथल अतिरिक्त सेशन जज अनुपमिश मोदी ने एक नाबालिग स्कूली छात्रा से छेड़छाड़ और दुष्कर्म के एक मामले में एक टीचर को 10 साल की कैद और 35000 रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना न देने पर 6 महीने की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। इस बारे में महिला थाने में 29 में 2023 को मुकदमा दर्ज करवाया गया था। शिकायत पक्ष की ओर से केस की पैरवी करते हुए एडवोकेट्स अजय गुप्ता और अर्पित गुप्ता ने बताया कि स्कूल शिक्षक सुनील ने पीड़ित नाबालिग छात्रा को मीठी-मीठी बातों में फंसाकर उसके साथ अश्लील हरकतें करनी शुरू कर दीं। जब उसने मना किया तो उसने उसे स्कूल से नाम कटवाने की धमकी दी। धमकी देकर सुनील ने छात्रा के घर का फोन नंबर ले लिया। इसके बाद उसने मोबाइल पर भी अश्लील बातें करनी शुरू कर दीं। सुनील ने कहा कि उसके पास छात्रा की बातचीत की रिकॉर्डिंग है और उसे अपने पास आने को कहा। नवंबर 2022 में उसने छात्रा को कैथल बुलाया और मोटरसाइकिल पर बिठाकर होटल में ले गया। वहां उसने कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। सुनील ने उसकी अश्लील व सामान्य तस्वीरें खींचकर अपने मोबाइल फोन में सेव कर ली। करीब दो महीने पहले छात्रा ने अपनी मां को सारी बात बताई। परिवार वालों ने उसे समझाया और समाज में शर्म के कारण पुलिस में शिकायत नहीं की। वह बार-बार उसे पुलिस में शिकायत करने पर जान से मारने और उसकी तस्वीरें और रिकॉर्डिंग फेसबुक पर वायरल करने की धमकी भी देता था। आरोप है कि 26 मई 2023 को उसके जन्मदिन पर उसने उसके साथ खींची गई उसकी तस्वीरें फेसबुक और ट्विटर पर वायरल कर दी।

### जीएमएन कॉलेज ने किया 'रन फॉर यूनिटी' का आयोजन

**अम्बाला छावनी (रवि पाहुजा)।** गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज, अंबाला कैंट में आज भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती बड़े उत्साह और जोश के साथ मनाई गई। इस अवसर पर कॉलेज की ओर से 'रन फॉर यूनिटी' का आयोजन किया गया, जिसमें एनसीसी, एनएसएस, वाईआरसी, नर्सिंग और खेल विभाग के छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रीय एकता, समरसता और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को प्रोत्साहित करना था। छात्र-छात्राओं ने मल्टी-लेवल पार्किंग एरिया से वार हीरोज स्टेडियम तक दौड़ लगाकर 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' का संदेश दिया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए आयोजक टीम, शिक्षकों और सभी प्रतिभागियों को बधाई दी।

### लौह पुरुष सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर पानीपत में भव्य रन फॉर यूनिटी का आयोजन

## छात्रों, खिलाड़ियों और एनजीओ ने दौड़ में दिखाया जोश

अर्थ प्रकाश/सुभाष जैन




**पानीपत, 31 अक्टूबर।** जिला सचिवालय परिसर में शुक्रवार प्रातकाल लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य देश में एकता, अखंडता और राष्ट्रीय एकजुटता के संदेश को फैलाना रहा। इस अवसर पर जिले के स्कूलों, कॉलेजों, गैर-सरकारी संस्थाओं के प्रतिनिधियों, खिलाड़ियों, एनजीओ सदस्यों और बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे पानीपत शहरी विधायक प्रमोद विज ने सरदार वल्लभभाई पटेल की फोटो पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और उपस्थित जनसमूह को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में उनके आगमन पर उपायुक्त डॉ. विरेंद्र कुमार दहिया और निगम आयुक्त डॉ. पंकज ने बुके और स्मृति चिन्ह देकर उनका स्वागत किया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि ने रन फॉर यूनिटी को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह दौड़ सेक्टर 13-17 में संपन्न हुई, जहां युवाओं और बच्चों का उत्साह देखने लायक था। शहरी विधायक प्रमोद विज ने कहा कि पटेल ने हमेशा कहा कि सच्चा नागरिक वही है जो देश के हित को अपने स्वार्थ से ऊपर रखे। उन्होंने स्वयं निजी जीवन की सुख-सुविधाओं का त्याग कर राष्ट्रसेवा की।

उपायुक्त डॉक्टर विरेंदर कुमार दहिया ने बताया कि सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर आयोजित रन फॉर यूनिटी का मुख्य उद्देश्य देशवासियों में राष्ट्रीय एकता, सामाजिक सौहार्द और अखंडता की भावना को सुदृढ़ करना है। इस दौड़ ने न केवल युवाओं में जोश भरा, बल्कि हर सहभागी के मन में एक भारत, श्रेष्ठ भारत का संकल्प भी दृढ़ किया।

## नगर परिषद के सामने स्थित सभी बैंकों के आगे खड़े वाहनों से लोगों को हो रही है भारी परेशानी

अर्थ प्रकाश/संजीव सिंगला




**टोहाना, 31 अक्तूबर।** शहर के सबसे व्यस्त रोड कहलवाने वाले चंडीगढ़ रोड पर हर वक्त बड़े से बड़े वह छोटे वाहनों की लंबी कतारें देखने को मिलती हैं। नगर परिषद के मुख्य द्वार के बिल्कुल सामने जितने भी बैंक हैं उनके पास अपनी कोई स्थानीय पार्किंग व्यवस्था नहीं है और सुबह से लेकर शाम तक रोड एक तरफ से बैंकों में आए अपने मुलाजिमों या ग्राहकों के वाहनों से रोड बंद जैसा दिखाई देता है लोगों का आवागमन (गुजरना) एक तरह से बिल्कुल बंद हो जाता है यह समस्या आज की नहीं वर्षों पुरानी है लोगों का कहना है कि अतिक्रमण के नाम पर नगर परिषद के अधिकारी गरीब लोगों को इधर-उधर या उनका सामान उठाना ठीक समझते हैं उनके साथ लोगों द्वारा जनमत से जीत कर आए जनसेवक भी अधिकारियों का साथ देते दिखाई देते हैं। फिर जब नगर परिषद के आगे ही अतिक्रमण हो रहा है क्या यह उचित है उनकी अपनी प्राइवेट पार्किंग व्यवस्था नहीं होनी चाहिए या कानून भी मुंह देखकर टीका करता है यह चंडीगढ़ रोड पर जो बैंकों के बाहर अतिक्रमण से लोग परेशान हो रहे हैं क्या उनकी समस्या का हल कोई बाहरी प्रशासन करेगा या टोहाना नगर परिषद अपना कर्तव्य समझ लोगों को इस समस्या से निजात दिलवाएगी।

## आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल में हर्षोल्लास से मनाया हरियाणा राज्य के स्थापना दिवस 'हरियाणा दिवस'

अर्थ प्रकाश/अरविंद मोहन शर्मा



**कुरुक्षेत्र, 31 अक्तूबर।** आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल, बरगट जट्टान में 1 नवम्बर को हरियाणा राज्य के स्थापना दिवस 'हरियाणा दिवस' को बड़े ही उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

इस अवसर पर विद्यालय परिसर में एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को हरियाणा की समृद्ध संस्कृति, विरासत और गौरवशाली इतिहास से परिचित कराना था।

कार्यक्रम की शुरुआत हरियाणा राज्य गीत और दीप प्रज्वलन के साथ हुई। विद्यार्थियों ने हरियाणवी लोक नृत्य ÷धमाल÷ और ÷झूमर÷ की मनमोहक प्रस्तुतियाँ दीं, जिनसे पूरा वातावरण हरियाणवी रंग में रंग गया। कक्षा चौथी और पाँचवीं के छात्रों ने 'जय जवान, जय किसान' विषय पर एक नाटिका प्रस्तुत की, जिसमें हरियाणा के किसानों, जवानों और लोकभाषा के महत्व को सुंदर ढंग से प्रदर्शित किया गया।

कार्यक्रम में नन्हे-मुन्ने बच्चे हरियाणवी पगड़ी और पारंपरिक वेशभूषा में नजर आए, जो आकर्षण का केंद्र रहे। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य श्रीमान रोबिन कुमार जी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें अपने राज्य, संस्कृति और परंपराओं पर गर्व होना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को हरियाणा के इतिहास, विकास यात्रा और उपलब्धियों से अवगत करवाते हुए राज्य की उन्नति में योगदान देने के लिए प्रेरित किया।

इस दौरान विद्यालय में 'हरियाणा सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता' का भी आयोजन किया गया, जिसमें विजयी छात्रों को पुरस्कृत किया गया। विद्यालय के प्रबंधक महोदय श्रीमान सोहनलाल सैनी जी ने सभी को हरियाणा दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं और विद्यार्थियों को परिश्रम, सादगी, ईमानदारी और भाईचारे जैसे हरियाणवी मूल्यों को अपने जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया।

# राष्ट्रीय एकता दिवस पर टोहाना में आयोजित हुई 'रन फॉर यूनिटी

## पूर्व मंत्री देवेंद्र सिंह बबली रहे मुख्य अतिथि, बच्चों और युवाओं में दिखा जबरदस्त उत्साह

अर्थ प्रकाश/संजीव सिंगला




**टोहाना, 31 अक्तूबर।** भारत के लौह पुरुष और राष्ट्रीय एकता के प्रतीक सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150वीं जयंती के अवसर पर उपमंडल टोहाना में रन फॉर यूनिटी का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री देवेंद्र सिंह बबली ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की और राष्ट्रीय एकता, अखंडता व सद्भाव का संदेश दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ अम्बेडकर चौक, टोहाना से हुआ, जहाँ सबसे पहले डॉ. भीमराव आंबेडकर जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। इसके पश्चात सरदार वल्लभभाई पटेल जी की जीवनी, उनके संघर्षपूर्ण जीवन और भारत को एक सूत्र में पिरोने में उनके योगदान पर प्रकाश डाला गया।
पूर्व मंत्री देवेंद्र सिंह बबली ने हरी झंडी दिखाकर 'रन फॉर यूनिटी' को रवाना किया। दौड़ में विद्यालयों के विद्यार्थी, कॉलेज के छात्र, युवा, खेल प्रशिक्षक और सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि बड़ी संख्या में शामिल हुए।

अपने संबोधन में पूर्व मंत्री देवेंद्र सिंह बबली ने कहा कि आज का दिन केवल सरदार पटेल जी को श्रद्धांजलि देने का अवसर नहीं है, बल्कि यह हमें यह याद दिलाने का भी दिन है कि एकता में ही शक्ति है। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल केवल एक स्वतंत्रता सेनानी नहीं थे, बल्कि वे आधुनिक भारत के शिल्पकार थे। स्वतंत्रता के समय भारत 562 रियासतों में बंटा हुआ था, लेकिन सरदार पटेल की दूरदर्शिता, कूटनीति और दृढ़ इच्छाशक्ति के कारण सभी रियासतों का एकीकरण संभव हुआ और भारत एक राष्ट्र के रूप में खड़ा हुआ। इसी अदम्य साहस और राष्ट्रीय समर्पण के कारण उन्हें लौह पुरुष की उपाधि मिली।

उन्होंने कहा कि आज जब हम राष्ट्रीय एकता दिवस मना रहे हैं, तो यह समय है कि हम संकल्प लें कि किसी भी प्रकार की जाति, धर्म या क्षेत्रीय भेदभाव से ऊपर उठकर पहले खुद को भारतीय समझें। सरदार पटेल का मानना था कि ÷जब जनता एक हो जाती है, तब उसके सामने क्रूर से क्रूर शासन भी नहीं टिक सकता।

पूर्व मंत्री बबली ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश आज 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के संकल्प को नई ऊंचाइयों पर ले जा रहा है। जम्मू-कश्मीर से धारा 370 और 35 हटाकर प्रधानमंत्री मोदी ने सरदार पटेल की एकीकृत भारत की परिकल्पना को साकार किया है।

उन्होंने आगे कहा कि हरियाणा के ऊर्जावान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी जी भी प्रदेश में एकता, सद्भाव और समान विकास के सूत्र को मजबूत कर रहे हैं। उनका लक्ष्य है कि हर नागरिक को समान अवसर मिले और हर गांव-शहर विकास की मुख्यधारा से जुड़े।

पूर्व मंत्री देवेन्द्र सिंह बबली ने उपस्थित जनसमूह से आह्वान किया कि हम सभी मिलकर देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने का संकल्प लें और हर उस विचार का विरोध करें जो समाज को बांटने का कार्य करता है। उन्होंने कहा कि ÷हम सबकी एकजुटता ही भारत को महान बनाएगी।

इस अवसर पर चेयरमैन नरेश बांसल, डीएसपी उमेद सिंह, वाइस चेयरमैन प्रतिनिधि बलदेव सैनी, तहसीलदार सन्नी दलाल, रमेश गोयल, पार्षद जोनी मेहता, पार्षद अमित भाटिया, रामदेव भारद्वाज, सुभाष गोयल, कृष्ण गोयल, सुरेन्द्र सैनी, अजय सैनी, अनिल कुमार, नवदीप नांगली, विनय वर्मा, कर्मवीर ठाकुर, निशांत कामरा सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति, अधिकारी, शिक्षक, विद्यार्थी और नागरिक मौजूद रहे।




# 12 करोड़ रुपये की ठगी मारने के आरोप में दो व्यक्ति गिरफ्तार

**मास्टर माइंड पहले हो चुके हैं गिरफ्तार, पत्नी फरार**

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा



**जीरकपुर।** जीरकपुर पुलिस ने 12 करोड़ रुपये की ठगी मारने के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दो आरोपियों की गुप्त सूचना मिलने के बाद आरोपी अभिनव को दिल्ली से और आरोपी भरत छाबड़ा को नोएडा से गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों की पहचान अभिनव पाठक निवासी इस्ट प्टेल नगर दिल्ली व भरत छाबड़ा निवासी न्यू पालम विहार गुडगांव के रुप में हुई है। हालांकि इस मामले में मास्टरमाइंड मोहित गोगिया को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है, लेकिन उसकी पत्नी फरार चल रही है। जिसकी तलाश जारी है। आरोपियों को डेराबस्सी कोर्ट में पेश किया गया जहां अदालत ने उन्हें तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया है।

डायरेक्टर अभय जिंदल ने पुलिस को शिकायत दी थी कि अगस्त 2024 में अभिनव पाठक नाम का व्यक्ति मैसर्स एमजी लीजिंग एंड फाइनांस कंपनी के माध्यम से उसके दफ्तर आया। कंपनी का दफ्तर इस्ट प्टेल नगर न्यू दिल्ली में हैं। पाठक ने डायरेक्टर अभय जिंदल को बताया कि उनकी कंपनी बैंक की ओर से लोगों की जब्त की पॉप्टीं सही दाम पर आगे बेचने का कारोबार करती है। पाठक ने कहा कि उनकी कंपनी उन्हें ऐसी प्रॉपर्टी सस्ते दाम पर दिला सकते हैं। पाठक की बातों से प्रभावित होकर अभय जिंदल ने उनके मालिक मोहित गोगिया व श्वेता गोगिया के साथ फोन पर बात करवाई। कुछ दिन बाद मोहित गोगिया, श्वेता गोगिया, अभिनव पाठक व भरत छाबडा़ उनके दफ्तर में मीटिंग करने आए। उक्त पति-पत्नी ने बताया कि वह एसबीआई बैंक सहित कई बड़े बैंकों के साथ काम करते हैं। बैंक ने उनकी कंपनी को कारोबार के लिए कानूनी तौर पर नियुक्त कर रखा है। उन्होंने कई प्रॉपर्टी के दस्तावेज दिखाने के बाद आरोपियों ने अभय जिंदल को जीरकपुर में 21.5 एकड़ जमीन बिकने की बात कही और उसकी कीमत 24 करोड़ रुपये बताई। 9 सितंबर 2024 को अभय जिंदल ने मोहित गोगिया के साथ जाकर एयरपोर्ट रोड पर स्थित राधा स्वामी सत्संग ब्यान की पिछली साइड जमीन देखी जो उसे पसंद आ गई। मोहित गोगिया ने कहा कि यह जमीन बहुत जल्द बिकने वाली है और कई बिल्डर इसे खरीदने के लिए संपर्क कर रहे हैं। गोगिया ने कहा कि वह इस डील में उसके साथ शेयर डाल देगा। दोनों में तय हुआ कि इस जमीन में अभय जिंदल का 50 फीसदी हिस्सा होगा जबकि 25-25 फीसदी हिस्सा एमजी लीजिंग एंड फाइनांस कंपनी व बायोटेक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी का होगा। कुछ दिन बाद गोगिया ने दबाव बनाया और अभय जिंदल को उसकी बनती रकम का 12 करोड़ रुपये देने को कहा। 27 सितंबर 2024 को अभय जिंदल ने 12 करोड़ रुपये आरटीजीएस के माध्यम से एमजी लिजिंग कंपनी के खाते में ट्रांसफर कर दिए। 14 अक्टूबर को भरत छाबड़ा एसबीआई बैंक का सेल सर्टीफिकेट लेकर उसके दफ्तर आया और गोगिया से फोन पर बात करवाई। बाद में वह अभय जिंदल को सेल सर्टीफिकेट की फोटो कॉपी दे गया। 27 नवंबर 2024 को उसे पता चला कि गोगिया के घर पर इंकम टैक्स की रेड पड़ी है और जुर्माने के तौर पर उन्हें 28.75 करोड़ रुपये इंकम टैक्स विभाग के पास जमा करवाने पड़े। इंकम टैक्स ने दोनों की एलओसी जारी करवाई ताकि वह विदेश ना भाग जाए। शक होने पर उसने एसबीआई बैंक में जाकर सेल सर्टीफिकेट चैक करवाया तो उसे पता चला कि यह जाली है। बाद में उसने आरोपियों के खिलाफ जीरकपुर थाने में शिकायत दी और मामला दर्ज करवाया।

# 1 क्विंटल 16 किलो चूरापोस्त तस्करी का मुख्य सप्लायर चित्तोड़गढ़ से गिरफ्तार, जेल भेजा

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** नशा तस्करी पर शिकंजा कसते हुए पंचकूला पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस न केवल नशा बेचने वालों को गिरफ्तार कर रही है बल्कि अब मुख्य सप्लायर तक भी पहुंच बना रही है। हाल ही में एंटी नारकोटिक्स सेल पंचकूला ने गुप्त सूचना के आधार पर की गई सटीक कार्रवाई में 24 अक्टूबर को झज्जर जिले के मातनहेल गांव निवासी ट्रक चालक जोगेन्द्र सिंह और उसके साथी विकाश सिंह को 1 क्विंटल 16 किलो चूरा पोस्त के साथ गिरफ्तार किया था

डीसीपी क्राइम मनप्रीत सिंह सूदन ने बताया कि दोनों आरोपी राजस्थान से चूरा पोस्त लेकर हिमाचल प्रदेश में बेचने जा रहे थे लेकिन हमारी टीम की सतर्कता के चलते गांव गोलपुरा के पास एंटी नारकोटिक्स सेल द्वारा बिछाए गए जाल में फंस गए। इस संबंध में थाना रायपुर रानी में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था। पुलिस ने दोनों आरोपियों को 25 अक्टूबर को अदालत में पेश कर 8 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया ताकि मुख्य सप्लायर तक पहुंचा जा सके। पुलिस की मेहनत रंग लाई जब रिमांड के दौरान मिली जानकारी के आधार पर मुख्य सप्लायर उदयलाल उर्फ राजस्थानी पुत्र नारायणलाल निवासी जिला चित्तौड़गढ़, राजस्थान (उम्र 34 वर्ष) को 30 अक्टूबर को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस कमिश्नर शिवास कविराज ने इस कार्रवाई में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए एंटी नारकोटिक्स सेल इंचार्ज प्रवीण कुमार और उनकी पूरी टीम की सराहना की।


उदयलाल को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है, जबकि पहले से गिरफ्तार दोनों आरोपी अब भी 2 नवंबर तक पुलिस रिमांड पर हैं। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि आरोपी नशे की यह बड़ी खेप आगे किसे सप्लाई करने जा रहे थे।




# सनातन संस्कृति के तीन पायदान यज्ञ, दान व तप: सुधांशु जी महाराज

**11 कुण्डीय श्री गणेश लक्ष्मी महायज्ञ से हुआ सनातन संस्कृति जागरण अभियान महोत्सव का दूसरा दिवस आरम्भ**

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**पंचकूला।** पंचकूला में आयोजित सनातन संस्कृति जागरण अभियान के अंतर्गत दूसरे दिवस 108 कुण्डीय श्री गणेश लक्ष्मी महायज्ञ से आरम्भ हुआ। जिसमें परम पूज्य गुरुदेव एवं योग गुरु डॉ अर्चिका दीदी ने यज्ञ स्थल पर आकर अपनी आहुति यज्ञ भगवान को देकर सबके मंगलकामना की प्रार्थना की। सुधांशु जी महाराज ने ने कहा कि सनातन संस्कृति के तीन पायदान यज्ञ, दान व तप है। परम श्रद्धेय महाराजश्री जी ने कहा कि धर्म के प्रति आस्था रखने वाले सनातनी के लिए यज्ञ दान व तप को पहली सीढ़ी बताया गया है। उन्होंने अपने अन्दर सात्विकता लाते हुए जीवन को नया वर्जन बनने को कहा। इस शुभ अवसर पर डॉ. अर्चिका दीदी जी ने कहा है याद करें उन लोगों का भी जो आपके बारे में अच्छा सोचते हैं और हर पल भला की भाव रखते हैं। अपने जीवन को परमात्मा और गुरु के साथ जोड?र एक सच्चा और अच्छा इंसान बनने के लिए उसी तरह से स्वयं को गढ़ें। एक ऊंचे लक्ष्य के लिए जीवन जिएं और उसी अनुसार कर्म करें।




# जिला बार परिसर में खुली डिस्पेंसरी, लोगों को मिलेगी राहत

**डिस्ट्रिक्ट एंड सेशन जज वेद प्रकाश सिरोही ने किया उदघाटन**

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचूकला।** लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देने के उद्देश्य से जिला स्वास्थ्य विभाग की तरफ से सेक्टर 1 स्थित जिला बार एसोसिएशन के परिसर में सिविल डिस्पेंसरी शुरू हो गई। डिस्पेंसरी शुरू होने से स्थानीय लोगों को राहत मिलेगी।

शुक्रवार को डिस्पेंसरी का उदघाटन जिला एवं सत्र न्यायाधीश वेद प्रकाश सिरोही ने किया। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग से डॉक्टर नीरू कपूर के अलावा बार सदस्य उपस्थित रहे। जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एडवोकेट राकेश शर्मा और बार सदस्यों की तरीफ करते हुए कहा कि बार एसोसिएशन समय समय पर बहुत सराहनीय कार्य कर रही है। जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एडवोकेट राकेश शर्मा ने कहा कि बार में चाहे बिजली ट्रांसफर की समस्या थी या पार्किंग की हमने अपने अथक प्रयासों से एक एक समस्या को दूर करने में टीम के साथ पूरा जोर लगाया। आज इस सिविल डिस्पेंसरी के खुलने से जहां एक और बार सदस्यों को समय समय चिकित्सा के लिए अन्य स्थानों पर जाना पड़ता था और आमजन को भी ऐसी सुविधा की आवश्यकता थी इससे सभी को लाभ मिलेगा। बार की समस्याओं को दूर करने के प्रयासों को सार्थक करने के लिए हम जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ साथ स्वास्थ्य विभाग के आभारी है जिन्होंने ऐसी पहल की शुरुआत की। शर्मा ने आह्वान किया कि ऐसी सिविल डिस्पेंसरी प्रदेश की प्रत्येक बार में खुलनी चाहिए ताकि सबको इसका लाभ मिल सके।










अर्थ प्रकाश न्यूज पेपर्स के लिए मालिक, मुद्रक एवं प्रकाशक महावीर जैन द्वारा 'अर्थ प्रकाश प्रेस' से मुद्रित एवं प्रकाशित तथा अर्थ प्रकाश कार्यालय अर्थ प्रकाश भवन, सैक्टर 29-डी, चण्डीगढ़ से जारी। प्रधान सम्पादक : **महावीर जैन,** सम्पादक एवं मुख्य संवाददाता **कैलाश चन्द जैन**
आर.एन.आई. पंजीक्रम : **42427/86** डाक पंजीक्रम : **G/CHD/0197/2021-23** फोन : 0172-2638515, 9814019928 E-mail : arthparkash@gmail.com, arthparkashnews@gmail.com मुख्य सलाहकार : **हरीश चंद्र जैन,** एचसीएस (सेवानिवृत्त)

# लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर देशभर में 'यूनिटी मार्च' का आयोजन किया गया : एडवोकेट एन.के. वर्मा

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**जे के बत्ता न्यू- चंडीगढ**
पंजाब भाजपा के लीगल सेल के कन्वीनर एडवोकेट एन के वर्मा तथा राण रणजीत सिंह गिल ने कहा कि आज पूरे देश में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर लोगों ने पूरे उत्साह के साथ ÷यूनिटी मार्च÷ में भाग लिया। चंडीगढ़ में यूनिटी मार्च की शुरुआत सुबह 6•30 बजे सूखना लेक से हुई, जहाँ पंजाब के माननीय राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया ने तिरंगा फहराकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर चंडीगढ़ के डिप्टी कमिश्नर, राज्यपाल के सलाहकार, भाजपा चंडीगढ़ इकाई के प्रधान श्री जे.पी. मल्होत्रा, तथा पंजाब लीगल सेल के संयोजक एडवोकेट एन.के. वर्मा सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। राज्यपाल श्री कटारिया ने उपस्थित नागरिकों को सरदार पटेल के आदर्शों पर चलने और नशा मुक्त समाज बनाने की शपथ भी दिलाई। विधानसभा क्षेत्र खरड़ में भी यूनिटी मार्च का आयोजन किया गया, जिसमें बीजेपी मीत प्रधान श्री सुभाष शर्मा, लीगल सेल संयोजक एन.के. वर्मा, जिला प्रधान संजीव वशिष्ठ, सह-खजांची सरदार सुखविंदर सिंह गोल्डी, राणा रणजीत सिंह गिल, श्री कमलदीप सैनी, श्री संजीव खन्ना, गुरदेव सिंह सैनी, बनी संधू, नरेंद्र सिंह राणा, दविंदर गुप्ता, पवन मनोचा, मुल्लापुर, नयागांव ओर मोहाली के मंडल प्रधान पुनीत सिंगला, जोगिंदर सिंह, राकेश गुप्ता, नयागांव से पार्षद प्रमोद कुमार, युवा मोर्चा प्रधान सहित अनेक कार्यकर्ता व स्कूलों के बच्चे शामिल हुए। पंजाब भाजपा के लीगल सेल के कन्वीनर एडवोकेट एन के वर्मा ने कहा कि सरदार पटेल ने देश की स्वतंत्रता के बाद 567 रियासतों को एक सूत्र में पिरो कर भारत को अखंड राष्ट्र के रूप में स्थापित किया, जो आज भी देश की एकता और शक्ति का प्रतीक है। उन्होंने यह भी कहा कि जहाँ कांग्रेस ने 70 वर्षों तक ऐसे लौह पुरुष को उचित सम्मान नहीं दिया, वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने ÷स्टैच्यू ऑफ यूनिटी÷ का निर्माण कर पूरे राष्ट्र की ओर से उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दी। अंत में उपस्थित लोगों ने संकल्प लिया कि वे अखंड भारत की एकता, स्वतंत्रता और आत्मनिर्भरता की रक्षा हेतु सरदार पटेल के आदर्शों पर चलेंगे और भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने में योगदान देंगे। जय हिंद।



## सैक्टर 43 बी के चिल्ड्रेन पार्क में सांसद फंड से मिक्की माउस की स्थापना के लिए नींव पत्थर रखा... प्रेमलता



अर्थ प्रकाश / चंडीगढ़/वीरेन्द्र सिंह। आज सैक्टर 43 बी के चिल्ड्रेन पार्क ( प्र 1145 से प्र 1153 के सामने ) में सांसद मनीष तिवारी द्वारा स्वीकृत सांसद फंड से मिक्की माउस की स्थापना के लिए एरिया पार्षद प्रेम लता द्वारा नींव पत्थर रखा गया। सैक्टर निवासियों विशेष तौर पर बच्चों में इसके लिए बहुत उत्साह है। एस डी ओ मृणाल डोगरा, राजबीर जे ई और सुनील कुमार जे ई के साथ इस अवसर पर रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के प्रतिनिधि राजेश राय, नरेश सलवान, जसविंदर सिंह, डी एस रंधावा, लोकेश चोपड़ा, राजवंश गिल, एम एल गोयल, सुभाष नंद्रा, पूनम राय, नीतू , वीणा धमोत्तीआ सहित अन्य गणमान्य निवासी उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### विविधता में एकता ही भारत की असली ताकत : मुख्यमंत्री

**-मुख्यमंत्री, राष्ट्रीय एकता दिवस पर मुख्यमंत्री ने सरदार पटेल की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण**



अर्थ प्रकाश /रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर आज राजधानी रायपुर के देवेंद्र नगर स्थित सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल केवल स्वतंत्रता सेनानी ही नहीं, बल्कि वे राष्ट्र को एक सूत्र में पिरोने वाले ऐसे युगपुरुष थे जिन्होंने अपने अदम्य साहस और दृढ़ निष्ठा से देश की रियासतों का एकीकरण कर अखंड भारत की नींव रखी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने स्कूली बच्चों, जनप्रतिनिधियों और आमजनों के साथ राजधानी रायपुर के शास्त्री चौक से शारदा चौक तक आयोजित 'एकता दौड़' में शामिल होकर 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' का संदेश दिया। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि सरदार पटेल को उनकी दूरदृष्टि और अद्भुत नेतृत्व क्षमता के कारण ही 'भारत का लौह पुरुष' कहा जाता है। राष्ट्र को एकजुट करने के उनके प्रयास आने वाली पीढ़ियों के लिए सदैव प्रेरणास्रोत बने रहेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के आह्वान पर आज पूरे देश में 'रन फॉर यूनिटी' का आयोजन किया जा रहा है, जो राष्ट्रीय एकता और अखंडता का प्रतीक है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि भारत विविधताओं से परिपूर्ण देश है, और 'विविधता में एकता' की भावना हमारी सबसे बड़ी शक्ति है। उन्होंने कार्यक्रम में शामिल सभी प्रतिभागियों के उत्साह और अनुशासन की सराहना करते हुए कहा कि उनका यह जोश सरदार पटेल के प्रति श्रद्धा और राष्ट्र के प्रति समर्पण का प्रतीक है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने सभी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा दिए गए 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के संकल्प को साकार करने का प्रण लेने का आह्वान किया और सभी को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री जुएल ओराम, वन मंत्री केदार कश्यप, विधायक किरण देव, विधायक पुरंदर मिश्रा तथा छत्तीसगढ़ लौह शिल्पकार विकास बोर्ड के अध्यक्ष प्रफुल्ल विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी, जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### केरल स्थापना दिवस पर आशा कार्यकर्ताओं का 266 दिन का विरोध समाप्त, आंदोलन जिला स्तर तक जाएगा

अर्थ प्रकाश – तिरुवनंतपुरम। केरल में जल्द ही स्थानीय निकाय चुनाव होने वाले हैं, इसलिए सचिवालय के सामने आशा कार्यकर्ताओं का 266 दिनों से चल रहा लंबा विरोध प्रदर्शन अब समाप्त होगा। स्वास्थ्य स्वयंसेवकों ने फैसला किया है कि वे अब अपने आंदोलन को जिलों और लोगों के बीच ले जाएंगे। आशा संघर्ष समिति ने कहा कि शनिवार को केरल स्थापना दिवस पर धरना समाप्त कर दिया जाएगा। यह धरना वापस लेने का मतलब नहीं है, बल्कि एक रणनीतिक बदलाव है। यह निर्णय राज्य सरकार द्वारा उनके मासिक मानदेय में 1,000 रुपये की बढ़ोतरी करने के बाद लिया गया है, जिससे यह 7,000 रुपये से बढ़कर 8,000 रुपये हो गया है। श्रमिकों, जिन्होंने मूल रूप से 21,000 रुपये की मांग की थी, ने इस बढ़ोतरी को 'मामूली' बताया, लेकिन इसे एक नैतिक जीत माना। समिति के नेता एम.ए. बिंदु ने कहा,'हमारे सभी अधिकार संघर्ष के जरिए ही मिले हैं। जो लोग पहले हमारे विरोध का मज़ाक उड़ाते थे, अब वे इसके असर को मान रहे हैं। सरकार में यह बदलाव हमारी लगातार चली लड़ाई का परिणाम है।' एसोसिएशन के नेताओं ने कहा कि 33 रुपये प्रतिदिन की बढ़ोतरी न्यूनतम मजदूरी की मांग से बहुत कम है और उन्होंने सेवानिवृत्ति लाभों की घोषणा न करने के लिए सरकार की आलोचना की। केरल आशा स्वास्थ्य कार्यकर्ता संघ के अध्यक्ष वी.के. सदानंदन ने कहा, 'हमारे संघर्ष का तरीका बदल रहा है, लेकिन उसकी भावना नहीं।' उन्होंने घोषणा की कि उनका समूह अब आगामी चुनावों में सत्तारूढ़ वाम मोर्चे के खिलाफ प्रचार करेगा। आशा कार्यकर्ताओं ने 'जिन्होंने हमें नजरअंदाज किया, उन्हें वोट नहीं' के नारे के साथ पूरे राज्य में घर-घर जाकर अभियान चलाने की योजना बनाई है। संगठन शनिवार को इसे 'विजय दिवस' के रूप में भी मनाएगा, जिसमें राज्य भर के कार्यकर्ता भाग लेंगे। यह विरोध प्रदर्शन हाल के दिनों में सबसे लंबे समय तक चलने वाले श्रमिक आंदोलनों में से एक था और महिलाओं के नेतृत्व में जमीनी स्तर पर संगठन का प्रतीक बन गया। हालांकि सरकार ने वेतन वृद्धि का श्रेय सीआईटीयू जैसे सहयोगी यूनियनों को दिया, आशा नेताओं ने कहा कि असली श्रेय प्रदर्शनकारी श्रमिकों को जाता है। इस बीच, मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने चुनाव से पहले कई कल्याणकारी योजनाएं शुरू की हैं, जिनमें सामाजिक कल्याण पेंशन में बढ़ोतरी और महिलाओं, पेंशनभोगियों और युवाओं के लिए नए लाभ शामिल हैं। लेकिन, आशा कार्यकर्ताओं का कहना है कि उचित वेतन और मान्यता के लिए उनकी लड़ाई अभी खत्म नहीं हुई है।

### राज्य का दर्जा न होना केंद्रशासित प्रदेश सरकार के खराब प्रदर्शन का बहाना नहीं: उपराज्यपाल सिन्हा

अर्थ प्रकाश /श्रीनगर। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने शुक्रवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा नहीं होने को खराब प्रदर्शन का बहाना नहीं बनाया जा सकता, क्योंकि निर्वाचित सरकार के पास सभी शक्तियां हैं। सिन्हा ने यहां एसकेआईसीसी में जम्मू-कश्मीर केंद्र शासित प्रदेश के स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने संसद में कहा है कि पहले परिसीमन, उसके बाद विधानसभा चुनाव और फिर उचित समय पर राज्य का दर्जा बहाल किया जाएगा। उपराज्यपाल ने कहा, ''लेकिन कुछ लोगों को कुछ समस्याएं हैं। जब विधानसभा चुनाव हुआ था, तो यह स्पष्ट था कि चुनाव केंद्र शासित प्रदेश विधानसभा के लिए हो रहा है। वे (निर्वाचित सरकार) यह बहाना नहीं बना सकते कि पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल होने तक काम नहीं किया जा सकता।'' सिन्हा ने कहा कि निर्वाचित सरकार के पास सभी शक्तियां हैं और राज्य का दर्जा न होने के बहाने लोगों को गुमराह नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार को अपनी शक्तियों का इस्तेमाल

## नगर परिषद जगराओं में भगवान वाल्मीकि जी के जन्मदिवस को समर्पित आयोजित किया गया

अर्थ प्रकाश प्रदीप पाल

जगराओं 31 अक्टूबर भगवान वाल्मीकि जी के जन्मदिवस को समर्पित एक धार्मिक समारोह सफाई यूनियन के लाभ और मजबूती के लिए नगर परिषद जगराओं में आयोजित किया गया। यह धार्मिक समारोह सफाई सेवक यूनियन, नगर परिषद जगराओं और सीवरेज यूनियन ने मिलकर नगर परिषद जगराओं के सहयोग से श्रद्धापूर्वक आयोजित किया। इस समारोह में सफाई कर्मचारी आयोग पंजाब के माननीय अध्यक्ष श्री चंदन ग्रेवाल मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे और विशेष अतिथि केंद्रीय वाल्मीकि सभा भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष और सफाई कर्मचारी आयोग पंजाब के पूर्व अध्यक्ष श्री गेजा राम वाल्मीकि थे।



मुख्य अतिथि ने सृष्टि के रचयिता भगवान वाल्मीकि जी के जीवन के बारे में बताते हुए कहा कि उन्होंने शिक्षा को बढ़ावा देने और महिलाओं के सम्मान के लिए सबसे पहले आवाज उठाई थी। बोलते हुए गेजा राम वाल्मीकि ने कहा कि आज हमें भगवान वाल्मीकि जी के सिद्धांतों पर चलने की जरूरत है। कुलवंत सिंह सहोता ने मुख्य मेहमान, खास मेहमानों और दर्शकों का स्वागत किया। नरेश वर्मा ने अपने शब्दों से समां बांधा। संतोख राम गिल ने मीठी और सुरीली आवाज में भगवान वाल्मीकि जी के भजन गाकर पंडाल को संगीतमय धुनों से खुशनुमा बनाए रखा। इस मौके पर एग्जीक्यूटिव ऑफिसर हरनरिंदर सिंह, एडीसी यूडी रुपिंदर सिंह, अकाउंटेंट अभय जोशी, जगराओं हलका पति प्रो. सुखविंदर सिंह, पूर्व एग्जीक्यूटिव प्रेसिडेंट अमरजीत सिंह मालवा, पार्षद जरनैल लोहट, बॉबी कपूर, सतिंदरजीत सिंह टटला, मास्टर हरदीप जस्सी, अमरनाथ कल्याण, पूर्व प्रेसिडेंट सतीश कुमार पप्पू, साजन मल्होत्रा करमजीत सिंह कैंथ डॉ. इकवाल धालीवाल, सभी क्लेरिकल स्टाफ, इलेक्ट्रॉनिक स्टाफ, पंप ऑपरेटर, फायर ब्रिगेड स्टाफ, राज कुमार, सीवरमैन यूनियन के प्रेसिडेंट प्रदीप कुमार, सेक्रेटरी राजिंदर कुमार, प्रेसिडेंट सनी सुंदर, संदीप कुमार, बिक्रम कुमार, सतीश कुमार और सभी सफाई सीवरमैन मौजूद थे।

## लायन क्लब(यूथ)ने विजिलेंस जागरूकता सेमिनार लगाया जगराओं





अर्थ प्रकाश प्रदीप पाल / जगराओं 31 अक्टूबर। विजिलेंस विभाग ने इस सप्ताह को जागरूकता सप्ताह के रूप में मनाया गया, लायन क्लब जगराओं यूथ ने स्थानीय खालसा सीनियर सेकेंडरी स्कूल जगराओं नागरिकों और छात्रों को जागरूक करने के लिए एक सेमिनार का आयोजन किया। जिसमें डीएसपी लवप्रीत सिंह ने विशेष रूप से भाग लिया। उन्होंने गणमान्यों और छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि विभाग अकेले रिश्वतखोरी को नहीं रोक सकता। इसलिए आम लोगों का सहयोग भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि अगर किसी भी सरकारी विभाग में कोई भी व्यक्ति रिश्वत मांगता है, अपने अधिकारों का दुरुपयोग करता है, सरकारी दस्तावेजों से छेड़छाड़ करने की कोशिश करता है या किसी ने अपनी आय से अधिक संपत्ति बनाई है या तोहफे के रूप में रिश्वत मांगता है, तो विजिलेंस विभाग के अधिकारियों को सूचित किया जाना चाहिए, लेकिन सटीक जानकारी होना जरूरी है। इस अवसर पर लाइन क्लब जगराओं यूथ के अध्यक्ष और प्रसिद्ध समाजसेवी राजिंदर जैन काका ने कहा कि आज भ्रष्टाचार की जड़ें कब्र तक पहुंच चुकी हैं। उन्होंने कहा कि इसके लिए हम भी दोषी हैं? क्योंकि हम भी रिश्वत के जरिए टेबल के नीचे से अपना काम करने को प्राथमिकता देते हैं। क्योंकि हम जागरूक नहीं हैं, इसलिए हम मेहनती नहीं हैं। इसलिए हमें खुद को भी बदलना होगा। इस मौके पर टीचर रशपाल सिंह, गुरप्रीत सिंह, नरेश वर्मा, सुनील कुमार आदि ने भी अधिकारियों और स्टूडेंट्स के साथ अपने विचार शेयर किए। स्कूल के प्रिंसिपल चरणजीत सिंह भंडारी ने विजिलेंस डिपार्टमेंट के अधिकारियों का धन्यवाद किया जो स्टूडेंट्स को कीमती जानकारी देने और गणमान्य लोगों और नागरिकों को जागरूक करने के लिए इस सेमिनार में शामिल हुए। उन्होंने समाज सेवी संस्थाओं का भी धन्यवाद किया। इस मौके पर गौरव वर्मा, रछपाल सिंह गालब, मनीष चुघ, कैप्टन नरेश वर्मा, प्रिंसिपल सुनील कुमार, कुलभूषण गुप्ता, जवाहरलाल वर्मा, इंदरप्रीत सिंह, बलजोत सिंह और मैडम संतोष कुमारी मौजूद थीं।

## रेखा गुप्ता ने सरदार पटेल को दी श्रद्धांजलि, सशक्त भारत के लिए देशवासियों से एकजुट होने की अपील

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**नई दिल्ली।** सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर पूरा देश 'लौह पुरुष' को याद कर रहा है। इस मौके पर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता समेत कई प्रमुख नेताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है। रेखा गुप्ता ने कहा दिल्ली में दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन होगा। रेखा गुप्ता ने मीडिया से बात करते हुए कहा, ÷सरदार पटेल भारत के इतिहास में एक महान व्यक्तित्व थे, एक ऐसे व्यक्तित्व जिन्होंने हमेशा राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए काम किया। इसीलिए उन्हें 'भारत के लौह पुरुष' की उपाधि से सम्मानित किया गया। देशभर में हजारों समारोह और कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं और शुक्रवार को इसकी शुरुआत दिल्ली से हुई, जहां केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 'रन फॉर यूनिटी' को हरी झंडी दिखाई।'




उन्होंने कहा कि आज सरदार पटेल की 150वीं जयंती है। हम उनको श्रद्धांजलि देते हैं। इस मौके पर दिल्ली सरकार दो दिवसीय भव्य कार्यक्रम का आयोजन कर रही है, जिसमें 25 स्थानों के जल से पटेल चौक पर सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा को स्नान कराया जाएगा। इसके साथ ही उनका जलाभिषेक भी कराया जाएगा। रेखा गुप्ता ने कहा, 'जिस तरह से दिल्ली में एक भारत श्रेष्ठ भारत के रूप में दिखाई देता है, उसको लेकर लाल किले पर कई आयोजन होने वाले हैं। इसके लिए हम लोग पूरे देश और दिल्ली को बधाई देते हैं। हम सब इस अखंड भारत का हिस्सा हैं और अखंड भारत की एकता के लिए ही काम करना चाहिए।' दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, ÷लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की जयंती पर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन एवं सभी देशवासियों को राष्ट्रीय एकता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। अखंड भारत के शिल्पकार सरदार पटेल जी ने अपने अदम्य साहस, दूरदर्शिता और राष्ट्रनिष्ठा से देश को एक सूत्र में पिरोने का महान कार्य किया। उनकी दृढ़ इच्छाशक्ति और संगठन क्षमता आज भी राष्ट्र की एकता और अखंडता के प्रतीक हैं।'
'राष्ट्रीय एकता दिवस' हमें यह स्मरण कराता है कि जब देश के प्रत्येक नागरिक का उद्देश्य एक हो, तो कोई भी चुनौती हमें विभाजित नहीं कर सकती। आइए, हम सभी सरदार पटेल जी के आदर्शों से प्रेरित होकर सशक्त भारत और विकसित भारत के निर्माण का संकल्प लें।'

## छह लाख करोड़ के कर्ज में डूबी केरल सरकार चुनाव से पहले कर रही दिखावा : राजीव चंद्रशेखर

अर्थ प्रकाश/ तिरुवनंतपुरम। केरल भाजपा प्रदेश अध्यक्ष राजीव चंद्रशेखर ने मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन पर तंज कसा है। उन्होंने कहा कि राज्य की सरकार करीब 6 लाख करोड़ रुपए के कर्ज में डूबी हुई है, फिर भी मुख्यमंत्री चुनाव से चार महीने पहले नए वादों और योजनाओं की झड़ी लगा रहे हैं। राजीव चंद्रशेखर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, 'मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन अब जाकर जगे हैं। चुनाव से केवल चार महीने पहले! नौ साल से अधिक सरकार में रहने के बाद अचानक उन्हें गरीबों की याद आई है। जिन योजनाओं का वादा 2021 के सीपीएम घोषणापत्र में किया गया था, वे अब तक लागू नहीं हुईं।' उन्होंने आगे कहा कि वे जनता की मदद के हर सच्चे प्रयास का स्वागत करते हैं, लेकिन यह सब चुनावी ड्रामा है जो लोगों को गुमराह करने के लिए किया जा रहा है। राजीव चंद्रशेखर ने तंज कसते हुए कहा, 'सीएम ने वोट मांगते समय कहा था कि सब ठीक हो जाएगा, लेकिन अब आखिरी चार महीनों में ही उन्हें काम याद आ रहा है।' उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कामकाज से तुलना करते हुए कहा, ÷पीएम मोदी ने जो वादा किया, उसे पहले दिन से लेकर ग्यारहवें साल तक, 365 दिन निभाया है। चाहे वह पीएम किसान हो या आयुष्मान भारत योजना।' केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आज केरल की अर्थव्यवस्था 'पॉन्जी स्कीम' की तरह चल रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि पेंशन का पैसा स्वास्थ्य योजनाओं में खर्च किया जा रहा है, एससी कल्याण फंड भ्रष्ट बिचौलियों को दिया जा रहा है, घर, पानी और स्कूलों के लिए रखा पैसा ब्याज चुकाने में जा रहा है। उन्होंने कहा कि 6 लाख करोड़ रुपए के रिकॉर्ड कर्ज के साथ राज्य के नए वादे पूरे होना असंभव हैं। और जब ये वादे पूरे नहीं होंगे, तब सीएम फिर वही पुराना बहाना बनाएंगे कि केंद्र सरकार ने पैसा नहीं दिया। राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि एक विकसित केरलम तभी बन सकता है जब राज्य में ईमानदारी, अच्छी नीतियां और बिना भ्रष्टाचार वाली सरकार हो। उन्होंने कहा, 'ड्रामा, पीआर और भ्रष्टाचार से समृद्धि नहीं आती। यह सिर्फ जनता को बेवकूफ बनाने का तरीका है।' उन्होंने कहा कि अगर वे वास्तव में गरीबों की मदद करना चाहते हैं तो पहले प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना लागू करें, जिससे 70 वर्ष से अधिक उम्र के सभी मलयालियों को मुफ्त स्वास्थ्य बीमा मिल सके।

## ट्यूनीशिया में फंसे झारखंड के 48 प्रवासी मजदूर वेतन न मिलने से भूखमरी की कगार पर, सरकार से वतन वापसी की गुहार

अर्थ प्रकाश/रांची। झारखंड के हजारीबाग, गिरिडीह और बोकारो के 48 प्रवासी मजदूर अफ्रीकी देश ट्यूनीशिया में तीन माह से फंसे हुए हैं, जहां कंपनी ने उनका वेतन बंद कर दिया है। इस वेतन रुकावट के कारण मजदूर गंभीर खाने-पीने की समस्याओं का सामना कर रहे हैं। मजदूरों ने एक वीडियो संदेश जारी कर भारत और झारखंड सरकार से तत्काल मदद की अपील की है, ताकि वे सुरक्षित अपने घर लौट सकें। मजदूरों ने बताया कि वेतन बंद होने के कारण उनके पास भोजन खरीदने के लिए भी पैसे नहीं बचे हैं। ट्यूनीशिया में फंसे 48 मजदूरों में हजारीबाग के 19, गिरिडीह के 14 और बोकारो के 15 मजदूर शामिल हैं। हजारीबाग के 19 मजदूरों के नाम ः अमरदीप चौधरी, जिवाधन महतो, धानेश्वर महतो, जागेश्वर कुमार महतो, गोविंद कुमार महतो, खिरोधर महतो, नागेंद्र कुमार महतो, कैलाश महतो, नीलकंठ महतो, अनंतलाल महतो, खुशलाल महतो, मुकेश कुमार, मंटू महतो, गंगाधर महतो, मुकेश कुमार, दिनेश तुरी, देवेंद्र ठाकुर और शंकर घांसी शामिल हैं। गिरिडीह के 14 मजदूरों के नाम ः नंदलाल महतो, संतोष महतो, गुरुचरण महतो, मनोज कुमार मंडल,खुबलाल महतो,अशोक कुमार, झंडू महतो, सेवा महतो, मुरली मंडल, सुखदेव सिंह, संजय कुमार, संजय कुमार महतो, सुनील टुड्डू और मिरुलाल हांसदा शामिल हैं। बोकारो के 15 मजदूरों के नाम ः अजय कुमार, अनिल कुमार, गोपाल महतो,राजेश करमाली, लालू करमाली, जगन्नाथ महतो, रूपलाल महतो, दीपक सिंह, कारु सिंह, सुबोध मरांडी, सुखदेव महतो, जगन्नाथ महतो, बिरसाही तुरी, मनोज कुमार रविदास और खेदन सिंह शामिल हैं। मजदूरों ने कंपनी से तुरंत बकाया वेतन का भुगतान करने की भी मांग की है।

## जैन मिलन महिला रत्नत्रय सेवा कार्य पर जरूरतमंद बच्चो गर्म स्वेटर किए वितरण किए

> दिया वहां जलाए जहां सबसे ज़्यादा अंधेरा हो—प्रवीण गंगवाल
>
> बदलते मौसम में सुबह सुबह स्वेटर पाकर जरूरत मंद बच्चे हुए पुलकित स्टेशनरी, फल , खिलोने भी वितरित किए।

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**ग्वालियर** – जैन मिलन महिला रत्नत्रय विनय नगर ग्वालियर द्वारा सेवा कार्य के तहत आज संस्था की महिलाओं ने सुबह जल्दी जाकर जरूरतमंद बच्चों के बीच जाकर उन्हें ठंड से बचाव हेतु स्वेटर, वितरित किए साथ ही साथ अध्ययन सामग्री (स्टेशनरी), खिलौने एवं फल वितरित किए।
जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन ने बताया कि सेवार्थ जनकल्याण के संस्थापक श्रीमान ओ.पी. दीक्षित जी निर्देशन में यह संस्था पारस विहार कॉलोनी के समीप झुग्गी बस्ती के 40 बच्चों को निःशुल्क शिक्षा प्रदान करती है। जैन मिलन रत्नत्रय की ओर से मुख्य अतिथि भारतीय जैन मिलन के राष्ट्रीय संरक्षक अतिवीर प्रवीण गंगवाल ओर संस्था की अध्यक्ष अध्यक्ष सुनीता जैन, सचिव नेहा जैन ने शिक्षा ले रहे 40 बच्चों को ठंड से बचने के लिए गर्म स्वेटर, अध्ययन करने की सामग्री (स्टेशनरी), खिलौने एवं फल वितरित किए। सामाजिक दायित्व की भावना से प्रेरित इस कार्यक्रम में बच्चों के चेहरों पर जो मुस्कान खिली, वह देखने योग्य थी। संसाधनों की कमी के कारण अक्सर ये बच्चे मूलभूत सुविधाओं से वंचित रहते हैं, परंतु आज जब उन्हें नई वस्तुएं प्राप्त हुईं तो उनके हर्ष और उत्साह का कोई ठिकाना नहीं रहा।इस सेवा कार्य में अध्यक्ष सुनीता जैन, उपाध्यक्ष अंजना जैन, उपाध्यक्ष अनीता जैन ,सचिव नेहा जैन और संगठन मंत्री साधना जैन उपस्थिति रही।
इस मौके पर संस्था की अध्यक्ष सुनीता जैन, सचिव नेहा जैन ने कहा कि ÷सच्चा धर्म वही है जो जरूरतमंदों की सेवा में निहित हो।÷ मंदिरों और मस्जिदों में दान करना तो सामान्य बात है, परंतु ऐसे स्थानों पर दान करना जहां बच्चों की वास्तविक आवश्यकता पूरी हो सके, वही सच्चे अर्थों में धर्म और मानवता की सेवा है।
इस विशेष सेवा कार्यक्रम में भारतीय



जैन मिलन के राष्ट्रीय संरक्षक अतिवीर प्रवीण गंगवाल जी ने मुख्य अतिथि के रूप में कहा की दिया वहां जलाया जाय जहां अंधेरा ज़्यादा हो ,बच्चों को शिक्षित करना देश के भविष्य को संभालना है जैन मिलन महिला रतन्त्रय विनय नगर शाखा पिछले चार पाँच साल से इस तरह के कार्य कर रही है बधाई की पात्र है, सेवा के पथ पर इसी तरह चलते रहे और आगे भी इस तरह के कार्य जरूरत मंद बच्चों की शिक्षा प्रगति में सहायक बने।